**35. 'हल्दी' का तत्सम है ?**
(A) हरदी (B) हरिद्रा
(C) हल्दिका (D) हरद्रिका

**36. 'बखान' का तत्सम है ?**
(A) वर्णन (B) उल्लेख
(C) व्याख्यान (D) व्याख्याता

**37. निम्नलिखित तत्सम-तद्भव में से कौन-सा विकल्प अशुद्ध है ?**
(A) नृत्यु-नाच (B) श्रृंगार-सिंगार
(C) चक्षु-आँख (D) दधि-दही

**38. कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है ?**
(A) गोमय (B) घोड़ा
(C) चोंच (D) ऊँट

**39. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द तद्भव है ?**
(A) मधुप (B) मधुकर
(C) भ्रमर (D) भँवरा

**40. 'गेहूँ' का तत्सम शब्द है ?**
(A) गोधूम (B) गोहूँ
(C) गोहुम (D) गोधुम

**41. कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है ?**
(A) धृत (B) अतिन
(C) दुग्ध (D) आँसू

rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

42. निम्नलिखित में कौन तत्सम शब्द है ?
(A) सींग (B) विवाह
(C) डंडा (D) छेद

43. निम्नलिखित में कौन तत्सम शब्द है ?
(A) ऊन (B) उछाह
(C) उपास (D) उल्लास

44. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द तत्सम है ?
(A) आँख (B) अग्र
(C) आग (D) आज

45. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द का चयन कीजिए।
(A) आश्रम (B) प्यास
(C) प्रांगण (D) उद्वेग

46. निम्नलिखित विकल्पों में से तत्सम शब्द का चयन कीजिए।
(A) गहरा (B) तीखा
(C) अटारी (D) निकृष्ट

47. 'प्रस्तर' का तद्भव शब्द है?
(A) पाथर (B) पत्थर
(C) पत्तर (D) फत्थर

48. 'इलायची' का तत्सम शब्द है?
(A) एला (B) इला
(C) अला (D) अल्ला

49. 'साखी' का मूल तत्सम शब्द क्या है?
(A) शिक्षा (B) साक्षी
(C) सखी (D) इनमें से कोई नहीं

50. निम्न में से कौन-सा शब्द तत्सम है ?
(A) प्रिय (B) पिया
(C) मोर (D) चार

51. निम्न में कौन-सा शब्द तत्सम है?
(A) क्षेत्र (B) गधा
(C) गाय (D) घर

52. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम शब्द को पहचानिए?
(A) कोयल (B) कुक्कुर
(C) लाख (D) भीतर

53. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?
(A) सोलह (B) शोभन
(C) सोता (D) सोना

54. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?
(A) कपाट (B) कीटक
(C) कूची (D) कुम्भकार

55. निम्न में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?
(A) वचन (B) श्लाका
(C) तिक्त (D) चार

56. निम्न में से कौन-सा शब्द तद्भव है?
(A) यौवन (B) निर्झर
(C) जीभ (D) स्थान

57. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द को पहचानिए?
(A) आलस (B) कुष्ठ
(C) अंधकार (D) उल्लास

58. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव है?
(A) पक्ष (B) पक्षी
(C) पतन (D) पत्ता

59. उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के चार भेद किए गए है। निम्नलिखित में से कौन-सा भेद गलत है?
(A) तत्सम (B) तद्भव
(C) यौगिक (D) विदेशी

60. 'अहेर' शब्द का तत्सम रूप है -
(A) अरहर (B) अहीर
(C) आषाढ़ (D) आखेट

61. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?
(A) गायक (B) नायक
(C) शावक (D) उपखान

62. निम्न में कौन-सा शब्द तद्भव है?
(A) यौवन (B) निर्झर
(C) जीभ (D) स्थान

63. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?
(A) धरती (B) दीपावली
(C) नेवला (D) नाच

64. कौन-सा शब्द युग्म तत्सम की दृष्टि से अशुद्ध है?
(A) तृण-दण्ड (B) वत्स-परख
(C) कपाट-एकादश (D) राजपुत्र-शूकर

65. 'टकसाल' का तत्सम रूप है -
(A) टंकशाला (B) टंकशाल
(C) टकशाल (D) टकशाला

66. 'खेती' किस शब्द का तद्भव रूपान्तरण है?
(A) धरती (B) कृषि
(C) क्षेत्रीत (D) अक्षि

67. 'गड़बड़ घोटाला' कौन-सा शब्द है?
(A) तद्भव (B) देशज
(C) तत्सम (D) संकर

68. तद्भव एवं उसके तत्सम का कौन-सा मेल गलत है?
(A) लौंग-लवंग (B) आँत-अंत्र
(C) पुराण-पुराना (D) आयसु-आदेश

69. 'लाश' शब्द किस मूल भाषा का है?
(A) अरबी (B) फारसी
(C) तुर्की (D) संस्कृत

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

**70. निम्नलिखित में से यौगिक शब्द छाँटिए -**
(A) दशानन (B) परोपकार
(C) चतुर्मुख (D) गोपाल

**71. निम्नलिखित शब्दों में योगरूढ़ शब्द कौन-सा है?**
(A) चक्रपाणि (B) पाठशाला
(C) उपचार (D) अभिव्यक्ति

**72. निम्न में कौन-सा शब्द विदेशज है?**
(A) रिक्शा (B) जूता
(C) तेंदुआ (D) नव

**73. 'वकील' किस भाषा का शब्द है?**
(A) फारसी (B) अरबी
(C) तुर्की (D) पुर्तगाली

**निर्देश (74-79) : निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द तत्सम है ?**

**74.** (A) गात्र (B) शरीर
(C) कन्नौजिया (D) भानजा

**75.** (A) मामा (B) लोमश
(C) भगत (D) घोसी

**76.** (A) धरनी (B) धरती
(C) धैर्य (D) निवाह

**77.** (A) मारग (B) याचक
(C) जोति (D) कोयल

**78.** (A) चैत (B) क्वार
(C) महीना (D) फाल्गुन

**79.** (A) चंचु (B) गर्दन
(C) मुखड़ा (D) कंगन

**निर्देश (80-85) : निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द देशज है ?**

**80.** (A) अपराध (B) उद्गम
(C) भीड़भाड़ (D) अवतार

**81.** (A) निमग्न (B) गड़बड़
(C) निकृष्ट (D) आजन्म

**82.** (A) घरघर (B) इत्यादि
(C) उत्तम (D) निदर्शन

**83.** (A) अनुशीलन (B) अधिकार
(C) अतिरिक्त (D) सरसर

**84.** (A) अभिप्राय (B) ऊटपटाँग
(C) उत्कष्ठा (D) दुरवस्था

**85.** (A) निवारण (B) दुस्साहस
(C) आक्रोश (D) गल्प

**निर्देश (86-90) : निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द तद्भव है?**

**86.** (A) प्रकाश (B) उत्तम
(C) अंकुश (D) झंझट

**87.** (A) अवस्था (B) भगवान्
(C) वक्ष (D) नीलाम

**88.** (A) दुरुस्त (B) दृष्टान्त
(C) महत्त्व (D) अणु

**89.** (A) पिता (B) खेल
(C) मोर (D) उन्मूलन

**90.** (A) उत्सर्ग (B) कष्ट
(C) पगहा (D) स्वर्ण

**निर्देश (91-99) : निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द विदेशज है ?**

**91.** (A) जलधर (B) डांडी
(C) चक्रव्यूह (D) चषक

**92.** (A) उर्दू (B) उत्कर्ष
(C) उत्सर्ग (D) उत्पादन

**93.** (A) आषाढ़ (B) अभिर्भाव
(C) आराम (D) आचरण

**94.** (A) आद्य (B) आफत
(C) आकार (D) आचरण

**95.** (A) नीलाम (B) नक्षत्र
(C) नेत्र (D) नैवेद्य

**96.** (A) चंदन (B) चश्मा
(C) चन्द्र (D) चषक

**97.** (A) संयम (B) समीर
(C) समन (D) साधन

**98.** (A) ताण्डव (B) तंत्र
(C) तीर्थ (D) तोप

**99.** (A) अन्तर्धान (B) अंक
(C) औरत (D) अंकुश

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (C) | 3. (C) | 4. (B) | 5. (B) | 6. (C) | 7. (A) | 8. (C) |
| 9. (C) | 10. (B) | 11. (C) | 12. (D) | 13. (A) | 14. (C) | 15. (B) | 16. (D) |
| 17. (B) | 18. (A) | 19. (D) | 20. (D) | 21. (C) | 22. (D) | 23. (E) | 24. (B) |
| 25. (C) | 26. (D) | 27. (A) | 28. (D) | 29. (C) | 30. (B) | 31. (B) | 32. (A) |
| 33. (A) | 34. (A) | 35. (B) | 36. (C) | 37. (C) | 38. (A) | 39. (D) | 40. (A) |
| 41. (D) | 42. (B) | 43. (D) | 44. (B) | 45. (B) | 46. (D) | 47. (B) | 48. (A) |
| 49. (B) | 50. (A) | 51. (A) | 52. (B) | 53. (B) | 54. (C) | 55. (D) | 56. (C) |
| 57. (A) | 58. (D) | 59. (C) | 60. (D) | 61. (D) | 62. (C) | 63. (B) | 64. (B) |
| 65. (A) | 66. (C) | 67. (B) | 68. (B) | 69. (C) | 70. (D) | 71. (A) | 72. (A) |
| 73. (B) | 74. (A) | 75. (B) | 76. (C) | 77. (B) | 78. (D) | 79. (A) | 80. (C) |
| 81. (B) | 82. (A) | 83. (D) | 84. (B) | 85. (D) | 86. (D) | 87. (D) | 88. (A) |
| 89. (C) | 90. (C) | 91. (B) | 92. (A) | 93. (C) | 94. (B) | 95. (A) | 96. (B) |
| 97. (C) | 98. (D) | 99. (C) | | | | | |



राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com
Join WhatsApp Group

# संज्ञा और उसके भेद

**संज्ञा की परिभाषा :** किसी व्यक्ति, प्राणी, वस्तु, पदार्थ, स्थान, भाव अथवा दशा के नाम को संज्ञा कहते है। अर्थात् संज्ञा किसी नाम को कहते है, किन्तु रंगों के नाम को छोड़कर। जैसे –

राम पटना जा रहा है।

गाय एक चौपाया जानवर है।

बुढ़ापा दु:खदायी होता है।

सभी के साथ प्रेम करो।

इन वाक्यों में 'राम' व्यक्ति का नाम है। 'गाय' पशुओं की एक जाति विशेष का नाम है। 'बुढ़ापा' एक दशा विशेष का नाम है। 'प्रेम' एक भाव विशेष का नाम है। अत: राम, गाय, बुढ़ापा, प्रेम आदि संज्ञा शब्द है।

## संज्ञा के भेद

**संज्ञा के पाँच भेद है –**

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा
2. जातिवाचक संज्ञा
3. समूह वाचक संज्ञा
4. द्रव्यवाचक संज्ञा
5. भाववाचक संज्ञा

1. **व्यक्तिवाचक संज्ञा :** जिस शब्द से किसी खास व्यक्ति, खास वस्तु, खास स्थान या खास भाव का बोध होता है, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते है। जैसे – राम, कुर्सी, पटना आदि।
2. **जातिवाचक संज्ञा :** जिस शब्द से किसी जाति के सभी व्यक्तियों, वस्तुओं, स्थानों का बोध होता है, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते है। जैसे – गाय, लड़का, लड़की, कुत्ता, पशु, फुल आदि।
3. **समूहवाचक संज्ञा :** जिस शब्द से समूह या झुण्ड का बोध होता है, उसे समूह वाचक संज्ञा कहते है। जैसे – सेना, भीड़, वर्ग, सभा, गुच्छा आदि।
4. **द्रव्यवाचक संज्ञा :** जिन वस्तुओं को नापा-तौला जा सके, ऐसी वस्तु के नामों को द्रव्यवाचक संज्ञा कहते है। जैसे – पानी, दूध, घी, तेल, सोना, चाँदी, चावल आदि
5. **भाववाचक संज्ञा :** जिस शब्द से किसी वस्तु या व्यक्ति के गुण, दोष, दशा आदि का पता चलता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते है। जैसे – बुढ़ापा, इमानदारी, चतुराई, प्रेम, मिठास, सुन्दरता आदि।

## भावाचक संज्ञा बनाना

■ जातिवाचक संज्ञा से –

| | | | |
|---|---|---|---|
| **दानव** | दानवता | **भ्राता** | भ्रातृत्व |
| **मनुष्य** | मनुष्यता | **माता** | मातृत्व |
| **गुरु** | गुरुत्व, गुरुता | **प्रतिनिधि** | प्रतिनिधित्व |
| **मित्र** | मैत्री | **राष्ट्र** | राष्ट्रीयता |
| **नर** | नरता | **मानव** | मानवता |
| **बच्चा** | बचपन | **पिता** | पितृत्व |
| **लड़का** | लड़कपन | **साधू** | साधुता |
| **बूढ़ा** | बुढ़ापा | **दूत** | दौत्य |
| **नारी** | नारीत्व | **पंडित** | पांडित्य |

■ सर्वनाम से –

| | | | |
|---|---|---|---|
| **स्व** | स्वत्व | **सर्व** | सर्वस्व |
| **अपना** | अपनत्व, अपनापन | **अहं** | अहंकार |
| **निज** | निजत्व, निजता | **मम** (मेरा) | ममता, ममत्व |

■ विशेषण से –

| | | | |
|---|---|---|---|
| **धीर** | धीरता, धैर्य | **शूर** | शूरता, शौर्य |
| **सम** | समता, समानता | **वीर** | वीरत्व |
| **मीठा** | मिठास | **नीला** | नीलापन |
| **गोरा** | गोरापन, गोराई | **लघु** | लघुत्व, लघुता |
| **निर्धन** | निर्धनता | **सभ्य** | सभ्यता |
| **असभ्य** | असभ्यता | **साहित्यिक** | साहित्य |
| **प्रयुक्त** | प्रयोग | **एक** | एकता |
| **दुष्ट** | दुष्टता | **अंध** | अंधकार |
| **महान्** | महानता | **सुखद** | सुखदायी |
| **संपन्न** | संपन्नता | **विपन्न** | विपन्नता |

■ क्रिया से –

| | | | |
|---|---|---|---|
| **खेलना** | खेल | **पढ़ना** | पढ़ाई |
| **लिखना** | लिखावट | **बचाना** | बचाव |
| **बनाना** | बनावट | **सजाना** | सजावट |
| **चढ़ना** | चढ़ाई | **मिलना** | मिलान, मिलावट |
| **चलना** | चलन | **बुझना** | बुझौवल |
| **लूटना** | लूट | **बहना** | बहाव |
| **उतरना** | उतार | **दौड़ना** | दौड़ |
| **पुकारना** | पुकार | **चीखना** | चीख |
| **घबराना** | घबराहट | **उड़ना** | उड़ान |

■ अव्यय से –

| | | | |
|---|---|---|---|
| **निकट** | निकटता | **वाहवाह** | वाहवाही |
| **समीप** | सामीप्य | **दूर** | दूरी |
| **धिक्** | धिक्कार | **मना** | मनाही |

■ विविध –

| | | | |
|---|---|---|---|
| **आरामदायक** | आराम | **लाभप्रद** | लाभ |
| **संतोषप्रद** | संतोष | **प्रशंसनीय** | प्रशंसा |
| **शक्तिमान** | शक्ति | **बलशाली** | बल |

■ व्यक्तिवाचक से –

| | | | |
|---|---|---|---|
| **रावण** | रावणत्व | **हिटलर** | हिटलरी |
| **राम** | रामत्व | **भारत** | भारतीय |

## हमेशा याद रखें

- जब कभी द्रव्यमान संज्ञा शब्द बहुवचन के रूप में द्रव्य के प्रकारों का बोध कराता है।, तब वह जातिवाचक संज्ञा बन जाता है। जैसे – यह फर्नीचर कई प्रकार के लकड़ियों से बना है।
- जब समूहवाचक संज्ञा बहुत सी समूह ईकाइयों को प्रकट करता है, तब बहुवचन में प्रयुक्त होता है। जैसे – दोनों सेनाएँ आपस में जमकर लड़ी।
- जब कभी भाववाचक संज्ञा शब्द बहुवचन में प्रयुक्त होते है, तब वे जातिवाचक संज्ञा बन जाते है। जैसे – बुराईयों से बचकर रहो।
- कुछ भाववाचक शब्द मूल शब्द है। जैसे – प्रेम, घृणा, क्रोध आदि। अधिकांश भाववाचक शब्द यौगिक होते है – लड़का-लड़कपन, गरीब-गरीबी।

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

- भावचावक संज्ञाएँ जातिवाचक संज्ञा, व्यक्तिवाचक संज्ञा, विशेषण, सर्वनाम, अव्यय और क्रिया शब्दों के अंत में त्व, ता, वन, पा, आस, आई, वट, हट इत्यादि प्रत्यय लगाकर बनाई जाती है। जैसे – मित्र-मित्रता, अपना-अपनत्व, लम्बा-लम्बाई आदि।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. कुँज में संज्ञा शब्द का भेद बताएँ –**
(A) जातिवाचक (B) समूहवाचक
(C) भाववाचक (D) इनमें से कोई नहीं

**2. कोयला में संज्ञा शब्द का भेद बताएँ –**
(A) व्यक्तिवाचक (B) समूहवाचक
(C) भाववाचक (D) जातिवाचक

**3. सोना-चाँदी में संज्ञा शब्द का भेद बताएँ –**
(A) समूहवाचक (B) जातिवाचक
(C) द्रव्यवाचक (D) इनमें से कोई नहीं

**4. सुन्दरता में संज्ञा शब्द का भेद बताएँ –**
(A) व्यक्तिवाचक (B) समूहवाचक
(C) जातिवाचक (D) भाववाचक

**5. निम्नलिखित में कौन व्यक्तिवाचक संज्ञा है ?**
(A) शिक्षक (B) विद्यार्थी
(C) मंत्री (D) महेन्द्र

**6. बचपन, शैशव, मित्रता, अहंकार, स्वत्व, देवत्व ये शब्द कौन-सी संज्ञा है ?**
(A) भावचावक संज्ञा (B) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(C) समूहवाचक संज्ञा (D) जातिवाचक संज्ञा

**7. जिस संज्ञा से किसी वस्तु के धर्म, गुण, अवस्था का ज्ञान हो, उसे कौन-सी संज्ञा कहते है ?**
(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा (B) भावचाचक संज्ञा
(C) जातिवाचक संज्ञा (D) कोई नहीं

**8. निम्न में से कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है ?**
(A) लम्बाई (B) बहन
(C) दया (D) शत्रुता

**9. किसी व्यक्ति या वस्तु के नाम का बोध कराने वाले शब्द कहलाते हैं –**
(A) नामवाची (B) संज्ञा
(C) नामधारी (D) विशेष

**10. जातिवाचक संज्ञा से किसका बोध नहीं होता है ?**
(A) पद का (B) पक्षी के नाम का
(C) पशु के नाम का (D) आदमी की जाति का

**11. निम्नलिखित में कौन व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है ?**
(A) रामायण (B) पटना
(C) औरत (D) गंगा

**12. निम्नलिखित में कौन द्रव्यवाचक संज्ञा नहीं है ?**
(A) लोहा (B) घड़ी
(C) तेल (D) दूध

**13. यह घोड़ा अच्छा है – वाक्य में 'यह' क्या है ?**
(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) विशेषण (D) सार्वनामिक विशेषण

**14. कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है ?**
(A) मिठाई (B) चतुराई
(C) लड़ाई (D) उतराई

**15. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'व्यक्तिवाचक' संज्ञा है ?**
(A) गाय (B) पहाड़
(C) यमुना (D) आम

**16. निम्नलिखित में भाववाचक संज्ञा कौन-सी है ?**
(A) शत्रुता (B) वीर
(C) मनुष्य (D) गुरू

**17. इनमें व्यक्तिवाचक संज्ञा कौन-सी है ?**
(A) माण्डवी (B) घरेलू
(C) भला (D) स्वतंत्र

**18. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'भावचावक संज्ञा' के अंतर्गत रखा जाएगा ?**
(A) मोहन (B) नदी
(C) हरियाली (D) अयोध्या

**19. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द पुरुषवाचक सर्वनाम के अन्तर्गत रखा जा सकता है ?**
(A) राम (B) यह
(C) हम (D) कोई

**20. बुढ़ापा भी एक प्रकार का अभिशाप है – शब्द में 'बुढ़ापा' कौन-सी संज्ञा है ?**
(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा (B) भाववाचक संज्ञा
(C) जातिवाचक संज्ञा (D) इनमें से कोई नहीं

**21. अमीरी, गरीबी, जवानी, बुढ़ापा आदि शब्द किस संज्ञा के अंतर्गत है ?**
(A) भाववाचक (B) जातिवादक
(C) समूहवाचक (D) व्यक्तिवाचक

**22. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द संज्ञा है ?**
(A) क्रोधी (B) क्रोधित
(C) क्रोध (D) क्रुद्ध

**23. संज्ञा की रूप रचना के आधार है –**
(A) सर्वनाम, विशेषण और क्रिया (B) लिंग, वचन और कारक
(C) उपसर्ग, प्रत्यक्ष और संधि (D) संधि, समास और प्रत्यय

**24. 'धिक्कार' शब्द संज्ञा के किस भेद के अन्तर्गत है ?**
(A) जातिवाचक (B) भाववाचक
(C) व्यक्तिवाचक (D) द्रव्यवाचक

**25. निम्नलिखित में कौन व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है ?**
(A) पानीपत का प्रथम युद्ध (B) डकैती
(C) मंगलवार (D) स्वतंत्रता-दिवस

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (D) | 3. (C) | 4. (D) | 5. (D) | 6. (A) | 7. (B) | 8. (B) |
| 9. (B) | 10. (D) | 11. (A) | 12. (B) | 13. (D) | 14. (A) | 15. (C) | 16. (A) |
| 17. (A) | 18. (C) | 19. (C) | 20. (B) | 21. (A) | 22. (C) | 23. (B) | 24. (B) |
| 25. (B) | | | | | | | |

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

# सर्वनाम और उसके भेद

संज्ञा के बदले अथवा उसके प्रतिनिधि के रूप में जो शब्द प्रयुक्त होता है, उसे सर्वनाम कहते है। अर्थात् वाक्यों में संज्ञा की पुनरूक्ति दूर करने के लिए जो शब्द प्रयुक्त होते है, वे सर्वनाम कहलाते है। जैसे –

राम बहुत तेज लड़का है

वह परीक्षा में हमेशा प्रथम आता है।

यहाँ 'वह' सर्वनाम है जो संज्ञा 'राम' के लिए प्रयुक्त हुआ है।

हिन्दी में कुल ग्यारह सर्वनाम है – मैं, तू, आप, वह यह, जो सो, कोई, कुछ, कौन और क्या।

## सर्वनाम के भेद

**सर्वनाम के छः भेद है** –

1. पुरुषवाचक सर्वनाम – मैं, तुम, वह, हम, वे
2. निश्चयवाचक सर्वनाम – यह (निकट), वह (दूर)
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम – कोई, क्या, कुछ
4. निजवाचक सर्वनाम – आप, स्वयं, खुद
5. संबंधवाचक सर्वनाम – जो, सो
6. प्रश्नवाचक सर्वनाम – कौन, क्या

**1. पुरुषवाचक सर्वनाम :** जो सर्वनाम पुरुषवाचक या स्त्रीवाचक संज्ञाओं के नाम के बदले आता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते है। जैसे – मैं, वह, तू, तुम आदि।

पुरुषवाचक सर्वनाम से बोलनेवाला, सुननेवाला या जिसके विषय में कहा जाए उसका बोध होता है। इस आधार पर पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन उपभेद है –

**(i) उत्तम पुरुष :** जिस सर्वनाम का प्रयोग 'कहने' या 'बोलनेवाला' अपने लिए करता है, उसे 'उत्तम पुरुष' कहते है। जैसे – मैं, हम, मेरा, हमारा, आदि।

**(ii) मध्यम पुरुष :** 'सुनने वाले' के लिए जिस सर्वनाम का प्रयोग किया जाता है, उसे 'मध्यम पुरुष' कहते है। जैसे – तू, तुम, आप, तुम्हें, आपको आदि।

**(iii) अन्य पुरुष :** जिस 'सर्वनाम' का प्रयोग ऐसे संज्ञा के लिए हो, जिसके विषय में बात कही जा रही हो, किन्तु जो उपस्थित न हो, ऐसे सर्वनाम को 'अन्य पुरुष' कहा जाता है। जैसे – वह, वे, उसकी, उसका, उनकी, उनका आदि

**2. निश्चयवाचक सर्वनाम :** जिन सर्वनाम शब्दों से वक्ता के लिए या दूरस्थ व्यक्ति, वस्तु या घटना का निश्चित बोध होता है, उन्हें निश्चय वाचक सर्वनाम कहते है। जैसे – यह, वह, ये, वे

यह मेरी पुस्तक है। वह उनकी मेज है।

ये मेरे हथियार है। वे तुम्हारे आदमी है।

**3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम :** जिस सर्वनाम से किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति का बोध नहीं होता है, उसे अश्चियवाचक सर्वनाम कहते है। जैसे – कोई, कुछ।

कोई आ गया तो क्या करोगे ?

चाय में कुछ गिर गया है।

**4. निजवाचक सर्वनाम :** जिस सर्वनाम से अपने आपका (स्वयं) या निज का बोध होता है, उसे निजवाचक सर्वनाम कहते है। जैसे – स्वयं, खुद, अपना, अपनी।

मैं अपना काम स्वयं करूँगा।

मैं खुद चला जाऊँगा।

वह अपने आप हिन्दी पढ़ लेगा।

**5. संबंधवाचक सर्वनाम :** जिस सर्वनाम से दो संज्ञाओं के परस्पर संबंध का ज्ञान हो, उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते है। जैसे – जो, सो

जो मेहनत करेगा वह अवश्य सफल होगा।

वह कमीज कहाँ है, जिसे मैने खरीदी थी।

**6. प्रश्नवाचक सर्वनाम :** जिस सर्वनाम का प्रयोग 'प्रश्न' करने के लिए किया जाता है, उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते है। जैसे – कौन, क्या।

कौन आया है ?

तुम्हारे पास क्या है ?

दूध से क्या गिर पड़ा ?

## सर्वनाम : एक नजर में

| | |
|---|---|
| **1. पुरुषवाचक** | (i) उत्तम पुरुष – मैं, हम<br>(ii) मध्यम पुरुष – तू, तुम, आप<br>(iii) अन्य पुरुष – वह, वे, यह, ये |
| **2. निश्चयवाचक** | (i) निकटवर्ती – यह, ये<br>(ii) दूरवर्ती – यह, वे |
| **3. अनिश्चयवाचक** | (i) प्राणी बोधक – कोई<br>(ii) वस्तुबोधक – कुछ |
| **4. संबंध वाचक** | जो, सो |
| **5. प्रश्नवाचक** | (i) प्राणिबोधक – कोई<br>(ii) वस्तुबोधक – क्या |
| **6. निजवाचक** | आप, स्वयं |

## अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य

- विभिन्न कारकों में प्रयुक्त होने पर सर्वनाम शब्दों के रूप परिवर्तित हो जाते है। इसका प्रयोग संबंधन में नहीं होता है। अर्थात् इसमें केवल सात कारक है। जैसे – मैं, मुझको, मुझसे, मेरे लिए, मेरा, मुझको, मुझपर आदि
- कभी-कभी कुछ 'शब्द-समूह' भी सर्वनाम के रूप में प्रयुक्त होता है। जैसे – कुछ न कुछ, सब-कुछ, कोई-न-कोई, कुछ-कुछ, हर-कोई, कुछ-भी आदि।
- सर्वनाम में लिंग भेद से रूपान्तर नहीं होता। जैसे – वह जाता है। वह जाती है।
- सर्वनाम आदर और अनादर का बोध कराता है। जैसे – 'आप' से आदर तथा 'तू', 'तुम' से अनादर का बोध होता है।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. 'हम' क्या है –**

(A) उत्तमपुरुष (B) प्रथमपुरुष

(C) निजवाचक (D) सम्बन्धवाचक

**2. सर्वनाम के भेद हैं –**

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

(A) 3 (B) 4
(C) 5 (D) 6

**3. 'यह' कौन-सा सर्वनाम है ?**
(A) पुरुषवाचक (B) निजवाचक
(C) निश्चयवाचक (D) सम्बन्धवाचक

**4. तू, तुम, आप, आदि हिन्दी में कौन-से पुरुषवाचक सर्वनाम है ?**
(A) उत्तम पुरुष (B) अन्य पुरुष
(C) मध्यम पुरुष (D) इनमें से कोई नहीं

**5. 'कल वह विद्यालय जाएगा।' इस वाक्य में सर्वनाम छाँटे -**
(A) कल (B) वह
(C) विद्यालय (D) जाएगा

**6. इनमें से कौन-सा सर्वनाम पुरुषवाचक नहीं है ?**
(A) कोई (B) आप
(C) मैं (D) वे

**7. इनमें से कौन-सा शब्द सर्वनाम नहीं है ?**
(A) कुछ (B) कौन
(C) क्या (D) इधर

**8. प्रश्नवाचक सर्वनाम का उदाहरण है ?**
(A) जो (B) वे
(C) कौन (D) आप

**9. 'मैं <u>कुछ</u> पुस्तकें लाया हूँ, इन्हें तुम रख लो।' इस वाक्य में रेखांकित सर्वनाम का भेद बताइए -**
(A) पुरुषवाचक (B) अनिश्चयवाचक
(C) निजवाचक (D) सम्बन्धवाचक

**10. निम्नलिखित में प्रश्नवाचक सर्वनाम का प्रयोग किस वाक्य में हुआ है ?**
(A) तुम उधर बैठो (B) यह किसका घर है
(C) मैं घर जा रहा हूँ (D) यह घड़ी मेरी है

**11. 'कुछ खा लो।' इस वाक्य में 'कुछ' कैसा सर्वनाम है ?**
(A) प्रश्नवाचक सर्वनाम (B) निश्चयवाचक सर्वनाम
(C) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (D) निजवाचक सर्वनाम

**12. 'देखो, कौन आया है ?' इस वाक्य में 'कौन' कैसा सर्वनाम है ?**
(A) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (B) निश्चयवाचक सर्वनाम
(C) सम्बन्धवाचक सर्वनाम (D) प्रश्नवाचक सर्वनाम

**13. 'मैं स्वयं आ जाऊँगा।' इस वाक्य में 'स्वयं' कैसा सर्वनाम है ?**
(A) प्रश्नवाचक सर्वनाम (B) निजवाचक सर्वनाम
(C) सम्बन्धवाचक सर्वनाम (D) पुरुषवाचक सर्वनाम

**14. 'यह राम का घर है।' इस वाक्य में 'यह' कैसा सर्वनाम है ?**
(A) निश्चयवाचक सर्वनाम (B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(C) सम्बन्धवाचक सर्वनाम (D) निजवाचक सर्वनाम

**15. 'आप मेरे घर अवश्य पधारें।' इस वाक्य में 'आप' किस पुरुष में है ?**
(A) उत्तम पुरुष (B) मध्यम पुरुष
(C) अन्य पुरुष (D) सम्बन्धवाचक सर्वनाम

**16. निम्नलिखित किस वाक्य में अन्य पुरुष का प्रयोग हुआ है ?**
(A) मैं खेल रहा हूँ (B) तुम सो रहे हो
(C) वे पढ़ रहे हैं (D) कौन आ रहा है ?

**17. निम्नलिखित वाक्यों में किसमें उत्तम पुरुष का प्रयोग हुआ है ?**
(A) तुम कहाँ जा रहे हो (B) आज मेरे घर में पूजा है
(C) बच्चा रो रहा है (D) उसे भूख लगी है

**18. 'राजेन्द्रबाबू हमारे प्रथम राष्ट्रपति थे, आप वस्तुतः दूसरे गाँधी थे।' इस वाक्य में 'आप' क्या है ?**
(A) निश्चयवाचक सर्वनाम (D) उत्तम पुरुष
(C) मध्यम पुरुष (D) अन्य पुरुष

**19. जो शब्द सभी संज्ञाओं के बदले उसके स्थान पर प्रयुक्त होते है, उन्हें कहते हैं**
(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) विशेषण (D) क्रिया

**20. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द प्रश्नवाचक सर्वनाम है ?**
(A) कोई (B) आप
(C) यह (D) कौन

**21. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द निश्चयवाचक सर्वनाम है ?**
(A) क्या (B) यह
(C) कोई (D) कहाँ

**22. किसी व्यक्ति या वस्तु के नाम की जगह दूसरे शब्दों का प्रयोग करते हो तो ऐसे शब्दों को क्या कहा जाता है ?**
(A) संज्ञा (B) अव्यय
(C) सर्वनाम (D) इनमें से कोई नहीं

**23. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'पुरुषवाचक सर्वनाम' के अन्तर्गत रखा जा सकता है ?**
(A) राम (B) यह
(C) हम (D) कोई नहीं

**24. 'मैं अपने आप काम कर लूँगा।' इस वाक्य में 'आप' शब्द कौन-सा सर्वनाम है ?**
(A) पुरुषवाचक (B) निजवाचक
(C) सम्बन्धवाचक (D) निश्चयवाचक

**25. निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में सर्वनाम का अशुद्ध प्रयोग हुआ है ?**
(A) मुझे इस बैठक की सूचना नहीं थी।
(B) मैं तेरे को एक घड़ी दूँगा
(C) आपके आग्रह पर मैं दिल्ली जा सकता हूँ
(D) वह स्वयं यहाँ नहीं आना चाहती।

**26. यह भोजन मैं स्वयं कर लूगाँ-रेखांकित शब्द में कौन-सा सर्वनाम है ?**
(A) संबंधवाचक सर्वनाम (B) पुरूषवाचक सर्वनाम
(C) निजवाचक सर्वनाम (D) निश्चयवाचक सर्वनाम

**27. आप चले जाये-रेखंकित शब्द में कौन-सा सर्वनाम है ?**
(A) मध्यम पुरूषवाचक सर्वनाम (B) निश्चयवाचक सर्वनाम
(C) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (D) प्रश्नवाचक सर्वनाम

**28. तुमको कौन-सा कमरा पसंद आया। यह वाक्य किस सर्वनाम का उदाहरण है ?**
(A) प्रश्नवाचक सर्वनाम (B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(C) सम्बन्धवाचक सर्वनाम (D) निश्चयवाचक

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (D) | 3. (C) | 4. (C) | 5. (B) | 6. (A) | 7. (D) | 8. (C) |
| 9. (B) | 10. (B) | 11. (C) | 12. (D) | 13. (B) | 14. (A) | 15. (B) | 16. (C) |
| 17. (B) | 18. (C) | 19. (B) | 20. (D) | 21. (B) | 22. (C) | 23. (C) | 24. (B) |
| 25. (B) | 26. (C) | 27. (A) | 28. (A) | | | | |

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

# विशेषण और उसके भेद

**विशेषण :** जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता (गुण, दोष, संख्या, परिमाण, रंग, आकार, दशा आदि) बतलाता है, उसे विशेषण कहते हैं। जैसे –

सुंदर, कुरूप, लंबा, नाटा, अच्छा, बुरा, हल्का, भारी, चतुर, मूर्ख, लाल, पीला, कुछ, थोड़ा, दो, चार, गोल, चौड़ा, दुबला, पतला आदि।

| | |
|---|---|
| रीता/वह सुंदर है। | (गुण) |
| नीता/वह कुरूप है। | (दोष) |
| पाँच लड़के पढ़ रहे हैं। | (संख्या) |
| थोड़ा पानी पी लो। | (परिमाण) |
| यह/कलम लाल है। | (रंग) |

उपर्युक्त वाक्यों में प्रयुक्त शब्द – सुंदर, कुरूप, पाँच, थोड़ा तथा लाल संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाते हैं, अत: ये विशेषण हैं।

## विशेषण के कार्य

विशेषण के निम्नलिखित प्रमुख कार्य है –

- **विशेषण, संज्ञा और सर्वनाम के गुण-दोष को बतलाता है। जैसे –**

| | |
|---|---|
| राधा पढ़ने में तेज है। | (गुण का बोध) |
| लेकिन, वह डरपोक है। | (दोष का बोध) |

- **यह संज्ञा और सर्वनाम की निश्चित संख्या या परिमाण बतलाता है। जैसे –**

| | |
|---|---|
| दो लड़कें आये थे। | (निश्चित संख्या का बोध) |
| दो लिटर दूध दो। | (निश्चित परिमाण का बोध) |

- **यह संज्ञा और सर्वनाम की अनिश्चित संख्या या परिमाण बतलाता है। जैसे –**

| | |
|---|---|
| कुछ लड़कियाँ आयी हैं। | (अनिश्चित संख्या का बोध) |
| अधिक भोजन मत करो। | (अनिश्चित परिमाण का बोध) |

- **यह संज्ञा और सर्वनाम के क्षेत्र को सीमित करता है। जैसे –**

| | |
|---|---|
| लाल रूमाल लाओ। | (सिर्फ लाल – काला, पीला नहीं) |
| उस कुत्ते को खिलाओ। | (किसी खास कुत्ते को, दूसरे को नहीं) |

- **यह संज्ञा और सर्वनाम की दशा, अवस्था आदि बतलाता है। जैसे –**

| | |
|---|---|
| तुम बीमार हो। | (दशा का बोध) |
| मैं जवान हूँ। | (अवस्था का बोध) |

## विशेषण के भेद

**विशेषण के मुख्यत: चार भेद है –**

1. संख्यावाचक विशेषण
2. परिमाणवाचक विशेषण
3. गुणवाचक विशेषण
4. सार्वनामिक विशेषण

**1. संख्यावाचक विशेषण :** जिस विशेषण से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या (निश्चित या अनिश्चित) का बोध हो, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। जैसे – दो, चार, पहला, चौथा, दोहरा, चौगुना, आधा, पाव, कुछ, बहुत, सैकड़ों, असंख्य आदि।

| | |
|---|---|
| चार लड़कें आ रहे हैं। | (चार लड़कें – निश्चित संख्या) |
| कुछ लड़के जा रहे हैं। | (कुछ लड़कें – अनिश्चित संख्या) |

**2. परिमाणवाचक विशेषण :** जो विशेषण वस्तु के परिमाण या मात्रा (निश्चित या अनिश्चित) का बोध कराए, उसे परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे – दो लिटर, तीन मीटर, थोड़ा, बहुत, कुछ कम, सारा, पूरा, इतना, उतना, जितना, कितना आदि।

| | |
|---|---|
| दो लिटर दूध दें। | (दो लिटर – निश्चित परिमाण) |
| तीन मीटर कपड़ा दें। | (तीन मीटर – निश्चित परिमाण) |
| थोड़ा दूध चाहिए। | (थोड़ा दूध – अनिश्चित परिमाण) |
| बहुत कपड़े चाहिए। | (बहुत कपड़े – अनिश्चित परिमाण) |

**3. गुणवाचक विशेषण :** जिस विशेषण से गुण, दोष, रंग, आकार, स्वभाव, दशा, अवस्था आदि का बोध हो, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे – अच्छा, बुरा, सच्चा, झूठा, नेक, भला, सुन्दर, कुरूप, आकर्षक, सीधा, टेढ़ा, लाल, पीला, हरा पीला, लंबा, चौड़ा, छोटा बड़ा, दयालु, कठोर, सूखा, गीला, दुबला, पतला, नया, पुराना, आधुनिक, प्राचीन, बनारसी, मुरादाबादी आदि।

| | |
|---|---|
| वह भला/अच्छा आदमी है। | (भला/अच्छा – गुणबोधक) |
| मोहन बुरा/दुष्ट लड़का है। | (बुरा/दुष्ट – अवगुणबोधक) |
| कपड़ा लाल/पीला है। | (लाल/पीला – रंगबोधक) |
| भाला नुकीला/लंबा है। | (नुकीला/लंबा – आकारबोधक) |
| मोहन दुबला/मोटा है। | (दुबला/मोटा – दशाबोधक) |

**4. सार्वनामिक विशेषण :** जो सर्वनाम विशेषण के रूप में प्रयुक्त हो, उसे सार्वनामिक विशेषण कहते हैं। जैसे – यह, वह, कौन, क्या, कोई, कुछ आदि।

उपर्युक्त शब्द सर्वनाम और विशेषण दोनों हैं। यदि ये क्रिया के पहले प्रयुक्त हों, तो सर्वनाम और संज्ञा के पहले प्रयुक्त हों, तो सार्वनामिक विशेषण। जैसे –

| | |
|---|---|
| यह देखो। | (क्रिया के पहले – यह – सर्वनाम) |
| यह फूल देखो। | (संज्ञा के पहले – यह – सार्वनामिक विशेषण) |
| वह खेलेगा। | (क्रिया के पहले – वह – सर्वनाम) |
| वह लड़का खेलेगा। | (संज्ञा के पहले – वह – सार्वनामिक विशेषण) |

उपर्युक्त बातों से स्पष्ट हो जाता है कि – 'यह' और 'वह' शब्द सर्वनाम भी हैं और विशेषण भी। यह आप पर निर्भर करता है कि इनका प्रयोग आप किस रूप में करते हैं। अत: इन शब्दों के प्रयोग में सावधानी रखें, अन्यथा अर्थ का अनर्थ हो सकता है।

## प्रविशेषण

**प्रविशेषण :** विशेषण की विशेषता बतलानेवाले विशेषण को 'प्रविशेषण' कहते हैं। प्रविशेषण सामान्यत: विशेषण के गुणों में वृद्धि लाता है। जैसे – थोड़ा, बहुत, अति, अत्यंत, अधिक, अत्यधिक, बड़ा, बेहद, महा, घोर, ठीक, बिल्कुल, लगभग आदि।

| | |
|---|---|
| दूध मीठा है। | (मीठा – संज्ञा की विशेषता = विशेषण) |
| दूध थोड़ा मीठा है | (थोड़ा – विशेषण की विशेषता = प्रविशेषण) |
| वह पाँच बजे आएगा। | (पाँच – संज्ञा की विशेषता = विशेषण) |
| वह ठीक पाँच बजे आएगा। | (ठीक – विशेषण की विशेषता = प्रविशेषण) |

स्पष्ट है कि उपर्युक्त वाक्यों में प्रयुक्त 'थोड़ा' एवं ठीक शब्द प्रविशेषण हैं, क्योंकि ये विशेषण की विशेषता बतलाते हैं।

## विशेष्य और विशेषण

**विशेष्य :** जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलायी जाती है, उस संज्ञा या सर्वनाम को 'विशेष्य' कहते हैं। जैसे –

राजभाषा हिंदी
rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

| | |
|---|---|
| लड़का लम्बा है। | (लड़का – विशेष्य) |
| वह लम्बा है। | (वह – विशेष्य) |
| कलम लाल है। | (कलम – विशेष्य) |
| यह लाल है। | (यह – विशेष्य) |

## विशेष्य-विशेषण और विधेय-विशेषण

- **प्रयोग की दृष्टि से विशेषण के दो भेद है –**

(i) विशेष्य-विशेषण और

(ii) विधेय-विशेषण

विशेष्य (संज्ञा/सर्वनाम) के पहले आए विशेषण को **विशेष्य-विशेषण** तथा विशेष्य के बाद आए विशेषण को **विधेय-विशेषण** कहते हैं। जैसे –

| | |
|---|---|
| वह लम्बा लड़का है। | (लम्बा – विशेष्य-विशेषण) |
| वह लड़का लम्बा है। | (लम्बा – विधेय-विशेषण) |

**नोट** – यहाँ दो बातें ध्यान देने योग्य हैं –

1. **विशेषण के लिंग एवं वचन विशेष्य के लिंग एवं वचन के अनुसार होते हैं, चाहे विशेषण विशेष्य के पहले आए या बाद में। जैसे –**

वह अच्छा लड़का है। (अच्छा, लड़का – दोनों एकवचन, पुलिंग)

वह लड़का अच्छा है। (लड़का, अच्छा – दोनों एकवचन, पुलिंग)

वह अच्छी लड़की है। (अच्छी, लड़की – दोनों एकवचन, स्त्रीलिंग)

वे अच्छे लड़के हैं। (अच्छे, लड़के – दोनों बहुवचन, पुंलिंग)

स्पष्ट है कि विशेषण के लिंग एवं वचन, विशेष्य के लिंग एवं वचन के अनुसार आये हैं।

2. **अगर एक ही विशेषण के अनेक विशेष्य हों, तो विशेषण के लिंग और वचन प्रथम विशेष्य के लिंग और वचन के अनुसार होंगे। जैसे –**

(i) उजला कुरता, टोपी और जूते लाओ।
(प्रथम विशेष्य कुरता – पुंलिंग, अत: – उजला)

(ii) उजली टोपी, कुरता और जूते लाओ।
(प्रथम विशेष्य टोपी – स्त्रीलिंग, अत: – उजली)

(iii) उजले जूते, कुरता और टोपी लाओ।
(प्रथम विशेष्य जूते – एकारांत पुंलिंग, अत: – उजले)

स्पष्ट है कि यहाँ एक विशेषण के अनेक विशेष्य हैं, लेकिन विशेषण के लिंग एवं वचन प्रथम विशेष्य के लिंग एवं वचन के अनुसार ही आये हैं।

## सरल वाक्यों में विशेषण के स्थान

सरल वाक्यों में विशेषण का स्थान निम्नलिखित हो सकता है –

- **सरल वाक्यों में विशेषण प्राय: संज्ञा के पहले आता है। जैसे –**

| | |
|---|---|
| वह अच्छा लड़का है। | (संज्ञा के पहले विशेषण) |
| वह अच्छी लड़की है। | (संज्ञा के पहले विशेषण) |

- **सार्वनामिक विशेषण भी संज्ञा के पहले आता है। जैसे –**

| | |
|---|---|
| यह फूल देखो। | (यह – विशेषण) |
| वह लड़का आया है | (वह – विशेषण) |

- **सरल वाक्यों में संज्ञा या सर्वनाम के बाद भी विशेषण आता है। जैसे –**

| | |
|---|---|
| सोहन नटखट है। | (संज्ञा के बाद विशेषण) |
| वह बदमाश कहाँ गया ? | (सर्वनाम के बाद विशेषण) |

## विशेषणों की रचना

हिन्दी में कुछ विशेषण ऐसे हैं जो मौलिक होते हैं, जिन्हें किसी शब्द या प्रत्यय के सहयोग से नहीं बनाया जाता। ऐसे विशेषणों को मूल विशेषण कहा जाता है। जैसे – अच्छा, बुरा, काला, उजला, मोटा, पतला, अमीर, गरीब, छोटा, बड़ा, बूढ़ा, जवान, नया, पुराना, निम्न, उच्च, सुंदर, हल्का आदि।

इसके विपरीत अधिकांश विशेषण किसी-न-किसी प्रत्यय के जुड़ने से बनते हैं। ये प्रत्यय हैं – अ, अक, अनीय, आ, आई, आऊ, आड़ी, आना, आर, आल, आलू, इंदा, इक, इत, इल, इयल, ई, ईच, ईन, ईला, उ, उक, एय, एरा, एल, ऐल, ओड़, ओड़ा, क, था, दार, नाक, बाज, मंद, मान्, वान्, वाला, वार, वी, ल आदि। ये प्रत्यय संस्कृत, हिन्दी और उर्दू (अरबी-फारसी) के हैं। ये किन-किन शब्दों में जुड़ते हैं। इन्हें समझें –

1. **कुछ विशेषण अव्ययों में प्रत्यय लगाकर बनाए जाते हैं। जैसे –**

| | |
|---|---|
| भीतर – भीतरी | अंदर – अंदरूनी |
| बाहर – बाहरी | ऊपर – ऊपरी |
| करीब – करीबी | सामने – सामनेवाला |

2. **कुछ विशेषण दो विशेषणों के मेल से बनते हैं। जैसे –**

| | |
|---|---|
| अच्छा + बुरा = अच्छा-बुरा | बुरा + भला = बुरा-भला |
| छोटा + बड़ा = छोटा-बड़ा | लम्बा + चौड़ा = लम्बा-चौड़ा |

3. **कभी-कभी विशेषण के द्वित्य से भी नये-नये विशेषण बनते हैं। जैसे –**

| | |
|---|---|
| मोटा-मोटा | नीले-नीले |
| पतला-पतला | पीले-पीले |

4. **अधिकांश विशेषण क्रिया में प्रत्यय लगाकर बनाए जाते हैं। जैसे –**

| क्रिया | विशेषण | क्रिया | विशेषण |
|---|---|---|---|
| अड़-ना | अड़ियल | जुड़-ना | जुड़वाँ |
| खा-ना | खेवैया | भाग-ना | भगोड़ा |
| गा-ना | गवैया | मर-ना | मरियल |
| घट-ना | घटिया | लड़-ना | लड़ाकू |
| घूम-ना | घुमक्कड़ | सड़-ना | सड़ियल |
| उखाड़-ना | उखाड़ू | झगड़-ना | झगड़ालू |
| उड़-ना | उड़ंकू, उड़ाऊ | टिक-ना | टिकाऊ |
| उठ-ना | उठौवा | डर-ना | डरावना |
| चल-ना | चलाऊ | सुन-ना | सुनवैया |
| जड़-ना | जड़ाऊ | हँस-ना | हँसोड़ |
| उपज-ना | उपजाऊ | तैर-ना | तैराक |
| कट-ना | कटीला | दे-ना | दिवैया |
| कमा-ना | कमाऊ | पढ़-ना | पढ़वैया |
| कर-ना | करवैया | पी-ना | पियक्कड़ |

## सूची (विशेष्य-विशेषण)

| विशेष्य | विशेषण | विशेष्य | विशेषण |
|---|---|---|---|
| • **मनोरंजन** | मनोरंजक | • **मनोवांछा** | मनोवांछित |
| • **मरीज** | मरीजी | • **मसीहा** | मसीही |
| • **मिथ्यावादी** | मिथ्यावादिनी | • **मिश्रण** | मिश्रित |
| • **मौसी** | मौसेरा | • **राजद्रोह** | राजद्रोही |
| • **राष्ट्रवाद** | राष्ट्रवादी | • **रुचि** | रुचित |



Join WhatsApp Group

| | |
|---|---|
| **रोग** | रोगी, रुग्ण |
| **रोष** | रुष्ट |
| **अंक** | अंकित |
| **अंकुर** | अंकुरित |
| **अंडा** | अंडैल |
| **ऋण** | ऋणी |
| **एकीकरण** | एकीकृत |
| **ऐब** | ऐबी |
| **कंकड़** | कंकड़ीला |
| **कंठ** | कंठ्य |
| **कंधार** | कंधारी |
| **गंधक** | गंधकी |
| **गर्व** | गर्वित |
| **गाँव** | गँवार |
| **गुजरात** | गुजराती |
| **अंत** | अंतिम, अंत्य |
| **अँकुड़ी** | अँकुड़ीदार |
| **उद्योग** | उद्योगी |
| **उन्माद** | उन्मादक |
| **उपकार** | उपकारक |
| **उपचार** | उपचारित |
| **उल्लेख** | उल्लेखनीय |
| **गुणा** | गुण्य |
| **गृह** | गृही |
| **घर** | घराऊ |
| **घृणा** | घृणित |
| **चमत्कार** | चमत्कारी |
| **चिंतन** | चिंतनीय |
| **पत्थर** | पथरीला |
| **परिमार्जन** | परिमार्जित |
| **प्रांत** | प्रांतिक |
| **फेन** | फेनिल |
| **मखमल** | मखमली |
| **लारवाही** | लापरवाह |
| **लेखक** | लेखनीय |
| **वसंत** | वासंतिक |
| **अनुराग** | अनुरागी |
| **अनुशासन** | अनुशासित |
| **अन्याय** | अन्यायी |
| **अन्योन्याश्रय** | अन्योन्याश्रित |
| **उद्धरण** | उद्धरणीय |
| **उद्धार** | उद्धारक |
| **उद्यम** | उद्यत, उद्यमी |
| **विकास** | विकासमान् |
| **विदेश** | विदेशी |

| | |
|---|---|
| **रोब** | रोबीला |
| **लज्जा** | लज्जित |
| **अँगरेज** | अँगरेजी |
| **अधर्म** | अधर्मी |
| **अनिच्छा** | अनिच्छित |
| **क्षोभ** | क्षुब्ध |
| **खंडन** | खंडित |
| **खानदान** | खानदानी |
| **खेद** | खिन्न |
| **खैरात** | खैरात् |
| **ख्याल** | ख्याली |
| **गणन** | गणनीय |
| **गाँठ** | गँठीला |
| **गाभा** | गाभिन |
| **गुण** | गुणी |
| **अनुभव** | अनुभवी |
| **अनुमान** | अनुमानित |
| **काम** | कामुक, कामी |
| **कारबार** | कारबारी |
| **किताब** | किताबी |
| **किमत** | कीमती |
| **क्षुधा** | क्षुधालु |
| **गुस्सा** | गुस्सावर |
| **गोर** | गोरी |
| **घिन** | घिनौना |
| **चटपटी** | चटपटिया |
| **चातुर्थक** | चातुर्थिकी |
| **चित्र** | चित्रित |
| **परित्याग** | परित्यागी |
| **परिवर्तन** | परिवर्तनीय |
| **प्रात:काल** | प्रात:कालीन |
| **बहिष्कार** | बहिष्कृत |
| **मजहब** | मजहबी |
| **लालच** | लालची |
| **वर्णन** | वर्णनीय |
| **वस्तु** | वास्तव |
| **आमंत्रण** | आमंत्रित |
| **आयुर्वेद** | आयुर्वेदीय |
| **आयोजन** | आयोजित |
| **आलंबन** | आलंबित |
| **कागज** | कागजी |
| **कानून** | कानूनी |
| **काबुल** | काबुली |
| **विज्ञापन** | विज्ञापित |
| **विनाश** | विनाशक |

| | |
|---|---|
| **शरीर** | शरीरिणी |
| **शोषण** | शोषित |
| **संचय** | संचयी |
| **संप्रदाय** | सांप्रदायिक |
| **संशोधन** | संशोधित |
| **सरकार** | सरकारी |
| **सोपान** | सोपानित |
| **स्वाभिमान** | स्वाभिमानी |
| **चिह्न** | चिह्नित |
| **छिद्र** | छिद्रित |
| **जबान** | जबानी |
| **जिद** | जिद्दी |
| **तिरस्कार** | तिरस्कृत |
| **तेजाब** | तेजाबी |
| **दरबार** | दरबारी |
| **देहात** | देहाती |
| **निमंत्रण** | निमंत्रित |
| **निरीक्षण** | निरीक्षित |
| **नोक** | नुकीली |

| | |
|---|---|
| **शान** | शानदार |
| **संकेत** | संकेतित |
| **संपादन** | संपादकीय |
| **संरक्षण** | संरक्षित |
| **समर्थन** | समर्थक |
| **सरोकार** | सरोकारी |
| **स्कूल** | स्कूली |
| **हठ** | हठी |
| **चुंबन** | चुंबनीय |
| **जंगल** | जंगली |
| **जरूरत** | जरूरी |
| **जीवन** | जीवित |
| **तिरहुत** | तिरहुतिया |
| **दक्खिन** | दक्खिनी |
| **दाग** | दागी |
| **नाम** | नामी |
| **निराला** | निराली |
| **निष्कासन** | निष्कासित |
| **पंजाब** | पंजाबी |

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. इनमें से कौन गुणवाचक विशेषण नहीं है ?**

(A) काला (B) लम्बा

(C) पचास (D) युवा

**2. इनमें से कालबोधक विशेषण कौन-सा है ?**

(A) गीला (B) पतला

(C) पुराना (D) भला

**3. सार्वनामिक विशेषण –**

(A) संज्ञा के पहले आते है (B) संज्ञा के बाद आते है

(C) सर्वनाम के बाद आते हैं (D) इनमें से कोई नहीं

**4. विशेषण किस शब्द की विशेषता बताते हैं ?**

(A) संज्ञा की (B) सर्वनाम की

(C) संज्ञा और सर्वनाम की (D) कारक की

**5. जिस शब्द की विशेषता बताई जाए, वह है –**

(A) विशेषण (B) विशेष्य

(C) प्रविशेषण (D) विधेय

**6. नीचे दिए जोड़ों में से जो सही नहीं है उसको छाँटिये –**

(A) वर्ष-वार्षिक (B) वन-वन्य

(C) व्यवसाय-व्यवसायिक (D) वन्दना-वन्दनी

**7. किस वाक्य में 'अच्छा' शब्द का प्रयोग विशेषण के रूप में हुआ है ?**

(A) तुमने अच्छा किया जो आ गए (B) यह स्थान बहुत अच्छा है

(C) अच्छा तुम घर जाओ (D) अच्छा है वह अभी आ जाये

**8. 'पशु' शब्द का विशेषण क्या है ?**

(A) पाशविक (B) पशुत्व

(C) पशुपति (D) पशुता

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

**9. 'संस्कृति' का विशेषण है -**
(A) सांस्कृतिक (B) संस्कृतिक
(C) संस्कृत (D) सांस्कृत

**10. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण है ?**
(A) सौन्दर्य (B) बेकारी
(C) वृक्ष (D) फुफेरा

**11. निम्नांकित में विशेषण है -**
(A) सुलेख (B) पुष्पित
(C) बलवान (D) पौरुष

**12. 'लक्ष्मण एक कुशल कार्यकर्त्ता है' में विशेषण है -**
(A) लक्ष्मण (B) कार्यकर्त्ता
(C) कुशल (D) इनमें से कोई नहीं

**13. निम्नलिखित में से विशेषण चुनिए -**
(A) भलाई (B) मिठास
(C) थोड़ा (D) स्वयं

**14. 'परिश्रमी व्यक्ति ही सफल होते हैं।' इसमें 'परिश्रमी' कैसा विशेषण है?**
(A) परिमाणवाचक विशेषण (B) गुणवाचक विशेषण
(C) संख्यावाचक विशेषण (D) सार्वनामिक विशेषण

**15. 'यह लड़का गवैया है।' इस वाक्य में 'यह' कैसा विशेषण है ?**
(A) निश्चित संख्यावाचक (B) अनिश्चित संख्यावाचक
(C) सार्वनामिक विशेषण (D) संख्यावाचक विशेषण

**16. 'चार गायें खेत में चर रही है।' इनमें 'चार' कैसा विशेषण है ?**
(A) निश्चित संख्यावाचक (B) अनिश्चित संख्यावाचक
(C) निश्चित परिमाणवाचक (D) अनिश्चित परिमाणवाचक

**17. 'मुझे थोड़ा घी चाहिए।' इनमें 'थोड़ा' कैसा विशेषण है ?**
(A) निश्चित परिमाणवाचक (B) अनिश्चित परिमाणवाचक
(C) निश्चित संख्यावाचक (D) अनिश्चित संख्यावाचक

**18. 'आवश्यक' शब्द निम्नांकित में से क्या है ?**
(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) विशेषण (D) प्रविशेषण

**19. 'यह लड़का बड़ा भोला है।' इसमें 'बड़ा' शब्द क्या है ?**
(A) प्रविशेषण (B) संज्ञा
(C) सर्वनाम (D) विशेषण

**20. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द परिमाणवाचक विशेषण है ?**
(A) अच्छा (B) आकर्षक
(C) कुछ (D) धनी

**21. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द गुणवाचक विशेषण है ?**
(A) बहुत (B) भारतीय
(C) पाँच (D) कोई नहीं

**22. 'यह दृश्य अति सुन्दर है।' इसमें 'अति' क्या है ?**
(A) संज्ञा (B) प्रविशेषण
(C) विशेषण (D) क्रिया

**23. 'आलस्य' शब्द का विशेषण क्या है ?**
(A) आलस (B) अलस
(C) आलसीपन (D) आलसी

**24. निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा शब्द विशेषण है ?**
(A) नम्रता (B) मिठास
(C) सच्चा (D) शीतलता

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द गुणवाचक विशेषण है ?**
(A) बलवान (B) थोड़ा
(C) पाँच (D) आप

**26. निम्नलिखित वाक्यों में से एक वाक्य में विशेषण सम्बंधी अशुद्धि नहीं है। वह कौन-सा है ?**
(A) उसमें एक गोपनीय रहस्य है।
(B) आप जैसा अच्छा सज्जन कौन होगा ?
(C) कहीं से खूब ठण्डा बर्फ लाओ
(D) वहाँ ज्वर की सर्वोत्कृष्ट चिकित्सा होती है।

**27. 'अच्छा विद्यार्थी' में 'विद्यार्थी' शब्द क्या है ?**
(A) विशेषण (B) विशेष्य
(C) सर्वनाम (D) प्रविशेषण

**28. 'प्रविशेषण' बताते हैं**
(A) विशेषण का भेद (B) विशेषणों का भाव
(C) विशेषणों की विशेषता (D) विशेषणों के गुण

**29. निम्नलिखित संज्ञा-विशेषण जोड़ी में कौन-सा सही नहीं है ?**
(A) विष-विषैला (B) पिता-पैतृक
(C) उन्नति-उन्नत (D) प्रान्त-प्रान्तिक

**30. विशेषण के कितने भेद है ?**
(A) तीन (B) चार
(C) पाँच (D) छह

**31. वस्तुओं की विशेषता बतलाने वाले शब्दों को क्या नाम दिया जाता है ?**
(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) क्रिया (D) इनमें कोई नहीं

**32. विशेषण की विशेषता बताने वाला शब्द क्या कहलाता है ?**
(A) विधेय-विशेषण (B) प्रविशेषण
(C) क्रियाविशेषण (D) विशेष्य

**33. 'कोई आदमी उसे मार रहा था।' इस वाक्य में विशेषण छाँटिए -**
(A) उसे (B) रहा
(C) मार (D) इनमें कोई नहीं

**34. 'संस्कृति' का विशेषण है -**
(A) सांस्कृतिक (B) संस्कृतक
(C) संस्कृत (D) सांस्कृत

**35. हल्का लाल फूल तोड़कर लाओं। रेखांकित शब्द का विशेषण बताइए ?**
(A) गुणवाचक विशेषण (B) प्रविशेषण विशेषण
(C) परिणामवाचक विशेषण (D) संबंधवाचक विशेष

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (C) | 3. (A) | 4. (C) | 5. (B) | 6. (D) | 7. (B) | 8. (A) |
| 9. (A) | 10. (D) | 11. (C) | 12. (C) | 13. (C) | 14. (B) | 15. (C) | 16. (A) |
| 17. (B) | 18. (C) | 19. (A) | 20. (C) | 21. (B) | 22. (B) | 23. (D) | 24. (C) |
| 25. (A) | 26. (D) | 27. (B) | 28. (C) | 29. (D) | 30. (B) | 31. (D) | 32. (C) |
| 33. (B) | 34. (A) | 35. (B) | | | | | |



Join WhatsApp Group

# अव्यय (अविकारी शब्द)

**अव्यय :** जिन शब्दों में लिंग, वचन, पुरुष, कारक इत्यादि के कारण कोई परिवर्तन नहीं होता, उन्हें अव्यय कहते है।

जैसे – वह धीरे-धीरे चलता है। तुम तेज चलते हो।

ऐसे शब्द हमेशा अपने मूल रूप में ही बने रहते है। चूँकि इन शब्दों का रूप नहीं बदलता, अत: इन्हें अविकारी भी कहा जाता है। अव्यय शब्दों के कुछ उदाहरण है – जब, तब, अभी, वहाँ, उधर, यहाँ, इधर, कब, क्यों, आह, वाह, ठीक, अरे, और, तथा, एवं, किंतु परंतु, लेकिन, बल्कि, इसलिए, किसलिए, बिल्कुल, अत:, अतएव, अर्थात्, चूँकि, क्योंकि, इत्यादि।

## अव्यय के कार्य

**अव्यय के निमनलिखित कार्य है –**

- अव्यय क्रिया का स्थान, दिशा, समय, रीति, तुलना, परिमाण, उद्देश्य, सादृश्य इत्यादि का ज्ञान कराते हैं।
- कुछ अव्यय शब्दों, पदबंधों, उपवाक्यों और वाक्यों को आपस में जोड़ने का काम करते हैं।
- अव्यय शोक, हर्ष, आश्चर्य इत्यादि भावों को व्यक्त करते हैं।
- कुछ अव्यय संबोधन को सूचित करते हैं।
- कुछ अव्यय बल, निषेध, स्वीकार, अवधारणा इत्यादि भी व्यक्ति करते हैं।

## अव्यय के भेद

**अव्यय के चार भेद है –**

A. क्रियाविशेषण
B. संबधबोधक
C. समुच्चयबोधक
D. विस्मयादिबोधक

## A. क्रियाविशेषण

क्रिया की विशेषता बतलानेवाले शब्दों को क्रियाविशेषण कहते हैं। जैसे – यहाँ, वहाँ, अब, अभी, ऐसे, वैसे, बहुत, बड़ा, क्यों, क्या आदि।

राम अब खा रहा है। (अब – क्रियाविशेषण)

यहाँ 'अब' शब्द क्रियाविशेषण है, क्योंकि यह 'खा रहा है' क्रिया की विशेषता बतलाता है।

## क्रियाविशेषण के कार्य

क्रियाविशेषण के निम्नलिखित प्रमुख कार्य है –

- **क्रियाविशेषण क्रिया की विशेषता बतलाता है। जैसे –**
  श्याम तेज दौड़ता है। (तेज – विशेषता का बोध)
  वह शुद्ध लिखता है। (शुद्ध – विशेषता का बोध)
- **यह क्रिया के स्थान की स्थिति या दिशा का बोध कराता है। जैसे –**
  वह बाहर बैठा है। (बाहर – स्थान की स्थिति का बोध)
  सड़क के बाएँ चलें। (बाएँ – स्थान की दिशा का बोध)
- **यह क्रिया के समय, अवधि आदि का बोध कराता है। जैसे –**
  राधा कल आएगी। (कल – समय का बोध)
  वह रात भर पढ़ता रहा। (रात भर – अवधि का बोध)
- **यह क्रिया के प्रकार, स्वीकार, निषेध, निश्चय, अनिश्चय, आदि का बोध कराता है। जैसे –**
  यहाँ नहीं खेलो। (नहीं – निषेध का बोध)
  हाँ, आइए। (हाँ – स्वीकार का बोध)
- **यह क्रिया की न्यूनता, अधिकता, तुलना आदि का बोध कराता है। जैसे –**
  सीता थोड़ा खाती है। (थोड़ा – न्यूनता का बोध)
  गीता बहुत पढ़ती है। (बहुत – अधिकता का बोध)

## क्रियाविशेषण के भेद

**क्रियाविशेषण के मुख्यत: चार भेद है –**

1. स्थानवाचक 2. कालवाचक
3. रीतिवाचक और 4. परिमाणवाचक

1. **स्थानवाचक क्रियाविशेषण :** जो शब्द क्रिया के स्थान की स्थिति एवं दिशा का बोध कराए, उसे स्थानवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं। जैसे – यहाँ, वहाँ, यहीं, वहीं, बाहर, भीतर, इधर, उधर, पास, दूर, दाएँ, बाएँ, आगे, पीछे, ऊपर, नीचे, की तरफ, की ओर आदि।
   वह **यहाँ** रहता है। (स्थान की स्थिति का बोध)
   सड़क के **बाएँ** चलो। (स्थान की दिशा का बोध)
2. **कालवाचक क्रियाविशेषण :** जो शब्द क्रिया के समय, अवधि, बारंबारता आदि का बोध कराऐ, उसे कालवाचक क्रियाविशेषण कहते है। जैसे – आज, कल, अब, जब, अभी, कभी, सायं, प्रात:, तुरंत, पहले, आजकल, दिन भर, नित्य, सदा लगातार, सदैव, बहुधा, प्रतिदिन, रोज, कई बार, हर बार आदि।
   श्री मरांडी **अभी** जा रहे हैं। (क्रिया के समय का बोध)
   मि॰ जॉन **आजकल** खेलते हैं। (क्रिया की अवधि का बोध)
   मो॰ रहीम **प्रतिदिन** पढ़ रहे हैं। (क्रिया की बारंबारता का बोध)
3. **रीतिवाचक क्रियाविशेषण :** जिस शब्द से क्रिया के प्रकार, निश्चय, अनिश्चय, स्वीकार, निषेध आदि का बोध हो, उसे रीतिवाचक क्रियाविशेषण कहते है। जैसे – ऐसे, वैसे, कैसे, जैसे, शायद, अवश्य, न, नहीं, मत, तो भी, ही, क्योंकि, चूँकि, अत:, इसलिए, धीरे-धीरे, तेजी से, जोर-जोर से, ध्यानपूर्वक आदि।
   वह **ऐसे** लिखता है। (क्रिया के प्रकार का बोध)
   वह **शायद** जाए। (क्रिया के अनिश्चय का बोध)
   मैं **नहीं** खेलूँगा। (क्रिया के निषेध का बोध)
4. **परिमाणवाचक क्रियाविशेषण :** जिस शब्द से क्रिया की न्यूनता, अधिकता, तुलना, मात्रा आदि का बोध हो, उसे परिमाणवाचक क्रियाविशेषण कहते है। जैसे – इतना, उतना, जितना, कितना, थोड़ा, बहुत, कम, खूब, अधिक, अति, अत्यंत, अतिशय, केवल, बस, काफी, जरा, थोड़ा-थोड़ा, तिल-तिल, बारी-बारी से, क्रमश: एक-एक कर आदि।
   गीता **थोड़ा** खाती है। (न्यूनता का बोध)
   मैं **बहुत** पढ़ता हूँ। (अधिकता का बोध)
   राम **कितना** सोता है? (तुलना का बोध)

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

### B. संबंधबोधक

जो अव्यय संज्ञा या सर्वनाम के बाद आकर वाक्य के दूसरे शब्द के साथ संबंध बतलाए, उसे **संबंधबोधक** कहते है। जैसे – निकट, दूर, आगे, पीछे, अंदर, बाहर, ओर, तरफ, पार, द्वारा, मारफत, लिए, सिवा, अलावा, अतिरिक्त, संग, साथ, विरुद्ध, खिलाफ, बिना, भर आदि।

राम के **आगे** मैं खड़ा हूँ। (संज्ञा के बाद)

मेरे **आगे** राम खड़ा है। (सर्वनाम के बाद)

### C. समुच्चयबोधक

जो अव्यय दो शब्दों या वाक्यों को जोड़ता है, उसे **समुच्चयबोधक** कहते है। जैसे – और, व, एवं, तथा, या, अथवा, किन्तु, परन्तु, कि, क्योंकि, जोकि, ताकि, हालाँकि, चूँकि, लेकिन, अतः, इसलिए आदि।

राम और रहीम दोस्त हैं। (दो शब्दों को)

राम आया और उसने रहीम को समझाया। (दो वाक्यों को)

### D. विस्मयादिबोधक

जिन अव्यय शब्दों से हर्ष, शोक, क्रोध, भय, आश्चर्य, घृणा आदि तीव्र मनोभाव व्यक्त होते हैं, उन्हें **विस्मयादिबोधक** अव्यय कहते है। जैसे – आह, वाह, काश, शाबाश, ए, ऐं, बाप रे, राम-राम, छी-छी आदि।

वाह ! वाह ! अच्छा किया ! (हर्ष का भाव)

आह ! वह मर गया ! (शोक का भाव)

बाप रे ! कितना भयानक शेर ! (आश्चर्य का भाव)

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. लता बहुत अच्छा होती है। वाक्य में कौन-सा अव्यय है ?**
(A) समुच्चय बोधक (B) परिमाणवाचक
(C) समानाधिकरण (D) परिणामवाची

**2. अरे ! जरा इधर तो आ ! वाक्य में कौन-सा अव्यय है ?**
(A) परिमाणवाचक (B) प्रश्नवाचक
(C) विस्मयादिबोधक (D) कालवाचक

**निर्देश (3-5) : निम्नांकित प्रश्नों के वाक्यों में क्रिया विशेषण का वाक्य कौन-सा है ?**

**3.** (A) धोबी कपड़े साफ धोता है (B) वह धीरे-धीरे पढ़ता है
(C) a व b दोनों (D) उपरोक्त सभी

**4.** (A) उपसेन रोते-रोते कहा (B) वह इधर-उधर देख रहा है
(C) वह पहले पहुँचा (D) उपरोक्त सभी

**5.** (A) राम न पढ़ता है, न खेलता है
(B) यदि वह आयोग, तो मैं जाऊँगा
(C) एक धनी है तो दूसरा गरीब
(D) वह बीमार है, अतः कॉलेज नहीं जाएगा

**6. 'कछुआ धीरे-धीरे चलता है।' इस वाक्य में क्रिया विशेषण छाँटें –**
(A) धीरे-धीरे (B) कछुआ
(C) चलता (D) इनमें कोई नहीं

**7. दो शब्दों या वाक्यों को जोड़ने वाले शब्द कौन-से शब्द होते है ?**
(A) समुच्चयवाचक (B) सर्वनाम
(C) सम्बन्धसूचक (D) इनमें कोई नहीं

**8. 'उसने आँख फाड़कर देखा।' इस वाक्य में 'फाड़कर' निम्नलिखित में से क्या है ?**
(A) विशेषण (B) क्रियाविशेषण
(C) पूर्वकालिक क्रिया (D) इनमें से कोई नहीं

**9. निम्नलिखित में कौन अविकारी है ?**
(A) अव्यय (B) क्रिया विशेषण
(C) विशेषण (D) a और b

**10. इनमें से किसमें एक क्रिया-विशेषण है –**
(A) वह धीरे से बोलता है (B) वह काला कुत्ता है
(C) रमेश तेज धावक है (D) सत्य वाणी सुन्दर होती है

**11. 'निमित्त' शब्द क्रिया-विशेषण के किस भेद के अन्तर्गत आता है ?**
(A) परिणामवाचक (B) प्रश्नवाचक
(C) हेतुबोधक (D) हेतुवाचक

**12. निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा शब्द क्रिया-विशेषण है ?**
(A) सूर्योदय (B) नीला
(C) विगत (D) धीरे-धीरे

**13. अव्यय कितने प्रकार के होते हैं ?**
(A) चार (B) पाँच
(C) छह (D) सात

**14. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'कालवाचक क्रियाविशेषण' है ?**
(A) जहाँ (B) आगे
(C) अब (D) पर्याप्त

**15. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'क्रियाविशेषण' है ?**
(A) सूर्योदय (B) नीला
(C) विगत (D) धीरे-धीरे

**16. 'अंकित और अंकुर विद्यालय जाते है।' इस वाक्य में 'और' शब्द है –**
(A) क्रियाविशेषण (B) समुच्चयबोधक
(C) सम्बन्धबोधक (D) विस्मयादिबोधक

**17. 'मैं गोपाल के बिना नहीं जाऊँगा।' इस वाक्य में 'बिना' कौन-सा अव्यय है ?**
(A) सम्बन्धबोधक (B) समुच्चयबोधक
(C) विस्मयादिबोधक (D) क्रियाविशेषण

**18. निम्न वाक्य किस अव्यय से पुरा होगा ?**
आज धन ............ कोई नहीं पूछता
(A) के बिना (B) साथ
(C) तक को (D) कहाँ

**19. 'नल बूँद-बूँद टपक रहा है' वाक्य में रेखांकित है –**
(A) विशेषण (B) क्रिया
(C) क्रिया विशेषण (D) सर्वनाम

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (C) | 3. (C) | 4. (D) | 5. (A) | 6. (A) | 7. (A) | 8. (B) |
| 9. (D) | 10. (A) | 11. (D) | 12. (D) | 13. (A) | 14. (C) | 15. (D) | 16. (B) |
| 17. (A) | 18. (A) | 19. (C) | | | | | |



Join WhatsApp Group

# लिंग और उसके भेद

संज्ञा के जिस रूप में यह पता चले कि वह पुरुष जाति का है या स्त्री जाति का, उसे लिंग कहते है।

जैसे – लड़का (पुरुष), लड़की (स्त्री), आदमी (पुरुष), औरत (स्त्री)

## लिंग के भेद

लिंग के दो भेद है –

A. पुल्लिंग B. स्त्रीलिंग

**A. पुल्लिंग :** जिस संज्ञा शब्द से उसके पुरुष होने का बोध होता है, उसे पुल्लिंग कहते है।
जैसे – घोड़ा, लड़का, छात्र, बैल आदि।

**B. स्त्रीलिंग :** जिस संज्ञा शब्द से उसके स्त्री होने का बोध होता है, उसे स्त्रीलिंग कहते है।
जैसे – घोड़ी, लड़की, छात्रा, गाय आदि।

## लिंग निर्णय संबंधी नियम

### पुल्लिंग

**1. जिन संज्ञा शब्दो के अंत में 'अ' स्वर आता है, वे प्रायः पुल्लिंग होते है।**
जैसे – घर, वरदान, स्वराज्य, मान, भवन, प्रश्न, उत्तर, जलज, पंकज, दमन, पोषण, पवन, वन, क्रोध, दान, त्याग, गणित, चरित, गीत, संगीत, सुख, दु:ख, व्यापार, विवाह, अकाल, स्वर्ग, सत्य चित्र, नेत्र, पत्र, फूल, फल, तन, मन, जल, थल, कर्म, धर्म, समाज, देश, संसार आदि।
**अपवाद :** सन्तान, पुलिस, सेना, फौज, सरकार आदि शब्द स्त्रीलिंग है।

**2. ना, आव, पन, आपा, त्व प्रत्ययों से बननेवाली संज्ञाएँ पुल्लिंग होती है।**
जैसे – लड़कपन, बचपन, जगाना, हँसना, छिपाव, बचाव, बढ़ापा, मोटापा, महत्त्व, अपनत्व।

**3. हिन्दी की 'आकारान्त' संज्ञाएँ प्रायः पुल्लिंग होती है।**
जैसे – छाता, पैसा, चमड़ा, चश्मा, गुस्सा, पहिया, पटाखा, कपड़ा, बक्सा, लड़का, नाला, घड़ा।

**4. दिन, महीना, ग्रह, देश, पर्वत, रत्न, धातु, शरीर के अवयवों, अन्नाज, पेड़ तथा द्रव्यों नाम प्रायः पुल्लिंग होते है। जैसे –**

- **दिन के नाम** – सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शनिवार आदि।
- **महीनों के नाम** – चैत, बैशाख, अगहन, मार्च, अप्रैल, आदि। (अपवाद – जनवरी, फरवरी)
- **ग्रहों के नाम** – शुक्र, शनि, मंगल, वरूण, नेप्च्यून आदि। (अपवाद – पृथ्वी)
- **देशों के नाम** – भारत, चीन, अमेरिका, रूस, जापान आदि।
- **पर्वतों के नाम** – हिमालय, एंडीज, सह्याद्रि, विंध्य, नीलांचल आदि।
- **रत्नों के नाम** – पन्ना, हीरा, माणिक, मूँगा, मोती आदि।
- **धातुओं के नाम** – ताँबा, लोहा, सोना, सीसा, राँगा, पीतल, काँसा। (अपवाद – चाँदी)
- **शरीर के अवयव** – कान, मुँह, दाँत, ओठ, मस्तक, अँगूठा, नाखून, पाँव, हाथ, सिर आदि। (अपवाद – कलाई, नाक, आँख, जीभ, खाल, बाँह)
- **अन्नाज के नाम** – चना, गेहूँ, चावल, धान, बाजरा, तिल आदि। (अपवाद – ज्वार, अरहर, मूंग, सरसों, खेसारी)
- **पेड़ के नाम** – पीपल, बड़, चीड़, आम, शीशम, अमरूद। (अपवाद – लीची, नाशपाती, नारंगी, इमली, मलसौरी)
- **द्रव्यों के नाम** – पानी, घी, तेल, दही, शर्बत, काढ़ा (अपवाद – चाय, स्याही, शराब)

**5. निम्नलिखित शब्द ऐसे है, जो सर्वदा पुल्लिंग होते है।**
जैसे – पशु, पक्षी, कौआ, तोता, मच्छर, बिच्छु, छछूँदर, खटमल साँप, गिरगिट, झींगुर, कीड़ा, गेंडा शब्द स्त्रीलिंग है।

### स्त्रीलिंग

**1. संस्कृत के 'आकारान्त' शब्द प्रायः स्त्रीलिंग होते है।**
जैसे – लता, शोभा, सभा, प्रिया, दया, माया, क्षमा, लज्जा, कृपा, माला, क्षमता, रमा, ममता, कथा प्रार्थना, वेदना, रचना, इच्छा, आशा, रक्षा परीक्षा, योग्यता, संस्था, आस्था, ईर्ष्या, सुन्दरता, नम्रता, निराशा, अभिलाषा, घटना आदि।

**2. इकारान्त, ईकारान्त, उकारान्त शब्द प्रायः स्त्रीलिंग होते है।**
जैसे – रात्रि, निधि, जाति, समिति, नियुक्ति, शक्ति, छवि, नदी, नारी, गोष्ठी, कुंडली, बोली, चिट्ठी, लड़की, कहानी, कटोरी, रोटी, वस्तु, ऋतु, मृत्यु, आयु आदि।
(अपवाद – लघु, सेतु हेतु, पानी, मोती, हाथी कवि, मुनि, पति ऋषि)

**3. जिन भाववाचक संज्ञाओं के अंत में ट, वट या हट होता है, वे प्रायः स्त्रीलिंग होते है।**
जैसे – झंझट, बनावट, चिकनाहट, लिखावट, आहट, घबराहट, सजावट, कड़वाहट आदि।

**4. नदियों, लिपियों, बोलियों, तिथियों, भाषाओं, झीलों तथा नक्षत्रों के नाम प्रायः स्त्रीलिंग होते है। जैसे –**

- **नदियों के नाम** – गंगा, यमुना, सतलुज, रावी, ताप्ती, नर्मदा, सरस्वती (अपवाद – सोन, सतलज, सिंधु और ब्रह्मपुत्र)
- **लिपियों के नाम** – देवनागरी, रोमन, गुरूमुखी।
- **बोलियों के नाम** – हिन्दी, अरबी, फारसी, अंग्रेजी।
- **तिथियों के नाम** – प्रथमा, द्वितीया, चतुर्थी, अमावस्या, पूर्णिमा, पहली
- **भाषाओं के नाम** – हिन्दी, तमिल, मराठी, पंजाबी, अंग्रेजी।
- **झीलों के नाम** – डलझील, विक्टोरिया झील
- **नक्षत्रों के नाम** – अश्विनी, रोहिणी, पृथ्वी आदि।

**5. खाने-पीने की चीजें तथा बनिये की दूकान की चीजें प्रायः स्त्रीलिंग होते है। जैसे –**

- **खाने-पीने की चीजें** – कचौड़ी, पूरी, खीर, दाल, पकौड़ी, चपाती, तरकारी, खिचड़ी, रोटी, दाल, सब्जी।
- **बनिये की दूकान की चीजें** – लौंग, इलाइची, मिर्च, दालचीनी, हल्दी, केसर, सुपारी, हींग। (अपवाद – धनिया, जीरा, गरम-मशाला, नमक, तेजपता आदि)

rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

**6. 'ख' तथा 'इया' से अन्त होने वाले शब्द प्राय: स्त्रीलिंग होते है।**
जैसे – ईख, भूख, चीख, कोख, खटिया, लुटिया, कुटिया, चिड़िया आदि।

**7. निम्नलिखित शब्द ऐसे है जो सर्वदा स्त्रीलिंग होते है।**
जैसे – मकरी, कोयल, मैना, गौरैया, मछली, मक्खी, लोमड़ी, गिलहरी, छिपकली, चील आदि।

## लिंग-निर्णय के सरल सूत्र

जिस शब्द का लिंग ज्ञात करना हो उसका बहुवचन रूप बना लें। बहुवचन रूप के अंत में यदि 'आँ' या 'ऐं' आ रहा है तो वह शब्द स्त्रीलिंग है और यदि 'आँ' या 'ऐं' नहीं आ रहा है तो वह शब्द पुल्लिंग है।

| शब्द | बहुवचन | विकार | लिंग |
|---|---|---|---|
| भवन | भवन | × | पुल्लिंग |
| बात | बातें | ✓ | स्त्रीलिंग |
| पुत्र | पुत्र | × | पुल्लिंग |
| कोशश | कोशिशें | ✓ | स्त्रीलिंग |
| खिड़की | खिड़कियाँ | ✓ | स्त्रीलिंग |
| इमारत | इमारतें | ✓ | स्त्रीलिंग |
| पंखा | पंखे | × | पुल्लिंग |
| पुस्तक | पुस्तकें | ✓ | स्त्रीलिंग |
| पहाड़ | पहाड़ | × | पुल्लिंग |
| दरवाजा | दरवाजे | × | पुल्लिंग |
| अखबार | अखबार | × | पुल्लिंग |
| स्कूल | स्कूल | × | पुल्लिंग |
| हवा | हवाएँ | ✓ | स्त्रीलिंग |
| कुत्ता | कुत्ते | × | पुल्लिंग |
| पहाड़ी | पहाड़ियाँ | ✓ | स्त्रीलिंग |
| पत्ता | पत्ते | × | पुल्लिंग |

**ध्यान दें :** ऊपर में पंखा का बहुवचन पंखे, दरवाजा का दरवाजे, कुत्ता का कुत्ते तथा पत्ता का पत्ते में 'ए' (े) आया है न कि 'एँ' (ें) अत: ये पुल्लिंग होंगे, स्त्रीलिंग नहीं।

## वाक्य प्रयोग द्वारा लिंग निर्णय

वाक्य प्रयोग द्वारा लिंग-निर्णय की चार विधियाँ है –

**1. क्रिया द्वारा** –
गाय खाती है। (खाती – स्त्रीलिंग)
बैल खाता है। (खाता – पुल्लिंग)
**ध्यान दें :** यहाँ 'खाती' क्रिया शब्द से गाय के स्त्रीलिंग एवं 'खाता' से बैल के पुल्लिंग होने का बोध होता है।

**2. विशेषण द्वारा** –
गाय उजली है। (उजली – स्त्रीलिंग)
बैल उजला है। (उजला – पुल्लिंग)
**ध्यान दें :** यहाँ 'उजली' विशेषण से गाय के स्त्रीलिंग एवं 'उजला' से बैल के पुल्लिंग होने का बोध होता है।

**3. सर्वनाम द्वारा** –
गाय मेरी है। (मेरी – स्त्रीलिंग)
बैल मेरा है। (मेरा – पुल्लिंग)
**ध्यान दें :** यहाँ 'मेरी' सर्वनाम शब्द के गाय के स्त्रीलिंग एवं 'मेरा' से 'बैल' के पुल्लिंग होने का बोध होता है।

**4. संबंधकारक की विभक्ति द्वारा** –
मोहन की गाय कहाँ है ? (की – स्त्रीलिंग)
मोहन का बैल कहाँ है ? (का – पुल्लिंग)
**ध्यान दें :** यहाँ 'की' विभक्ति चिह्न से गाय के स्त्रीलिंग एवं 'का' से बैल के पुल्लिंग होने का बोध होता है।
**नोट :** लिंग-निर्णय में वाक्य हमेशा छोटे एवं सरल रखें। दूसरी बात, ऐसा वाक्य न बनाएँ, जिससे लिंग-निर्णय स्पष्ट न हो। जैसे –
यह एक गाय है।
वह एक बैल है।
यहाँ वाक्य की दृष्टि से सारे वाक्य शुद्ध है, लेकिन लिंग-निर्णय की दृष्टि से अशुद्ध। ऐसा इसलिए कि उपर्युक्त वाक्यों से गाय/बैल पुल्लिंग है या स्त्रीलिंग, स्पष्ट नहीं होता ।

## पुल्लिंग से स्त्रीलिंग बनाने के नियम

साधारणत: पुल्लिंग शब्द को स्त्रीलिंग बनाने के लिए कुछ प्रत्ययों को शब्द में जोड़ा जाता है। जिन्हे 'स्त्री-प्रत्यय' कहते है। ये प्रत्यय निम्नलिखित है – आ, आइन, आनी, इका, इन, इया ई, नी, जी, नी, इनी, वती, मती।

- **आ** : प्रिय-प्रिया, सुत-सुता, शिष्य-शिष्या, बाल-बाला
- **आइन** : बनिया-बनियाइन, लाला-ललाइन, चौबे-चौबाइन
- **आनी** : देवर-देवरानी, मेहतर-मेहतरानी, नौकर-नौकरानी
- **इन** : चमार-चमारिन, धोबी-धोबिन, सुनार-सुनारिन
- **इया** : कुत्ता-कुतिया, चूहा-चुहिया, बंदर-बंदरिया
- **णी** : अभिलाषी-अभिलाषिणी, अहंकारी-अहंकारिणी, अविचारी-अविचारिणी
- **त्री** : नेता-नेत्री, दाता-दात्री, भर्ता-भर्ती, कर्ता-कर्त्री
- **वती** : बलवान-बलवती, धनवान-धनवती, रूपवान-रूपवती, पुत्रवान-पुत्रवती
- **मती** : बुद्धिमान-बुद्धिमती, श्रीमान-श्रीमती, महान-महती
- **इनी** : स्वामी-स्वामिनी, तपस्वी-तपस्विनी, एकाकी-एकाकिनी
- **नी** : मोर-मोरनी, शेर-शेरनी, हाथी-हथिनी, सिंह-सिंहनी

**ध्यान दें** – कुछ शब्दों के स्त्रीलिंग रूप बिना प्रत्यय के बनाये जाते है। ये किसी नियम में बंधे नहीं होते है।

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| **राजा** | रानी | **भाई** | बहन |
| **युवक, युवा** | युवती | **पुरुष** | स्त्री |
| **कवि** | कवयित्री | **नर** | नारी |
| **बैल** | गाय | **आदमी** | औरत |
| **पिता** | माता | **ससुर** | सास |
| **विद्वान** | विदुषी | **सम्राट** | सम्राज्ञी |
| **वर** | वधू | **बिलाव** | बिल्ली |
| **महाराजा** | महारानी | **विधुर** | विधवा |
| **वीर** | वीरंगना | **साधु** | साधवी |

## कुछ विशेष अक्षरों के स्त्रीलिंग रूप

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| **पुत्र** | कन्या | **आर्य** | आर्याणी |
| **इंद्र** | इंद्राणी | **किशोर** | किशोरी |
| **कुमार** | कुमारी | **डिब्बा** | डिबिया |
| **छात्र** | छात्रा | **पूज्य** | पूज्या |



Join WhatsApp Group

| | | | |
|---|---|---|---|
| • **दुष्ट** | दुष्टा | **नाला** | नाली |
| • **ब्राह्मण** | ब्राह्मणी | **घंटा** | घंटी |
| • **शिक्षक** | शिक्षिका | **महोदय** | महोदया |
| • **शिव** | शिवाणी | **महाशय** | महाशया |
| • **संपादक** | संपादिका | **मियाँ** | बीबी |
| • **संरक्षक** | संरक्षिका | **श्याम** | श्यामा |
| • **नाटक** | नाटिका | **विजय** | विजया |
| • **साँप** | साँपिन | **लोग** | लुगाई |
| • **कृष्ण** | कृष्णा | **मलिक** | मलिका |
| • **पुतला** | पुतली | **भवदीय** | भवदीया |
| • **भगवान्** | भगवाती | **साहब** | मेम |

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**निर्देश (1-3) : पुल्लिंग-स्त्रीलिंग के जोड़े में कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?**

**1.** (A) बालक-बालिका (B) माली-मालिनी
(C) गूंगा-गूंगी (D) नर-नारी

**2.** (A) भगवान-भागवंती (B) गधा-गधी
(C) देव-देवी (D) नाला-नाली

**3.** (A) हिरन-हिरणी (B) पुत्र-पुत्री
(C) तनुज-तरुणी (D) लाला-ललाइन

**निर्देश (4-6) : निम्नलिखित प्रश्नों में विकल्पों में पुल्लिंग शब्द का चयन कीजिए -**

**4.** (A) सूचीपत्र (B) दवात
(C) किताब (D) कुर्सी

**5.** (A) सरसों (B) मकई
(C) सारस (D) मूँग

**6.** (A) बर्फी (B) हठयोग
(C) मलाई (D) साधना

**निर्देश (7-8) : निम्नलिखित प्रश्नों में कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है ?**

**7.** (A) झुरमुट (B) अन्त्येष्टि
(C) इच्छा (D) उपासना

**8.** (A) उलझन (B) एकता
(C) डमरू (D) अनबन

**9. 'कवि' शब्द का सही स्त्रीलिंग रूप क्या है ?**
(A) कवियित्री (B) कवियत्री
(C) कविनी (D) कवयित्री

**10. निम्नलिखित शब्दों में से कौन शब्द पुल्लिंग है ?**
(A) दया (B) घुटना
(C) जड़ता (D) बुढ़ापा

**11. निम्नलिखित में से स्त्रीवाचक शब्द कौन-सा है ?**
(A) बाला (B) छात्र
(C) महाशय (D) शिव

**12. हिंदी में लिंग कितने प्रकार के होते है ?**
(A) तीन (B) दो
(C) चार (D) कोई नहीं

**13. 'सुन्दर' शब्द का स्त्रीलिंग क्या है ?**
(A) सौन्दर्य (B) सौन्दर्यता
(C) सुन्दरी (D) सौन्दर्यीकरण

**14. निम्नलिखित शब्दों में से स्त्रीलिंग शब्द का चयन कीजिए -**
(A) अपराध (B) अध्याय
(C) स्वदेश (D) स्थापना

**15. निम्नलिखित में से कौन रूढ़ शब्द है ?**
(A) दया सागर (B) पंकज
(C) विद्यालय (D) जल

**16. स्वतंत्र सता धारण न करने वाले शब्द क्या कहलाते है ?**
(A) रूढ़ (B) योगरूढ़
(C) यौगिक (D) कोई नहीं

**17. 'जेठ' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?**
(A) जेठिन (B) जेठराइन
(C) जेठरानी (D) जेठानी

**18. 'हलवाई' का स्त्रीलिंग है -**
(A) हलवाईन (B) हलवाइन
(C) हलवायीन (D) हलवानी

**19. स्त्रीलिंग शब्द का चयन कीजिए -**
(A) संविधान (B) संसद
(C) संगठन (D) सिन्दूर

**20. निम्न में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग में ही प्रयुक्त होता है ?**
(A) बुढ़ापा (B) हिमालय
(C) बनावट (D) लड़कपन

**21. 'याचक' शब्द का लिंग बदलने पर जो शब्द बनेगा, वह होगा -**
(A) याचक (B) याचिका
(C) याची (D) याचिकी

**22. 'गीदड़' का स्त्रीलिंग क्या होगा ?**
(A) गीदड़िन (B) गीदड़नी
(C) गीदड़ी (D) गिदड़िया

**23. स्त्रीलिंग शब्द का चयन करें ?**
(A) शराब (B) शील
(C) शक (D) शहद

**24. लिंग की दृष्टि से 'दही' क्या है ?**
(A) स्त्रीलिंग (B) पुलिंग
(C) नपुंसक लिंग (D) उभयलिंग

**25. 'सोन' नदी क्या है ?**
(A) स्त्रीलिंग (B) पुल्लिंग
(C) ये दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**26. पदनाम होते है ?**
(A) पुल्लिंग (B) स्त्रीलिंग
(C) ये दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**27. 'मगरमच्छ' का स्त्रीलिंग है ?**
(A) मगरमच्छी (B) मगरमच्छवी
(C) मादा मगरमच्छ (D) मगरमच्छानी

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (A) | 3. (A) | 4. (A) | 5. (C) | 6. (B) | 7. (A) | 8. (C) |
| 9. (B) | 10. (D) | 11. (A) | 12. (B) | 13. (C) | 14. (D) | 15. (D) | 16. (C) |
| 17. (D) | 18. (B) | 19. (B) | 20. (C) | 21. (B) | 22. (C) | 23. (A) | 24. (B) |
| 25. (B) | 26. (A) | 27. (A) | | | | | |

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

# वचन और उसके भेद

संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण तथा क्रिया के जिस रूप से संख्या (एक या अनेक) का बोध होता है, उसे वचन कहते है। जैसे –

लड़का, लड़की, कुत्ता, घोड़ा, आम आदि – एक का बोध
लड़के, लड़कियाँ, कुत्ते, घोड़े, आपलोग आदि – अनेक का बोध

## वचन के भेद

वचन के दो भेद होते हैं –

A. एकवचन B. बहुवचन

**A. एकवचन :** शब्द के जिस रूप से एक वस्तु या व्यक्ति का बोध होता है, उसे एकवचन कहा जाता है। जैसे – गाय, किताब, कलम, लड़का, आदि।

**B. बहुवचन :** शब्द के जिस रूप से एक से अधिक व्यक्तियों या वस्तुओं का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते है। जैसे – गायें, किताबें, कलमें, लड़कें आदि।

## बहुवचन बनाने के नियम

**1. आकारांत पुल्लिंग शब्दों के अन्त में 'आ' को 'ए' में बदलकर बहुवचन बनाया जाता है। जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| लड़का – लड़के | कमरा – कमरे | कौआ – कौए |
| घोड़ा – घोड़े | पहिया – पहिये | पुआ – पुए |
| हरा – हरे | कपड़ा – कपड़े | छोटा – छोटे |

**2. आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में 'आ' के साथ 'एँ' जोड़कर बहुवचन बनाया जाता है। जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| लता – लताएँ | माता – माताएँ | दिशा – दिशाएँ |
| कन्या – कन्याएँ | महिला – महिलाएँ | समस्या – समस्याएँ |
| भाषा – भाषाएँ | शाखा – शाखाएँ | अध्यापिका – अध्यापिकाएँ |

**3. अकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में 'अ' को 'एँ' में बदलकर बहुवचन बनाया जाता है। जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| गाय – गायें | पुस्तक – पुस्तकें | झील – झीलें |
| बहन – बहनें | रात – रातें | आँख – आँखें |
| सड़क – सड़कें | आदत – आदतें | बात – बातें |

**4. 'इकारान्त' और 'ईकारान्त' स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में 'इ', 'ई' को 'इयाँ' में बदलकर बहुवचन बनाया जाता है। जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| लड़की – लड़कियाँ | नारी – नारियाँ | नीति – नीतियाँ |
| तिथि – तिथियाँ | सखी – सखियाँ | रानी – रानियाँ |
| विधि – विधियाँ | स्त्री – स्त्रियाँ | मिठाई – मिठाइयाँ |

**5. 'उकारान्त' और 'ऊकारान्त' स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में 'एँ' जोड़कर बहुवचन बनाया जाता है। यदि अंत में 'ऊ' हो तो उसे 'उ' करके 'एँ' लगाया जाता है। जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| वस्तु – वस्तुएँ | बहू – बहुएँ | वधू – वधुएँ |
| धेनु – धेनुएँ | ऋतु – ऋतुएँ | धातु – धातुएँ |

**6. 'या' से अंत होने वाले स्त्रीलिंग शब्दों के अन्त वाले 'या' को 'याँ' में बदलकर बहुवचन बनाया जाता है। जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| चिड़िया – चिड़ियाँ | डिबिया – डिबियाँ | चुहिया – चुहियाँ |
| गुड़िया – गुड़ियाँ | खटिया – खटियाँ | कुटिया – कुटियाँ |

**7. कुछ स्त्रीलिंग या पुल्लिंग एकवचन शब्दों में गण, वर्ग, जन, जाति, वृन्द, लोग, दल आदि शब्द लगाकर बहुवचन बनाया जाता है। जैसे –**

| | |
|---|---|
| गण – | पाठकगण, छात्रगण, नेतागण, मंत्रिगण |
| वर्ग – | अधिकारीवर्ग, शासकवर्ग, धनीवर्ग, छात्रवर्ग |
| जन – | वृद्धजन, भक्तजन, गुरुजन, स्त्रीजन |
| जाति – | मनुष्यजाति, स्त्रीजाति, मानवजाति, पुरुषजाति |
| वृन्द – | पाठकवृन्द, शिक्षकवृन्द, नारीवृन्द, छात्रवृन्द |
| लोग – | आपलोग, डॉक्टरलोग, विद्यार्थीलोग, छात्रलोग |
| दल – | विद्यार्थीदल, छात्रदल, नेतादल, स्त्रीदल |

## वचन के प्रयोग संबंधी आवश्यक निर्देश

- प्रत्येक, हरएक, हर, कोई, जनता, वर्षा, आग, पुलिस, भीड़ का प्रयोग सदा एक वचन में ही होता है। जैसे – प्रत्येक व्यक्ति, हरएक कुआँ आदि।
- द्रव्यवाचक संज्ञा शब्दों का प्रयोग प्राय: एक वचन में होता है जैसे –
  उसके पास बहुत सोना है।
  मेरे पास काफी धन है।
  लोहा एक उपयोगी धातु है।
- दर्शन, आँसू, प्राण, अक्षत, ओठ, दम, लोग, होश, भाग्य, हस्ताक्षर, बाल, रोम आदि शब्दों का प्रयोग सदा बहुवचन में होता है। जैसे –
  उनके प्राण निकल गये।
  उनके दर्शन हुए।
  समाचार सुनकर होश उड़ गए।
  आँसू टपक पड़े
  तुमलोग कब आए ?
  मैने कागज पर हस्ताक्षर कर दिए।
- आदर या सम्मान प्रकट करने के लिए 'एकवचन' के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग होता है। जैसे –
  गाँधी जी चम्पारण आये थे।
  नेहरू जी महान विद्वान थे।
  मेरे पिता जी लम्बे है।
- भाववाचक संज्ञाओं का प्रयोग प्राय: एकवचन में होता है। जैसे –
  सत्य की ही विजय होती है।
  तुम झूठ नहीं बोले।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. 'प्रत्येक' शब्द का प्रयोग सदैव होता है –**

(A) एकवचन में (B) बहुवचन में
(C) a व b दोनों में (D) इनमें से कोई नहीं

**2. इनमें से कौन-सा शब्द बहुवचन में ही प्रयुक्त होता है ?**

राजभाषा हिंदी
rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

(A) ओठ (B) अक्षत
(C) प्राण (D) ये सभी

**3. इनमें से एकवचन-बहुवचन का कौन-सा युग्म सही नहीं है ?**
(A) घोड़ा-घोड़े (B) आँसू-आँसुओं
(C) गली-गलियों (D) चिड़िया-चिड़ियाँ

**4. निम्नलिखित में कौन-सा युग्म सही हैं ?**
(A) प्राण-प्राणों (B) दर्शन-दर्शनों
(C) मुनि-मुनियों (D) दाम-दामों

**5. 'आप' का बहुवचन होगा -**
(A) हम (B) आप लोग
(C) वे (D) इनमें से कोई नहीं

**6. 'बहू' शब्द का बहुवचन है -**
(A) बहुएँ (B) बहू
(C) बहु (D) बहुओं

**7. 'भारतीय' शब्द का बहुवचन है -**
(A) भारतियों (B) भारतीयों
(C) भारतिओं (D) भारितीयों

**8. 'कागज' का बहुवचन होता है -**
(A) कागजी (B) कागजात
(C) कागजें (D) इनमें से कोई नहीं

**9. 'चिड़िया' का बहुवचन रूप होगा -**
(A) चिड़ैया (B) चिड़ा
(C) चिड़ियाँ (D) चिड़ीयाँ

**10. 'धेनु' का बहुवचन रूप क्या होगा ?**
(A) धेनू (B) धेनुन
(C) धेनुयें (D) धेनुएँ

**11. इनमें से 'भालू' का बहुवचन रूप कौन-सा है ?**
(A) भालु (B) भालूओं
(C) भालुओं (D) भालुएँ

**12. इनमें से कौन सदा एकवचन में प्रयुक्त होता है ?**
(A) नारी (B) दही
(C) आँसू (D) कोई नहीं

**13. इनमें से कौन सदा बहुवचन में प्रयुक्त होता है ?**
(A) हवा (B) पानी
(C) सोना (D) दर्शन

**14. व्याकरण में 'वचन' का सही अर्थ क्या है ?**
(A) प्रतिज्ञा (B) बोली
(C) भाषा (D) संख्या

**15. हिन्दी में वचन कितने प्रकार के होते हैं ?**
(A) नदी (B) तीन
(C) दो (D) पाँच

**16. इनमें से कौन-सा शब्द सदा एकवचन में प्रयुक्त होता है ?**
(A) नदी (B) पानी
(C) पर्वत (D) बाल

**17. इनमें से कौन-सा शब्द सदा बहुवचन में प्रयुक्त होता है ?**
(A) भक्ति (B) शिशु
(C) किताब (D) प्राण

**18. हिन्दी में वचन के कितने भेद हैं ?**
(A) दो (B) तीन
(C) चार (D) पाँच

**19. 'नदी' शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा ?**
(A) नदी (B) नदियाँ
(C) नदीयाँ (D) नदियों

**20. 'वधू' शब्द का बहुवचन है -**
(A) वधुओं (B) वधुएँ
(C) वधूओं (D) बहुयें

**21. 'तिथि' शब्द का बहुवचन है -**
(A) तिथियों (B) तिथियें
(C) तिथियाँ (D) इनमें से कोई नहीं

**22. 'आँसू' का बहुवचन क्या होगा ?**
(A) आँसू (B) आँसूएँ
(C) आँसुओं (D) इनमें से कोई नहीं

**23. कौन-सा शब्द बहुवचन है ?**
(A) माता (B) प्राण
(C) लड़का (D) किताब

**24. 'बात' शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा ?**
(A) बातें (B) बातों
(C) बाताएँ (D) कोई नहीं

**25. 'नारी' शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा ?**
(A) नारि (B) नारियों
(C) नारीयाँ (D) नारीओं

**26. 'साधु' शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा ?**
(A) साधुओं (B) साधुऐं
(C) साधू (D) कोई नहीं

**27. 'साड़ी' शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा ?**
(A) साड़ियाँ (B) साड़िये
(C) साड़ियों (D) साड़ीयाँ

**28. कौन-सा शब्द सदा बहुवचन में प्रयुक्त होता है ?**
(A) प्राण (B) शिशु
(C) भक्त (D) पुस्तक

**29. 'सूचना' शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा ?**
(A) सुचनाएँ (B) सूचनाएँ
(C) सुचनाओं (D) कोई नहीं

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (D) | 3. (B) | 4. (C) | 5. (B) | 6. (A) | 7. (B) | 8. (B) |
| 9. (C) | 10. (D) | 11. (C) | 12. (B) | 13. (D) | 14. (D) | 15. (C) | 16. (B) |
| 17. (D) | 18. (A) | 19. (B) | 20. (B) | 21. (C) | 22. (C) | 23. (B) | 24. (A) |
| 25. (C) | 26. (A) | 27. (A) | 28. (A) | 29. (B) | | | |



Join WhatsApp Group

# उपसर्ग

**उपसर्ग :** जो शब्दार्थ किसी शब्द से पहले लगकर उसका अर्थ बदल देते है अथवा उसमें नई विशेषता उत्पन्न कर दते है, वे उपसर्ग कहलाते है।

जैसे – 'अयोग्य' शब्द 'अ' शब्दार्थ तथा 'योग्य' शब्द के मेल से बना है और उसने योग्य शब्द के अर्थ को बदल डाला है। ध्यान रहे 'अ' शब्दांश है – शब्द नहीं। इसी पकार 'कुचाल' शब्द 'कु' उपसर्ग + 'चाल' से बना है। 'कु' भी शब्द न होकर शब्दांश है।

हिंदी भाषा के शब्दों में संस्कृत, हिंदी तथा उर्दू-फारसी और अरबी के उपसर्ग लगे हैं।

## संस्कृत के उपसर्ग

हिंदी में संस्कृत के निम्नलिखित उपसर्ग हैं –

| **उपसर्ग** | **बनने वाले शब्दों के उदाहरण** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **अति** | अति + अंत | = अत्यंत, | अति + प्राचीन | = अतिप्राचीन |
| **अधि** | अधि + कार | = अधिकार, | अधि + पति | = अधिपति |
| **परा** | परा + जय | = पराजय, | परा + भव | = पराभव |
| **परि** | परि + ईक्षा | = परीक्षा, | परि + कार | = परिष्कार |
| **प्र** | प्र + चार | = प्रचार, | प्र + सिद्धि | = प्रसिद्धि |
| **प्रति** | प्रति + कार | = प्रतिकार, | प्रति + एक | = प्रत्येक |
| **वि** | वि + कल | = विकल, | वि + जय | = विजय |
| **सु** | सु + गम | = सुगम, | सु + पथ | = सुपथ |
| **अ** | अ + काल | = अकाल, | अ + धर्म | = अधर्म |
| **अनु** | अनु + भव | = अनुभव, | अनु + शासन | = अनुशासन |
| **अप** | अप + कार | = अपकार, | अप + मान | = अपमान |
| **अभि** | अभि + आगत | = अभ्यागत, | अभि + मान | = अभिमान |
| **अव** | अव + काश | = अवकाश, | अव + सान | = अवसान |
| **नि** | नि: + यम | = नियम, | नि: + वास | = निवास |
| **अन्** | अन् + अन्त | = अनन्त, | अन् + उचित | = अनुचित |
| **सं** | सम् + कल्प | = संकल्प, | सम् + ग्राम | = संग्राम |
| **आ** | आ + कर्षण | = आकर्षण, | आ + गमन | = आगमन |
| **उत्** | उत् + चारण | = उच्चारण, | उछ् + श्वास | = उच्छवास |
| **उप** | उप + कृत | = उपकृत, | उप + योग | = उपयोग |
| **दुस/दुर** | दुर + आचार | = दुराचार, | दुस + साध्य | = दुस्साध्य |
| **निस्/निर** | निस् + संकोच | = निस्संकोच, | निर् + आदर | = निरादर |
| **कु** | कु + कर्म | = कुकर्म, | कु + पुत्र | = कुपुत्र |

## हिंदी के उपसर्ग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **अ** | अ + लग | = अलग, | अ + टल | = अटल |
| **उन** | उन + तीस | = उनतीस, | उन + सठ | = उनसठ |
| **ओ/अव** | औ + गुण | = औगुण, | अव + गुण | = अवगुण |
| **क/कु** | क + पूत | = कपूत, | कु + ढंग | = कुढंग |
| **अध** | अध + खिला | = अधखिला, | अध + मरा | = अधमरा |
| **अन** | अन + जान | = अनजान, | अन + देखी | = अनदेखी |
| **चौ** | चौ + राहा | = चौराहा, | चौ + मासा | = चौमासा |
| **दु** | दु + धारू | = दुधारू, | दु + अन्नी | = दुवन्नी |
| **पर** | पर + नाना | = परनाना, | पर + दादा | = परदादा |
| **बिन** | बिन + ब्याहा | = बिनब्याहा, | बिन + खाया | = बिनखाया |
| **भर** | भर + पेट | = भरपेट, | भर + पूर | = भरपूर |
| **नि** | नि + डर | = निडर, | नि + कम्मा | = निकम्मा |
| **स** | स + हित | = सहित, | स + पूत | = सपूत |

## उर्दू-फारसी के उपसर्ग

- **कम** कमजोर, कमबख्त, कमखर्च, कमउम्र
- **बा** बाइज्जत, बाकायदा, बावजूद
- **बद** बदनाम, बदसूरत, बदकिस्मत
- **गैर** गैरकानूनी, गैरजिम्मेदार, गैरहाजिर
- **खुश** खुशबू, खुशमिजाज, खुशकिस्मत
- **दर** दरअसल, दरहकीकत
- **ना** नागवार, नासमझ, नालायक, नादान
- **ब** बखूबी, बनाम, बदौलत
- **हम** हमसफर, हमदम, हमउम्र
- **बे** बेवजह, बेअदब, बेइज्जत

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. 'सम्' उपसर्ग से बना है ?**
(A) संयोग (B) सुकर्म
(C) स्वयंसेवक (D) सन्तान

**2. 'अल' किस भाषा का उपसर्ग है ?**
(A) हिन्दी (B) उर्दू
(C) फारसी (D) अरबी

**3. 'नादान' में ना उपसर्ग किस भाषा से आया है ?**
(A) हिन्दी (B) उर्दू
(C) फारसी (D) संस्कृत

**4. 'बदबू' में कौन-सा उपसर्ग प्रयुक्त है?**
(A) ब (B) बद
(C) बे (D) बा

**5. 'उनचास' में कौन-सा उपसर्ग है ?**
(A) उ (B) उत
(C) उन (D) इनमें से कोई नहीं

**6. निम्नलिखित में से किस शब्द में उपसर्ग नहीं लगा है ?**
(A) अधिशासी (B) प्रशंसा
(C) विनाश (D) प्रत्याशा

**7. 'क्रय' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगाने से उसका अर्थ विपरीत हो जाएगा ?**
(A) 'अन्' (B) 'आ'
(C) 'प्र' (D) 'वि'

**8. 'उज्जवल' में कौन-सा उपसर्ग है ?**
(A) उज् (B) उ



Join WhatsApp Group

(C) उप (D) उत्

9. 'परिमाप' में उपसर्ग बताइए -
(A) परि (B) प
(C) प्र (D) परा

10. 'प्रख्यात' में उपसर्ग छाँटिए -
(A) पर (B) प्र
(C) परि (D) परा

11. 'बेइन्साफी' में प्रयुक्त उपसर्ग है -
(A) बगैर (B) बेइन
(C) बेइन्सा (D) बे
(E) कोई नहीं

12. निम्नांकित में से उपसर्ग रहित शब्द कौन-सा है ?
(A) कुलीन (B) सुदर्शन
(C) विनम्रता (D) निर्बल

13. कौन-सा उपसर्ग 'आचार' शब्द से पूर्व लगने पर उसका अर्थ 'जुल्म' हो जाता है ?
(A) अन् (B) निर्
(C) अति (D) दुर

14. निम्नांकित में से किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?
(A) विकास (B) विवाद
(C) सुन्दर (D) भारतीय

15. जो शब्दांश शब्द के आदि में जुड़कर शब्द के पहले अर्थ को परिवर्तित कर देते है, उन्हें क्या कहते है ?
(A) अव्यय (B) प्रत्यय
(C) सर्वनाम (D) उपसर्ग
(E) कोई नहीं

16. 'गमन' शब्द को विपरीतार्थक बनाने के लिए आप किस उपसर्ग का प्रयोग करेंगे ?
(A) 'अनु' (B) 'प्रति'
(C) 'आ' (D) 'उप'

17. 'आमिष' को विपरीतार्थक बनाने के लिए आप किस उपसर्ग का प्रयोग करेंगे ?
(A) 'प्र' (B) 'अनु'
(C) 'नि:' (D) 'प्रति'

18. मूल धातु से पूर्व जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें क्या कहते हैं ?
(A) प्रत्यय (B) उपसर्ग
(C) रस (D) इनमें से कोई नहीं

19. 'स्पृश्य' शब्द को विलोमार्थक बनाने के लिए आप किस उपसर्ग का प्रयोग करेंगे ?
(A) 'नि' (B) 'अनु'
(C) 'अ' (D) 'कु'

20. 'प्रत्युत्पन्नमति' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?
(A) 'प्र' (B) 'प्रति'
(C) 'प्रत्यु' (D) इनमें से कोई नहीं

21. 'अध्यादेश' में प्रयुक्त उपसर्ग है -
(A) अध्य (B) अधि
(C) अध्या (D) अधी

22. 'उपहार' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?
(A) प्र (B) अ
(C) अन् (D) उप

23. 'चिरायु' में प्रयुक्त उपसर्ग है -
(A) चि (B) चिर
(C) यु (D) आयु

24. 'संस्कार' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?
(A) सम् (B) सन्
(C) सम्स (D) सन्स

25. 'अनुवाद' में प्रयुक्त उपसर्ग है -
(A) अ (B) अव
(C) अन (D) अनु

26. निम्नलिखित में से उपसर्ग रहित शब्द है -
(A) अनुवाद (B) पराजय
(C) प्रभाव (D) ओढ़ना

27. निम्नलिखित में से उपसर्ग रहित शब्द है -
(A) सुयोग (B) विदेश
(C) अत्यधिक (D) सुरेश

28. 'विज्ञान' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -
(A) विज्ञ (B) ज्ञान
(C) वि (D) अन

29. किस शब्द में उपसर्ग नहीं है ?
(A) अपवाद (B) पराजय
(C) प्रभाव (D) ओढ़ना

30. 'स्वागत' शब्द में निहित उपसर्ग है ?
(A) स्वा (B) स्
(C) सु (D) स्वा

31. 'उन्नचास' शब्द में निहित उपसर्ग है ?
(A) उन (B) उ
(C) अन (D) ऊ

32. 'नि' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है ?
(A) निहित (B) निकुंज
(C) निथन (D) निर्गुण

33. 'निर' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है ?
(A) निर्दोष (B) निर्जन
(C) निर्देश (D) निरंजन

34. 'अवचेतन' शब्द में निहित उपसर्ग है ?
(A) अ (B) अव
(C) अवका (D) अवक

35. 'उद्घाटन' शब्द में निहित उपसर्ग है ?
(A) उद (B) उ
(C) अन (D) ऊ

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (D) | 3. (C) | 4. (B) | 5. (C) | 6. (D) | 7. (D) | 8. (D) |
| 9. (A) | 10. (B) | 11. (D) | 12. (A) | 13. (C) | 14. (B) | 15. (D) | 16. (C) |
| 17. (C) | 18. (B) | 19. (A) | 20. (B) | 21. (B) | 22. (D) | 23. (B) | 24. (A) |
| 25. (D) | 26. (D) | 27. (D) | 28. (C) | 29. (D) | 30. (C) | 31. (A) | 32. (D) |
| 33. (D) | 34. (B) | 35. (A) | | | | | |

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

# प्रत्यय

**प्रत्यय :** वे शब्द अथवा शब्दांश जो शब्द के अंत में लगकर नए शब्दों का निर्माण करते है, अथवा शब्द के अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं, प्रत्यय कहलाते है। जैसे –

**पठ + नीय = पठनीय**    **दौड़ + ना = दौड़ना**
**सज + आवट = सजावट**    **होन + हार = होनहार**

यहाँ नीय, ना, आवट, हार, ची आदि शब्दों अथवा शब्दांशों ने पठ, दौड़, सच, होनहार और अफीम के साथ क्रमशः मिलकर पठनीय, दौड़ना, सजावट और होनहार शबदों का निर्माण कर दिया। अतः नीय, ना, आवट, हार आदि प्रत्यय है।

## प्रत्यय के भेद

**प्रत्यय दो प्रकार के होते है –**

A. कृत प्रत्यय
B. तद्धित प्रत्यय

## कृत प्रत्यय

**कृत-प्रत्यय :** जो प्रत्यय धातुओं के अंत में लगते है, वे कृत प्रत्यय कहलाते है। कृत प्रत्यय से युक्त शब्दों को कृदन्त कहते हैं। जैसे – लिखना क्रिया के साथ 'वाला' प्रत्यय लगा देने से नया शब्द बना – लिखनेवाला।

### हिंदी के कुछ कृत प्रत्यय और उनसे निर्मित होने वाले शब्द

- **कर्तृवाचक कृदन्त :** जिस प्रत्यय से बने शब्द से कार्य करने वाले अर्थात् कर्ता का बोध हो, उसे 'कर्तृवाचक कृदन्त' कहते हैं। जैसे –'पढ़ना' क्रिया के साथ 'वाला' प्रत्यय लगाने से बन गया – 'पढ़ने वाला'।

| प्रत्यय | शब्द रूप |
|---|---|
| हार | पालनहार, राखनहार |
| ऊ | खाऊ, चालू, उड़ाऊ, झाड़ू |
| अक | पालक, धावक, पाठक |
| वाला | पढ़नेवाला, लिखनेवाला, रखवाला |
| आका | लड़ाका, धमाका, पटाखा |
| आड़ी | अनाड़ी, अगाड़ी, खिलाड़ी, पिछाड़ी |
| आलू | झगड़ालू, दयालु, कृपालु |
| आक | तैराक, चालाक |
| इया | बढ़िया, घटिया |
| ऐया | गवैया, नचैया, खिवैया |

- **कर्म वाचक कृदन्त :** जिस प्रत्यय से बने शब्द से किसी कर्म का बोध हो वह कर्म वाचक कृदन्त कहलाता है। जैसे – 'गा' में 'ना' प्रत्यय लगाने से बना – गाना।

| प्रत्यय | शब्द रूप |
|---|---|
| ना | गाना, ओढ़ना |
| नी | ओढ़नी, सूंघनी |
| औना | बिछौना |

- **करण वाचक कृदन्त :** जिस प्रत्यय से बने शब्द से क्रिया के साधन अर्थात् करण का बोध हो, उसे करण वाचक कृदन्त कहते हैं। जैसे – झूल + आ = झूला।

| प्रत्यय | शब्द |
|---|---|
| आ | झूला, भूला |
| ई | रेती, फाँसी |
| ऊ | झाड़ू |
| न | बंधन, झाड़न |
| नी | धौंकनी, कतरनी |

- **भाववाचक कृदन्त :** जिस प्रत्यय से बने शब्द से भाव अर्थात् क्रिया के व्यापार का बोध हो, उसे भाववाचक कृदन्त कहते है। जैसे – घबरा + आहट = घबराहट।

| प्रत्यय | शब्द रूप |
|---|---|
| आहट | घबराहट, चिल्लाहट |
| आवट | सजावट, लिखावट |
| आव | बचाव, खिंचाव |
| आई | लड़ाई, चढ़ाई |
| वा | बुलावा, चढावा |

- **क्रियावाचक कृदन्त :** जिस प्रत्यय से बने शब्द से क्रिया के होने का भाव प्रगट हो उसे क्रियावाचक कृदन्त कहते है। जैसे – लिखता हुआ, भागता हुआ।

## तद्धित प्रत्यय

**तद्धित प्रत्यय :** जो प्रत्यय संज्ञा सर्वनाम अथवा विशेषण के अन्त में लग कर उनसे नए 'शब्द' बनाते हैं, वे 'तद्धित प्रत्यय' कहलाते है। इनके योग से बने शब्दों को तद्धितांत अथवा तद्धित शब्द कहते हैं। जैसे – मानव + ता = मानवता, अपना + पन = अपनापन।

### हिंदी के कुछ तद्धित प्रत्यय और उनसे निर्मित शब्द

- **कर्तृवाचक तद्धित :** जिससे किसी कार्य के करने का बोध हो उसे कर्तृवाचक तद्धित प्रत्यय कहते हैं। जैसे – सुनार, लुहार में 'आर' प्रत्यय।

| प्रत्यय | शब्द रूप |
|---|---|
| आर | सुनार, लुहार |
| ई | तेली, मेली |
| इया | सुखिया, दुखिया |
| ची | खजानची, मशालची |
| गर | कारीगर, जादूगर |
| वाला | गाड़ीवाला, टोपीवाला |
| हारा | लकड़हारा, पनिहारा |
| उआ | मछुआ, गेरुआ |

- **भाववाचक तद्धित प्रत्यय :** जिससे भाव व्यक्त हो, उसे भाववाचक तद्धित प्रत्यय कहते हैं। जैसे – 'आ' प्रत्यय लगाने से – सराफा, बुलावा।

| प्रत्यय | शब्द रूप |
|---|---|
| आ | सराफा, बुलावा |
| आई | भलाई, बुराई |



Join WhatsApp Group

| | |
|---|---|
| आहट | चिकनाहट, कड़वाहट |
| ई | गर्मी, सर्दी |
| पा | बुढ़ापा, मुटापा |
| ता | प्रभुता, लघुता |
| त | रंगत, संगत |
| पन | बचपन, लड़कपन |
| गी | जिन्दगी, मर्दानगी |

- **सम्बन्धवाचक तद्धित प्रत्यय :** जिससे सम्बंध का बोध हो उसे, सम्बन्ध बोधक तद्धित कहते हैं। जैसे – 'एरा-प्रत्यय से चचेरा, ममेरा।

| | |
|---|---|
| एरा | चचेरा, ममेरा, फुफेरा |
| जा | भानजा, भतीजा |
| आल | ससुराल, ननिहाल |

- **लघुता वाचक तद्धित प्रत्यय :** जिससे लघुता बोध हो, उसे लघुता वाचक तद्धित प्रत्यय कहते हैं। जैसे – 'इया' प्रत्यय से लुटिया, खटिया।

| प्रत्यय | शब्द रूप |
|---|---|
| इया | लुटिया, खटिया |
| ई | कोठरी, ढ़ोलकी |
| टी | लंगोटी, कछौटी |
| ड़ी | पगड़ी, टुकड़ी |

- **गुणवाचक तद्धित प्रत्यय :** जिससे किसी गुण का बोध हो, उसे गुणवाचक तद्धित कहते हैं। जैसे – 'ऐला' प्रत्यय से – विषैला।

| प्रत्यय | शब्द रूप |
|---|---|
| ई | धनी, लोभी |
| वान | गुणवान, धनवान |
| वन्त | दयावन्त, कलावन्त |
| ऐला | विषैला, कसैला |
| ईला | रंगीला, सजीला |
| लु | दयालु, कृपालु |
| आ | भूखा, प्यासा |
| ईय | वांछनीय, अनुकरणीय |

- **स्थान वाचक तद्धित प्रत्यय :** जिससे स्थान का बोध हो, उसे स्थानवाचक तद्धित प्रत्यय कहते हैं जैसे – 'ई' प्रत्यय से – पंजाबी।

| प्रत्यय | शब्द रूप |
|---|---|
| ई | पंजाबी, बंगाली, गुजराती |
| वाला | डेरेवाला, दिल्लीवाला |
| ईया | कलकतिया, जबलपुरिया |

- **गणनावाचक तद्धित प्रत्यय :** जिससे संख्या का बोध हो, उसे गणनावाचक तद्धित प्रत्यय कहते हैं। जैसे – 'वाँ' प्रत्यय लगाने से-पाँचवाँ।

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| वाँ | पाँचवाँ, दसवाँ |
| ला | पहला |
| हरा | इकहरा, दुहरा |
| था | चौथा |
| रा | दूसरा, तीसरा |

- **सादृश्य वाचक तद्धित :** जिससे समता का बोध हो उसे सादृश्य वाचक तद्धित कहते है। जैसे – 'हरा' प्रत्यय से – सुनहरा।

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| हरा | सुनहरा, इकहरा |
| सा | पीला-सा, नीला-सा |

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. लठैत में प्रत्यय बताइए –**
(A) त (B) एत
(C) ऐत (D) लाठी

**2. गुलाबी में कौन-सा प्रत्यय है –**
(A) बी (B) ई
(C) लाबी (D) गुल

**3. लिखावट में प्रत्यय छाँटिए –**
(A) वट (B) ट
(C) आवट (D) खावट

**4. सैनिक शब्द में कौन-सा प्रत्यय है ?**
(A) क (B) इक
(C) ईक (D) निक

**5. सर्प में कौन-सा प्रत्यय है ?**
(A) अ (B) अर
(C) अर्प (D) इनमें से कोई नहीं

**6. धूमिल में प्रत्यय बताइए –**
(A) ल (B) लु
(C) इल (D) मिल

**7. मधुरिमा शबद में प्रत्यय बताइए –**
(A) रिमा (B) मा
(C) इमा (D) मधु

**8. किस शब्द की रचना प्रत्यय से हुई है ?**
(A) अभियोग (B) व्यायाम
(C) रचयिता (D) सर्वनेच्छा
(E) इनमें से कोई नहीं

**9. हिन्दी में 'कृत् प्रत्ययों' की संख्या कितनी है ?**
(A) तीस (B) अठ्ठाईस
(C) पचास (D) अनगिनत

**10. 'वृत्' धातु में 'ण्युल्' प्रत्यय लगने पर शब्द रूप क्या होगा ?**
(A) वृतं (B) वर्त
(C) व्रतं (D) व्रातं

**11. निम्नलिखित पद 'इक' प्रत्यय लगने से बने हैं। इनमें से कौन-सा पद गलत है ?**
(A) पाक्षिक (B) भौमिक
(C) सामाजिक (D) दैविक

**12. 'पितृ' शब्द में 'इक' लगने पर क्या शब्द बनेगा ?**
(A) पैत्रिक (B) पैतृीक
(C) पैत्रिक (D) पैतृक

**13. निम्नांकित में से किस शब्द में प्रत्यय का प्रयोग हुआ है ?**
(A) अलक (B) विकल
(C) धनिक (D) पुलक

**14. निम्नांकित में से कौन-सा कृदन्त-प्रत्यय से बना है ?**
(A) कृपालु (B) दुधारू
(C) बिकाऊ (D) रंगीला

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

15. निम्नांकित में से कौन-सा शब्द प्रत्यय युक्त है -
(A) सजीव (B) पराजय
(C) कुरूप (D) मलिन

16. प्रत्यय सम्बंधी अशुद्धि को दृष्टिगत रखते हुए सही शब्द को बताइए -
(A) पुज्जअनीय (B) पूज्यानीय
(C) पूजनीय (D) पूज्य

17. 'निर्वासित' शब्द में निम्नलिखित में से कौन-सा प्रत्यय है ?
(A) इत (B) सित
(C) इक (D) इनमें से कोई नहीं

18. निम्नांकित में कौन-सा शब्द कृदन्त है ?
(A) चतुराई (B) मिठास
(C) भिड़न्त (D) दुधार

19. 'सुत' शब्द को स्त्रीवाचक बनाने के लिए किस प्रत्यय का प्रयोग किया जायेगा ?
(A) 'ई' प्रत्यय (B) 'आ' प्रत्यय
(C) 'ईय' प्रत्यय (D) 'इक्' प्रत्यय

20. 'अनुज' शब्द को स्त्रीवाचक बनाने के लिए आप किस प्रत्यय का प्रयोग करेंगे ?
(A) 'ई' (B) 'आ'
(C) 'ईय' (D) 'ईक'

21. 'लेखक' शब्द के अन्त में कौन-सा प्रत्यय लगा हुआ है ?
(A) 'क' प्रत्यय (B) 'इक' प्रत्यय
(C) 'आक्' प्रत्यय (D) 'अक्' प्रत्यय

22. जो धातु या शब्द के अन्त में जोड़ा जाता है, उसे क्या कहते है ?
(A) उपसर्ग (B) प्रत्यय
(C) अव्यय (D) समास

23. 'लचकीला' में प्रयुक्त प्रत्यय है -
(A) ला (B) कीला
(C) ईला (D) लच

24. जो धातु या शब्द के शुरू में जोड़ा जाता है, उसे क्या कहते है ?
(A) समास (B) अव्यय
(C) उपसर्ग (D) प्रत्यय

25. 'बहाव' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय कौन-सा है ?
(A) बह (B) हाव
(C) आव (D) आवा

26. किस शब्द में 'आवा' प्रत्यय नहीं है ?
(A) दिखावा (B) चढ़ावा
(C) लावा (D) भुलावा

27. निम्नलिखित में से किस शब्द में प्रत्यय लगा हुआ है ?
(A) सागर (B) नगर
(C) अगर-मगर (D) जादूगर

28. निम्न में से किस शब्द में प्रत्यय का प्रयोग हुआ है ?
(A) विकल (B) अलक
(C) पुलक (D) धनिक

29. हिन्दी में 'कृत' प्रत्ययों की संख्या कितनी है ?
(A) 28 (B) 30
(C) 40 (D) 50

30. 'कृदन्त' प्रत्यय किन शब्दों के साथ जुड़ते हैं ?
(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) विशेषण (D) क्रिया

31. 'धुंधला' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है -
(A) धुं (B) धुंध
(C) ला (d) इनमें से कोई नहीं

32. 'सावधानी' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है -
(A) ई (B) इ
(C) धानी (D) आनी

33. 'कनिष्ठ' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है -
(A) इष्ठ (B) इष्ट
(C) ष्ठ (D) ष्ट

34. 'ऊँचाई' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?
(A) अई (B) ईक
(C) चाई (D) आई

35. 'समग्रात्मकता' में मूल शब्द क्या है ?
(A) समग्र (B) आत्मक
(C) आत्म (D) अग्र

36. निम्नलिखित में से 'ता' प्रत्यय किसमें है ?
(A) सुन्दरता (B) बर्बरता
(C) पछताता (D) लंगड़ाता

37. निम्नलिखित में से किसमें 'आई' प्रत्यय है ?
(A) कढ़ाई (B) सगाई
(C) राई (D) पढ़ाई

38. 'अनुज' शब्द को स्त्रीवाचक बनाने के लिए आप किस प्रत्यय का प्रयोग करेंगे ?
(A) इक् (B) ईय
(C) आ (D) ई

39. इनमें से कौन-सा शब्द समूहवाचक प्रत्यय नहीं है ?
(A) लोग (B) गण
(C) वर्ग (D) प्रेस

40. 'खिलौना' में कौन-सा प्रत्यय है ?
(A) ना (B) लना
(C) औना (D) लौना

41. 'धुंधला' में कौन-सा प्रत्यय है ?
(A) ला (B) धुंध
(C) धुं (D) धला

42. 'कृदन्त' प्रत्यय जोड़े जाते है ?
(A) विशेषण (B) संज्ञा
(C) सर्वनाम (D) क्रिया

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (B) | 3. (C) | 4. (B) | 5. (A) | 6. (C) | 7. (C) | 8. (C) |
| 9. (D) | 10. (D) | 11. (A) | 12. (D) | 13. (C) | 14. (C) | 15. (D) | 16. (C) |
| 17. (A) | 18. (C) | 19. (B) | 20. (B) | 21. (D) | 22. (B) | 23. (C) | 24. (C) |
| 25. (C) | 26. (C) | 27. (D) | 28. (D) | 29. (A) | 30. (D) | 31. (C) | 32. (A) |
| 33. (A) | 34. (D) | 35. (A) | 36. (A) | 37. (D) | 38. (C) | 39. (C) | 40. (C) |
| 41. (A) | 42. (D) | | | | | | |



राजभाषा हिंदी rajbhashahindi

Join WhatsApp Group

# संधि और उसके भेद

**संधि :** दो अक्षरों के आपस में मिलने से उनके रूप और उच्चारण में जो परिवर्तन होता है, उसे संधि कहते हैं। जैसे –

गण + ईश = गणेश (अ + ई = ए)

यहाँ 'गण' शब्द का 'अ' (अंतिम स्वर) एवं 'ईश' शब्द का 'ई' (शुरूवाला स्वर) दोनों स्वरों के मिलने से 'ए' स्वर की उत्पत्ति हुई जिससे 'गणेश' शब्द बना। यह नया शब्द (गणेश) 'गण' और 'ईश' के उच्चारण एवं रूप से भिन्न है। यह भिन्नता या परिवर्तन संधि के कारण है।

**संधि विच्छेद :** जिन अक्षरों के बीच संधि हुई है यदि उन्हें संधि के पहलेवाले रूप में अलग-अलग करके रखा जाए, तो उसे 'संधि-विच्छेद' कहा जाएगा। जैसे –

| **संधि** | **संधि-विच्छेद** |
|---|---|
| गणेश | गण + ईश |
| दिगम्बर | दिक् + अम्बर |

## संधि-भेद

**संधि तीन प्रकार की होती है –**

(A) स्वर संधि

(B) व्यंजन-संधि और

(C) विसर्ग-संधि

## स्वर संधि

**स्वर संधि :** दो स्वरों के आपस में मिलने से जो रूप-परिवर्तन होता है, उसे स्वर-संधि कहते हैं। जैसे –

भाव + अर्थ = भावार्थ

यहाँ 'भाव' शब्द का अंतिम स्वर 'अ' (व = व् + अ) एवं 'अर्थ' शब्द का पहला स्वर 'अ', दोनों स्वरों के मिलने (अ + अ) से 'आ' स्वर की उत्पत्ति हुई, जिससे 'भावार्थ' शब्द का निर्माण हुआ। स्वरों के ऐसे मेल को स्वर-संधि कहते है।

## स्वर-संधि के भेद

स्वर-संधि के पाँच भेद हैं –

(1) दीर्घ संधि
(2) गुण-संधि
(3) वृद्धि-संधि
(4) यण्-संधि और
(5) अयादि-संधि

1. **दीर्घ संधि :** ह्रस्व स्वर (अ, इ, उ) या दीर्घ (आ, ई, ऊ) के आपस में मिलने से यदि स्वर या उसी जाति के दीर्घ स्वर (आ, ई, ऊ) की उत्पत्ति हो, तो उसे दीर्घ-संधि कहेंगे। जैसे –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | अ + अ | = आ | भाव + अर्थ | = भावार्थ |
| | अ + आ | = आ | पुस्तक + आलय | = पुस्तकालय |
| | आ + अ | = आ | परीक्षा + अर्थी | = परीक्षार्थी |
| | आ + आ | = आ | प्रतीक्षा + आलय | = प्रतीक्षालय |
| (ख) | इ + इ | = ई | कवि + इन्द्र | = कवीन्द्र |
| | इ + ई | = ई | गिरि + ईश | = गिरीश |
| | ई + इ | = ई | मही + इन्द्र | = महीन्द्र |
| | ई + ई | = ई | नदी + ईश | = नदीश |
| (ग) | उ + उ | = ऊ | भानु + उदय | = भानूदय |
| | उ + ऊ | = ऊ | अंबु + ऊर्मि | = अंबूर्मि |
| | ऊ + उ | = ऊ | वधू + उत्सव | = वधूत्सव |
| | ऊ + ऊ | = ऊ | भू + ऊर्जा | = भूर्जा |

2. **गुण-संधि :** यदि 'अ' या 'आ' के बाद इ/ई, उ/ऊ अथवा ऋ स्वर आता है, तो दोनों के मिलने से क्रमश: 'ए', 'ओ' तथा 'अर्' हो जाते हैं। इसी को गुण-संधि कहते हैं। जैसे –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | अ + इ | = ए | देव + इन्द्र | = देवेन्द्र |
| | अ + ई | = ए | गण + ईश | = गणेश |
| | आ + इ | = ए | यथा + इष्ट | = यथेष्ट |
| | आ + ई | = ए | महा + ईश | = महेश |
| (ख) | अ + उ | = ओ | ज्ञान + उदय | = ज्ञानोदय |
| | अ + ऊ | = ओ | शीत + ऊष्म | = शीतोष्म |
| | आ + उ | = ओ | महा + उत्सव | = महोत्सव |
| | आ + ऊ | = ओ | गंगा + ऊर्मि | = गंगोर्मि |
| (ग) | अ + ऋ | = अर् | सप्त + ऋषि | = सप्तर्षि |
| | आ + ऋ | = अर् | महा + ऋषि | = महर्षि |

3. **वृद्धि-संधि :** यदि अ/आ के बाद ए/ऐ हो, तो 'ऐ' में और अ/आ के बाद ओ/औ हो, तो 'औ' में बदलना वृद्धि-संधि कहलाती है। जैसे –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | अ + ए | = ऐ | एक + एक | = एकैक |
| | आ + ए | = ऐ | तथा + एव | = तथैव |
| (ख) | अ + ओ | = औ | वन + ओषधि | = वनौषधि |
| | आ + ओ | = औ | महा + ओषध | = महौषध |

4. **यण्-संधि :** यदि इ, ई, उ, ऊ या ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आए तो, इ/ई का – 'य्'; उ/ऊ का – 'व्' और ऋ का – 'र्' हो जाना यण्-संधि कहलाती है। जैसे –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | इ + अ | = य | यदि + अपि | = यद्यपि |
| | इ + आ | = या | इति + आदि | = इत्यादि |
| | ई + आ | = या | नदी + आगम | = नद्यागम |
| | इ + उ | = यु | उपरि + उक्त | = उपर्युक्त |
| | इ + ऊ | = यू | वि + ऊह | = व्यूह |
| | इ + ए | = ये | प्रति + एक | = प्रत्येक |
| (ख) | उ + अ | = व | अनु + अय | = अन्वय |
| | उ + आ | = वा | सु + आगत | = स्वागत |
| | उ + ए | = वे | अनु + एषण | = अन्वेषण |
| | उ + इ | = वि | अनु + इति | = अन्विति |
| (ग) | ऋ + आ | = रा | पितृ + आदेश | = पित्रादेश |

5. **अयादि-संधि :** ए, ऐ, ओ तथा औ के बाद यदि कोई भिन्न स्वर आए, तो 'ए' का – अय्, 'ऐ' का – आय्, 'ओ' का – अव् तथा 'औ' का – आव् हो जाना अयादि-संधि कहलाती है। जैसे –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | ए + अ | = अय | ने + अन | = नयन |
| | ऐ + अ | = आय | गै + अक | = गायक |
| | ऐ + इ | = आयि | नै + इका | = नायिका |
| (ख) | ओ + अ | = अव | पो + अन | = पवन |
| | ओ + इ | = अवि | पो + इत्र | = पवित्र |
| (ग) | औ + अ | = आव | पौ + अक | = पावक |
| | औ + इ | = आवि | नौ + इक | = नाविक |

राजभाषा हिंदी
rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

## व्यंजन-संधि

**व्यंजन-संधि :** यदि व्यंजन वर्ण के साथ व्यंजन वर्ण या स्वर वर्ण की संधि से व्यंजन में कोई विकार उत्पन्न हो, तो वह व्यंजन-संधि कहलाती है। जैसे –

सत् + गति = सद्गति [व्यंजन वर्ण (त्) + व्यंजन वर्ण (ग)]
वाक् + ईश = वागीश [व्यंजन वर्ण (क्) + स्वर वर्ण (ई)]

**व्यंजन-संधि में अक्षरों में परिवर्तन इस प्रकार होते हैं –**

- **यदि क्, च्, ट्, त्, प् व्यंजन के बाद कोई स्वर हो या किसी वर्ग का तीसरा (ग, ज, ड, द, ब) या चौथा वर्ण (घ, झ, ढ, ध, भ) हो अथवा, य, र, ल, व वर्णों में कोई एक हो, तो 'क्' का – ग्, 'च्' का – ज्, 'ट्' का – ड्, 'त्' का – द् एवं 'प्' का – ब् हो जाता है। अर्थात्, तीसरा वर्ण आता है जैसे –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिक् + अम्बर | = दिगम्बर | – (क् का – ग्) | तीसरा |
| दिक् + गज | = दिग्गज | – (क् का – ग्) | तीसरा |
| अच् + अन्त | = अजन्त | – (च् का – ज्) | तीसरा |
| जगत् + आनंद | = जगदानंद | – (त् का – द्) | तीसरा |
| षट् + दर्शन | = षड्दर्शन | – (ट् का – ड्) | तीसरा |
| सत् + बुद्धि | = सद्बुद्धि | – (त् का – द्) | तीसरा |
| अप् + ज | = अब्ज | – (प् का – ब्) | तीसरा |

- **यदि क्, च्, ट्, त्, प् के बाद 'न' या 'म' आए, तो पहले वर्ण के स्थान पर उसी वर्ग का पंचमाक्षर (ङ्, ञ्, ण्, न्, म्) शुद्ध रूप में आता है। जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| वाक् + मय | = वाङ्मय | – (क् के स्थान पर – ङ्) |
| षट् + मास | = षण्मास | – (ट् के स्थान पर – ण्) |
| जगत् + नाथ | = जगन्नाथ | – (त् के स्थान पर – न्) |
| अप् + मय | = अम्मय | – (प् के स्थान पर – म्) |

- **यदि 'त्' या 'द्' के बाद कोई भी व्यंजन अक्षर (च, ज, ट, ड, द, न, ल) आए, तो उस आनेवाले व्यंजन के साथ वही व्यंजन उसमें हल् (शुद्ध व्यंजन) के रूप में एक और जुड़ जाता है तथा 'त्' या 'द्' लुप्त हो जाता है। जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| उत् + चारण | = उच्चारण | ('च' के कारण एक और 'च्' जुड़ा) |
| शरद् + चन्द्र | = शरच्चन्द्र | ('च' के कारण एक और 'च्' जुड़ा) |
| सत् + जन | = सज्जन | ('ज' के कारण एक और 'ज्' जुड़ा) |
| विपद् + जाल | = विपज्जाल | ('ज' के कारण एक और 'ज्' जुड़ा) |
| तत् + टीका | = तट्टीका | ('ट' के कारण एक और 'ट्' जुड़ा) |
| उत् + डयन | = उड्डयन | ('ड' के कारण एक और 'ड्' जुड़ा) |
| उत् + दाम | = उद्दाम | ('द' के कारण एक और 'द्' जुड़ा) |
| जगत् + नाथ | = जगन्नाथ | ('न' के कारण एक और 'न्' जुड़ा) |
| उत् + लास | = उल्लास | ('ल' के कारण एक और 'ल्' जुड़ा) |

- **यदि 'त्' या 'द्' के बाद 'श्' हो, तो 'त्' या 'द्' का च् और 'श्' का – छ् हो जाता है। जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| उत् + शिष्ट | = उच्छिष्ट | ('त्' का 'च्' और 'शि' का 'छि') |
| सत् + शास्त्र | = सच्छास्त्र | ('त्' का 'च्' और 'शा' का 'छा') |

- **यदि 'त्' या 'द्' के बाद 'ह्' या 'ध्' हो, तो 'त्' या 'द्' के स्थान पर – 'द्' और 'ह्' के स्थान पर – 'ध्' हो जाता है। लेकिन 'घ्' का – 'घ्' ही रह जाता है। जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| उद् + हरण | = उद्धरण | ('द्' का 'द्' और 'ह्' का 'ध्') |
| तत् + हित | = तद्धित | ('त्' का 'द्' और 'हि' का 'धि') |
| उत् + घाटन | = उद्घाटन | (लेकिन 'घ्' का 'घ्' ही रह गया) |

**नोट :** लेकिन, त्/द् के बाद यदि 'झ' हो, तो त्/द् का – 'ज्' हो जाता है। जैसे –

उद् + झटिका = उज्झटिका ('द्' का – 'ज्')

- **यदि ह्रस्व स्वर के बाद 'छ' आए, तो 'छ' – 'च्छ' में बदल जाता है। जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| छत्र + छाया | = छत्रच्छाया | (अ + छा = अच्छा) |
| परि + छेद | = परिच्छेद | (इ + छे) = इच्छे |

- **यदि 'ष्' के बाद 'त' या 'थ' आए, तो 'त' का – 'ट' तथा 'थ' का – 'ठ' हो जाता है। जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| उत्कृष + त | = उत्कृष्ट | ('त' का 'ट') |
| पृष् + थ | = पृष्ठ | ('थ' का 'ठ') |

- **यदि 'म्' के बाद अन्तःस्थ व्यंजन (य, र, ल, व) या ऊष्म व्यंजन (श, ष, स, ह) आए, तो 'म्' अनुस्वार ( ं ) में बदल जाता है। जैसे –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सम् + योग | = संयोग | सम् + शय | = संशय |
| सम् + रक्षण | = संरक्षण | सम् + सार | = संसार |
| सम् + लाप | = संलाप | सम् + हार | = संहार |

**नोट** – (i) यदि 'म्' के बाद कोई स्पर्श व्यंजन आए, तो 'म्' के बदले उसी वर्ग का पंचमाक्षर लिखा जा सकता है। जैसे –

सम् + कल्प = संकल्प / सङ्कल्प / सङ्.ल्प
सम् + चय = संचय / अञ्चय / सञ्चय

(ii) यदि 'म्' के बाद 'म' हो, तो अनुस्वार न देकर द्वित्व का प्रयोग करें। जैसे –

सम् + मति = सम्मति ('संमति' लिखना गलत है।)
सम् + मान = सम्मान ('संमान' लिखना गलत है।)

## विसर्ग-संधि

**विसर्ग-संधि :** विसर्ग के साथ स्वर अथवा व्यंजन की संधि, विसर्ग-संधि कहलाती है। जैसे –

दुः + आत्मा = दुरात्मा विसर्ग के साथ स्वर (: + आ)
दुः + गन्ध = दुर्गन्ध विसर्ग के साथ व्यंजन (: + ग)

विसर्ग-संधि के निम्नलिखित नियम हैं –

- **विसर्ग के पहले कोई स्वर ('अ' या 'आ' को छोड़कर) आए और विसर्ग के बाद कोई स्वर रहे अथवा वर्ग के तीसरे, चौथे, पाँचवें वर्ण अथवा य, र, ल, व, ह में कोई हो, तो विसर्ग – 'र्' में बदल जाता है। जैसे –**

(क) निः + अर्थक = अय (निः = न् + इ + :)
दुः + गन्ध = दुर्गन्ध (दुः = द् + उ + :)

(ख) निः + धन = निर्धन (निः = निर्)
आशीः + वाद = आशीर्वाद (शीः = शीर्)

(ग) विसर्ग के पहले 'अ' हो ओर उसके बाद यदि कोई स्वर हो, तो भी विसर्ग का 'र्' हो जाता है। जैसे –
पुनः + अवलोकन = पुनरावलोकन, पुनः + इच्छा = पुनरिच्छा

- **यदि विसर्ग के पहले 'इ' या 'उ' हो, तो 'क', 'ख', 'प', या 'फ' के रहने पर विसर्ग का 'ष्' हो जाता है। जैसे –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दुः + कर्म | = दुष्कर्म | निः + कपट | = निष्कपट |
| दुः + प्रकृति | = दुष्प्रकृति | निः + फल | = निष्फल |

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

लेकिन 'दु:' के बाद 'ख' हो, तो विसर्ग ज्यों-का-त्यों रहता है। जैसे –
दु: + ख = दु:ख
लेकिन 'अ' अथवा 'आ' के बाद विसर्ग हो और उसके बाद क, ख, प, फ आए, तो विसर्ग ज्यों-का-त्यों रह जाता है जैसे –
पय: + पान = पय:पान प्रात: + कमल = प्रात:कमल

- **यदि विसर्ग के पहले 'अ' हो और बाद में 'अ', वर्गीय व्यंजन के तीसरे, चौथे, पाँचवें अथवा य, र, ल, व, ह में से कोई एक हो, तो विसर्ग – 'ओ' में बदल जाता है। जैसे –**

मन: + अनुकूल = मनोनुकूल मन: + मोहक = मनोमोहक
अध: + गति = अधोगति मन: + योग = मनोयोग
पय: + धारा = पयोधारा वय: + वृद्ध = वयोवृद्ध

- **विसर्ग के बाद 'च' या 'छ' हो तो विसर्ग – 'श्' में, 'ट' या 'ठ' हो, तो विसर्ग – 'ष्' में और 'त' या 'थ' हो तो विसर्ग – 'स' में बदल जाता है। जैसे –**

नि: + चय = निश्चय (: + च = श्च)
नि: + छल = निश्छल (: + छ = श्छ)
नि: + ठुर = निष्ठुर (: + ठु = ष्ठु)
नि: + तार = निस्तार (: + ता = स्ता)

- **विसर्ग के बाद 'श्', 'ष्' या 'स्' हो, तो विसर्ग ज्यों-का-त्यों रह जाता है अथवा उसके स्थान पर विसर्ग के आगेवाला वर्ण एक और हल् रूप में आ जाता है। जैसे –**

दु: + शासन = दु:शासन अथवा दुश्शासन
नि: + संतान = नि:संतान अथवा निस्संतान

- **यदि 'अ' अथवा 'आ' के बाद विसर्ग हो और उसके बाद क, ख अथवा प, फ आए, तो विसर्ग ज्यों-का-त्यों रह जाता है या कुछ शब्दों में यह विसर्ग 'स्' बन जाता है। जैसे –**

रज: + कण = रज:कण पुर: + कार = पुरस्कार
पय: + पान = पय:पान भा: + पति = भास्पति

- **यदि रेफ (र्) के बाद र हो, तो 'र्' लोप हो जाता है और उसके पूर्व का ह्रस्व, दीर्घ में बदल जाता है। जैसे –**

निर् + रस = नीरस निर् + रोग = नीरोग
निर् + रज = नीरज निर् + रुज = नीरुज
नोट : निर् में निहित 'र्' के बदले आप विसर्ग भी दे सकते हैं। जैसे –
नि: + रस = नीरस नि: + रोग = नीरोग

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. 'इत्यादि' का संधि विच्छेद कीजिए –**
(A) इत + आदि (B) इति + आदि
(C) इत्य + आदि (D) इनमें से कोई नहीं

**2. एक ही जाति के लघु और दीर्घ स्वरों का मिलकर दीर्घ होना किस संधि का लक्षण है ?**
(A) गुण संधि (B) दीर्घ संधि
(C) वृद्धि संधि (D) अयादि संधि

**3. 'महेन्द्र' में कौन-सी संधि होगी ?**
(A) यण (B) दीर्घ
(C) गुण (D) वृद्धि

**4. 'एकैक' में कौन-सी संधि है ?**
(A) वृद्धि (B) दीर्घ
(C) गुण (D) अयादि

**5. 'जगन्नाथ' का संधि विच्छेद कीजिए –**
(A) जग + नाथ (B) जगन् + नाथ
(C) जगत् + नाथ (D) जग + नाथ

**6. 'उज्जवल' में कौन-सी संधि है ?**
(A) स्वर (B) विसर्ग
(C) व्यंजन (D) अयादि

**7. 'भवन' का संधि विच्छेद क्या होगा ?**
(A) भ + वन (B) भ + अन
(C) भो + अन (D) भौ + अन

**8. संधि का अर्थ है –**
(A) दो अक्षरों का मेल (B) दो शब्दों को जोड़ना
(C) दो अक्षरों के मेल से तीसरा अक्षर बनाना
(D) दो अक्षरों में रूप परिर्वन

**9. 'नायक' में कौन-सी संधि है ?**
(A) यण (B) गुण
(C) अयादि (D) दीर्घ

**10. 'पवन' में किस संधि का प्रयोग हुआ है ?**
(A) दीर्घ (B) अयादि
(C) गुण (D) यण

**11. 'प्रत्येक' में कौन-सी संधि है ?**
(A) गुण (B) यण
(C) दीर्घ (D) अयादि

**12. 'चन्द्रोदय' में कौन-सी संधि है ?**
(A) दीर्घ (B) गुण
(C) यण (D) वृद्धि

**13. 'ज्ञ' किसके योग से बना है ?**
(A) ज् + ग (B) ज् + ञ
(C) ग + य (D) ज + ञ

**निर्देश (प्रश्न 14-16) : निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद चुनिये।**

**14. परिच्छेद –**
(A) परि + छेद (B) पर + ईच्छेद
(C) परिच + छेद (D) परि + च्छेद

**15. दिग्दर्शन –**
(A) दिग् + दर्शन (B) दिक् + दर्शन
(C) दिग + दर्शन (D) दिग + दर्शन

**16. निष्कपट –**
(A) नि: + कपट (B) निष्क + पट
(C) निषु + कपट (D) निष + कपट



Join WhatsApp Group

17. **निम्नलिखित प्रश्न में शब्द का संधि-विच्छेद लिखा गया है। संधि -विच्छेद के पाँच विकल्प में से सटीक उत्तर चुनिए।**
(A) श्री + अन्
(B) श्री + अन
(C) श्रा + अन्
(D) श्रा + अन
(E) इनमें से कोई नहीं

18. **'हिमालय' में किस संधि का प्रयोग हुआ है ?**
(A) गुण स्वर संधि
(B) यण् स्वर संधि
(C) दीर्घ स्वर संधि
(D) विसर्ग संधि
(E) इनमें से कोई नहीं

19. **'विजयोल्लास' शब्द में प्रयुक्त संधि का प्रकार बताइये –**
(A) विसर्ग संधि
(B) दीर्घ स्वर संधि
(C) यण् स्वर संधि
(D) गुण स्वर संधि
(E) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न 20-35) : प्रत्येक प्रश्न में एक शब्द दिया गया है जिसका संधि विच्छेद चार प्रकार से किया गया है। इनमें से केवल एक ही सही है। सही संधि विच्छेद का चयन कीजिए –**

20. **बिम्बौष्ठ –**
(A) बिम्ब + ओष्ठ
(B) बिम्ब + औष्ठ
(C) बिम्बौ + अष्ठ
(D) बिम् + बौष्ठ

21. **अक्षौहिणी –**
(A) अक्ष + अहीणी
(B) अक्ष + ऊहिणी
(C) अक्षो + ऊहिणी
(D) अक्षौ + ऊहिणी

22. **दशार्ण –**
(A) दश + ऋण
(B) दश + अर्ण
(C) दशा + एरण
(D) दश् + वर्ण

23. **देव्यागम –**
(A) देव + आगम
(B) देव्या + गम
(C) देवि + आगम
(D) देवी + आगम

24. **अभिषेक –**
(A) अभी + सेक
(B) अभि + सेक
(C) अभि + षेक
(D) अभी + षेक

25. **पृष्ठ –**
(A) पृस् + थ
(B) पृस् + ठ
(C) पृष् + थ
(D) पृष् + ठ

26. **धनित्व –**
(A) धनिन् + त्व
(B) धन + ईत्व
(C) धन + नित्व
(D) धमिन् + इत्व

27. **लड़कपन –**
(A) लड़क + पन
(B) लड़का + पन
(C) लड़ + कपन
(D) लड़का + अपन

28. **व्यूह –**
(A) व्यू + ह
(B) वि + ओह
(C) वि + ऊह
(D) व्य + उह

29. **नाविक –**
(A) नै + ईक
(B) नो + इक
(C) नाव + इक
(D) नौ + इक

30. **काव्योर्मि –**
(A) का + व्योर्मि
(B) कवि + उर्मि
(C) काव्य + उर्मि
(D) काव्य + ओर्मि

31. **सत्याग्रह –**
(A) सत्य + ग्रह
(B) सत्य + आग्रह
(C) सत + आग्रह
(D) सत्या + अग्रह

32. **बहिष्कार –**
(A) बहि: + कार
(B) बहिष + कार
(C) बहि + अकार
(D) बहि + सकार

33. **यशोदा –**
(A) यशो + दा
(B) यश + अदा
(C) यशु + अदा
(D) यश: + दा

34. **नाविक –**
(A) नौ + इक
(B) ना + इक
(C) नो + इक
(D) ना + विक

35. **इत्यादि –**
(A) इति + यादि
(B) इति + आदि
(C) इत + आदि
(D) इत + यादि

36. **'निर्विकार' में कौन-सी संधि है –**
(A) व्यंजन
(B) दीर्घ स्वर
(C) विसर्ग
(D) गुण स्वर

37. **निम्नलिखित शब्दों में से किसमें स्वर संधि है ?**
(A) अधोसुख
(B) सज्जन
(C) वाग्जाल
(D) महोदधि

38. **'प्रति + छवि' के मेल से बने शब्द का चयन कीजिए –**
(A) प्रतिछवि
(B) प्रतिच्छवि
(C) प्रत्तिछवि
(D) प्रतिच्चवि

39. **'श् + इ + क् + ष् + आ' के मेल से बने शब्द का चयन कीजिए –**
(A) शीक्षा
(B) शिक्छा
(C) शिक्षा
(D) शिष्य

40. **'सम् + सार' शब्द में संधि निर्देश कीजिए –**
(A) स्वर संधि
(B) व्यंजन संधि
(C) विसर्ग संधि
(D) दीर्घ संधि

**निर्देश (प्रश्न 41-45) : निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद चुनिये।**

41. **मुनीन्द्र –**
(A) मुनि + इन्द्र
(B) मुनि + ईन्द्र
(C) मुनी + इन्द्र
(D) मुनि: + इन्द्र

42. **निरालंब –**
(A) निरा + आलम्ब
(B) नि: + आलम्ब
(C) निरा + अलम्ब
(D) निर + आलम्ब

राजभाषा हिंदी
rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

**43. सप्तर्षि -**
(A) सप् + तर्षि (B) सप्त + ऋषि
(C) सप्त + अषि (D) सप्त: + षि

**44. संजीव -**
(A) सं + जीव (B) सम + जीव
(C) सं: + जीव (D) संज + ईव

**45. निश्चल -**
(A) नि: + चल (B) निस् + चल
(C) निश + चल (D) नी: + चल

**46. निम्नांकित में से कौन-सा उदाहरण 'अयादि संधि' का नहीं है ?**
(A) गायन (B) पवन
(C) गंगोदक (D) पावक

**47. काव्योर्मि शब्द का कौन-सा संधि विग्रह ठीक है ?**
(A) का + व्योर्मि (B) कवि + उर्मि
(C) काव्य + उर्मि (D) काव्य + ओर्मि

**48. आत्मोत्सर्ग शब्द का संधि विच्छेद है -**
(A) आत्मा + स्वर्ग (B) आत्म + तसर्ग
(C) आत्मो + त्सर्ग (D) आत्म + उत्सर्ग

**49. इनमें कौन 'स्वर संधि' का उदाहरण है -**
(A) पवन (B) नमस्कार
(C) मनोहर (D) संयोग

**50. 'सन्मति' शब्द का संधि विच्छेद है -**
(A) सद् + मति (B) सन् + मदि
(C) सत् + मति (D) सु + मति

**51. 'इति + इव' में कौन-सी संधि है ?**
(A) गुण संधि (B) दीर्घ संधि
(C) वृद्धि संधि (D) अनुस्वार संधि

**52. निम्नांकित में से कौन-सा शब्द वृद्ध-संधि का उदाहरण नहीं है -**
(A) परमौदार्य (B) गुरूपदेश
(C) जलौघ (D) सदैव

**53. 'निराशा' शब्द का संधि विच्छेद है -**
(A) निर: + आशा (B) नि: + आशा
(C) निर् + आशा (D) निरा + आशा

**54. 'आशीर्वाद' शब्द का संधि विच्छेद है -**
(A) आशीर + वाद (B) आर्शी + वाद
(C) आशी: + वाद (D) आशी + र्वाद

**55. 'गण + ईश:' में कौन-सी संधि है -**
(A) दीर्घ संधि (B) वृद्धि संधि
(C) गुण संधि (D) विसर्ग संधि

**56. 'महौषधम्' शब्द का संधि विच्छेद है -**
(A) महा + औषधम् (B) महा + औषधम्
(C) महा + ओषधम् (D) महौ + ओषधम्

**57. व्यंजन के आगे स्वर या व्यंजन आने से जो संधि बनती है, उसे क्या कहते है ?**
(A) स्वर संधि (B) गुण संधि
(C) व्यंजन संधि (D) वृद्धि संधि

**58. निम्न में से दीर्घ-संधि युक्त पद कौन-सा है ?**
(A) देवेन्द्र (B) सूर्योदय
(C) दैत्यारि (D) महर्षि

**59. निकटवर्ती दो वर्णों के मेल से जो विकार उत्पन्न होता, है, उसे क्या कहते है ?**
(A) समास (B) संधि
(C) प्रत्यय (D) सर्वनाम

**60. महेश्वर शब्द का संधि विच्छेद है -**
(A) महे + ईश्वर (B) मह + ईश्वर
(C) महा + ईश्वर (D) महा + इश्वर

**61. 'सदैव' शब्द में कौन-सी संधि है ?**
(A) यण संधि (B) वृद्धि संधि
(C) दीर्घ संधि (D) गुण संधि

**62. विसर्ग सम्बंधी अशुद्धि को ध्यान में रखते हुए शुद्ध शब्द को बताइए -**
(A) अ + धा:पतन (B) अध: + पतन
(C) अधो + पतन (D) अ + धो: पतन

**63. 'अन्त: + राष्ट्रीय' शब्द में संधि निर्देश कीजिए -**
(A) स्वर संधि (B) विसर्ग संधि
(C) व्यंजन संधि (D) दीर्घ संधि

**64. निम्न में से दीर्घ-संधि युक्त पद कौन-सा है ?**
(A) महर्षि (B) देवेन्द्र
(C) सूर्योदय (D) दैत्यारि

**65. 'व्यर्थ' शब्द में किन वर्णों की संधि हुई है ?**
(A) इ + अ (B) इ + उ
(C) इ + ए (D) ई + अ

**66. इनमें कौन 'स्वर सन्धि' का उदाहरण है ?**
(A) संयोग (B) मनोहर
(C) नमस्कार (D) पवन

**67. 'रजनीश' का संधि-विच्छेद करें ?**
(A) रजनि + ईश (B) रजनी + इश
(C) रजिनी + ईश (D) रजनी + ईश

**68. 'नमस्ते' का संधि-विच्छेद होगा ?**
(A) नम + स्ते (B) तम् + स्ते
(C) नम: + स्ते (D) नम: + स्ते

**69. 'अनुच्छेद' का संधि-विच्छेद करें ?**
(A) अनु + छेद (B) अनु: + देद
(C) अन: + उच्छेद (D) अन: + उच्च + देद



Join WhatsApp Group

70. 'उद्धरण' का संधि-विच्छेद करें ?
(A) उत् + हरण (B) हत् + अण
(C) उत् + धरण (D) उद्ध + रण

71. 'सच्चिदानन्द' का विच्छेद है ?
(A) सत् + चित् + आनन्द (B) सच्चिद + आनन्द
(C) सच्चि + दानन्द (D) उच् + चिद् + आनन्द

72. गुण संधि का उदाहरण है ?
(A) महर्षि (B) पावक
(C) अभ्युदय (D) मतैक्य

73. कौन-से शब्द में व्यंजन संधि है ?
(A) देवर्षि (B) जानकोश
(C) वागीश (D) कवीश

74. 'कवीश्वर' शब्द का सही संधि-विच्छेद बताइए।
(A) कवि + ईश्वर (B) कविश + वर
(C) कवि + इश्वर (D) कवी + ईश्वर

75. व्यंजन संधि के उदाहरण है-
(A) उल्लस, संगम् तथास्तु (B) सम्भावना, सद्भावना, बहिष्कार
(C) वातावरण, उल्लास, संस्कृत (D) उल्लास, संगम, सम्भावना

76. व्यंजन संधि का उदाहरण है-
(A) उद्यत (B) परमौषध
(C) दुरुपयोग (D) तपोवन

77. 'अन्वेषण' का संधि-विच्छेद होगा -
(A) अन + वेषण (B) अनु + एषण
(C) अनु + ऐषण (D) अनव + एषण

78. विसर्ग संधि का उदाहरण है?
(A) हरिश्चन्द्र (B) हरिशचन्द्र
(C) हरीशचन्द्र (D) दिनेशचन्द्र

79. गुण संधि का उदाहरण है ?
(A) महर्षि (B) पावक
(C) अभ्युदय (D) मतैक्य

80. सच्चिदानन्द का विच्छेद है?
(A) सत् + चित् + आनन्द (B) सच्चिद् + आनन्द
(C) सच्चि + दानन्द (D) सत् + चिद् + आनन्द

81. 'उच्छिष्ट' शब्द का विच्छेद है?
(A) उच् + छिष्ट (B) उत् + छिष्ट
(C) उत् + शिष्ट (D) उच् + शिष्ट

82. 'पवन' का संधि विच्छेद कौन-सा है ?
(A) पब + अन (B) पो + अन
(C) पव + न (D) पो + इन

- **धर्म** अधर्म
- **न्याय** अन्याय

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

- **साफ** मैला
- **पास** दूर
- **वीर** कायर
- **धनी** निर्धन
- **प्रमुख** सामान्य, गौण
- **गुरु** चेला
- **खट्टा** मीठा
- **क्षणिक** शाश्वत
- **आस्तिक** नास्तिक
- **आरंभ** समाप्त
- **आम** खास
- **आकुंचन** प्रसारण
- **आलस्य** स्फूर्ति
- **आराम** काम, परिश्रम
- **विधवा** सधवा
- **इंसाफ** गैर-इंसाफ
- **इकहरा** दुहरा
- **ईद** मुहर्रम
- **ईश** अनीश
- **ईश्वर** अनीश्वर, जीव
- **ईमानदार** बेईमान
- **उचित** अनुचित
- **उच्च** निम्न
- **स्वामी** सेवक
- **उत्तीर्ण** अनुत्तीर्ण
- **उत्कृष्ट** निकृष्ट
- **उत्थान** पतन
- **उत्साह** निरुत्साह, अनुत्साह
- **हर्ष** शोक
- **उदयाचल** अस्ताचल
- **उदात्त** अनुदात्त
- **उदार** अनुदार, संकीर्ण
- **उद्यम** निरुद्यम
- **उधार** नकद
- **उद्धत** विनीत
- **त्रास्दी** कामदी
- **उन्मीलन** निमीलन
- **उन्मुख** विमुख
- **उन्मूलन** मूलन
- **उपकार** अपकार
- **उपयोग** दुरुपयोग
- **उपर्सग** प्रत्यय
- **अच्छा** बुरा
- **ऊपर** नीचे
- **प्रशंसा** निन्दा
- **बाएँ** दाएँ
- **रात** दिन
- **आदत्त** प्रदत्त
- **आरूढ़** अनारूढ़
- **दैव** दैत्य
- **क्रय** विक्रय
- **हंसना** रोना
- **उठना** बैठना
- **लेन** देन
- **जागना** सोना
- **उचित** अनुचित
- **उपस्थित** अनुपस्थित
- **विद्वान** मूर्ख
- **हानि** लाभ
- **नवीन** प्राचीन
- **आलोक** अंधकार
- **आय** व्यय
- **आमिष** निरामिष
- **आस्तिक** नास्तिक
- **उपयुक्त** अनुपयुक्त
- **उग्र** सौम्य
- **उपयोगी** अनुपयोगी
- **उष्ण** शीत, शीतल
- **उगना** डूबना
- **उदास** प्रसन्न, प्रफुल्ल
- **उदित** अस्त
- **उषा** संध्या
- **उपजीव्य** उपजीवी
- **उपकारक** अपकारक
- **उतार** चढ़ाव
- **उदीची** प्रतीची
- **उपजाऊ** बंजर
- **उत्थान** पतन
- **एकाधिकार** सर्वाधिकार
- **खेद** प्रसन्नता
- **ऊँच** नीच
- **दण्ड** पुरस्कार
- **ऊसर** उपजाऊ
- **ऊर्ध्वमुख** अधोमुख
- **तुच्छ** महान
- **ऋण** उऋण
- **ऋणात्मक** घनात्मक
- **एक** अनेक
- **एकता** अनेकता
- **एड़ी** चोटी
- **एकमुखी** बहुमुखी
- **ऋण** उऋण
- **क्रय** विक्रय
- **अभिमान** नम्रता
- **आय** व्यय
- **आयात** निर्यात
- **असली** नकली
- **असल** नकल
- **आस्था** अनास्था
- **इधर** उधर
- **दूषित** स्वच्छ
- **इकट्ठा** अलग
- **इच्छा** अनिच्छा
- **इति** अथ
- **इष्ट** अनिष्ट
- **उत्तरायण** दक्षिणायन
- **उत्तम** अधम
- **उपचार** अपचार
- **उर्वर** ऊसर
- **उन्नयन** अवनयन

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**निर्देश (1-97) :** निम्नलिखित शब्द के विपरीतार्थक शब्द के विकल्प दिए गए हैं, सटीक विपरीत शब्द का चयन कीजिए।

**1. यथार्थ**
(A) आदर्श (B) कृत्रिम
(C) उचित (D) अनुचित

**2. शाश्वत**
(A) अशाश्वत (B) क्षणिक
(C) नाशवान् (D) अचिर

**3. अग्र**
(A) उग्र (B) पश्च
(C) पीछे (D) पूर्व

**4. उत्कृष्ट**
(A) उत्कर्ष (B) अकृष्ट
(C) निकृष्ट (D) आकृष्ट

**5. आशा**
(A) प्रत्याशा (B) निराशा
(C) अभिलाषा (D) दुराशा

**6. आरोही**
(A) अवरोही (B) अवरोहण
(C) उतार (D) ऊर्ध्व

**7. उत्तम**
(A) अधम (B) निकृष्ट
(C) उदार (D) उद्यमी

**8. सृष्टि**
(A) मरण (B) प्रलय
(C) वृष्टि (D) मोक्ष

**9. मधुर**
(A) लवण (B) ललित
(C) कूट (D) कटु
(E) इनमें से कोई नहीं

**10. अल्पज्ञ**
(A) अवज्ञ (B) सर्वज्ञ
(C) अभिज्ञ (D) कृतज्ञ
(E) इनमें से कोई नहीं

**11. भीषण**
(A) सौम्य (B) मधुर
(C) सरल (D) साधारण

**12. कोप**
(A) कृपा (B) विषाद
(C) हर्ष (D) क्षोभ



rajbhashahindi.com
Join WhatsApp Group

**13. मानव**
(A) आतंक (B) दानव
(C) मनुष्य (D) दैत्य

**14. उत्कर्ष**
(A) आकर्ष (B) निष्कर्ष
(C) अपकर्ष (D) मध्याकर्ष
(E) इनमें से कोई नहीं

**15. रंगीन**
(A) रंगहीन (B) बेरंग
(C) रंगहिन (D) सफेद
(E) इनमें से कोई नहीं

**16. तिमिर**
(A) प्रकाश (B) शीतल
(C) सात्विक (D) रश्मि
(E) साधक

**17. अर्जन**
(A) वर्जन (B) बर्जन
(C) व्यय (D) त्याग
(D) इनमें से कोई नहीं

**18. कृतज्ञ**
(A) अकृतज्ञ (B) क्रुतध्न
(C) कृतज्ञहीन (D) कृतघ्न
(E) इनमें से कोई नहीं

**19. आग्रह**
(A) दुराग्रह (B) अनाग्रह
(C) आग्रह रहित (D) दूराग्रह
(E) इनमें से कोई नहीं

**20. विरक्त**
(A) अनुरक्त (B) अनूरक्त
(C) विरत (D) अनुरत
(E) अभिरत

**21. सज्जन**
(A) क्रुर (B) निरक्षर
(C) दुर्जन (D) साक्षर

**22. जरा**
(A) थोड़ा (B) यौवन
(C) जला (D) अल्प

**23. स्थूल**
(A) स्थल (B) सापेक्ष
(C) कृश (D) निर्गुण

**24. छाया**
(A) नीच (B) गत
(C) धूल (D) सरल

**25. जड़**
(A) पेड़ (B) पहाड़
(C) चेतन (D) संसार

**26. आधुनिक**
(A) नवीन (B) नवोदय
(C) प्राचीन (D) अर्वाचीन

**27. कृपण**
(A) परोपकारी (B) दानी
(C) भिखारी (D) स्वार्थी

**28. लघिमा**
(A) लघुत्व (B) गुरूत्व
(C) महिमा (D) गरिमा

**29. परोक्ष**
(A) विपक्ष (B) प्रत्यक्ष
(C) उत्कर्ष (D) अपकर्ष

**30. निकृष्ट**
(A) कृतघ्न (B) कृतज्ञ
(C) उत्कृष्ट (D) निष्पक्ष

**31. गुप्त**
(A) आगत (B) ज्ञात
(C) चिरंतन (D) सुप्त

**32. जंगम**
(A) स्थूल (B) विस्तृत
(C) दुर्गम (D) स्थावर

**33. कल्पना**
(A) अवास्तव (B) विरत
(C) यथार्थ (D) व्यक्त

**34. उद्धत**
(A) नम्र (B) चालाक
(C) कृपण (D) बेईमान

**35. एकदेशीय**
(A) बहुदेशीय (B) विदेशी
(C) स्वदेशी (D) सर्वदेशीय

**36. शाश्वत**
(A) नाशवान (B) नश्वर
(C) क्षणिक (D) अनश्वर

**37. मौखिक**
(A) लिखित (B) कथित
(C) पठित (D) अलिखित

**38. आलोक**
(A) अनुलोम (B) अवनति
(C) अंधकार (D) प्राचीन

**39. आस्तिक**
(A) स्वास्तिक (B) नास्तिक
(C) कर्मयोगी (D) धर्मवीर

**40. आयात**
(A) कायनात (B) वाहियात
(C) निर्यात (D) यातायात

**41. विस्तार**
(A) छोटा (B) सूक्ष्म
(C) संक्षेप (D) इनमें से कोई नहीं

**42. गरिमा**
(A) नीचता (B) घृणा
(C) लघिमा (D) अंधकार



राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com
Join WhatsApp Group

**43. अनुकूल**
(A) परिकूल (B) कूल
(C) विकूल (D) प्रतिकूल

**44. उन्नति**
(A) अगति (B) अवन्नति
(C) अवनति (D) प्रतिगति

**45. साकार**
(A) आकार (B) विकार
(C) प्रकार (D) निराकार

**46. जड़**
(A) पेड़ (B) पहाड़
(C) चेतन (D) संसार

**47. उन्मीलान**
(A) अन्मीलन (B) निमीलन
(C) मीलन (D) विमीलन

**48. स्थावर**
(A) जंगम (B) मंगल
(C) दंगल (D) दीवान

**49. अवनति**
(A) जनति (B) खनति
(C) उन्नति (D) गर्जति

**50. सुबोध**
(A) कुबोध (B) दुर्बोध
(C) दलित (D) पतित

**51. गमन**
(A) जाना (B) उतरना
(C) आगमन (D) चढ़ना

**52. भग्न**
(A) खंडित (B) नष्ट
(C) अक्षत (D) ध्वंस

**53. शांत**
(A) उद्विग्न (B) निश्चल
(C) गम्भीर (D) स्थिर

**54. दिवस**
(A) विभावरी (B) अरविन्द
(C) प्रवाहिणी (D) विचक्षण

**55. निर्मल**
(A) पवित्र (B) शुद्ध
(C) मलिन (D) मृदु

**56. नैसर्गिक**
(A) पुरातन (B) कृत्रिम
(C) कल्पित (D) प्राकृतिक

**57. रंक**
(A) बलवान (B) धनवान
(C) किसान (D) मजदूर

**58. निकट**
(A) दूर (B) समीपवर्ती
(C) पासवर्ती (D) दूरदर्शी

**59. शुष्क**
(A) सरस (B) पानी
(C) तरल (D) गीला

**60. संक्षेपन**
(A) स्फीति (B) विस्तारण
(C) विस्तीर्ण (D) विस्तारीकरण

**61. सच**
(A) आडम्बर (B) झूठ
(C) असत्य (D) दिखावा

**62. उद्यम**
(A) प्रवीण (B) आलस्य
(C) नीरज (D) नृप

**63. महान**
(A) मरण (B) चेतन
(C) क्षुद्र (D) मूढ़

**64. द्युति**
(A) छवि (B) प्रथा
(C) ज्योति (D) अंधकार

**65. सामिष**
(A) निरामिष (B) वैष्णव
(C) शाकाहारी (D) मांसरहित

**66. व्यय**
(A) धनागम (B) आमदनी
(C) धनोपार्जन (D) आय

**67. संयोग**
(A) विप्रलम्भ (B) विरह
(C) वियोग (D) पार्थक्य

**68. रूक्ष**
(A) पिच्छल (B) चिक्कण
(C) स्निग्ध (D) सरस

**69. राग**
(A) कलंक (B) द्वेष
(C) अभिमान (D) स्पर्धा

**70. सबल**
(A) निर्बल (B) बलशाली
(C) निबल (D) बलवान

**71. क्षणिक**
(A) शाश्वती (B) शाश्वत
(C) अचिर (D) विशद

**72. शिष्ट**
(A) निकृष्ट (B) विशिष्ट
(C) अशिष्ट (D) अवशिष्ट

राजभाषा हिंदी
rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

**73. अपयश**
(A) विरज (B) विरल
(C) विरत (D) विरद

**74. अभिमान**
(A) अविमान (B) गर्व
(C) स्पर्धा (D) द्वेष

**75. श्रेष्ठ**
(A) गौण (B) निकृष्ट
(C) निम्न (D) नीच

**76. आलोक**
(A) अद्‌भुत (B) अज्ञात
(C) अधंकार (D) रात्रि

**77. प्रशंसनीय**
(A) वंध्य (B) वन्द्य
(C) निन्द्य (D) अनिन्द्य

**78. शीघ्रता**
(A) अवलम्ब (B) अविलम्ब
(C) आलस्य (D) विलम्ब

**79. सम्मान**
(A) अवमान (B) अभिमान
(C) अभिधान (D) अवधान

**80. वार्धक्य**
(A) किशोरावस्था (B) यौवन
(C) बुढ़ापा (D) बचपन

**81. ज्ञानी**
(A) मूर्ख (B) विद्वान
(C) विदूषक (D) अल्पज्ञ

**82. शान्त**
(A) उद्विग्न (B) उल्लसित
(C) आनन्दित (D) परेशान

**83. प्रधान**
(A) प्रमुख (B) गौण
(C) सामान्य (D) विशिष्ट

**84. प्रतिक्रिया**
(A) क्रिया (B) प्रक्रिया
(C) विरोध (D) रोष

**85. इहलोक**
(A) स्वर्गलोक (B) परलोक
(C) सम्मान (D) अपमान

**86. आध्यात्मिक**
(A) वैज्ञानिक (B) मानसिक
(C) भौतिक (D) शारीरिक

**87. अंतरंग**
(A) बाहरी (B) गहन
(C) गोपनीय (D) बहिरंग

**88. साहचर्य**
(A) वैमनस्य (B) असहयोग
(C) विनयोग (D) अलगाव

**89. आकाश**
(A) अंतरिक्ष (B) सागर
(C) पृथ्वी (D) पाताल

**90. शुक्ल पक्ष**
(A) कृष्ण पक्ष (B) उज्ज्वल
(C) श्याम (D) अंधकार

**91. निवृत्ति**
(A) वैराग्य (B) निर्वेद
(C) अप्रवृत्ति (D) अवृत्ति

**92. शकुन**
(A) अशोभन (B) विलक्षण
(C) अपशकुन (D) विचक्षण

**93. रद्द**
(A) ग्रहण (B) स्वीकार
(C) प्रस्तुत (D) बहिष्कार

**94. ऋषि**
(A) मुनि (B) भोगी
(C) आसक्त (D) संसारी

**95. गृहीत**
(A) विनीत (B) कर्कश
(C) अर्पित (D) वरुण

**96. बुद्धिमान**
(A) दुर्बुद्धि (B) निर्बुद्धि
(C) विबुध (D) प्रबुद्ध

**97. सैद्धान्तिक**
(A) वास्तविक (B) व्यावहारिक
(C) वैयक्तिक (D) सामूहिक

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (B) | 3. (B) | 4. (C) | 5. (B) | 6. (A) | 7. (B) | 8. (B) |
| 9. (D) | 10. (B) | 11. (A) | 12. (A) | 13. (B) | 14. (C) | 15. (A) | 16. (A) |
| 17. (C) | 18. (D) | 19. (A) | 20. (A) | 21. (C) | 22. (B) | 23. (C) | 24. (C) |
| 25. (C) | 26. (C) | 27. (D) | 28. (B) | 29. (B) | 30. (C) | 31. (B) | 32. (D) |
| 33. (C) | 34. (A) | 35. (D) | 36. (C) | 37. (C) | 38. (C) | 39. (B) | 40. (C) |
| 41. (B) | 42. (C) | 43. (D) | 44. (C) | 45. (D) | 46. (C) | 47. (D) | 48. (A) |
| 49. (C) | 50. (A) | 51. (C) | 52. (B) | 53. (A) | 54. (A) | 55. (C) | 56. (B) |
| 57. (B) | 58. (A) | 59. (A) | 60. (B) | 61. (B) | 62. (B) | 63. (C) | 64. (D) |
| 65. (A) | 66. (D) | 67. (C) | 68. (C) | 69. (B) | 70. (C) | 71. (B) | 72. (C) |
| 73. (D) | 74. (A) | 75. (B) | 76. (C) | 77. (C) | 78. (D) | 79. (A) | 80. (B) |
| 81. (A) | 82. (A) | 83. (B) | 84. (B) | 85. (B) | 86. (C) | 87. (D) | 88. (A) |
| 89. (D) | 90. (A) | 91. (D) | 92. (C) | 93. (B) | 94. (D) | 95. (C) | 96. (B) |
| 97. (B) | | | | | | | |



Join WhatsApp Group

# अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

कम-से-कम शब्दों में अधिक-से-अधिक भावों को व्यक्त करना भाषा या वाणी का सर्वश्रेष्ठ गुण माना जाता है, क्योंकि ऐसी भाषा प्रभावशाली होती है। भाषा के सुगठित और संयत रूप का अपना आकर्षण होता है। इसके विपरीत विस्तृत कथन के अन्तर्गत भाषा में ढ़ीलापन और बिखराव सा रहता है। जो पाठक या श्रोता के लिए उबाऊ होता है, जबकि संक्षिप्त चुस्त और सारगर्भित भाषा पाठक या श्रोता को आकर्षित किए रहती है। अतएव कम शब्दों से अधिक अभिव्यक्ति प्रतिभा का प्रतीक मानी जाती है।

## एकार्थक शब्दों की सूची

**वाक्यखंड** — **एक शब्द**

- जो परदा में रहे - **परदानशीन**
- जो उद्धार करता है - **उद्धारक**
- जो युग का निर्माण करता है - **युगनिर्माता**
- जीने की इच्छा - **जिजीविषा**
- जो युद्ध करने की इच्छा रखता है - **युयुत्सु**
- नीली है आभा जिसकी - **नीलाभ**
- बढ़ा-चढ़ाकर कही गयी बात - **अत्यक्ति, अतिशयोक्ति**
- जिसका अर्थ न हो - **निरर्थक**
- जिसमें खूब उपज होती हो - **उर्वर, उपजाऊ**
- जो कथन (वक्तव्य) पुस्तक के आरंभ में लिखा जाता है - **प्राक्कथन**
- जो यान जल में चलता है - **जलयान**
- जो यान वायु में चलता है - **वायुयान**
- जो सब कुछ जानता है - **सर्वज्ञ**
- जो बहुत जानता है - **बहुज्ञ**
- बीता हुआ - **अतीत**
- जो किये गये उपकारों को जानता (मानता) है - **कृतज्ञ**
- जो किये गये उपकारों को नहीं मानता है - **कृतघ्न**
- नहीं मरनेवाला - **अमर**
- जो किसी की ओर से है - **प्रतिनिधि**
- गिरा हुआ - **पतित**
- जो बहुत बोलता है - **वाचाल**
- जिसे चार भुजाएँ हैं - **चतुर्भुज**
- जिसे दस आनन (मुख) हैं - **दशानन (रावण)**
- जिसके समान द्वितीय (दूसरा) न हो - **अद्वितीय**
- जिसके हृदय में दया न हो - **निर्दय**
- जिसके दो पद (पैर) हैं - **द्विपद**
- जिसका कोई नाथ न हो - **अनाथ**
- जिसे ईश्वर या वेद में विश्वास न हो - **नास्तिक**
- जिसे ईश्वर या वेद में विश्वास हो - **आस्तिक**
- जिस स्त्री का धव (पति) मर गया है - **विधवा**
- जिसका जन्म अनु (पीछे) हुआ हो - **अनुज**
- यशवाला - **यशस्वी**
- तेजवाला - **तेजस्वी**
- कठिनाई से समझने योग्य - **दुर्बोध**
- आगे होनेवाला - **भावी**
- सब कुछ भक्षण करनेवाला - **सर्वभक्षी**
- जिसकी उपमा न हो - **अनुपम**
- जो नहीं हो सकता - **असंभव**
- जो आमिष (मांस) नहीं खाता - **निरामिष**
- जो स्त्री कविता लिखती है - **कवयित्री**
- जो शत्रु की हत्या करता है - **शत्रुघ्न**
- जो मांस का आहार करता है - **मांसाहारी**
- जो शाक का आहार करता है - **शाकाहारी**
- जो फल का आहार करता है - **फलाहारी**
- गृह (घर) बसाकर स्थित (रहनेवाला) - **गृहस्थ**
- जो विज्ञान जानता है - **वैज्ञानिक**
- जो व्याकरण जानता है - **वैयाकरण**
- जो अक्षर (पढ़ना-लिखना) जानता है - **साक्षर**
- जो पहरा देता है - **प्रहरी**
- जो स्वार्थ (अपनी ही भलाई) चाहता है - **स्वार्थी**
- जो परमार्थ (दूसरों की भलाई) चाहता है - **परमार्थी**
- आशा से अधिक - **आशातीत**
- जो पर (दूसरों) के अधीन है - **पराधीन**
- जो देखने में प्रिय लगता है - **प्रियदर्शी**
- बेचनेवाला - **विक्रेता**
- आकाश को चुमनेवाला - **आकशचुंबी**
- वह स्थान जहाँ मुर्दे जलाये जाते हैं - **श्मशान**
- जो लोक में संभव न हो - **अलौकिक**
- जो मन को हर ले - **मनोहर**
- शक्ति के अनुसार - **यथाशक्ति**
- ग्राम का रहनेवाला - **ग्रामीण**
- नगर का रहनेवाला - **नागरिक, नागर**
- नया (तुरंत का) जन्मा हुआ - **नवजात**
- पुत्र की वधू - **पुत्रवधू**
- पुत्र का पुत्र - **पौत्र**
- जो धर्म करता है - **धर्मात्मा**
- जो जन्म से अंधा है - **जन्मांध**
- जो नष्ट होनेवाला है - **नश्वर**
- जो आसानी से लब्ध (प्राप्य) है - **सुलभ**
- आँखों के सामने - **प्रत्यक्ष**
- आँखों से परे - **परोक्ष**
- अपने परिवार के साथ - **सपरिवार**
- जो साँप पकड़ता है - **सपेरा**
- यात्रा करनेवाला - **यात्री**
- जहाँ लोगों का मिलन हो - **सम्मेलन**
- जहाँ नदियों का मिलन हो - **संगम**
- सुख देनेवाला - **सुखद**
- दु:ख देनेवाला - **दु:खद**
- जिसका उदर लंबा हो - **लंबोदर**
- जिस पुरुष की स्त्री मर गयी है - **विधुर**
- जो पीने योग्य हो - **पेय**
- मरण तक - **आमरण**
- जन्म भर - **आजन्म**



rajbhashahindi.com
Join WhatsApp Group

- समान उदर से जन्म लेनेवाला - **सहोदर**
- कम बोलनेवाला - **मितभाषी**
- जो अल्प (कम) जानता है - **अल्पज्ञ**
- जो बहुत जानता है - **बहुज्ञ**
- जो कुछ नहीं जानता है - **अज्ञ**
- जो शास्त्र जानता है - **शास्त्रज्ञ**
- जो जानने योग्य है - **ज्ञातव्य**
- जो पूछने योग्य है - **प्रष्टव्य**
- जो देखने योग्य है - **द्रष्टव्य, दर्शनीय**
- जो सुनने योग्य है - **श्रवणीय, श्रोतव्य**
- जो कहने योग्य है - **कथ्य, कथनीय**
- जो राजनीति जानता है - **राजनीतिज्ञ**
- जो व्याकरण जानता है - **वैयाकरण**
- जो संगीत जानता है - **संगीतज्ञ**
- जो विज्ञान जानता है - **वैज्ञानिक**
- जो कला जानता है - **कलाविद्, कलाकार**
- जो वेद जानता है - **वेदज्ञ, वैदिक**
- जो बहुत भाषा जानता है - **बहुभाषाविद्**
- जो न्याय जानता है - **नैयायिक, न्यायविद्**
- जो भू के गर्भ (अंदर) की बात जानता हो- **भुगर्भवेत्ता, भूगर्भशास्त्री**
- जो ईश्वर में विश्वास रखता है - **आस्तिक**
- जो ईश्वर में विश्वास नहीं रखता है - **नास्तिक**
- जो नाचता है - **नर्तक, नृत्यकार**
- जो अभिनय करता है - **अभिनेता**
- पढ़ने योग्य - **पठनीय**
- दर्शन के योग्य - **दर्शनीय**
- जो स्मरण रखने योग्य है - **स्मरणीय**
- जो देने योग्य है - **देय**
- जो मोक्ष चाहता है - **मुमुक्षु**
- जिसकी ग्रीवा सुंदर हो - **सुग्रीव**
- जो उपकार करता है - **उपकारी**
- जो जानना चाहता है (जानने को इच्छु) - **जिज्ञासु**
- जो स्त्री के वशीभुत या स्त्री-जैसे स्वभाव का है - **स्त्रैण**
- जो धीरज धारण करता है - **धीर, धैर्यवान**
- जो भेदा न जा सके - **अभेद्य**
- शिव का उपासक - **शैव**
- अनुचित बात के लिए आग्रह - **दुराग्रह**
- जो सब कुछ जानता है - **सर्वज्ञ**
- जो पहले कभी नहीं हुआ - **अभूतपूर्व**
- जो पहले कभी नहीं सुना गया - **अश्रुतपूर्व**
- जे पहले कभी नहीं देखा गया - **अदृष्टपूर्व**
- जो देखा नहीं जा सकता है - **अदृश्य**
- जो स्मरण (याद) करने योग्य है - **स्मरणीय**
- जो किये हुए उपकार को मानता है - **कृतज्ञ**
- जो मधुर बोलता है - **मधुरभाषी**
- जो अल्प (थोड़ा) बोलता है - **अल्पभाषी**
- जो नहीं आया हो - **अनागत**
- जो कल्पना से परे (अतीत) हो - **कल्पनातीत**
- जो प्रवास में रहता है - **प्रवासी**
- जो आसानी से उपलब्ध हो जाय (जिसे पाना आसान हो) - **सुलभ**
- जो आसानी से उपलब्ध न हो - **दुर्लभ**
- जो दूसरे का श्री-सौभाग्य देखकर दु:खी होता - **परश्रीकातर**
- जो अपने ही अवलंब (सहारे) पर रहता है - **स्वावलंबी**
- जो द्वार की रक्षा करता है - **द्वारपाल**
- जो बिना वेतन के काम करता है - **अवैतनिक**
- जो स्त्री अभिनय करती है - **अभिनेत्री**
- जो पुरुष अभिनय करता है - **अभिनेता**
- जिसे वशवर्ती बनाना (वश में करना) कठित हो - **दुर्धर्ष**
- जो कानों को सुनने में मधुर लगे - **श्रुतिमधुर**
- जो कानों को सुनने में कटु लगे - **कर्णकटु**
- जो इतिहास के पहले का है - **प्रागैतिहासिक**
- जो नपा-तुला व्यय (कम खर्च) करता हो - **मितव्ययी**
- जो स्त्री प्रिय बोलती है - **प्रियंवदा**
- जो बहुत और व्यर्थ बोलता है - **वाचाल**
- जो मित (कम) बोलता है - **मितभाषी**
- दो बार जन्म देनेवाला - **द्वित**
- जो मापा न जा सके - **अपरिमित**
- जो उक्ति पुन:-पुन: कही जाय - **पुनरुक्ति**
- जो शीघ्र समझ (बोध) में न आये - **दुर्बोध**
- जो इच्छा के अधीन हो - **इच्छाधीन**
- जो तीनों गुणों से परे (अतीत) हो - **निर्गुण, त्रिगुणातीत**
- जो पीने योग्य हो - **पेय**
- जो खाने योग्य हो - **खाद्य**
- जो खाने योग्य नहीं हो - **अखाद्य**
- जो गाने योग्य हो - **गेय**
- जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर बदला गया हो - **स्थानांतरित**
- जो सर्वसाधारण जन के लिए है - **सार्वजनिक**
- जो आया हो - **आगत**
- जो लौट आया हो - **प्रत्यागत**
- जो सर्वत्र (सब जगह) व्याप्त है- **सर्वव्यापक, सर्वव्यापी, स्र्वव्याप्त**
- जो परिवार के साथ है - **सपरिवार**
- जो भू (पृथ्वी) पर चलनेवाला है - **भूचर**
- जो जल में चलने-फिरनेवाला (रहनेवाला) है - **जलचर**
- जो आकाश में विचरण करता है - **नभचर, खेचर, खग**
- जो अपना है - **आत्मीय**
- जो किसी के बदल में बोलता या कुछ करता है - **प्रतिनिधि**
- जो मरना चाहता है - **मुमुर्षु**
- जो पीना चाहता है - **पिपासु**
- जो जीना चाहता है - **जिजीविषु**
- जो जन्म नहीं लेता - **अज, अजन्मा**
- जो जन्म नहीं लेती - **अजा**
- जो हो सकता है - **संभव**
- जो होकर रहेगा या होनेवाला है - **भावी, होनहार**
- जो अवश्य होनेवाला है - **अवश्यंभावी**
- जो नया आया हुआ हो - **नवागत, नवागंतुक**
- जो इंद्रियों के ज्ञान से परे (अतीत) है - **गोतीत, इंद्रियाजीत**
- जो सब में व्याप्त है - **सर्वव्याप्त, सर्वव्यापी**
- जो सब कुछ भक्षण करनेवाला (खानेवाला) है - **सर्वभक्षी**

राजभाषा हिंदी
rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

- जो कर्तव्य से च्युत हो गया है - **कर्तव्याप्त**
- जो सब कुछ भक्षण करनेवाला (खानेवाला) है - **सर्वभक्षी**
- जो कर्तव्य से च्युत हो गया है - **कर्तव्यच्युत**
- जो कठिनाई से पचता है - **दुष्पाच्य**
- जो शोक करने योग्य नहीं है - **अशोक्य**
- जो विषयों में आसक्त है - **विषयासक्त**
- जो वर्णन से परे (बाहर या अतीत) है - **वर्णनातीत**
- जो स्त्री सूर्य को भी न देख सके - **असूर्यम्पश्या**
- जो बड़े कष्ट से निवारित किया (टाला) जा सके - **दुर्निवार**
- जो दिन में एक बार भोजन करता है - **एकाहारी**
- जो वचन से परे (अतीत) हो - **वचनातीत**
- जो मुकदमा लड़ता रहता है - **मुकदमेबाज**
- जो (अक्षर) पढ़ना-लिखना जानता है - **साक्षर**
- जो (अक्षर) पढ़ना-लिखना नहीं जानता है - **निरक्षर**
- जो सबकुछ सह (बर्दाश्त कर) लेता है - **सर्वसहिष्णु**
- जो पहले हुआ था - **भूतपूर्व**
- नदी से खींचा जानेवाला प्रदेश - **नदीमातृक**
- जो विश्व का हित (भलाई) चाहता है - **विश्वहितैषी**
- जिसकी बाहुएँ लंबी हों - **प्रलंबबाहु, दीर्घबाहु**
- जो आग्रह सत्य के साथ किया जाय - **सत्याग्रह**
- निद्रा पर विजय पानेवाला - **निद्राजयी**
- जो अंडा से जन्म लेता है - **अंडज**
- जो एक के अतिरिक्त किसी अन्य का नहीं है - **अनन्य**
- जो दया के साथ (दयालु) है - **सदय, दयालु**
- जिस पुरुष की पत्नी मर चुकी हो - **विधुर**
- जो साधा न जा सके या ठीक न किया जा सके - **असाध्य**
- जो तुरंत (नव) जनमा हो - **नवजात**
- जो रंग (नाटक या अभिनय) का मंच है - **रंगमंच**
- जो वचन (वाणी) से प्रकट करने योग्य न हो - **अनिर्वचनीय**
- जो भू को धारण करता है - **भूधर**
- जो सर्वशक्तिसंपन्न है - **सर्वशक्तिमान**
- जो यश से युक्त है - **यशस्वी**
- जो हमेशा रहनेवाला है - **शाश्वत**
- जो बिल्कुल बहरा है - **वज्रवधिर**
- जो दूसरों के अधीन है - **पराधीन**
- जो देखने में प्रिय लगता है - **सुदर्शन, प्रियदर्शी**
- जो देखने में प्रिय लगती है - **सुदर्शना, प्रियदर्शिनी**
- जो हाथ से मुक्त (खूब देनेवाला) है - **मुक्तहस्त**
- जो हमेशा खड्ग (तलवार) हाथ में लिये रहता है - **खड्गहस्त**
- जो जन्म से ही अंधा है - **जन्मांध**
- जो रथ पर सवार है - **रथी**
- जो नष्ट होनेवाला है - **नश्वर**
- जो पिंड से जन्म लेता है - **पिंडज**
- जो धरती फोड़कर जनमता है - **उद्भिज**
- जो स्वेद (पसीना) से जनमता है - **स्वेदज**
- जो जरायु (गर्भ की थैली) से जन्म लेता है - **जरायुज**
- जो स्वयं उत्पन्न हुआ हो - **स्वयंभू**
- जो चलता नहीं - **अचल**
- जो केवल स्वयं का हित (अर्थ) चाहता है - **स्वार्थी**
- जो पराये (दूसरे) का हित (अर्थ) चाहता है - **परार्थी, परमार्थी**
- जो इतिहास से संबंध रखता है - **ऐतिहासिक**
- जो बाँयें हाथ (सव्य) से हथियार चलाने में दक्ष हो - **सव्यसाची**
- जो जीता न जा सके - **अजेय**
- जो विलंब से काम करे - **दीर्घसूत्री**
- जो युद्ध में स्थिर रहता है - **युधिष्ठिर**
- जो पूरे विश्व का बंधु हो - **विश्वबंधु**
- जो बहुत (अति) छोटा (लघु) नहीं है - **नातिलघु**
- जो बहुत (अति) बड़ा (दीर्घ) नहीं है - **नातिदीर्घ**
- जो नाटक का सूत्र धारण (संचालन) करता है - **सूत्रधार**
- जो पुरुष कविता लिखता है - **कवि**
- जो स्त्री कविता लिखती है - **कवयित्री**
- जो कष्ट सहन कर सके - **कष्टसहिष्णु**
- जो अपनी हत्या करता है - **आत्महत्या**
- जो दूसरे की हत्या करता है - **हत्यारा**
- जो उद्धार करता है - **उद्धारक**
- दौड़नेवाला - **धावक**
- बोलनेवाल - **वक्ता**
- खाली करनेवाला - **रेचक**
- पूजा करनेवाला - **पुजारी, पूजक**
- जो केवल दूध पीता हो - **दुग्धाहारी**
- जो किसी पर अभियोग लाता है - **वादी**
- जो अभियोग का विरोध करता है - **प्रतिवादी**
- जो याचना करता है - **याचक**
- जो समय के अनुकूल न हो - **असामयिक**
- जो देखनेवाला है - **दर्शक**
- जो कभी च्युत न हुआ हो - **अच्युत**
- जो स्मृति को मानता हो - **स्मार्त**
- जो सहने का शील रखता है - **सहनशील**
- जो एक जगह से दूसरी जगह आता-जाता है - **यायावर, घुमक्कड़**
- जो एक ही का भक्त है - **अनन्यभक्त**
- जो शरीर से दुर्बल (क्षीण) है - **क्षीणकाय**
- जो शरीर से स्थूल (भारी) है - **स्थूलकाय**
- जो पुरुष कायर का कुत्सित है - **कापुरुष**
- जो स्त्री अपने पति द्वारा त्यक्त (त्यागी गयी) हो - **पतित्यक्ता**
- जो कोई सामान ले जाता है - **वाहक**
- जो तर्कशास्त्र जानता है - **तार्किक, तर्कशास्त्री**
- जो शिक्षा प्रदान करता है - **शिक्षक**
- जो शिक्षा प्राप्त करता है - **शिक्षार्थी**
- जो सबको मान्य (स्वीकार) है - **सर्वमान्य**
- जिसके पास कुछ भी नहीं हो - **अकिंचन**
- जिसके हृदय में दया नहीं है - **निर्दय**
- जिसके लोचन (आँखें) सुन्दर हों - **सुलोचना**
- जिसके कुल का पता न हो - **अज्ञातकुल**
- जिसके हाथ में शूल है - **शूलपाणि (शिव)**
- जिसके आने की तिथि मालूम न हो - **अतिथि**
- जिसमें शक्ति नहीं है - **अशक्त**
- जिसमें सामर्थ्य नहीं है - **असमर्थ**
- जिसमें तेज नहीं है - **निस्तेज**

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

- जिसमें प्रतिभा है - **प्रतिभावान्**
- जिसमें मल (मैल, गंदगी) न हो - **निर्मल**
- जिसमें पाप नहीं है - **निष्पाप**
- जिसका जन्म पहले (अग्र) हुआ हो - **अग्रज**
- जिसका जन्म पीछे (अनु) हुआ हो - **अनुज**
- जो सदा शुभदायक रहता है - **सदाशिव**
- जो मरण की ओर उन्मुख है - **मरणोन्मुख**
- जो विकल्प में हो, जिसका कोई विकल्प हो - **वैकल्पिक**
- जो इच्छा के अधीन है - **ऐच्छिक, इच्छाधीन**
- जो नृत्य करता है (नाचता है) - **नर्तक**
- जो विधि (कानून) के विरुद्ध है - **अवैध, गैरकानूनी**
- जो इस लोक में संभव नहीं है - **अलौकिक**
- जो अनुकरण करने योग्य है - **अनुकरणीय**
- जो सबसे आगे (पहले) गिनाने योग्य हो - **अग्रगण्य**
- जो धर्माचरण करता है - **धर्मात्मा**
- जहाँ खाना सदैव मुफ्त में दिया जाता है - **सदाव्रत, लंगर**
- जो पंचाल देश की रहनेवाली हो - **पांचाली**
- जो पुरुष लोहे जैसा मजबूत (बलिष्ट) है - **लौहपुरुष**
- जो विषय विचार में आ सकता है - **विचारगम्य**
- जो प्रमाण द्वारा सिद्ध न हो सके - **अप्रमेय**
- जिसके पाणि (हाथ) में वीणा हो - **वीणापाणि**
- जिसके पाणि (हाथ) में चक्र हो - **चक्रपाणि**
- चक्र को धारण करनेवाला - **चक्रधारी**
- गांडीव (धनुष) को धारण करनेवाला - **गांडीवधारी**
- सुदर्शन (चक्र) को धारण करनेवाला - **सुदर्शनधारी**
- जिसके पार देखा जा सके - **पारदर्शक**
- जिसके पार न देखा जा सके - **अपारदर्शक**
- जिसके नख सूप के समान हो - **शूर्पणखा**
- जिसके सिर (शेखर) पर चंद्रमा हो - **चंद्रशेखर**
- जिसके दस आनन (मुख) हैं - **दशानन (रावण)**
- जिसके चार पद (पैर) हैं - **चतुष्पद**
- जिसके समान दूसरा नहीं है - **अद्वितीय, अनन्य**

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**निर्देश :** नीचे दिए गए वाक्य के लिए एक शब्द का चयन कीजिए -

**1. जो बात परम्परा से कही-सुनी जा रही हो, के लिए सही शब्द को चुनें -**
(A) अफवाह (B) लोकवार्ता
(C) लोक कथा (D) किंवदन्ती

**2. विदेश से देश में सामान क्रय करना, के लिए सही शब्द क्या होगा ?**
(A) निर्यात (B) विक्रय
(C) आयात (D) क्रय

**3. प्रारम्भ से लेकर अन्त तक, के लिए सही शब्द क्या होगा ?**
(A) अर्वाचीन (B) आद्योपान्त
(C) समसामयिक (D) तत्कालीन

**4. जिस जमीन में कुछ पैदा न होता हो के लिए सही शब्द है ?**
(A) ऊसर (B) वन्ध्या
(C) निर्झर (D) भूसर

**5. रंगमंच पर पर्दे के पीछे का स्थान, के लिए सही शब्द क्या है ?**
(A) नेपथ्य (B) पृष्ठमंच
(C) कलाकार दीर्घा (D) दर्शकदीर्घा

**6. फेंक कर चलाया जाने वाला हथियार, के लिए सही शब्द है -**
(A) शस्त्र (B) अस्त्र
(C) भाला (D) त्रिशूल

**7. जिसका मन कहीं और लगा हो, के लिए सही शब्द है -**
(A) अन्यमनस्क (B) अनिच्छुक
(C) असमंजस (D) किंकर्त्तव्यमूढ़

**8. जो आँखों के सामने न हो**
(A) प्रत्यक्ष (B) अप्रत्यक्ष
(C) दूरस्थ (D) परोक्ष

**9. जिसकी आशा न की गई हो**
(A) निराशा (B) अचानक
(C) अप्रत्याशित (D) गलत

**10. जो किए गए उपकारो को मानता है**
(A) कृतघ्न (B) कृतज्ञ
(C) सर्वज्ञ (D) बहुज्ञ

**11. जो अधिक बोलता है**
(A) बाचाल (B) प्रवक्ता
(C) नेता (D) सम्मेलन

**12. पुरुष एवं स्त्री का जोड़ा**
(A) युगल (B) दम्पत्ति
(C) पति-पत्नी (D) युग्म

**13. थोड़ा जानने वाला**
(A) अल्पज्ञ (B) बहुज्ञ
(C) मूर्ख (D) अज्ञ

**14. वह स्थान जो पृथ्वी, चन्द्रमा, सूर्य आदि लोकों के मध्य में हो**
(A) क्षितिज (B) अन्तरिक्ष
(C) द्युलोक (D) आकाश
(E) अनवसेय

**15. जिसके पास कुछ न हो**
(A) अकिंचन (B) निर्धन
(C) नंगा (D) दरिद्र

**16. मोक्ष की इच्छा करने वाला**
(A) जिज्ञासु (B) योगी
(C) आस्तिक (D) मुमुक्षु
(E) मनुष्योचित

**17. परस्पर एक-दूसरे पर आश्रित**
(A) अन्योन्याश्रित (B) उत्तराधिकारी
(C) भोगी (D) असंदिग्ध

**18. प्रतीक्षायुक्त प्राप्ति की तीव्र इच्छा**
(A) उत्कण्ठा (B) इच्छा
(C) आशा (D) स्पृहा



Join WhatsApp Group

(E) इनमें से कोई नहीं

**19. अपनी बात को विनम्रता पूर्वक कहना**
(A) अनुनय (B) विनय
(C) निवेदन (D) आवेदन
(E) इनमें से कोई नहीं

**20. क्षणिक एवं तीव्र आनन्द**
(A) आनन्द (B) आह्लाद
(C) अल्लास (D) प्रसन्नता
(E) इनमें से कोई नहीं

**21. मन को लुभाने वाली वस्तु**
(A) सुन्दर (B) चारू
(C) रुचिर (D) मनोहर
(E) इनमें से कोई नहीं

**22. जो सब कुछ जानने का दावा करे**
(A) पण्डितोचित (B) ज्ञानयुक्त चतुर
(C) लोकपाल (D) सर्वज्ञानी

**23. पिता की मृत्यु के बाद पैदा होने वाला बच्चा**
(A) पोस्थ्युमस (B) पोस्टिलीयन
(C) प्रवेशार्थी (D) अनाथ

**24. जिसका अनुभव किया गया हो**
(A) अनुभूत (B) अद्भुत
(C) आचार (D) विचार
(E) कोई नहीं

**25. जिसने ऋण लिया हो**
(A) ऋणदाता (B) आदाता
(C) कर्जदाता (D) कर्जदार
(E) कोई नहीं

**26. जिसे पार करना कठिन हो**
(A) निगम (B) दुर्गम
(C) आगम (D) अगम्य
(E) कोई नहीं

**27. उचित से कम मूल्य लगाना**
(A) मूल्यवान (B) मुल्यांकन
(C) अधिमूल्यन (D) निर्मूल्य
(E) अवमूल्यन

**28. जो दूसरे का श्री-सौभाग्य देखकर दुःखी होता है**
(A) श्रुतिमधुर (B) श्रीकातर
(C) परश्रीकातर (D) परसुख दुःखी

**29. जो व्याकरण जानता हो**
(A) व्याकरणाचार्य (B) व्याकरणी
(C) वैयाकरण (D) व्याकरणविद्

**30. जिसे वश में करना मुश्किल है**
(A) प्रियवंदा (B) दुधुर्षु
(C) दुर्धर्ष (D) प्रष्टव्य

**31. जो बहुत बड़ा नहीं है**
(A) नातिलघु (B) नातिदीर्घ
(C) सत्यसाची (D) अदीर्घ

**32. जो गर्भ की थैली से जन्म लेता है**
(A) अंडन (B) पिंडज
(C) उद्भिज (D) जरायुज

**33. यह समाचार तो वास्तव में शोक करने योग्य है**
(A) शोच्य (B) शोकाकुल
(C) करुणाजनक (D) दर्दनाक

**34. सब लोग जानते थे कि वह हमेशा घुमता रहता है**
(A) पर्यटक (B) अविचल
(C) यायावर (D) परिव्राजक

**35. जो बिना वेतन कार्य करता हो**
(A) निःशुल्क (B) अवैतनिक
(C) वैतनिक (D) इनमें से कोई नहीं

**36. जो दूसरों के सहारे जीता हो**
(A) पालतू (B) अनाथ
(C) परजीवी (D) निराधार

**37. किए हुए को न मानने वाला**
(A) चालाक (B) अविश्वसनीय
(C) दुराचारी (D) कृतघ्न

**38. बलवान के अन्याय से उत्पन्न भय**
(A) त्रास (B) दण्ड
(C) आतंक (D) अत्याचार

**39. जिसे वशवर्ती बनाना कठिन हो**
(A) स्वावलम्बी (B) दुर्लभ
(C) दुर्धर्ष (D) होनहार

**40. जो किसी पर अभियोग लगाता हो**
(A) अभियन्ता (B) प्रतिवादी
(C) वादी (D) चाचक

**41. तैरने की इच्छा**
(A) पिपासा (B) बुभुक्षा
(C) जिगीषा (D) तितीर्षा

**42. सांझ और रात के बीच का समय**
(A) मार्तंड (B) पूर्वाह्न
(C) गोधूलि (D) ऊष्मा

**43. जो व्याकरण जानता है**
(A) वैयाकरण (B) आचार्य
(C) व्याकरणीय (D) वैज्ञानिक

**44. किसी के गुण-दोषों का सम्यक् रूप से विवेचन**
(A) अनुवाद (B) समालोचना
(C) आलोचना (D) प्रत्यालोचन

**45. जिसका विभाजन न किया जा सके**
(A) अखण्डित (B) अविभाज्य
(C) अविभक्त (D) अखण्ड

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

**46. जहाँ पहुँचना कठिन हो**
(A) दुर्गम (B) अगम
(C) सुगम (D) अगेय

**47. जो स्मरण रखने योग्य है**
(A) साक्षर (B) द्रष्टव्य
(C) स्मरणीय (D) पठनीय

**48. जिसे जीता नहीं जा सके**
(A) अजीत (B) अजेय
(C) सर्वव्यापी (D) जितेन्द्रिय

**49. जो विज्ञान जानता है**
(A) वैज्ञानिक (B) विशेषज्ञ
(C) जिज्ञासु (D) विज्ञानवेत्ता

**50. जो अनुकरण करने योग्य हो**
(A) आलोचक (B) अनुपम
(C) करणी (D) अनुकरणीय

**51. जो मुकदमा दायर करता है**
(A) मुकदमेबाज (B) मुद्दई
(C) वकील (D) जज

**52. जो शब्दों द्वारा व्यक्त न किया जा सके**
(A) अनुपम (B) अद्वितीय
(C) अनिर्वचनीय (D) जितेन्द्रिय

**53. जिसका जन्म अच्छे कुल में हुआ हो**
(A) अमीर (B) कुलीन
(C) राजपरिवार (D) पढ़ा-लिखा परिवार

**54. शरीर धारण करने वालों द्वारा प्रदत्त यातनाएँ**
(A) शारीरिक (B) दु:खी
(C) कष्टपूर्ण (D) आधिभौतिक

**55. जिसे सूँघा जा सके**
(A) सूँघनीय (B) आध्नेय
(C) घ्राणीय (D) अच्छा

**56. जिसे इन्द्रियों से अनुभव न किया जा सके**
(A) अतीन्द्रिय (B) अनुभवविहीन
(C) इन्द्रियपरे (D) अक्षुण्ण

**57. आदि से लेकर अंत तक**
(A) तदुपरान्त (B) आद्योपान्त
(C) अनंत (D) आविर्भाव

**58. वह वस्तु जो नाशवान हो**
(A) नश्वर (B) शाश्वत
(C) अमर (D) अलौकिक

**59. जो शत्रु की हत्या करता हो**
(A) शत्रुध्न (B) नश्वर
(C) अन्मांध (D) निर्दय

**60. लाभ के लिए व्यापार का शेयर खरीदने में पूँजी लगाना**
(A) निवेश (B) परिवेश
(C) अनुवेश (D) उपनिवेश

**61. बिना अधिकार के परायी वस्तु को काम में लाना**
(A) परिभोक्ता (B) परिभोग
(C) अनाधिकारी (D) अनधिकृत

**62. शिव का उपासक**
(A) स्वेदज (B) शैव
(C) शाक्त (D) निर्गुणी

**63. किसी कथा के अन्तर्गत आने वाली दूसरी कथा**
(A) अंत:कथा (B) अन्य कथा
(C) दिग्गज (D) द्विअर्थी

**64. शराब बनाने वाला**
(A) मधप (B) उन्मत
(C) कलवार (D) दुर्निवार

**65. जिसका कोई शत्रु न जन्मा हो, वह है**
(A) अजातशत्रु (B) अशत्रु
(C) विशत्रु (D) प्रसूत

**66. जीने की इच्छा कहलाती है**
(A) जिजीविषा (B) जिज्ञासा
(C) जिघांसी (D) जिगीषा

**67. जिसकी गर्दन सुन्दर है, कहलाता है**
(A) सुदर्शन (B) सुगत
(C) सुगर्दन (D) सुग्रीन

**68. जिसके पास कुछ न हो, कहलाता है**
(A) अकिंचन (B) निरामिष
(C) उऋण (D) कर्जदार

**69. जिसकी काया बहुत बड़ी हो, कहलाता है**
(A) विशालकाय (B) दीर्घकाय
(C) भीमकाय (D) बृहत्काय

**70. स्त्री जो अभिनय करती हो**
(A) नायिका (B) नटी
(C) नर्त्तकी (D) अभिनेत्री

**71. जो लोक में संभव न हो**
(A) मनोहर (B) परामर्थी
(C) अलौकिक (D) अतीत

**72. जो मन को हर ले**
(A) मनोहर (B) मनमोहक
(C) मृदुल (D) मृण्मय

**73. जो स्त्री कविता रचती हो**
(A) कवि (B) लेखिका
(C) कवयित्री (D) रचयिता

**74. जिसकी मृत्यु न हो**
(A) अजर (B) अमर
(C) मृत्युंजय (D) कालातीत

**75. जिसे वश में करना मुश्किल है**



Join WhatsApp Group

(A) प्रियवंदा (B) दुधुर्षु
(C) दुर्धर्ष (D) प्रष्टव्य

**76. जो दिखाई दे**
(A) अप्रत्यक्ष (B) परोक्ष
(C) दूरस्थ (D) अदृश्य

**77. जो बहुत बड़ा नहीं है**
(A) नातिलघु (B) नातिदीर्घ
(C) सत्यसाची (D) अदीर्घ

**78. जानने की इच्छा रखने वाला**
(A) विज्ञ (B) जिज्ञासु
(C) ज्ञानी (D) ऋषि

**79. मछली के समान आँखें वाली**
(A) मयूराक्षी (B) मीनाक्षी
(C) मृगनयनी (D) महिषी

**80. जो कुछ भी करने के लिए निर्णय न ले सकता हो**
(A) किंकर्त्तव्यविमूढ़ (B) अनिर्वचनीय
(C) पार्थिव (D) अतिवादी

**81. जिसकी नाप-तोल न हो सके**
(A) अतुलनीय (B) अगणितीय
(C) अपरिमेय (D) इनमें से कोई नहीं

**82. जो सब कुछ जानता है**
(A) अज्ञ (B) सर्वज्ञ
(C) विशेषज्ञ (D) कृतज्ञ

**83. पति को छोड़कर दूसरों से प्रेम करने वाली स्त्री**
(A) विधवा (B) भामिनी
(C) वन्ध्या (D) परकीया

**84. हिलोरें उत्पनन करने वाला**
(A) मंथक (B) आलोड़क
(C) हिलोरक (D) विलोड़क

**85. सुन्दर हृदय वाला**
(A) सहृदय (B) सहोदर
(C) सुहृद (D) सुमन

**86. दूसरों से आगे बढ़ने की इच्छा**
(A) ईर्ष्या (B) स्पर्धा
(C) द्वेष (D) हस्तक्षेप

**87. जिसका जन्म न हुआ हो**
(A) जन्महीन (B) जन्म रहित
(C) अजर (D) अजन्मा

**88. रात को न दिखाई देने का रोग**
(A) रतौंधी (B) रति
(C) निशीथ (D) प्रदोष

**89. जो बहुत बातें करता हो**
(A) बधिर (B) बहुभाषी
(C) वचनीय (D) वाचाल

**90. जो सबसे नजदीक हो**
(A) निकटतम (B) न्यूनतम
(C) सूक्ष्म (D) अल्प

**91. रात्रि के पूर्वभाग का समय**
(A) प्रदोष (B) निशीथ
(C) संध्या (D) मध्याह्न

**92. जो कहा गया हो**
(A) कथन (B) कथनीय
(C) कथित (D) अकथन

**93. दो पर्वतों के बीच की भूमि**
(A) उपत्यका (B) घाटी
(C) द्रोण (D) बेसिन

**94. किसी पक्ष का समर्थन करने वाला**
(A) पाक्षिक (B) समर्थक
(C) पक्षपाती (D) अधिवक्ता

**95. किसी ग्रन्थ के आरम्भ का वक्तव्य**
(A) उपकथन (B) उत्कथन
(C) प्राक्कथन (D) संबोधन

**96. जिसकी आशा या अपेक्षा पहले से की गई हो**
(A) प्रत्याशित (B) अप्रत्याशित
(C) अनपेक्षित (D) अनुमानित

**97. जो देखने में विशाल एवं सुन्दर हो**
(A) दीर्घकाय (B) दिव्य
(C) परमेष्ठ (D) भव्य

**98. जिस शब्द के दो अर्थ हो**
(A) दुष्कर (B) अक्षर
(C) अजर (D) श्लिष्ट

**99. जो आँखों के सामने घटित न हो**
(A) अभिज्ञात (B) अज्ञात
(C) परोक्ष (D) अपरोक्ष

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (C) | 3. (B) | 4. (A) | 5. (A) | 6. (B) | 7. (A) | 8. (B) |
| 9. (C) | 10. (B) | 11. (A) | 12. (B) | 13. (A) | 14. (B) | 15. (A) | 16. (D) |
| 17. (A) | 18. (A) | 19. (C) | 20. (B) | 21. (D) | 22. (D) | 23. (A) | 24. (A) |
| 25. (D) | 26. (B) | 27. (E) | 28. (C) | 29. (C) | 30. (C) | 31. (B) | 32. (D) |
| 33. (A) | 34. (C) | 35. (B) | 36. (C) | 37. (D) | 38. (C) | 39. (C) | 40. (C) |
| 41. (D) | 42. (C) | 43. (A) | 44. (B) | 45. (B) | 46. (A) | 47. (C) | 48. (B) |
| 49. (A) | 50. (D) | 51. (B) | 52. (C) | 53. (B) | 54. (A) | 55. (C) | 56. (A) |
| 57. (B) | 58. (A) | 59. (A) | 60. (A) | 61. (B) | 62. (B) | 63. (A) | 64. (C) |
| 65. (A) | 66. (A) | 67. (D) | 68. (A) | 69. (B) | 70. (D) | 71. (C) | 72. (A) |
| 73. (C) | 74. (B) | 75. (C) | 76. (D) | 77. (D) | 78. (B) | 79. (B) | 80. (A) |
| 81. (C) | 82. (B) | 83. (D) | 84. (B) | 85. (C) | 86. (B) | 87. (D) | 88. (A) |
| 89. (D) | 90. (A) | 91. (A) | 92. (C) | 93. (A) | 94. (B) | 95. (C) | 96. (A) |
| 97. (D) | 98. (D) | 99. (C) | | | | | |

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

# मुहावरे

मुहावरा एक ऐसा वाक्यांश है जो अपने सामान्य अर्थ का बोध न कराकर किसी विलक्षण अर्थ को प्रतीत कराता है। वाक्यांश शब्द से स्पष्ट है कि मुहावरा संक्षिप्त होता है परन्तु अपने इस संक्षिप्त रूप में ही बड़े विचार या भाव को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करता है। जैसे – 'नौ दो ग्यारह होना' एक मुहावरा है जिसका अर्थ है – 'भाग जाना' और यह अर्थ व्यंजन द्वारा ही जाना जा सकता है क्योंकि इस वाक्यांश का वाच्यार्थ होता है – नौ और दो मिलकर ग्यारह होते हैं। यहाँ वाच्यार्थ नहीं ग्रहण किया जाएगा, यहाँ यह भी जान लेना आवश्यक है कि न तो मुहावरे के शब्द स्थान को परिवर्तित किया जा सकता है और न ही उसके किसी शब्द विशेष के स्थान पर उसका पर्यायवाची शब्द ही रखा जा सकता है। उदाहरणार्थ 'आग बबूला होना' के स्थान पर बबूला आग होना' या 'पावक बबूला होना' कहने से मुहावरा अशुद्ध हो जाएगा और उसकी सौम्यता नष्ट हो जाएगी। 'अरबी' भाषा का 'मुहावरा' : शब्द हिन्दी में 'मुहावरा' और उर्दू में 'मुहाविरा' नाम से अभिहित किया जाता है। इसका अर्थ है – 'अभ्यास' या 'बातचीत'। कुछ लोग मुहावरा को 'राजमर्रा' या 'वाग्धारा' भी कहते हैं। मुहावरों के प्रयोग से भाषा में सजीवता, गतिशीलता, सौन्दर्य और लालित्य आ जाता है।

## मुहावरों की सूची

- ठोकर लगना – **हानि उठाना**
- डकार जाना – **हड़प लेना**
- डोरे डालना – **प्रेम में फंसाना**
- अंगूठा दिखाना – **मना कर देना**
- अक्ल का दुश्मन होना – **मूर्ख होना**
- अक्ल सठियाना – **बुद्धि भ्रष्ट होना**
- अंगूठे पर रखना – **परवाह न करना**
- टेढ़ी खीर होना – **कठिन कार्य**
- टांग अड़ाना – **दखल देना**
- टें बोल जाना – **मर जाना**
- टोपी उछालना – **बेइज्जती करना**
- टस-से-मस न होना – **विचलित न होना, दृढ़ रहना**
- ठकुर सुहाती कहना – **खुशामद करना**
- अंधे की लकड़ी होना – **एकमात्र सहारा**
- अंगारे बरसना – **तीव्र गर्मी पड़ना**
- आँखें बिछाना – **स्वागत करना, प्रतीक्षा करना**
- आँखों में धूल झोंकना – **धोखा देना**
- अक्ल पर पत्थर पड़ना – **बुद्धि का काम न करना, मूर्ख बनना**
- आग बबूला होना – **अत्यधिक क्रोध करना**
- आस्तीन का साँप होना – **कपटी मित्र**
- आड़े हाथों लेना – **खरी खोटी सुनाना**
- हाथ-पांव फूलना – **घबरा जाना**
- आँखें दिखाना – **धमकाना**
- आटा-दाल का भाव मालूम पड़ना – **कठिनाइयों का अनुभव होना**
- आग में घी डालना – **क्रोध को भड़का देना**
- आसमान टूट पड़ना – **अचानक मुसीबत आ जाना**
- आसमान पर दिमाग होना – **अहंकारी होना**
- ईंट का जवाब पत्थर से देना – **करारा जवाब**
- ईद का चाँद होना – **बहुत कम दिखाई देना**
- ईंट से ईंट बजाना – **ध्वस्त कर देना**
- कलेजे पर पत्थर रखना – **दिल मजबूत करना**
- कलेजे पर साँप लोटना – **अन्तर्दाह होना**
- कलेजा मुँह को आना – **घबरा जाना**
- काठ का उल्लू होना – **मूर्ख होना**
- कान काटना – **चतुर होना**
- कान खड़े होना – **सावधान एवं सतर्क हो जाना**
- कान में तेल डालकर बैठना – **सुनी-अनसुनी कर देना**
- कान का कच्चा होना – **सुनी बात पर तुरन्त विश्वास कर लेना**
- काम तमाम करना – **मार डालना**
- काला अक्षर भैंस बराबर होना – **निरक्षर होना**
- कुएँ में बाँस डालना – **बहुत खोजबीन करना**
- कलई खुलना – **पोल खुलना**
- कलेजा फटना – **दु:ख होना**
- उंगली पर नचाना – **पुरी तरह नियंत्रण में रखना**
- उल्लू सीधा करना – **अपना काम बनाना**
- उल्टे छुरे से मूंढ़ना – **ठग लेना**
- उड़ती चिड़िया के पंख गिनना – **अत्यन्त चतुर होना**
- ऊँट के मुँह में जीरा होना – **अधिक खुराक वाले को कम देना**
- एक और एक ग्यारह होना – **संगठन से शक्ति बढ़ जाना**
- एड़ी चोटी का जोर लगाना – **बहुत प्रयास करना**
- एक थैली के चट्टे-बट्टे होना – **समान प्रवृत्ति का होना**
- ओखली में सिर देना – **जान बुझकर मुसीबत मोल लेना**
- औंधी खोपड़ी का होना – **बेवकूफ होना**
- कलेजा ठण्डा होना – **संतुष्ट एवं शांत होना**
- कीचड़ उछालना – **बदनाम करना**
- खून खौलना – **क्रोध आना**
- खून का प्यासा होना – **प्राण लेने को तत्पर**
- खाक छानना – **भटकना**
- खून का घूंट पीना – **क्रोध को दबाना**
- खटाई में पड़ना – **व्यवधान आ जाना**
- अपना उल्लू सीधा करना – **अपना काम बना लेना**
- अपने पैरों पर खड़ा होना – **खुद कमाने लगना (स्वावलम्बी होना)**
- अपने मुँह मियां मिट्ठू बनना – **अत्यन्त प्रशंसा करना**
- अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना – **अपना ही अहित करना**
- अपनी खिचड़ी अलग पकाना – **सबसे अलग रहना**
- अपना-सा मुँह लेकर रह जाना – **लज्जित होना**
- आँखों का तारा होना – **अत्यधिक प्रिय होना**
- आँखें चुराना – **संकोच के कारण सामना करने से हिचकना**
- आँखें लाल-पीली करना – **क्रोध करना**
- गाल बजाना – **डींग हाँकना**
- गड़े मुर्दे उखाड़ना – **पुरानी एवं अप्रिय बातों का स्मरण करना**
- गूलर का फूल होना – **दुर्लभ होना**
- गाँठ बाँधना – **याद करना**

rajbhashahindi



Join WhatsApp Group

- गले पड़ना - जबरदस्ती सम्बन्ध का इच्छु होना
- गुड़ गोबर कर देना - काम बिगाड़ देना
- घाट-घाट का पानी पीना - अनुभवी होना
- घी के दिये जलाना - प्रसन्न होना
- नमक हराम होना - कृतघ्न होना
- नौ दो ग्यारह होना - भाग जाना
- नाक में नकेल पड़ना - उत्तरदायित्व का अनुभव होना
- नाकों चने चबाना - बहुत सताना
- नाक-भौं सिकोड़ना - अप्रसन्नता व्यक्त करना
- नाक कटाना - प्रतिष्ठा को धूल में मिला देना
- पत्थर की लकीर होना - अमिट होना
- पांचों उंगली घी में होना - लाभ ही लाभ होना
- पीठ दिखाना - हार जाना
- पेट में दाढ़ी होना - कम उम्र में अधिक जानना
- छप्पर फाड़कर देना - अनायास लाभ होना
- छट्ठी का दूध याद आना - अत्यधिक कठिन या कष्टप्रद होना
- छाती पर मूंग दलना - पास रहकर दिल दु:खाना
- छूमन्तर होना - गायब हो जाना
- छाती पर साँप लोटना - ईर्ष्या करना
- जबान को लगाम देना - सोच समझकर बोलना
- जान के लाले पड़ना - प्राण संकट में पड़ना
- जी खट्टा होना - मन फिर जाना
- जमीन पर पैर न रखना - अहंकार होना
- जहर उगलना - बुराई करना
- जान पर खेलना - प्राणों की बाजी लगाना
- जी का गुबार निकालना - मन के असन्तोष को व्यक्त करना
- डंके की चोट पर रहना - खुले आम रहना
- ढ़ोल की पोल होना - खोखला होना
- ढ़िंढोरा पीटना - सबको बता देना
- तलवे चाटना - खुशामद करना
- तीन-तेरह होना - बिखर जाना
- तीन-पाँच करना - टालमटोल करना
- मुट्ठी गरम करना - रिश्वत देना
- म्यान से बाहर होना - अत्यधिक क्रोध करना
- रंग में भंग पड़ना - आनन्द में व्यवधान करना
- रंगा सियार होना - कपटी मनुष्य
- हाथ का मैल होना - अत्यन्त तुच्छ होना
- हवाइयाँ उड़ना - घबरा जाना
- तलवार की धार पर चलना - कठिन कार्य करना
- तिल का ताड़ करना - छोटी बात को बढ़ा देना
- तलवार के घाट उतारना - मार डालना
- दाँतों तले उँगली दबाना - आश्चर्य करना
- दाल में काला होना - आशंका होना
- दो-दो हाथ करना - युद्ध करना, लड़ना
- दिन में तारे दिखना - बुद्धि चकरा जाना
- धूप में बाल सफेद होना - अनुभव न होना
- धूल में मिला देना - नष्ट कर देना
- धाक जमाना - प्रभावित करना
- नाक रगड़ना - विनती करना
- नाक में दम करना - परेशान करना
- पानी-पानी होना - लज्जित होना
- पेंच ढ़ीला होना - कुछ पागल होना
- घाव पर नमक छिड़कना - दु:खी व्यक्ति को और दु:खी करना
- घुटने टेकना - हार मानना
- घड़ों पानी पड़ना - लज्जित होना
- चाँद का टुकड़ा होना - बहुत सुन्दर होना
- चिकना घड़ा होना - बात का असर न होना
- चाँदी काटना - अधिक लाभ कमाना
- चाँदी का जूता मारना - रिश्वत देना
- छक्का छुड़ाना - परास्त कर देना
- पीठ में छुरा भोकना - धोखा देना
- पौ बारह होना - खूब लाभ होना
- पांचों उंगली बराबर न होना - एक समान न होना
- फूलकर कुप्पा होना - प्रसन्न होना
- फूला न समाना - अत्यंत प्रसन्न होना
- रंगे हाथ पकड़ना - मौके पर पकड़ लेना
- लोहे के चने चबाना - कठिन कार्य करना
- लीपा पोती करना - छिपाने का प्रयास करना
- श्री गणेश करना - प्रारंभ करना
- सफेद हाथी बाँधना - अलाभकारी कार्य करना
- सफेद झूठ होना - पूर्णत: असत्य होना
- सिर धुनना - पछतावा करना
- सोने की चिड़ियाँ होना - अति समृद्ध होना
- साँप-छछूंदर की गति होना - किंकर्तव्यविमूढ़ होना
- सिर से कफन बाँधना - प्राणों की परवाह न करना
- बन्दर घुड़की देना - डराना
- बाल बांका न होना - कुछ भी हानि न होना
- बीड़ा उठाना - प्रण करना
- बगुला भगत होना - पाखण्डी होना
- थूक कर चाटना - कही बात से मुकर जाना
- थाली का बैगन होना - सिद्धान्तहीन होना
- दाँत खट्टे करना - पराजित कर देना
- दाल न गलना - काम न बनना
- दाँत काटी रोटी होना - गहरी मित्रता
- दाग लगना - कलंक लगना
- बाल की खाल निकालना - सुक्ष्म विवेचन करना
- बगलें झांकना - निरुत्तर होना
- भीगी बिल्ली बनना - डर जाना
- भूत सवार होना - पूरी तरह कार्य में जुट जाना
- भैंस के आगे बीन बजाना - प्रभावित न कर पाना
- भेड़ चाल होना - बिना विचार के अनुगामी होना
- मुँह में पानी आना - ललचना
- मिली भगत होना - षड्यंत्र में शामिल होना
- माथा ठनकना - आशंका होना
- मुँह की खाना - पराजित होना

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

1. **'छुमन्तर हो जाना' मुहावरा का अर्थ क्या है ?**
(A) सम्मोहित होना (B) गायब हो जाना
(C) लाभ होना (D) मन्त्रबद्ध होना

2. **'डोरे डालना' मुहावरा का अर्थ क्या है ?**
(A) प्रेम में फँसाना (B) दु:खी करना
(C) बाँधना (D) फन्दे में डालना

3. **'पत्थर की लकीर होना' के मुहावरे का तात्पर्य क्या है ?**
(A) कठोर होना (B) कठिन होना
(C) मिट जाना (D) अमिट होना

4. **इनमें से किस मुहावरे का अर्थ 'क्रोध' से जुड़ा नहीं है ?**
(A) खून खौलना (B) आँखें लाल-पीली करना
(C) आग बबूला होना (D) नाक रगड़ना

5. **'कीचड़ उछालना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?**
(A) बदनाम करना (B) गन्दा करना
(C) सहायता करना (D) पोल खोलना

**निर्देश (प्रश्न 6-69) :** निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बतायें ?

6. **माथ ठनकना -**
(A) भयभीत हो जाना (B) हिम्मत आ जाना
(C) क्रोध आना (D) अनिष्ट की आशंका होना

7. **लाल-पीला होना -**
(A) क्रोध करना (B) तेवर बदलना
(C) मुद्राएँ बदलना (D) रंग बदलना

8. **अंधी खोपड़ी -**
(A) कम दिखाई देना (B) मूर्ख
(C) कमजोर (D) बीमार

9. **ठीकरा फूटना -**
(A) जोर-जोर से हँसना (B) दु:खी होना
(C) किसी के सिर झूठा दोष लगाना
(D) बर्तन तोड़ना

10. **कोयले की दलाली में मुँह काला -**
(A) कोयले का व्यापार करना (B) बुरे काम में बुराई मिलना
(C) झूठ बोलना (D) व्यापार में घाटा होना

11. **कपटी मित्र -**
(A) गुदड़ी का लाल (B) आस्तीन का साँप
(C) अगले जमाने का आदमी (D) आँख का तारा

12. **उल्लू सीधा करना -**
(A) धूर्तता करना (B) खुशामद करना
(C) उल्लू पालना (D) अपना काम निकालना

13. **खून पानी होना -**
(A) पानी का खून में प्रवेश करना (B) कोई असर न होना
(C) भाई का खून करना (D) पानी पीते ही खून की उल्टी होना

14. **गाल बजाना -**
(A) डींग हांकना (B) गाल से आवाज निकालना
(C) घबरा जाना (D) धमकाना

15. **उल्टी गंगा बहाना -**
(A) अपनी बात से स्वयं को ही नुकसान पहुँचाना
(B) परम्पराओं के विपरीत कार्य करना
(C) निश्चित चाल के विपरीत कार्य करना
(D) बिना सोचे-विचारे कार्य करना

16. **आम के आम गुठलियों के दाम -**
(A) आम खाकर गुठली बेच देना (B) दोहरा लाभ
(C) नकली वस्तु देना (D) मनमानी करना

17. **टका-सा जवाब देना -**
(A) भला बुरा कहना (B) बेइज्जत करना
(C) साफ इन्कार कर देना (D) निरुत्तर देना

18. **कलेजा ठण्डा होना -**
(A) बहुत खुश होना (B) मर जाना
(C) किसी को कष्ट देना (D) सन्तोष होना

19. **आँखें चार होना -**
(A) प्रेम होना (B) इशारा करना
(C) आँखों से बातें करना (D) देखा देखी होना

20. **कमर कसना -**
(A) दृढ़ निश्चय कर लेना
(B) खूब करकर कपड़े पहनना
(C) दंडित करना
(D) कमर कसकर युद्ध पर निकल जाना

21. **घाट-घाट का पानी पीना -**
(A) शिक्षा ग्रहण करना (B) मारा मारा फिरना
(C) तीर्थ यात्रा करना (D) अनुभवी होना

22. **अंगारों पर लोटना -**
(A) दु:ख सहना (B) आग पर लेटना
(C) दूसरों को दु:खी करना (D) आग से खेलना

23. **बात का धनी -**
(A) हार न मानना (B) गुणी व्यक्ति
(C) वायदे का पक्का (D) अमीर व्यक्ति

24. **आँखों का तारा होना -**
(A) दुश्मन होना (B) प्रिय होना
(C) मित्र होना (D) मित्र नहीं होना

25. **घी के दिये जलाना -**
(A) दु:खी होना (B) समृद्ध होना
(C) प्रसन्नता व्यक्त करना (D) भयभीत होना

26. **छाती पर साँप लोटना -**
(A) कष्ट पहुँचना (B) दु:खी होना
(C) छाती जलना (D) ईर्ष्या होना

27. **कपटी लोग मित्र के निर्धन होने पर मन फेर लेते है -**
(A) पीठ दिखाना (B) आँखें बदलना
(C) हालत पतला होना (D) अंगूठा दिखाना

28. **अपने पिता के प्रति अपशब्द सुनकर कौन ऐसा बेटा होगा, जो क्रोध से, लाल न हो जाए -**
(A) अंगारों पर लेटना (B) आँखों से खून उतर जाना
(C) जान हथेली पर रखना (D) लोहा बजाना

29. **थाली में बैंगन होना -**
(A) उदार होना (B) जिसका अपना कोई विचार न हो
(C) व्यंग वचन बोलना (D) कष्ट देना

30. **गत बनाना -**
(A) दुर्दशा करना (B) मूर्ख बनाना

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

(C) बेचैन करना (D) मुक्ति दिलाना

**31. पासा पलटना –**
(A) अनैतिक कार्य करना (B) बदनामी मोल लेना
(C) अकारण बदनामी होना (D) अतिशीघ्र बदनामी होना

**32. गागर में सागर भरना –**
(A) थोड़े कार्य को बहुत बड़ा बताकर करना
(B) जरूरत से ज्यादा खाना
(C) छोटे पात्र में अधिक जल संग्रह करना
(D) थोड़े शब्दों में बड़े भाव या विचार प्रकट करना

**33. पाप काटना –**
(A) पीछा छूटना (B) प्रायश्चित करना
(C) निपटारा होना (D) सुख मिलना

**34. रोटियाँ तोड़ना –**
(A) बिना मेहनत किए पड़े-पड़े खाना
(B) असन्तुष्ट करना
(C) भरपेट खाना (D) कौर छोटा करना

**35. सिट्टी-पिट्टी गुम होना –**
(A) बटुआ गुम हो जाना (B) भय से होश-हवाश उड़ जाना
(C) विपत्ति आना (D) घिर जाना

**36. चलता-पुरजा होना –**
(A) प्रसिद्ध होना (B) निश्चित होना
(C) चालाकी से काम लेना (D) बेवकूफ होना

**37. काठ की हाँडी –**
(A) बहुत सस्ता (B) अस्थायी चीज
(C) कमजोर आदमी (D) बहुत मजबूत हँडिया

**38. दम खींचना –**
(A) जी घबड़ाना (B) साँस रोकना
(C) ठिठक जाना (D) बड़ी दुर्दशा करना

**39. दिल पक जाना –**
(A) कष्ट पहुँचना (B) अत्यन्त पीड़ित होना
(C) प्रेम न होना (D) अच्छा लगना

**40. नौ दो ग्यारह होना –**
(A) रफू चक्कर होना (B) निशाने पर लगना
(C) निशाना बन जाना (D) धोखे में पड़ना

**41. ढ़पोर शंख –**
(A) बेवकूफ (B) विख्यात होना
(C) काँपने लगना (D) सब सम्बंध छोड़ देना

**42. जौहर खुलना –**
(A) भेद का पता लगना (B) जौहर टूट जाना
(C) परीक्षा होना (D) क्रुद्ध होना

**43. डोरे पर लगाना –**
(A) डोरी से बाँधना (B) डोरी पर कसना
(C) डोरी से खींचना (D) सीधी राह पर लगाना

**44. अंगारों पर पैर रखना –**
(A) अग्नि परीक्षा देना
(B) नखरे करना
(C) जानबूझ कर खतरे का काम करना
(D) असम्भव कार्य करना

**45. पौ बारह होना –**
(A) सुबह हो जाना
(B) जीत होना
(C) चौपड़ के खेल का एक दाव
(D) बहुत लाभ होना

**46. छक्के छुड़ाना –**
(A) क्रिकेट के खेल का एक नियम (B) घायल करना
(C) हराना (D) परेशान करना

**47. गूलर का फूल होना –**
(A) खूब लाभ होना (B) अधिक प्यारा होना
(C) भाग जाना (D) लापता होना

**48. समुद्र मंथन करना –**
(A) उद्देश्य को प्राप्त करना (B) दृढ़ प्रतिज्ञा करना
(C) घोर तप करना (D) कठोर परिश्रम करना

**49. लूट में चर्खा नफा –**
(A) कुछ भी नहीं मिलने की स्थिति में कुछ मिल जाना
(B) हानि के बिना कार्य का सम्पादन
(C) घोर परिश्रम के बाद अल्प लाभ
(D) दुविधापूर्ण स्थिति

**50. नाक का बाल होना –**
(A) सुरक्षित होना (B) अत्यंत प्यारा होना
(C) नाक का रोग होना (D) सर्दी होना

**51. कलेजे पर साँप लोटना –**
(A) दूसरे को मूर्ख बनाना (B) ईर्ष्या या दु:ख से मन बेचैन होना
(C) बहुत प्रशंसा करना (D) लज्जित होना

**52. अनेक पाप करके पुण्य करने का ढोंग रचना –**
(A) रस्सी जल गई पर बल न गया
(B) नौ सौ चूहे खा के बिल्ली हज को चली
(C) हाथी के दाँत खाने के और दिखाने के और
(D) वा सोने को जारिए, जासों टूटे कान

**53. अंग-अंग ढ़ीला होना –**
(A) कमजोर होना (B) अंगों का बीमार पड़ना
(C) बुढ़ापा आना (D) बहुत थक जाना

**54. अंगारे उगलना –**
(A) आग लगाना (B) क्रोध में कठोर वचन कहना
(C) जले हुए कोयले इकट्ठा करना (D) आग बुझाना

**55. ईंट से ईंट बजा देना –**
(A) दो ईंटों से बाजा बजाना (B) ईंट तोड़ना
(C) नष्ट कर देना (D) प्रत्येक ईंट को संभाल कर रखना

**56. कलई खुलना –**
(A) भेद खुल जाना (B) अच्छी सफेद आना
(C) चूने में चमक आना (D) पुताई के बाद चूना झड़ना

**57. कान भरना –**
(A) कान में तेल डालना (B) कान में रुई डालना
(C) कान में बात कहना (D) चुगली करना या चुगली खाना

**58. सीधे मुँह बात न करना –**
(A) बातें न करना (B) बात बात में झगड़ना
(C) नाराजगी प्रकट करना (D) सीधे बात करने को तैयार न होना

**59. तीर मारना –**
(A) शिकार करना (B) बड़ा काम करना
(C) तीर चलाना (D) तीर चलाने में निपुण होना



Join WhatsApp Group

**60. छाती पर मूँग दलना –**
(A) मूँग की दाल बनाना (B) अधिक परेशान करना
(C) दाल में मूँग डालना (D) मूँग साफ करना

**61. मिट्टी पलीद होना –**
(A) घोड़ों के दौड़ने से खेत की मिट्टी खराब होना
(B) मिट्टी में खाद देना
(C) हालत या इज्जत खराब होना
(D) धन बर्वाद होना

**62. बगलें झाँकना –**
(A) इधर-उधर की बातें करना (B) व्यर्थ में समय नष्ट करना
(C) उत्तर न दे सकना (D) इनमें से कोई नहीं

**63. पानी-पानी होना –**
(A) लज्जित होना (B) भीग जाना
(C) डूब जाना (D) सुखी होना

**64. अंगूठी का नग होना –**
(A) बहुत कीमती होना (B) कीमत का अन्दाज लगाना
(C) सौन्दर्य से लगा हुआ (D) अंगूठी अन्दर होना

**65. कदम लड़खड़ाना –**
(A) टिक न पाना (B) बहुत थकान होना
(C) गिर पड़ना (D) असमर्थ हो जाना

**66. दो नावों पर पैर रखना –**
(A) दो जगह रहना (B) दो विरोधी बातें करना
(C) डूब जाना (D) इनमें से कोई नहीं

**67. चोर पर मोर –**
(A) चोर के पास मोर (B) एक-दूसरे से ज्यादा धूर्त
(C) सोने की मुहरें (D) इनमें से कोई नहीं

**68. जी जान पर खेलना –**
(A) सब कुछ बलिदान करना (B) कुपित हो जाना
(C) पीछे पड़ जाना (D) इनमें से कोई नहीं

**69. आस्तीन का साँप होना –**
(A) विषाक्त होना (B) चंचल होना
(C) विश्वासघाती होना (D) मूर्खतापूर्ण कार्य करना

**निर्देश ( प्रश्न 70-79 ) :** निम्नलिखित प्रश्नों के दिए गए वाक्यों के बोल्ड भाग में कुछ न कुछ त्रुटि है उसके शुद्ध रूप में नीचे के विकल्प से ज्ञात कीजिए। यदि बोल्ड भाग में कोई गलती न हो तो अपने उत्तर के रूप में (D) अर्थात् कोई सुधार आवश्यक नहीं है, को इंगित कीजिए –

**70.** माली **तुरन्त पके और मीठे फल** वृक्षों से तोड़ लेता है –
(A) जल्द ही पके और मीठे फल (B) आधे पके और आधे अनपके
(C) पके और मीठे फल (D) कोई सुधार आवश्यक नहीं है

**71.** समाज एवं देश के बहुमुखी विकास के लिए तन, मन, धन से प्रयत्न करना होगा। **केवल मात्र कागजी योजनाओं** से कोई लाभ नहीं होगा –
(A) केवल सिर्फ कागजी योजनाओं (B) सिर्फ मात्र कागजी योजनाओं
(C) मात्र कागजी योजनाओं (D) कोई सुधार आवश्यक नहीं है

**72.** बढ़ती महँगाई के कारण **देशी घी खरीदने** की सार्थकता लोगों में नहीं रह गई –
(A) देशी घी खरीद सकने (B) देशी घी खरीद करने
(C) देशी सामान खरीद सकने (D) कोई सुधार आवश्यक नहीं है।

**73.** बैठक कक्ष **केवल महिलाओं के उपयोग** के लिए है –
(A) केवल महिलाओं द्वारा इसका उपयोग होना चाहिए
(B) केवल महिलाओं के उपयोग में लाना चाहिए
(C) इसका उपयोग केवल महिलाओं द्वारा हो
(D) कोई सुधार आवश्यक नहीं

**74.** सभी घायल **भर्ती किए गए तथा ध्यान रखा गया** –
(A) अन्दर दाखिल हुए और ध्यान दिया गया
(B) दाखिल हुए और ध्यान दिया गया
(C) भर्ती किए गए और ध्यान रखा गया
(D) कोई सुधार आवश्यक नहीं

**75.** वह वकील हमारा मुकदमा सही ढंग से लड़ने की अपेक्षा हमें **खेल खिला रहा है** –
(A) परेशान कर रहा है (B) धोखा देना
(C) बहकाना (D) समय नष्ट करना

**76.** जो व्यक्ति **गिरगिट की तरह रंग बदलता** हो वह किसी का सच्चा मित्र नहीं हो सकता –
(A) अविश्वसनीय होना (B) पाशविक होना
(C) निराधार बातें करना (D) सिद्धान्तहीन होना

**77.** जब अपने ऊपर पड़ी तो अद्भुत वीरता का प्रदर्शन करते हुए उसने **कालियदमन** कर डाला –
(A) अत्याचार के विरूद्ध आवाज उठाना
(B) शत्रु को मार डालना
(C) अत्याचारी का विनाश करना
(D) भ्रष्ट नेताओं का विरोध करना

**78.** राम अपने पिता की आर्थिक स्थिति से बेपरवाह था किन्तु जब उसे अपने कर्तव्य का बोध हुआ तो उस पर **घड़ों पानी पड़ गया** –
(A) अपमानित होना (B) निर्लज्ज होना
(C) हास्य-पात्र बनना (D) बहुत शर्मिन्दा होना

**79.** मैंने एक बार उन्हें अपना अतिथि बनाकर **टक्कर खाई है** किन्तु फिर यह गलती मैं नहीं करुँगा –
(A) नुकसान उठाना (B) सेवा करना
(C) कष्ट उठाना (D) अत्यधिक व्यय करना

**80. 'भीष्म प्रतिज्ञा' का अर्थ है –**
(A) दिखने मात्र की प्रतिज्ञा (B) कठोर प्रतिज्ञा
(C) दृढ़ प्रतिज्ञा (D) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (A) | 3. (D) | 4. (D) | 5. (A) | 6. (D) | 7. (A) | 8. (B) |
| 9. (C) | 10. (B) | 11. (B) | 12. (D) | 13. (B) | 14. (A) | 15. (B) | 16. (B) |
| 17. (C) | 18. (D) | 19. (D) | 20. (A) | 21. (B) | 22. (A) | 23. (C) | 24. (B) |
| 25. (C) | 26. (D) | 27. (B) | 28. (B) | 29. (B) | 30. (A) | 31. (D) | 32. (D) |
| 33. (A) | 34. (A) | 35. (B) | 36. (C) | 37. (B) | 38. (B) | 39. (B) | 40. (A) |
| 41. (A) | 42. (A) | 43. (D) | 44. (C) | 45. (D) | 46. (C) | 47. (D) | 48. (D) |
| 49. (C) | 50. (B) | 51. (B) | 52. (B) | 53. (D) | 54. (B) | 55. (C) | 56. (A) |
| 57. (D) | 58. (C) | 59. (B) | 60. (B) | 61. (C) | 62. (C) | 63. (A) | 64. (A) |
| 65. (A) | 66. (D) | 67. (B) | 68. (A) | 69. (C) | 70. (C) | 71. (C) | 72. (D) |
| 73. (D) | 74. (D) | 75. (A) | 76. (A) | 77. (C) | 78. (D) | 79. (A) | 80. (C) |

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

# लोकोक्तियाँ

कहावत का अर्थ है – 'ऐसी कही हुई बात जिसमें जीवन के अनुभवों को संक्षिप्त एवं विलक्षण ढंग से व्यक्त किया गया हो और वह समय की कसौटी पर खरी उतरती हो। कहावत को सूक्ति, सुभाषित और लोकोक्ति भी कहते है। कहावतें हमारी सांस्कृतिक विरासत है। ये इतिहास में किन्हीं विशिष्ट घटनाओं एवं परिसिथतियों से उपज कर भाषा के माध्यम से देश और काल में दी जाती है। कहावतें समाज का भाषाई इतिहास होती हैं अतएव इनका प्रयोग प्रयोक्ता की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक सजगता का द्योतक होता है। कहावतें ढली–ढलाई वक्रताएँ हैं जो अपने स्थिर अर्थ के बावजूद भी वक्ता के मनोभाव को चमक के साथ प्रस्तुत करती है।

इस प्रकार लोकोक्ति के पीछे कोई घटना या कथा होती है और उससे निकली बात लोगों की जुबान पर चढ़कर 'कहावत' बन जाती है। मुहावरे वाक्यांश होते हैं, पर लोकोक्तियाँ वाक्य होती है। 'मुहावरे' सामान्य अर्थ छोड़कर विशेष अर्थ देते हैं, पर लोकोक्तियों में मूल अर्थ संकेतात्मक हो जाता है एवं निष्कर्ष स्वरूप अनुभव में, जीवन से जुड़ा अर्थ सामने आता है।

## प्रमुख लोकोक्तियाँ एवं उनके अर्थ

| लोकोक्ति | अर्थ |
|---|---|
| • **आ बैल मुझे मार** | – जान बूझकर झगड़ा मोल लेना |
| • **आगे नाथ न पीछे पगहा** | – पूर्ण स्वतंत्र होना |
| • **अपना हाथ जगन्नाथ** | – अपना किया हुआ काम लाभदायक होता है |
| • **अब पछताए होत क्या जब चिड़ियाँ चुग गईं खेत** | – पहले सावधानी न बरतना बाद में व्यर्थ पछताना |
| • **आगे कुआँ पीछे खाई** | – सभी ओर से विपत्ति आना |
| • **ऊँची दुकान फीका पकवान** | – मात्र दिखावा |
| • **उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे** | – अपना दोष दूसरे के मत्थे मढ़ना |
| • **उंगली पकड़कर पहुँचा पकड़ना** | – धीरे-धीरे साहस बढ़ जाना |
| • **अक्ल बड़ी या भैंस** | – शारीरिक शक्ति की तुलना में बौद्धिक शक्ति की श्रेष्ठता होना |
| • **आम के आम गुठलियों के दाम** | – दुहरा लाभ होना |
| • **अपने मुंह मियाँ मिट्ठु बनना** | – आत्म प्रशंसा करना |
| • **आँख का अन्धा गाँठ का पूरा** | – धनी मूर्ख |
| • **अन्धेर नगरी चौपट राजा** | – मूर्ख राजा के राज्य में अन्याय होना |
| • **उल्टे बाँस बरेली को** | – विपरीत कार्य करना |
| • **उतर गई लोई क्या करेगा कोई** | – इज्जत जाने पर भय कैसा |
| • **ऊधौ का लेना न माधो का देना** | – किसी से कोई सम्बन्ध न रखना |
| • **ऊँट की चोरी निहुरे-निहुरे** | – बड़ा काम लुक-छिपकर नहीं होता |
| • **एक पंथ दो काज** | – एक काम से दूसरा काम |
| • **एक थैली के चट्टे-बट्टे** | – समान प्रकृति वाले |
| • **एक म्यान में दो तलवार** | – एक स्थान पर दो समान वस्तुएँ या व्यक्ति एक साथ नहीं रह सकते |
| • **अपनी करनी पार उतरनी** | – जैसा करना वैसा भरना |
| • **आधा तीतर आधा बटेर** | – बेतुका मेल |
| • **अधजल गगरी छलकत जाय** | – थोड़ी विद्या या थोड़े धन को पाकर वाचाल जो जाना |
| • **अन्धों में काना राजा** | – अज्ञानियों में अल्पज्ञ की मान्यता होना |
| • **अपनी-अपनी ढ़फली अपना-अपना राग** | – वैचारिक भिन्नता होना |
| • **एक मछली सौ तालाब को गन्दा करती है** | – एक खराब व्यक्ति सारे समाज को बदनाम कर देता है |
| • **एक हाथ से ताली नहीं बजती** | – झगड़ा दोंनों ओर से होता है। |
| • **एक तो करेला दूजे नीम चढ़ा** | – दुष्ट व्यक्ति में और भी दुष्टता का समावेश होना |
| • **नाम बड़े दर्शन छोटे** | – प्रसिद्धि के अनुरूप गुण न होना |
| • **भागते भूत की लंगोटी सही** | – जो मिल जाय वही काफी है |
| • **मान न मान मैं तेरा मेहमान** | – जबरदस्ती गले पड़ना |
| • **सिर मुंड़ाते ही ओले पड़े** | – कार्य प्रारंभ होते ही विघ्न आना |
| • **हाथ कंगन को आरसी क्या** | – प्रत्यक्ष को प्रमाण की क्या जरूरत |
| • **होनहार बिरवान के होत चीकते पात** | – होनहार व्यक्ति बचपन में ही पता चल जाता है |
| • **बद से अच्छा बदनाम बुरा** | – बदनामी बुरी चीज है |
| • **मन चंगा तो कठौती में गंगा** | – शुद्ध मन से भगवान प्राप्त होते हैं |
| • **एक अनार सौ बीमार** | – कम वस्तु, चाहने वाले अधिक |
| • **एक बूढ़े बैल को कौन बांध भुस देय** | – अकर्मण्य (या वृद्ध) को कोई नहीं रखना चाहता |
| • **कभी नाव गाड़ी पर कभी गाड़ी नाव पर** | – समय पड़ने पर एक-दूसरे की मदद करना |
| • **खोदा पहाड़ निकला चुहिया** | – कठिन परिश्रम का तुच्छ परिणाम |
| • **खिसियानी बिल्ली खम्भा नोंचे** | – अपनी शर्म छिपाने के लिए व्यर्थ का काम करना |
| • **खग जाने खग ही की भाषा** | – समान प्रवृति वाले लोग एक-दूसरे को समझ पाते हैं |
| • **गंजेड़ी यार किसके, दम लगा खिसके** | – मतलबी यार स्वार्थ साधने के बाद साथ छोड़ देते हैं |
| • **गुड़ खाए गुलगुलों से परहेज** | – ढोंग रचना |
| • **घर की मुर्गी दाल बराबर** | – अपनी वस्तु का कोई महत्व नहीं |
| • **घर का भेदी लंका ढावें** | – घर का शत्रु अधिक खतरनाक होता है |
| • **घर खीर तो बाहर भी खीर** | – अपना घर सम्पन्न हो तो बाहर भी सम्मान मिलता है |
| • **ओखली में सिर दिया तो मूसलों से क्या डरना** | – जान-बूझकर प्राणों को संकट में डालने वाले प्राणों की चिन्ता नहीं करते |
| • **अंगूर खट्टे हैं** | – वस्तु न मिलने पर उसमें दोष निकालना |
| • **कहाँ राजा भोज कहाँ गंगू तेली** | – बेमेल एकीकरण |
| • **काला अक्षर भैंस बराबर** | – निरक्षर या अनपढ़ |
| • **कोयले की दलाली में मुँह काला** | – बुरे काम से बुराई मिलना |
| • **काम का न काज का दुश्मन अनाज का** | – बिना काम बैठे-बैठे खाना |
| • **काठ की हण्डिया बार-बार नहीं चढ़ती** | – कपटी व्यवहार हमेशा नहीं किया जा सकता |
| • **का बरखा जब कृषि सुखाने** | – काम बिगड़ने पर सहायता व्यर्थ होती है |
| • **चिराग तले अंधेरा** | – अपना दोष स्वयं दिखाई नहीं देता |
| • **चोर की दाढ़ी में तिनका** | – अपराधी व्यक्ति सदैव सशंकित रहता है |

राजभाषा हिंदी
rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

- **चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए** - कंजूस होना
- **नीम हकीम खतरे जान** - अल्पज्ञान खतरनाक होता है
- **दूध का दूध पानी का पानी** - ठीक-ठीक न्याय करना
- **बन्दर क्या जाने अदरख का स्वाद** - गुणहीन गुण को नहीं पहचानता
- **पर उपदेश कुशल बहुतेरे** - दूसरों को उपदेश देना सरल है
- **चोर-चोर मौसेरे भाई** - एक से स्वभाव वाले
- **जल में रहकर मगर से बैर** - स्वामी से शत्रुता नहीं करनी चाहिए
- **जाके पांव न फटी बिवाई सो का जाने पीर पराई** - भुक्तभोगी ही दूसरों का दु:ख जान पाता है
- **थोथा चना बाजे घना** - ओछा आदमी अपने महत्व का अधिक प्रदर्शन करता है
- **छाती पर मूंग दलना** - कोई ऐसा काम होना जिससे आपको व दूसरों को कष्ट पहुँचे
- **दाल भात में मूसलचन्द** - व्यर्थ में दखल देना
- **धोबी का कुत्ता घर का न घाट का** - कहीं का न रहना
- **नेकी और पूछ-पूछ** - बिना कहे ही भलाई करना

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. 'नाई की बारात में ठाकुर ही ठाकुर' लोकोक्ति का अर्थ क्या है ?**
(A) ऊँच-नीच का भेद न मानना (B) संगठन में ही शक्ति होना
(C) संगठन में नेतृत्व की कमी (D) नेता के बिना संगठन

**2. 'घोड़ा घास से यारी करे तो खाये क्या' लोकोक्ति का तात्पर्य क्या है?**
(A) अपने काम से काम करना (B) रोजगार में दोस्ती नहीं चलती
(C) अत्यन्त कंजूस होना (D) किसी की सहायता न करना

**3. 'काला अक्षर भैंस बराबर' का अर्थ है -**
(A) पढ़ा लिखा होना (B) मूर्ख बनना
(C) निरक्षर होना (D) बुद्धिमान होना

**4. 'कहाँ राजा भोज, कहाँ गंगू तेली' लोकोक्ति का सही अर्थ है ?**
(A) अमीर-गरीब का एक साथ रहना
(B) अमीर-गरीब की तुलना करना
(C) असमान व्यक्ति की तुलना नहीं करनी चाहिए
(D) ऊँच-नीच न मानना

**5. 'एक तो करेला उस पर नीम चढ़ा' का सही अर्थ होगा -**
(A) कुसंग में पड़ना (B) बुरी संगत से और बुरा बन जाना
(C) अत्यन्त कड़वा बोलना (D) करेला और नीम का साथ होना

**6. हथेली पर सरसों नहीं जमती -**
(A) सरसों के लिए जमीन चाहिए हथेली नहीं
(B) हर काम में मनमानी नहीं चल सकती
(C) काम के लिए समय चाहिए, जब चाहों तभी काम नहीं हो
(D) सफलता समय पर आती है

**7. आधा तीतर आधा बटेर -**
(A) तीतर और बटेर का मिश्रण
(B) दो कामों में एक का भी न होना
(C) गुण के विरूद्ध नाम होना
(D) एक काम से दूसरा काम हो जाना

**8. अन्धी पीसे कुत्ता खाए -**
(A) सब ओर विपत्ति (B) कमाए कोई खाए कोई
(C) दिखावा कम, काम ज्यादा (D) मूर्ख, लेकिन न्यारा

**9. घर का जोगी जोगना आन गाँव का सिद्ध -**
(A) घर के ज्ञानी को सम्मान नहीं (B) घर-घर में मिट्टी के चूल्हे
(C) घर की मुर्गी दाल बराबर (D) घर का भेदी लंका ढाहे

**10. तेली का तेल जले, मसालची का दिल जले -**
(A) तेली तेल देता है और मसालची अपने दिल में उसे जलाता है।
(B) मन में ईर्ष्या का भाव उत्पन्न होना
(C) एक को खर्च करते हुए देख दूसरा परेशान होना
(D) मसालची बड़े आनन्द के साथ तेल जलाता है

**11. पैर फैला कर सोना -**
(A) निश्चिंत होकर सोना (B) दूसरों की उपेक्षा करना
(C) सुविधापूर्वक सोना (D) गहरी निद्रा में सोना

**12. अन्धे के हाथ बटेर लगना -**
(A) अचानक कोई लाभ होना
(B) अंधा भी अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकता है
(C) बिना परिश्रम के सफलता मिल जाना
(D) भाग्य से कोई वस्तु मिल जाना

**13. ढाक के वही तीन पात होना -**
(A) सदा एक-सा (B) यत्नपूर्वक करना
(C) ऊटपटाँग काम करना (D) निर्धन होना

**14. मेंढ़क को जुकाम होना -**
(A) नाम हासिल करना (B) मरने को होना
(C) मनचाही वस्तु पाना (D) अनहोनी होना

**15. तबेले की बला बन्दर के सिर -**
(A) अपना दोष दूसरों के सिर मढ़ना
(B) किसी का अपराध दूसरे के सिर
(C) एक-दूसरे से लड़वाना
(D) किसी की शिकायत दूसरों से करना

**16. कुम्हार अपना ही घड़ा सराहता है -**
(A) अपनी ही बड़ाई करना
(B) अपनी बनाई हुई वस्तु सबको अच्छी लगती है
(C) किसी को बोलने नहीं देना
(D) दूसरों के वस्तु को तुच्छ समझना

**17. गए थे रोजा छुड़ाने, नमाज पड़ी गले -**
(A) मुश्किल में पड़ जाना
(B) कष्ट पहुँचना
(C) गरीब हो जाना
(D) उपकार करने के बदले स्वयं को दु:ख भोगना पड़ा

**18. गंगा गए गंगादास, जुना गए जमुनादास -**
(A) जिसका कोई दृढ़ सिद्धांत नहीं होता
(B) किसी की नहीं सुनना

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

(C) अपना-अपना काम करना
(D) अपने-अपने घर जाना

**19. धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का -**
(A) अतिशय लाभ की स्थिति में होना
(B) कठिन कार्य को सम्पन्न करने वाला
(C) निकृष्ट व्यक्ति को कहीं भी आदर नहीं मिलता
(D) विपरीत स्थिति को झेलने वाला

**20. काठ का हाँडी चढ़े न दूजो बार -**
(A) एक का दूसरे पर निर्भर होना
(B) किसी तरह के दायित्व का न होना
(C) असामान्य की तुलना सामान्य से नहीं होती
(D) कपट का फल अच्छा नहीं होता

**21. काला अक्षर भैंस बराबर -**
(A) अनपढ़ व अशिक्षित व्यक्ति
(B) काले अक्षर को महत्त्व देना
(C) काला अक्षर लाभदायक मानना
(D) नासमझ होना

**22. हँसुए के ब्याह में खुरपी का गीत -**
(A) बाजा बजाना (B) खुशी का मौसम
(C) असंगत बातें करना (D) शादी का गीत गाना

**23. जाके पांव न फटे बिवाई सो क्या जाने पीर पराई -**
(A) दयालू होना
(B) दूसरे के कष्ट को अनुभव करना
(C) कठोर होना
(D) जिसके ऊपर बीतती है वह जानता है

**24. अशर्फी की लूट और कोयले पर छाप -**
(A) विद्वान और मूर्ख के अन्तर का अभाव
(B) बहुमूल्य वस्तु को नष्ट होने देना और तुच्छ की सुरक्षा करना
(C) कंजूस होना
(D) दूसरे का धन लूटकर अपनी सम्पत्ति को बढ़ाना

**25. जस दूल्हा तस बनी बराता -**
(A) संगठन से ही कार्य सिद्ध होता है
(B) सुन्दर वस्तु के साथ ही सुन्दर वस्तु का मेल होना
(C) सभी साथी एक ही जैसे (D) बेढ़ंगा होना

**26. अपनी डफली अपना राग -**
(A) सबका अपने-अपने मन के अनुसार चलना
(B) संगठन का अभाव
(C) अपना दुखड़ा रोना (D) स्वतंत्र होना

**27. चार दिन की चाँदनी फिर अँधेरी रात -**
(A) थोड़े दिनों का सुख होना (B) चाँदनी रात अच्छी लगती है
(C) आसमान में चाँद खिला है (D) तारे रात में टिमटिमाते है

**28. कोई ईर घाट तो कोई बीर घाट -**
(A) घरो में भीड़ होना (B) एक घाट से दूसरे घाट दौड़ना
(C) तालमेल न होना (D) घाटों पर वीरता दिखाना

**29. भीगी बिल्ली बनना -**
(A) चूहों से डर जाना (B) गुस्से में कांपने लगना
(C) दीन-हीन होकर सहम जाना (D) भूखा रह जाना

**30. समुद्र मन्थन करना -**
(A) दृढ़ प्रतिज्ञा करना (B) कठोर परिश्रम करना
(C) उद्देश्य को प्राप्त करना (D) घोर तप करना

**31. विश्वास सबसे बड़ी चीज है - यह किस कहावत का अर्थ है ?**
(A) अँधेर नगरी चौपट राजा (B) आँख के अंधे गाँठ के पूरे
(C) मानो तो देव, नहीं तो पत्थर (D) आम के आम, गुठली के दाम

**32. दाँत काटी रोटी - कहावत का अर्थ है ?**
(A) क्रुद्ध होना (B) घनिष्ठ मित्रता
(C) चकित होना (D) संकट में होना

**33. लोकोक्ति का अर्थ बताइए - 'आये थे हरिभजन को ओटन लगे कपास'**
(A) हरिभजन से विमुख होना (B) कपास ओटने लगना
(C) तुच्छ कार्य करना (D) इनमें से कोई नहीं

**34. भैंस के आगे बीन बजाए भैंस रही पगुराय - कहावत का अर्थ है?**
(A) भैंस को प्रसन्न करने के लिए बाजा बजाना
(B) भैंस को पागुर करने के लिए घास देना
(C) भैंस को संगीत सुनाना
(D) मूर्ख के सामने गुणों का बखान करना

**35. आग लगने पर कुआँ खोदना**
(A) विपत्ति आ जाने पर उसका निराकरण करना
(B) तसल्ली से कोई काम करना
(C) व्यर्थ भाग-दौड़ करना
(D) विपत्ति आ जाने पर तुरन्त समाधान खोजना

**36. हथेली पर सरसों नहीं जमती**
(A) कोई कार्य झटपट नहीं हो सकता
(B) हर काम समय से होता है
(C) हर काम के लिए उचित स्थान चाहिए
(D) इनमें से कोई नहीं

**37. तेल देखो तेल की धार देखों**
(A) तेल की धार देखकर तेल का परीक्षण करना
(B) रूख पहचानना
(C) लापरवाही से नुकसान होता है
(D) काम करते समय उसकी पहचान करना

**38. तन पर नहीं लत्ता पान खाए अलबत्ता**
(A) बुरी आदत का शिकार (B) एक साथ दो लाभ
(C) बहुत गरीब होना (D) झूठा दिखावा करना

**39. गुड़ चखाए गुलगुला से परहेज**
(A) किसी व्यक्ति से प्यार करके उसके व्यवहार से घृणा
(B) अच्छी चीजें स्वीकारना, बुरी चीजें नकारना
(C) किसी वस्तु पर नाक-भौं सिकोड़ना
(D) इनमें से कोई नहीं



राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com
Join WhatsApp Group

**40. कोई ईर घाट तो कोई वीर घाट**
(A) ताल-मेल न होना
(B) बहुत चालाक होना
(C) बार-बार कथन बदलना
(D) तितर-बितर होना

**41. जहाँ न पहुँचे रवि वहाँ पहुँचे कवि**
(A) कवि निरंकुश होता है
(B) कवि के लिए कुछ भी अगम्य नहीं
(C) कवि भाव प्रवण होता है
(D) कवि कल्पनाशील होता है

**42. अपना हाथ जगन्नाथ**
(A) अपने सामर्थ्य पर दृढ़ विश्वास होना
(B) ईश्वर का ही सहारा होना
(C) हस्त रेखाओं में भविष्य बाँचना
(D) जगन्नाथ से सहायता की याचना करना

**43. फटे में पाँव दफ्तर में नाव**
(A) गलत झमेले में पड़ना
(B) बिना सोचे समझे कार्य करके मुसीबत झेलनी पड़ती है
(C) दूसरों के झगड़े में पड़कर गवाही देने की गठिनाई झेलनी पड़ती है
(D) दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप करके कठिनाई झेलनी पड़ती है।

**44. जहाँ न पहुँचे रवि वहाँ पहुँचे कवि**
(A) कवि के लिए कुछ भी अगम्य नहीं
(B) कवि निरंकुश होता है
(C) कवि कल्पनाशील होता है
(D) कवि भावप्रवण होता है।

**45. आसमान से गिरा खजूर में अटका**
(A) मृत्यु से रक्षा हो जाना
(B) बड़ी मुसीबत की जगह छोटी मुसीबत में पड़ जाना
(C) किसी काम के बनने में अनेक बाधाएँ उपस्थित हो जाना
(D) सफलता से थोड़ी दूर रह जाना

**46. दुविधा में दोनों गए माया मिली न राम**
(A) अनिश्चिय की स्थिति में व्यक्ति दोनों ओर से हानि उठाता है।
(B) अनिश्चय की स्थिति में व्यक्ति न ऐश्वर्य पा सकता है और न भक्ति
(C) एक चीज के पीछे पड़कर दूसरी को भी खो देना
(D) धन के लालच में भक्ति भी खो दी और धन भी न प्राप्त हुआ।

**47. अंधा पावै आँखें तो पतियाय**
(A) सबसे मूल्यवान वस्तु प्राप्त करके प्रसन्न होना
(B) अभीष्ट की प्राप्ति होने पर विश्वास का जमना
(C) असम्भव की चाह होना
(D) असम्भव को सम्भव कर दिखाना

**48. उत्तर गई लोई तो क्या करेगा कोई**
(A) बेशर्म का कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है
(B) साधनहीन व्यक्ति विवश हो जाता है
(C) सब नष्ट हो जाने के बाद सहायता का क्या लाभ
(D) बदनाम व्यक्ति को बुराई से क्या डर

**49. कमावै धोती वाला, उड़ावै टोपी वाला**
(A) सीधे व्यक्ति कमाते हैं और दिखावटी उसे खर्च करते हैं
(B) परिश्रमी लोग कमाते हैं और शौकीन उसे खर्च करते हैं
(C) पिता कमाता है और बच्चे उसे खर्च करते हैं
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**50. अरहर की टट्टी गुजराती ताला**
(A) व्यर्थ धन व्यय करना
(B) अनमोल साधन जुटाना
(C) बेमतलब रईसी दिखाना
(D) आवश्यकता से अधिक सावधान होना

**51. काल अक्षर भैंस बराबर**
(A) छिद्रान्वेषी होना
(B) समदर्शी होना
(C) अनपढ़ होना
(D) अदूरदर्शी होना

**52. एक तवे की रोटी, क्या छोटी क्या मोटी**
(A) भोजन की सामग्री में दोष निकालना ठीक नहीं
(B) सब लगभग एकसमान होना
(C) व्यकित को उसके गुण और दोष दोनों के साथ परखना चाहिए
(D) एक परिवार के सभी सदस्य एकसमान होते है

**53. चोर की दाढ़ी में तिनका**
(A) चोर आडम्बर दिखाता है
(B) चोर साधारण जन से अधिक दान करता है
(C) अपराधी सदा शंका से घिरा रहता है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**54. कहने से कुम्हार गधे पर नहीं चढ़ता**
(A) जो कहो उससे विपरीत कार्य करने वाला
(B) हठी मनुष्य किसी का कहना नहीं मानता
(C) किसी के कहने से गलत काम करना बुद्धिमानी नहीं है
(D) अपने काम के प्रति लज्जा करना

**55. आँख का अंधा नाम नयनसुख**
(A) एक ही व्यक्ति में कई अवगुण होना
(B) केवल नाम अच्छा होने से ही कोई व्यक्ति अच्छा नहीं होता
(C) गुण के विपरीत नाम
(D) आँख न होने पर भी सुखी

**56. काठ की हाँड़ी बार-बार नहीं चढ़ती**
(A) बुरे दिन हमेशा नहीं रहते
(B) लकड़ी का बर्तन अग्नि से जल सकता है
(C) छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता
(D) दुर्भाग्य की मार बार-बार नहीं होती

**57. एक तो चोरी दूसरे सीना जोरी**
(A) अपराध करके छिपाना
(B) अपराधी होकर उल्टे अकड़ दिखाना
(C) अपराध करके साफ मुकर जाना
(D) अपराध करके उसे गलत न मानना

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

**58. ऊँट को निगल लिया और दुम को हिचके**
(A) बड़ा पाप करके छोटे पाप को करने में संकोच करना
(B) बड़ी विपत्ति को स्वीकार करना और साधारण बात पर संकोच करना
(C) कई पाप करके पवित्र होने का नाटक करना
(D) बड़ा कार्य सम्पन्न कर देना और छोटे से काम को मना कर देना

**59. घड़ी में तोला घड़ी में माशा**
(A) बहुत ही नाजुक मिजाज
(B) डण्डी मारने में कुशल व्यापारी
(C) ऐसा व्यापार जिसमें एक पल मुनाफा हो तो दूसरे ही पल नुकसान
(D) जरा-सी बात पर खुश और नाराज होना

**60. का बरखा जब कृषि सुखाने**
(A) फसल अच्छी हो तो वर्षा की क्या आवश्यकता
(B) फसल सूख जाने पर वर्षा व्यर्थ है
(C) काम बिगड़ने पर सहायता व्यर्थ है
(D) सहायता मिलने पर भी यदि काम बिगड़ जाए तो वह सहायता व्यर्थ है

**61. टूट चाप नहीं जुरै रिसाने**
(A) टूटा धनुष क्रोध करने से नही जुड़ता
(B) चिन्ता छोड़ो, सुख से जिओ
(C) नुकसान के लिए परेशान नहीं होना चाहिए
(D) नुकसान हो जाने पर क्रोध करना व्यर्थ होता है

**62. डूबते का तिनके का सहारा**
(A) आपत्ति के समय थोड़ी सहायता भी बड़ी होती है
(B) थोड़े से उपकार से व्यक्ति का भाग्य बदला जा सकता है
(C) थोड़ी-सी सहायता से व्यक्ति की दरिद्रता दूर हो सकती है
(D) परेशान व्यक्ति का मनोबल बढ़ाना चाहिए

**63. एक तो करेला दूजा नीम चढ़ा**
(A) एक बुरा तो दूसरा उससे भी बुरा
(B) बुरे व्यक्ति की बुरी संतान
(C) एक बुराई पर दूसरी बुराई
(D) एक गुण के साथ दूसरा गुण

**64. अपना घर दूर से सूझता है**
(A) अपना घर-परिवार सबसे प्यारा होता है
(B) अपने मतलब की बात कोई नहीं भूलता
(C) अपने कार्य में प्रत्येक निपुण होता है
(D) स्वार्थ-सिद्धि के लिए व्यक्ति किसी भी बाधा को झेलता है

**65. कोयले की दलाली में हाथ काला**
(A) कोयले के व्यापार में कोई लाभ नहीं
(B) बुरे कार्य का बुरा फल
(C) काले धंधे से काला धन प्राप्त होता है
(D) बुरी संगति से बदनामी मिलती है

**66. नई नाइन बाँस का नैहन्ना**
(A) नये-नये चाव पूरे करने हेतु अपव्यय करना
(B) नये शौक को पूरा करने के लिए अजीब काम करना
(C) नये व्यक्ति को मूर्ख बनाना
(D) नई दुल्हन गुहस्थी के विषय में बहुत कम जानती है।

**67. जर का जोर पूरा है और अब अधूरा है**
(A) जिसकी सत्त है वही सर्वशक्तिमान है
(B) धन में सब कार्य सिद्ध करने की शक्ति है
(C) ईश्वर की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति है, उसके बिना सब अधूरा है
(D) बुद्धि ही सबसे बड़ी शक्ति है

**68. बिल्ली को पहले ही दिन मारना चाहिए**
(A) भय का शमन शुरू में ही कर देना चाहिए
(B) दुश्मन पर पहले ही वार कर देना चाहिए
(C) रौब पहले ही दिन पड़ता है, फिर नहीं
(D) बुरा समय आते ही सचेत हो जाना चाहिए

**69. एक हाथ से ताली नहीं बजती**
(A) एक हाथ में शक्ति नहीं होती
(B) एक ओर से झगड़ा कभी नहीं हो सकता
(C) मित्रता दोनों ओर से होती है
(D) कोई एक व्यक्ति कोई बड़ा कार्य नहीं कर सकता

**70. एक अनार सौ बीमार**
(A) एक वैद्य अनेक बीमार
(B) किसी वस्तु की पूर्ति कम किन्तु माँग अधिक होना
(C) महामारी के दिनों में दवाओं की कमी
(D) किसी वस्तु की आपूर्ति समाप्त हो जाना

**71. जल में रहकर मगर से बैर**
(A) पड़ोसियों से शत्रुता
(B) वीरता दिखाना
(C) आश्रयदाता को शत्रु नहीं बनाया जा सकता
(D) दूसरों से डरना

**72. भागते भूत की लंगोटी भली**
(A) जो मिल गया वही बहुत
(B) नष्ट होते सामान को जितना बचा लिया जाए वही बहुत
(C) चोर को चाहे जैसे भी पकड़ों वही सही है
(D) कंजूस व्यक्ति जितना व्यय करदे वही अधिक है

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (B) | 3. (C) | 4. (C) | 5. (B) | 6. (C) | 7. (B) | 8. (B) |
| 9. (A) | 10. (C) | 11. (A) | 12. (D) | 13. (A) | 14. (D) | 15. (B) | 16. (B) |
| 17. (D) | 18. (A) | 19. (C) | 20. (D) | 21. (A) | 22. (C) | 23. (D) | 24. (B) |
| 25. (A) | 26. (C) | 27. (A) | 28. (C) | 29. (C) | 30. (B) | 31. (C) | 32. (B) |
| 33. (C) | 34. (D) | 35. (A) | 36. (A) | 37. (B) | 38. (D) | 39. (A) | 40. (A) |
| 41. (B) | 42. (A) | 43. (C) | 44. (A) | 45. (C) | 46. (A) | 47. (B) | 48. (A) |
| 49. (B) | 50. (B) | 51. (C) | 52. (B) | 53. (C) | 54. (B) | 55. (C) | 56. (C) |
| 57. (B) | 58. (B) | 59. (D) | 60. (C) | 61. (D) | 62. (A) | 63. (C) | 64. (B) |
| 65. (D) | 66. (B) | 67. (B) | 68. (A) | 69. (B) | 70. (B) | 71. (C) | 72. (A) |



Join WhatsApp Group

# युग्म शब्द एवं अनेकार्थक शब्द

## युग्म शब्द

हिन्दी के अनेक शब्द ऐसे हैं, जिनका उच्चारण प्रायः समान होता है। किन्तु, उसके अर्थ भिन्न होते हैं। इन्हें 'युग्म शब्द' कहते हैं। यहाँ ऐसे युग्म शब्दों की सूची उनके अर्थों के साथ दी जा रही है –

| | शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **सूत** | धागा | **सुत** | बेटा |
| 2. | **सन्** | साल | **सन** | पटुआ |
| 3. | **समान** | तरह, बराबर | **सामान** | सामग्री |
| 4. | **स्वर** | आवाज | **स्वर्ण** | सोना |
| 5. | **शुल्क** | फीस, टैक्स | **शुक्ल** | उजला |
| 6. | **हरि** | विष्णु | **हरी** | हरे रंग की |
| 7. | **अथक** | बिना थके हुए | **अकथ** | जो कहा न जाय |
| 8. | **अध्ययन** | पढ़ना | **अध्यापन** | पढ़ाना |
| 9. | **अधम** | नीच | **अधर्म** | पाप |
| 10. | **अली** | सखी | **अलि** | भौंरा |
| 11. | **आवास** | रहने का स्थान | **आभास** | झलक, संकेत |
| 12. | **जगत्** | संसार | **जगत** | कुँए का चबूतरा |
| 13. | **नारी** | स्त्री | **नाड़ी** | नब्ज |
| 14. | **निसान** | झंडा | **निशान** | चिह्न |
| 15. | **पानी** | जल | **पाणि** | हाथ |
| 16. | **प्रणाम** | नमस्कार | **प्रमाण** | सबूत |
| 17. | **पवन** | हवा | **पावन** | पवित्र |
| 18. | **पथ** | रास्ता | **पथ्य** | आहार (रोगी के लिए) |
| 19. | **पौत्र** | पोता | **पोत** | जहाज |
| 20. | **प्रण** | प्रतिज्ञा | **प्राण** | जान |
| 21. | **बलि** | बलिदान | **बली** | वीर |
| 22. | **आकर** | खान | **आकार** | रूप, सूरत |
| 23. | **इत्र** | सुगंधि चीज | **इतर** | दूसरा |
| 24. | **उपल** | पत्थर | **उत्पल** | कमल |
| 25. | **उपकार** | भलाई | **अपकार** | बुराई |
| 26. | **कुल** | वंश, सब | **कूल** | किनारा |
| 27. | **कंगाल** | भिखारी | **कंकाल** | ठठरी |
| 28. | **कर्म** | काम | **क्रम** | सिलसिला |
| 29. | **भवन** | महल | **भुवन** | संसार |
| 30. | **भारतीय** | भारत का | **भारती** | सरस्वती |
| 31. | **मूल** | जड़ | **मूल्य** | कीमत, दाम |
| 32. | **मद** | आनंद | **मद्य** | शराब |
| 33. | **मणि** | एक रत्न | **मणी** | साँप |
| 34. | **रंक** | गरीब | **रंग** | वर्ण |
| 35. | **रग** | नस | **राग** | लय |
| 36. | **कृपण** | कंजूस | **कृपाण** | कटार |
| 37. | **कर** | हाथ, टैक्स | **कारा** | जेल |
| 38. | **पवन** | हवा | **पावन** | पवित्र |
| 39. | **किला** | गढ़ | **कीला** | खूँटा, गड़ा हुआ |
| 40. | **क्षत्र** | क्षत्रिय | **छत्र** | छाता |
| 41. | **क्षात्र** | क्षत्रिय-संबंधी | **छात्र** | विद्यार्थी |
| 42. | **ग्रह** | नक्षत्र | **गृह** | घर |
| 43. | **चिर** | पुराना | **चीर** | कपड़ा |
| 44. | **द्वीप** | टापू | **द्विप** | हाथी |
| 45. | **तरंग** | लहर | **तुरंग** | घोड़ा |
| 46. | **लक्ष्य** | उद्देश्य | **लक्ष** | लाख |
| 47. | **वसन** | कपड़ा | **व्यसन** | बुरी आदत |
| 48. | **शब** | रात | **शव** | लाश |
| 49. | **अली** | सखी | **अलि** | भौरा |
| 50. | **अंस** | कंधा | **अंश** | हिस्सा |
| 51. | **अँगना** | घर का आँगन | **अंगना** | स्त्री |
| 52. | **अन्न** | अनाज | **अन्य** | दूसरा |
| 53. | **अनिल** | हवा | **अनल** | आग |
| 54. | **अम्बु** | जल | **अम्ब** | माता, आम |
| 55. | **दार** | पत्नी, भार्या | **द्वार** | दरवाजा |
| 56. | **दिन** | दिवस | **दीन** | गरीब |
| 57. | **दायी** | देनेवाला, जवाबदेह | **दाई** | नौकरानी |
| 58. | **देव** | देवता | **दैव** | भाग्य |
| 59. | **द्रव** | रस, पिघला हुआ | **द्रव्य** | पदार्थ |
| 60. | **नीड़** | घोंसला, खोंता | **नीर** | पानी |
| 61. | **नगर** | शहर | **नागर** | चतुर व्यक्ति |
| 62. | **नशा** | मद | **निशा** | रात |
| 63. | **सर** | तालाब | **शर** | तीर |
| 64. | **सूर** | अन्धा | **सुर** | देवता |

राजभाषा हिंदी
rajbhashahindi.com

## अनेकार्थक शब्द

जब एक शब्द से अनेक अर्थ निकले, तब उसे 'अनेकार्थक' शब्द कहते है। विशेष स्थिति, प्रसंग, पात्र स्थान इत्यादि के कारण एक ही शब्द के अर्थ बदल जाते हैं। ऐसे अनेकार्थक शब्दों के उदाहरण नीचे दिये जा रहे हैं –

1. **जलज** – कमल, मोती, मछली
2. **अज** – बकरा, दशरथ का पिता
3. **ईश्वर** – परमात्मा, स्वामी
4. **भूत** – प्रेत, बीता हुआ काल
5. **पतंग** – पक्षी, गुड्डी, सूर्य
6. **फल** – मेवा, नतीजा
7. **बाल** – बालक, केश
8. **मधु** – शहद, मदिरा, बसंत ऋतु
9. **लक्ष्य** – निशाना, उद्देश्य
10. **पयोधर** – बादल, स्तन
11. **अर्थ** – मतलब, धन
12. **तात** – पिता, भ्राता, मित्र
13. **कृष्ण** – काला, देवकी का पुत्र
14. **नव** – नया, नौ
15. **निशाचर** – राक्षस, उल्लू
16. **द्विज** – ब्राह्मण, दाँत, पक्षी
17. **कर्ण** – कान, कुंती का पुत्र
18. **काम** – कार्य, वासना



Join WhatsApp Group

19. **ग्रहण** - लेना, पकड़ना
20. **घन** - घना, बादल
21. **वर्ण** - अक्षर, रंग, चार वर्ण-ब्राह्मण
22. **अर्क** - आक, सूर्य
23. **काल** - समय, मृत्यु
24. **अन्तर** - भेद, मध्य
25. **जलधर** - सागर, बादल
26. **अम्बर** - आकाश, वस्त्र
27. **अर्थ** - मतलब, पैसा
28. **उत्तर** - जवाब, उत्तर दिशा
29. **और** - दूसरा, अधिक
30. **कल** - मशीन, बीता हुआ कल, आने वाला कल
31. **कर** - हाथ, टैक्स, किरण
32. **हरि** - विष्णु, बन्दर, सूर्य
33. **गुरु** - भारी, अध्यापक, श्रेष्ठ
34. **सारंग** - साँप, मोर, हरिण, घोड़ा
35. **वाम** - बायाँ, स्त्री, उलटा
36. **वर** - दूल्हा, श्रेष्ठ
37. **रस** - जल, स्वाद, आनन्द
38. **अरुण** - लाल रंग, सूर्य का सारथी
39. **दण्ड** - डण्डा, सजा
40. **दल** - समूह, सेना
41. **कनक** - सोना, धतूरा
42. **पत्र** - चिट्ठी, पत्ता
43. **तीर** - बाण, नदी का किनारा
44. **गुण** - रस्सी, विशेषता
45. **पद** - पैर, स्थान, पदवी
46. **अंक** - गोद, नम्बर
47. **अंग** - भाग, शरीर का हिस्सा
48. **नग** - पहाड़, सूर्य, रत्न

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**निर्देश (1-4) :** निम्नलिखित शब्द-युग्म के सही अर्थ-भेद का चयन कीजिए -

**1. अंस-अंश -**
(A) हिस्सा-कुल (B) कंधा-हिस्सा
(C) किनारा-भाग (D) परिवार-भाग

**2. अभय-उभय -**
(A) भयभीत-मोटा (B) दोनों-निर्भय
(C) निर्भय-दोनों (D) भयाक्रान्त-ऊँचा

**3. अनिल-अनल -**
(A) आग-हवा (B) हवा-पानी
(C) जंगल-आग (D) हवा-आग

**4. अन्न-अन्य -**
(A) अनाज-अतिरिक्त (B) दूसरा-धान
(C) अनाज-दूसरा (D) अनाज-तीसरा

**5. 'हर' शब्द का क्या अर्थ है ?**
(A) विष्णु (B) शिव
(C) इन्द्र (D) ब्रह्मा

**6. 'सैन्धव' का सही अर्थ इनमें से छाँटिए -**
(A) घोड़ा (B) सिन्धु
(C) सागर (D) चन्द्रमा

**7. इनमें से 'सारंग' किस अर्थ को व्यक्त नहीं करता है ?**
(A) धनुष (B) बाण
(C) हिरन (D) भ्रमर

**8. 'सैंधव' का अर्थ है -**
(A) नमक (B) सोना
(C) घोड़ा (D) समुद्र

**9. 'मुद्रा' शब्द का कौन-सा अर्थ इनमें नहीं है ?**
(A) भावमुद्रा (B) अंगूठी
(C) क्रोध (D) सिक्का

**10. इनमें से कौन-सा शब्द 'हरि' का अर्थ नहीं है ?**
(A) बन्दर (B) विष्णु
(C) सिंह (D) भ्रमर

**11. 'अवधी' शब्द का अर्थ है -**
(A) अवध की भाषा (B) काल
(C) अवधवासी (D) अंधा

**12. नीचे दिए गए विकल्पों में से 'क्षेपक' शब्द का सही तात्पर्य चयन कीजिए -**
(A) दूसरों को क्षमा कर देने वाला
(B) शत्रु पर घातक बार करने वाला
(C) किसी ग्रंथ में अन्य व्यक्ति द्वारा जोड़ा गया भाग
(D) किसी व्यक्ति द्वारा छोड़े गए शेष कार्य को पूरा करने वाला
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13. नीचे दिए गए विकल्पों में से 'चीवर' शब्द का सही तात्पर्य चयन कीजिए -**
(A) चीरने वाला हथियार (B) बौद्ध भिक्षु का वस्त्र
(C) चीरा जाने वाला वस्त्र (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14. नीचे एक वाक्य दिया गया है। उसमें एक काला शब्द है। काले छपे शब्द का अर्थ बताओ -**
'वह मनुष्य **कृतघ्न** है' -
(A) पापी (B) दुराचारी
(C) कामचोर (D) अहसानफरामोश

**15. नीचे दिए गए चार विकल्पों में से सही युग्म धर्म का चयन कीजिए -**
**अलि - अली**
(A) कली - भौरा (B) सखी - भौरा
(C) भौरा - सखी (D) भौरा - कली

**16. 'फिजूल खर्ची' शब्द का समानार्थी शब्द चुनिए -**
(A) अव्वय (B) मितव्यय
(C) परिव्यय (D) अपव्यय
(E) इनमें से कोई नहीं

**17. 'कुंजर' का अर्थ होता है -**
(A) मूर्ख (B) हाथी
(C) बंजारा (D) गंवार

**18. निम्नलिखित शब्द का सही अर्थ पाँच वैकल्पिक अर्थ में से चुनिए -**
**'अनुशीलन'**
(A) संयम (B) आज्ञा



rajbhashahindi.com
Join WhatsApp Group

(C) सतत् अभ्यास (D) शिक्षा
(E) अहंकार

**19. निम्नलिखित शब्द का सही अर्थ पाँच वैकल्पिक अर्थ में से चुनिए -**
(A) तनय (B) तन्वी
(C) दत्तचित (D) सदृश
(E) स्वजन

**20. निम्नलिखित शब्द में पाँच अर्थ दिए गए हैं। उस शब्द को चिह्नित कीजिए जो मूल शब्द के अर्थ का बोधक हो -**
(A) कंचन (B) यामिनी
(C) कान्ता (D) मुक्ति
(E) अवनि

**21. 'व्यापक' शब्द का समानार्थ शब्द चुनिए -**
(A) विपुल (B) विशद
(C) विविध (D) विरल
(E) कोई नहीं

**22. 'तूणीर' शब्द का समानार्थ शब्द चुनिए -**
(A) असंग (B) निषंग
(C) उत्संग (D) नि:संग
(E) कोई नहीं

**23. 'अनुज्ञा' शब्द का समानार्थ शब्द चुनिए -**
(A) अजा (B) अवज्ञा
(C) प्रज्ञा (D) अनुमति

**24. 'आन्दोलन' का शब्द समानार्थ शब्द चुनिए -**
(A) आरोहण (B) उद्वेलन
(C) अभियान (D) उच्छलन

**निर्देश ( प्रश्न 25-35 ) :** निम्नलिखित प्रत्येक शब्दों के चार वैकल्पिक अर्थ दिए गए हैं। सही अर्थ का चयन करें '

**25. आज्ञा -**
(A) नियोग (B) आदेश
(C) विधि (D) स्वीकार

**26. उपकूल -**
(A) कूलसमीप (B) तीर
(C) नदी (D) जलाधार

**27. ऐहिक -**
(A) पार्थिक (B) जागतिक
(C) दुनिया (D) इहलोकस्थ

**28. अलघु -**
(A) दीर्घ (B) धीर
(C) भारी (D) प्रबल

**29. आश्रय -**
(A) स्वीकरण (B) सम्बंध
(C) आश्रम (D) निवास

**30. केतु -**
(A) झंडा (B) आचार्य
(C) किरण (D) दिशा

**31. पिशुन -**
(A) पिशाच (B) चुगलखोर
(C) पीसना (D) बेईमान

**32. तनु -**
(A) शरीर (B) झील
(C) चन्द्रमा (D) खटिया

**33. धाता -**
(A) विष्णु (B) धाय
(C) पक्ष (D) हार

**34. सारंग -**
(A) नमक (B) सारथी
(C) मोर (D) घोड़ा

**35. धरती -**
(A) चंचला (B) विपुला
(C) सरसी (D) अचला

**निर्देश ( प्रश्न 36-37 ) :** निम्नलिखित शब्दों का उपयुक्त अर्थ होगा ।

**36. विस्मित -**
(A) हैरान (B) भूला हुआ
(C) परेशान (D) बिछुड़ा हुआ

**37. द्रव्य -**
(A) तरल पदार्थ (B) पेय पदार्थ
(C) खाद्य पदार्थ (D) धन

**निर्देश ( प्रश्न 38-41 ) :** निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए टेड़े छपे शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करना है। इसके लिए चार-चार विकल्प प्रस्तावित हैं। उचित विकल्प का चयन कीजिए ।

**38. ईश्वर मानव का *सृजन* करके वन्दनीय हो गया।**
(A) जन्म (B) पैदावार
(C) निर्माण (D) उत्पत्ति

**39. जीवन के निर्माण में *नियति* का महत्त्वपूर्ण स्थान होता है।**
(A) चरित्र (B) कर्म
(C) स्वभाव (D) भाग्य

**40. जीवन में *उन्नति* चाहते हो, तो परिश्रम करो।**
(A) उच्चता (B) अग्रगण्य
(C) विकास (D) अग्रसर

**41. *ग्यान* का भण्डान अथाह होता है -**
(A) ज्यान (B) गिआन
(C) ज्ञान (D) ग्यान

**42. अनुस्वार क्या है ?**
(A) अनुनासिक (B) निरनुनासिक
(C) स्पर्श वर्ण (D) महाप्राण

**निर्देश ( प्रश्न 43-45 ) :** निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ वाले विकल्प का चयन करें।

**43. अतिवृष्टि -**
(A) अत्यधिक सूखा पड़ना (B) अत्यधिक विचार करना
(C) अत्यधिक संतुष्ट होना (D) अत्यधिक वर्षा होना

**44. अनुमति -**
(A) किसी कार्य के लिए सहमति देना
(B) किसी कार्य के लिए आदेश देना
(C) किसी कार्य के लिए निर्देश देना
(D) किसी कार्य की आज्ञा देना

**45. अन्योन्याश्रित -**
(A) किसी पर आश्रित होना (B) किसी पर आश्रित न होना
(C) एक-दूसरे पर आश्रित होना (D) किसी को आश्रित बना देना



राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com
Join WhatsApp Group

**निर्देश ( प्रश्न 46-48 ) :** किस शब्द का अर्थ अन्य तीन के अर्थ से भिन्न है ?

**46.** (A) मानव (B) मनुज
(C) अनुज (D) आदमी

**47.** (A) विटप (B) विपदा
(C) द्रुम (D) तरु

**48.** (A) समीर (B) बयार
(C) अनिल (D) अनल

**निर्देश ( प्रश्न 49-53 ) :** निम्नलिखित प्रश्नों में प्रश्न-स्थान पर एक-एक शब्द दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के नीचे चार विकल्प दिये गये हैं। उन विकल्पों में से उस एक विकल्प का चयन करें, जो प्रश्न स्थान पर दिये गये शब्द का समानार्थी हो ।

**49. कुंदन** –
(A) गोद (B) केला
(C) सोना (D) धतूरा

**50. मनोज** –
(A) कामदेव (B) सूर्यदेव
(C) आग (D) कमल

**51. कर** –
(A) शत्रुता (B) जीभ
(C) आकाश (D) हाथ

**52. अरि** –
(A) शत्रु (B) प्यासा
(C) सैनिक (D) प्रेम

**53. हुताशन** –
(A) हवा (B) बर्फ
(C) नदी (D) अग्नि

**निर्देश ( प्रश्न 54-55 ) :** निम्नलिखित शब्दों का सही अर्थ क्या है –

**54. 'प्रेषण'** –
(A) भेजने योग्य (B) भेजने वाला
(C) प्रेषित करना या भेजना (D) भेजा हुआ या नियोजित

**55. 'उच्छश्रृंखल'** –
(A) क्रमरहित, बंधन न मानने वाला, स्वेच्छाचारी
(B) काटना या जड़ से उखाड़ना, नाश करना
(C) कटा, उख्खाड़ा या पूर्णत: नष्ट हुआ
(D) गले में कुछ अटकने वाला, खाँसी

**निर्देश ( प्रश्न 56-60 ) :** निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में जो शब्द दिया गया है, उसी आशय के शब्द या शब्द समूह का चयन करें।

**56. हिताकांक्षी** –
(A) कल्याणकारी (B) प्रिय
(C) सहायक (D) भलाई चाहने वाला

**57. वर्ज्य** –
(A) डॉटने योग्य (B) परित्यक्त
(C) निषिद्ध (D) अनुचित

**58. रसास्वादन** –
(A) किसी बात में रुचि लेना (B) किसी रस का उपयोग करना
(C) किसी विषय में मस्त रहना (D) किसी रस में भरा होना

**59. रमणीय** –
(A) दिलचस्प (B) मनोहर
(C) दर्शनीय (D) प्रसन्नतापूर्ण

**60. अतुलनीय** –
(A) अनोखा (B) अवर्णनीय
(C) असीम (D) जिसकी तुलना न हो सके

**निर्देश ( 61-62 ) :** किस शब्द का अर्थ अन्य तीन शब्दों से बिल्कुल भिन्न है ?

**61.** (A) अबला (B) नारी
(C) महिला (D) बला

**62.** (A) गृह (B) गेह
(C) घर (D) भुवन

**निर्देश ( प्रश्न 63-67 ) :** में दिए गए वाक्यों में बोल्ड छपे शब्दों के पर्याय के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं, उचित विकल्प चुनिए।

**63.** दूसरों में दोष देखने से अपना **अभिमान** पुष्ट होता है –
(A) स्वाभिमान (B) सन्तोष
(C) मन:सुख (D) गर्व

**64.** संसार में **तरने** का एक सुन्दर उपाय श्री राम की शरण होना है –
(A) लाँघने (B) तैरने
(C) ठहरने (D) उद्धार

**65.** कर्कशवाणी से **कलह** का जन्म होता है –
(A) अशांति (B) विद्रोह
(C) द्वेष (D) झगड़ा

**66.** **हवा** का ऐसा झोंका आया कि शाख-शाख चरमरा उठी।
(A) अनल (B) अनिल
(C) आपगा (D) अतल

**67.** घर पर **मिट्टी** के चूल्हें होते हैं –
(A) मट्टी (B) धूल
(C) मृत्तिका (D) जमीन

**निर्देश ( प्रश्न 68-69 ) :** नीचे कुछ शब्द दिये गये हैं, प्रत्येक के चार वैकल्पिक अर्थ दिये गये हैं। उपयुक्त अर्थ का चयन कीजिये।

**68. तन्मय** –
(A) शारीरिक (B) लवलीन
(C) भौतिक (D) चालक

**69. मनोज** –
(A) मन:स्थिति (B) मानसिक
(C) मनोरम (D) कामदेव

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (C) | 3. (D) | 4. (C) | 5. (B) | 6. (A) | 7. (B) | 8. (C) |
| 9. (C) | 10. (D) | 11. (A) | 12. (C) | 13. (B) | 14. (D) | 15. (C) | 16. (D) |
| 17. (B) | 18. (C) | 19. (C) | 20. (A) | 21. (A) | 22. (B) | 23. (D) | 24. (B) |
| 25. (B) | 26. (A) | 27. (D) | 28. (A) | 29. (A) | 30. (A) | 31. (B) | 32. (A) |
| 33. (A) | 34. (C) | 35. (D) | 36. (A) | 37. (D) | 38. (D) | 39. (D) | 40. (D) |
| 41. (C) | 42. (A) | 43. (D) | 44. (D) | 45. (C) | 46. (C) | 47. (B) | 48. (D) |
| 49. (C) | 50. (A) | 51. (D) | 52. (A) | 53. (D) | 54. (C) | 55. (A) | 56. (D) |
| 57. (C) | 58. (B) | 59. (B) | 60. (D) | 61. (D) | 62. (D) | 63. (D) | 64. (D) |
| 65. (D) | 66. (B) | 67. (C) | 68. (B) | 69. (D) | | | |



राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com
Join WhatsApp Group

# अपठित गद्यांश

किसी अनुच्छेद अवतरण या पाठ को पढ़कर परीक्षार्थी ने उसे कितना समझा है, यह जानने के लिए जो परीक्षण किया जाता है उसे 'पाठ बोधन' या 'अपठित गद्यांश' कहते है। ऐसे प्रश्नों में एक अवतरण होता है, अवतरण के नीचे उससे सम्बंधित प्रश्न दिए जाते है। आरंभिक परीक्षाओं में वस्तुनिष्ठपरक प्रश्न होते हैं और मुख्य परीक्षा में व्याख्यात्मक प्रश्न होते हैं। पाठबोधक सम्बंधी जो प्रश्न पूछे जाते हैं उनके उत्तर मूल अवतरण में ही विद्यमान रहते हैं।

**पाठ बोधन के लिए सामान्य अनुदेश :-**

- सर्वप्रथम मूल अवतरण को कई बार एकाग्रतापूर्वक पढ़कर उसके मूलभाव को अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए।
- अवतरण के मूलभावों, महत्त्वपूर्ण विचारों और विशिष्ट शब्दों को रेखांकित कर लेना चाहिए इससे सही उत्तर खोजने में सुगमता रहेगी।
- ध्यातव्य है कि प्रश्नों के उत्तर मूल अवतरण में ही विद्यमान हैं, अतएव उनके उत्तर अवतरण में ही खोजें, बाहर नहीं।
- सामान्यत: प्रश्नों के क्रम में ही अवतरण में उनके उत्तर विद्यमान रहते हैं, अत: प्रश्नों के क्रम में ही उत्तर खोजना सुविधाजनक रहेगा।
- वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर के लिए चार-चार विकल्प दिए होते है, इनमें एक ही विकल्प सही होता है, शेष विकल्प उत्तर के निकट अथवा भ्रमात्मक होते हैं। प्रत्येक विकल्प पर विचार करके देखें कि उनमें से किसके अर्थ की संगति सम्बंधित प्रश्न के साथ बैठती है। इस प्रकार सही विकल्प ही आपका सही उत्तर होगा, ध्यान रहे कि आपका चयनित उत्तर अवतरण पर ही आधारित होना चाहिए।
- किसी भी प्रश्न के उत्तर में अपनी ओर से कुछ भी न जोड़ें।
- शीर्षक सदैव केन्द्रीय भाव के आधार पर निर्धारित करना चाहिए। शीर्षक यथासम्भव सरल, संक्षिप्त और मूलभाव को व्यक्त करने वाला होना चाहिए।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पाठ-बोधन के उदाहरण प्रस्तुत हैं -

**निर्देश :** नीचे लिखे अवतरणों को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

## गद्यांश - 1

शिक्षा जीवन के लिए अमूल्य औषधि है जो उसे विभिन्न विकारों से मुक्त कर स्वस्थ्य बनाती है। वर्तमान में शिक्षा के समक्ष विभिन्न चुनौतियाँ आयी है। छात्र व शिक्षकों के सम्बंध उनमें से एक हैं। छात्र और शिक्षा के सम्बंध परस्पर प्रेम, विश्वास और श्रद्धा पर अवलम्बित होने चाहिएँ, लेकिन आज ऐसा कम देखने को मिल रहा है। अधिकांश छात्र बिना परिश्रम ही अच्छी सफलता की आकांक्षा रख रहे हैं, यह अनुचित प्रवृत्ति उनमें कैसे पल्लवित हो रही है।

शिक्षक से छात्रों में एक आदर्श प्रस्तुत करने की भाषा की जाती है जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी के घड़े को आकर देता है या मूर्तिकार मूर्ति को बनाता है या चित्रकार अपनी तूलिका से चित्रों में रंग भरता है, उसी प्रकार शिक्षक का दायित्व है कि वह अपने श्रेष्ठ आचरण से छात्रों को अनुशासित, कर्त्तव्य-परायण और मानवीय संवेदनाओं से युक्त बनने की प्रेरणा दे।

वहीं समाज का दायित्व भी शिक्षकों के प्रति है। शिक्षा की मूलभूत आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए उसे समुचित धन दिया जाना चाहिए। वर्तमान **'मेरा पेट हाऊ मैं न देऊ काऊ'** व्यवस्था में ऐसा नहीं हो रहा है। राज्याधीन सेवाओं में भले ही शिक्षकों को उचित वेतन मिल रहा हो, लेकिन निजी क्षेत्र में संचालित स्कूलों में उनका जमकर शोषण हो रहा है। इन स्कूलों में निम्न वर्ग के ही शिक्षक शिक्षा नहीं देते वरन् मध्यम वर्ग के शिक्षक भी शिक्षा देने को बाध्य हैं। कौड़ियों में शिक्षकों को धन देने वाली शिक्षण संस्थाओं से कैसे आशा की जा सकती है कि उनके शिक्षक छात्रों को हृदय से एकाग्रचित हो शिक्षित कर पायेंगे।

निजी क्षेत्र में संचालित स्कूलों में शिक्षिकाओं को व्यापक पैमाने पर भर्ती किया जाता है। अधिकांश निजी स्कूलों के संचालक इन शिक्षिकाओं को 500 से 1000 रुपये पारिश्रमिक देते हैं। इसके साथ-साथ उनका शारीरिक व मानसिक शोषण करते हैं। शिक्षा के मंदिर में ऐसा व्यवहार निन्दनीय है।

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. **शिक्षा का उद्देश्य क्या है ?**
   (A) विकारों का दूर करना (B) विवेक जागृत करना
   (C) जीविका दिलाना (D) ये सभी
2. **छात्रों को एक सुयोग्य मानव बनाने का दायित्व किसका है ?**
   (A) फिल्मों का (B) टी॰ वी॰ का
   (C) शिक्षक का (D) समाचार-पत्रों का
3. **'मेरा पेट हाऊ मैं न देऊ काऊ' व्यवस्था से क्या आशय है ?**
   (A) स्वार्थी व्यवस्था (B) लोभी व्यवस्था
   (C) नि:स्वार्थी व्यवस्था (D) इनमें से कोई नहीं
4. **शिक्षकों का जमकर शोषण कहाँ हो रहा है ?**
   (A) निजी क्षेत्र में (B) सार्वजनिक क्षेत्र में
   (C) दोनों क्षेत्रों में (D) कहीं पर नहीं
5. **उपरोक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा ?**
   (A) शिक्षा एवं शिक्षक (B) शिक्षकों का दायित्व
   (C) शिक्षा के समक्ष चुनौतियाँ (D) शिक्षा एवं समस्याएँ

## गद्यांश - 2

किसी भी राष्ट्र की संस्कृति तब तक गूंगी रहती है, जब तक उस राष्ट्र की अपनी वाणी नहीं होती है। राजनीतिक पराधीनता की हमारी बेड़ियाँ जरूर कट गई हैं, किन्तु अंग्रेजी आज भी अंग्रेजी दासता के रूप में हमारे मनोजगत में विद्यमान है। ध्यान देने योग्य बात है कि भाषा परिधान मात्र नहीं वरन् राष्ट्र का व्यक्तित्व है। हमारे बहु भाषा-भाषी देश के ही समान रूस भी बहुत-सी भाषाओं वाला देश है, जहाँ 66 भाषाएँ बोली और लिखी जाती हैं, किन्तु उनकी राष्ट्र भाषा 'रूसी' है। **हमारी संस्कृति के 'गोमुख' से निकली हुई सब भारतीय भाषाएँ हमारी अपनी हैं,** किन्तु उनमें हिन्दी को अपनी व्यापकता एवं आरंभिक काल से ही जन-विद्रोह और जन-संघर्ष की भाषा होने के कारण राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार किया गया है। केवल संविधान में लिख देने मात्र से यह बात पूरी नहीं हो पाती, इसे राष्ट्र के जीवन में प्रतिष्ठित करना होगा, अन्यथा इस स्वतंत्रता का क्या मूल्य है ? विश्व चेतना जगाने से पहले हमें अपने देश में राष्ट्रभाषा की चेतना जागृत करनी होगी।

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

6. **'किसी भी राष्ट्र की संस्कृति तब तक गूँगी रहती है, जब तक उस राष्ट्र की अपनी वाणी नहीं होती।' इस कथन से क्या आशय है ?**



Join WhatsApp Group

(A) वाणी के बिना राष्ट्र मूक व्यक्ति के समान है
(B) राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र की संस्कृति का प्रचार नहीं होता
(C) राष्ट्रभाषा के बिना देशवासी भावाभिव्यक्ति नहीं कर पाते
(D) राष्ट्रभाषा, संस्कृति के महत्त्व का प्रवर्तन करती है

**7. भाषा को राष्ट्र का व्यक्तित्व क्यों कहाँ गया है ?**
(A) भाषा राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करती है
(B) भाषा देशवासियों की मन: स्थिति प्रकट करती है
(C) भाषा राष्ट्र की संस्कृति और उसके सम्पूर्ण चरित्र की संवाहक है
(D) भाषा सभी देशवासियों को एक सूत्र में पिरोती है

**8. 'हमारी संस्कृति के गोमुख से निकली हुई सब भारतीय भाषाएँ हमारी अपनी हैं' से निकटस्थ कथन है -**
(A) हमारी सभी भाषाएँ उत्पत्ति में समान हैं
(B) हमारी गोमुख रूपी संस्कृति भाषाओं की प्रसारक है
(C) भारतीय संस्कृति अनेक भाषाओं की प्रसारक है
(D) हमारी निर्मल संस्कृति अनेक भाषाओं की सज्जा है

**9. हिन्दी को राष्ट्रभाषा स्वीकार किया गया क्योंकि -**
(A) यह सर्वाधिक वृहत क्षेत्र में प्रचलित है
(B) यह संविधान में राष्ट्र भाषा के रूप में प्रतिष्ठित है
(C) राजकाज के प्रयोगार्थ यह सरल भाषा है
(D) यह आरंभ से ही जन विद्रोह एवं संघर्ष की भाषा रही है

**10. उपरोक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है -**
(A) राष्ट्रभाषा (B) भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभाषा
(C) राष्ट्रभाषा संस्कृति की संवाहक (D) राष्ट्रभाषा की महत्ता

## गद्यांश - 3

महासागर का पानी जीवन में अति-आवश्यक भूमिका निभाता है। बड़े महासागर के संग्रहण क्षेत्र में लगभग 30 करोड़ घन मील पानी होता है। इस बड़ी मात्रा के पानी में से लगभग 80,000 घन मील पानी प्रति वर्ष वातावरण में वाष्पित होकर चला जाता है और वर्षा के रूप में नालों द्वारा सागर में वापस मिल जाता है। प्रति वर्ष 24,000 घन मील से अधिक वर्षा का पानी महाद्वीप पर गिरता है। पानी का यह बड़ा हिस्सा झील और झरनों, जलस्रोत के पानी का स्तर भरने में लग जाता है, जिस पर वनस्पति और प्राणी जगत का जीवन टिका है। अत: जल संग्रहण पर जैव-जीवन निर्भर करता है।

जलमंडल के विशेष लक्षण होते हैं, क्योंकि अन्य द्रव्यों की तुलना में पानी में विशेष गुण पाए जाते हैं। पानी का एक अद्भुत गुण यह है कि जमने पर उसकी सतह में 9% की वृद्धि होती है, जबकि अन्य द्रव्य ठंडे होने पर सिकुड़ जाते हैं। इसी कारण बर्फ पानी में डूब जाए, तो जलमंडल जल्दी ही ठोस बन जाएगा, गर्मी के ऋतु में केवल एक पतली परत पिघल कर पानी हो जायेगा। इस तरह पूर्ण जल-जीवन नष्ट हो जायेगा तथा गर्म और ठण्डे पानी के प्रवाहों का आपस में बदलकर वातावरण को सामान्य बनाए रखना सम्भव न होगा।

जल का एक और विशेष गुण यह है कि पानी की ऊष्मा क्षमता, जो सभी द्रव्यों और ठोस पदार्थ (केवल अमोनिया को छोड़कर) से अधिक होती है। जल के इस गुण के कारण महासागर ऊष्मा की ज्यादा मात्रा को शोषित कर पाता है और वातावरण के तीव्र परिवर्तन को रोकता है। इसके अतिरिक्त पानी दूसरे द्रव्यों की तुलना में अधिक पदार्थो को अपने में घोल लेता है। इसी कारण महासागर बहुत से लवणों का संग्रह-घर है, जो महाद्वीपों से बहकर महासागर में मिल जाते हैं। विश्व के बहुत से हिस्सों में इन लवणों का व्यापारिक दृष्टि से शोषण होता है। सौर अवशोषण द्वारा समुद्री जल से नमक का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है। मृत समुद्र से पोटाश निकाला जाता है और अमेरिकन गल्फ के किनारों पर समुद्री पानी से मैग्नीशियम का उत्पादन किया जाता है।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**11. निम्न में से कौन-से कथन से ऊपरी अवतरण के तुरंत आगे वाले परिच्छेद का आरंभ अधिक उचित हो सकता है ?**
(A) मैग्नीशियम का उपयोग बड़े पैमाने पर धातुकर्मीय के निर्माण में होता है
(B) अब बड़े भू-खण्ड पर विचार किया जाए
(C) पानी में भूमि को क्षय करने की क्षमता होती है
(D) अकाल तथा बाढ़ ये दो प्रकार के विनाश जल से सम्बंधित है।

**12. अवतरण में लेखक ने पानी के निम्नलिखित में से कौन-से लक्षण बताए हैं ?**
I. पानी जमने पर फैलता है
II. पानी एक उत्तम विलायम है
III. पानी ऊष्मा शोषित करता है
(A) केवल I (B) केवल II और I
(C) केवल II और III (D) I, II और III

**13. लेखक का इस अवतरण में मुख्य उद्देश्य है -**
(A) पानी के गुण और उपयोग बताना
(B) पानी की बचत के महत्त्व को दर्शाना
(C) पानी का व्यापारिक और औद्योगिक उपयोग स्पष्ट करना
(D) भूमि पर महासागर का फैलाव दर्शाना

**14. अवतरण के अनुसार जलमंडल .......... नहीं है।**
(A) सभी प्रकार के जीवन के लिए जिम्मेदार
(B) वातावरण में सुधार कर सकता
(C) प्राकृतिक साधनों का स्रोत (D) जम जाने के खतरे में

**15. अवतरण के अनुसार मछली महासागर में जीवित रहती है, क्योंकि -**
(A) उसे ऑक्सीजन की जरूरत नहीं होती
(B) बर्फ पानी पर तैरती है
(C) वाष्पीकरण और जमने द्वारा जलचक्र का निर्माण होता है
(D) महासागर में पानी के प्रवाह होते हैं

## गद्यांश - 4

आज हम इस असमंजस में पड़े हैं और यह निश्चय नहीं कर पाये हैं कि हम किस ओर चलेंगे और हमारा ध्येय क्या है ? स्वभावत: ऐसी अवस्था में हमारे पैर लड़खड़ाते हैं हमारे विचार में भारत के लिए और सारे संसार के लिए सुख और शांति का एक ही रास्ता है और वह है अहिंसा और आत्मवाद का। अपनी दुर्बलता के कारण हम उसे ग्रहण न कर सके, पर उसके सिद्धांतों को तो हमें स्वीकार कर ही लेना चाहिए और उसके प्रवर्तन का इंतजार करना चाहिए। यदि हम सिद्धांत ही न मानेंगे तो उसके प्रवर्तन की आशा कैसे की जा सकती है? जहाँ तक मैंने महात्मा गांधी जी के सिद्धांत को समझा है, वह इसी आत्मवाद और अहिंसा के, जिसे वे सत्य भी कहा करते थे, मानने वाले और प्रवर्तक थे। उसे ही कुछ लोग आज गांधीवाद का नाम भी दे रहे हैं। यद्यपि महात्मा गांधी ने बार-बार यह कहा था कि वे किसी नये सिद्धांत या वाद के प्रवर्तक नहीं हैं और उन्होंने अपने जीवन में प्राचीन सिद्धांतों को अमल कर दिखाने का यत्न किया। विचार कर देखा जाए तो जितने सिद्धांत अन्य देशों, अन्य-अन्य काल और स्थितियों में भिन्न-भिन्न नामों और धर्मों से प्रचलित हुए हैं, सभी अंतिम और मार्मिक अन्वेषण के बाद इसी तत्व अथवा सिद्धांत में



Join WhatsApp Group

समाविष्ट पाये जाते हैं केवल भौतिकवाद इनसे अलग है। हमें असमंजस की स्थिति से बाहर निकलकर निश्चय कर लेना है कि हम अहिंसावाद, आत्मवाद और गांधीवाद के अनुयायी और समर्थक हैं न कि भौतिकवाद के। प्रेय और श्रेय में से हमें श्रेय को चुनना है। श्रेय ही हितकर है, भले ही वह कठिन और श्रमसाध्य हो। इसके विपरीत प्रेय आरंभ में भले ही आकर्षक दिखाई दे, उसका अंतिम परिणाम अहितकर होता है।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**16. लेखक के मत में विश्व में सुख-समृद्धि और शांति स्थापित हो सकती है -**
(A) अहिंसा और अनात्मवाद द्वारा (B) अहिंसा और आत्मवाद द्वारा
(C) भौतिकवाद और आत्मवाद के समन्वय द्वारा
(D) अनिश्चिय और असमंजस की स्थिति से उबर कर

**17. हमारे पैर लड़खड़ाते हैं, क्योंकि हम -**
(A) अशक्त एवं दुर्बल है (B) भौतिकवाद में आस्था रखते हैं
(C) आत्मशक्ति में विश्वास नहीं रखते
(D) लक्ष्यहीन और दिशाहीन हैं

**18. अहिंसा एवं सत्य के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है ?**
(A) हिंसा का दुर्दस्य होना (B) असत्य-मार्ग का सरल होना
(C) मनुष्य की अपनी दुर्बलता (D) सत्य-मार्ग की दुर्गमता

**19. किसी सिद्धांत को न मानने का सबसे बड़ा कुपरिणाम यह है कि -**
(A) उस सिद्धांत का कभी कार्यान्वयन न होना
(B) मनुष्य का सदैव असमंजस में पड़े रहना
(C) किसी ध्येय का निर्धारण न कर पाना
(D) सुख और समृद्धि से संचित रह जाना

**20. महात्मा गांधी जिस सिद्धांत के प्रवर्तक थे, वह सिद्धांत है -**
(A) श्रेय और प्रेय (B) भौतिकवाद एवं अनात्मवाद
(C) विज्ञान एवं अध्यात्मवाद (D) अहिंसा और आत्मवाद

**21. विश्व के प्रमुख वाद और विचारधाराएँ इस सिद्धांत में समाहित हो जाती हैं ?**
(A) करुणा में (B) अहिंसा में
(C) सत्य में (D) विश्व शांति में

**22. हमें किस दुविधा से सत्य को मुक्त करना चाहिए ?**
(A) हिंसा और अहिंसा की (B) गांधीवाद और भौतिकवाद की
(C) युद्ध और शांति की (D) आत्मवाद और अनात्मवाद की

**गद्यांश - 5**

इनमें आश्चर्य नहीं है कि ताज शाश्वत् प्रेम के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इसमें भारत और इस्लाम की वास्तुकला का सम्मिश्रण है। ऐसा विश्वास है कि इस स्मारक को पूरा होने में लगभग बाईस वर्ष लगे और नौ करोड़ रुपए के लगभग धनराशि खर्च हुए। लगभग 20,000 लोगों को इसमें रोजगार मिला।

ताजमहल के निर्माण का कार्य 1632 ई॰ में प्रारंभ होकर 1653 ई॰ में पूर्ण हुआ। यह 'आदर्श स्मारक' मुगल काल की सबसे सुन्दर इमारत मानी जाती है। पूर्णता के शीर्ष बिन्दु की प्रतिच्छवि के रूप में इसे माना जाता है जिसे मुगल शिल्पियों ने वास्तुकला और प्रस्तरकला में प्राप्त किया। ताज का सूक्ष्म निरीक्षण करने पर ज्ञात होता है इसमें मकबरे के प्रत्येक पक्ष को पूरी जागरूकता के साथ प्रकल्पित और निर्मित किया गया है। प्रत्येक छोटे-से-छोटे भाग का शेष भागों के साथ पूर्ण सामंजस्य है।

इसका प्रवेश द्वार ऊँची तीन आर्च का बना हुआ है। मकबरे पर पहली दृष्टि ही चकित कर देती है। सुसज्जित लम्बे बगीचे के अन्त में मोती जैसा सफेद संगमरमर का मकबरा बना हुआ है। मकबरे के दोनों ओर एक जैसी समान संरचनाएँ बनी हुई हैं। जबकि पूर्वी ओर इसी मस्जिद की आभासी आकृति स्थित है। इस इमारत को 'जवाब' भी कहा जाता है। इसका कोई धार्मिक महत्त्व नहीं है। इसे मात्र परिसर में एकरूपता स्थापित करने के लिए बनाया गया है।

ताजमहल भारत का गौरव है। आज 350 वर्ष बाद भी विश्व भर के सभी कोनों से लोग आकर ताज के सौन्दर्य को निहारते हैं और उससे प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाते।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**23. ताजमहल किस पूर्णता का द्योतक है ?**
(A) भारत और इस्लाम की वास्तुकला का सम्मिश्रण
(B) मुगल शिल्पियों की वास्तुकला और प्रस्तरकला में दक्षता
(C) प्रत्येक छोटे से छोटे भाग का शेष भागों के साथ सामंजस्य
(D) इमारत का अपना सौन्दर्य और वैभव

**24. 'जवाब' किस इमारत के लिए प्रयुक्त हुआ है ?**
(A) मकबरा (B) ताजमहल
(C) प्रवेश द्वार (D) मकबरे की आभासी आकृति

**25. ताजमहल के निर्माण में पूर्ण जागरूकता किस पक्ष से दृष्टिगत होती है ?**
(A) ताजमहल के निर्माण में लगे कारीगरों की बड़ी संख्या तथा लम्बा समय
(B) ताजमहल के निर्माण में व्यय धनराशि
(C) इमारत के छोटे-से-छोटे भाग का शेष भागों के साथ पूर्ण सामंजस्य
(D) परिसर में एकरूपता स्थापित करने के लिए किए गए आवश्यक निर्माण

**26. मस्जिद के परिसर में एकरूपता स्थापित करने के लिए कौन-से निर्माण किए गए हैं ?**
(A) मकबरे से पूर्व सुसज्जित लम्बा बगीचा
(B) मकबरे के दोनों ओर की समान संरचनाएँ
(C) मकबरे के पूर्वी ओर मस्जिद की आभासी आकृति
(D) उपर्युक्त सभी

**27. ताजमहल किसका प्रतीक है ?**
(A) स्थायी प्रेम का (B) मुगल वास्तुकला की श्रेष्ठता का
(C) भारत और इस्लाम की वास्तुकला के सम्मिश्रण का
(D) मुगल कारीगरों के जागरूक निर्माण का

**गद्यांश - 6**

जब आप कार खरीदें, तो जिस मॉडल पर विचार कर रहे हैं उसकी महत्त्वपूर्ण विशेषताओं को ध्यानपूर्वक परख कर लिया करें। नवीनतम मॉडल खरीदने वालों से बहुतों को यह परेशानी होती है कि उनकी गैराज के लिए कार अधिक चौड़ी या अधिक लम्बी निकलती है। इसके अतिरिक्त बड़ी कार को यातायात में मोड़ने-माड़ने में अधिक कठिनाई आती है और उन्हें 'पार्क' करना (बनी जगह पर रखना) अधिक कठिन होता है। अन्य विचारणीय विषय है उस कार में दी सुविधाएँ - क्या सीटें अच्छी हैं और उन पर चढ़ा कवर



Join WhatsApp Group

टिकाऊ? क्या पर्याप्त शीशे का क्षेत्र है जिससे चालक को सभी दिशाओं में अच्छा दिखाई पड़ सके विशेषत: पीछे के दृश्य को। यह याद रखें कि कार जितनी भारी और अधिक शक्तिशाली होगी, उसका संचालन उतना ही खर्चीला होगा। उच्च शक्ति वाली मोटरों को महँगे उच्च-ओक्टेन वाले पेट्रोल की आवश्यकता पड़ती है। कार जितनी भारी होगी उतना ही टायर में घिसने-घिसाने का भय होगा और ब्रेकों को अधिक लम्बे होने की आवश्कता होगी। पुरानी कहावत अब भी सही है, ''आरंभिक मूल्य उतना प्रभावी नहीं होता है जितना कि वस्तु का रखरखाव।''

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**28. लेखक उस कार के पक्ष में है जिसका चौड़ा शीशे का क्षेत्र हो ताकि चालक (ड्राइवर) -**
(A) ड्राइव करते समय बाहर के दृश्यों का आनन्द ले सके
(B) पीछे का दृश्य उसे अच्छा मिले
(C) शीशों को वह नीचे कर सके ताकि ताजी हवा आ सके
(D) लोगों को गर्व के साथ कुर्सी आदि की साज-सज्जा दिखा सके

**29. एक बड़ी कार का रखरखाव बहुत खर्चीला होता है, क्योंकि -**
(A) बड़ी कार भारी होगी
(B) बड़ी कार को पार्किंग के लिए अधिक जगह चाहिए
(C) बड़ी कार के टायरों को बार-बार बदलना होता है
(D) उसके लिए अधिक टिकाऊ सीट-कवर आदि चाहिए

**30. कार खरीदते समय क्रेता को विशेषतया ध्यान देना चाहिए -**
(A) उसकी कीमत पर (B) उसके रखरखाव लागत पर
(C) उसके सीट-कवर आदि की साज-सज्जा पर
(D) उसके ब्रेकों पर

**31. इस गद्यांश के अनुसार, एक नई कार के खरीददार को जो दो बातें ध्यान में रखनी चाहिए, निम्नलिखित है -**
(A) उसकी कीमत और आकार
(B) उसका मॉडल और कुर्सी आदि की साज-सज्जा
(C) उसका आकार और प्रदत्त सुविधाएँ
(D) कुर्सी आदि की साज-सज्जा और शीशे का क्षेत्रफल

**32. कार का आकार निम्नलिखित के परिप्रेक्ष्य में होना चाहिए -**
(A) वह धनराशि जोकि क्रेता देने में समर्थ है
(B) क्रेता के पास पहले से स्थित गैराज
(C) क्रेता जहाँ रहता है वहाँ की सड़कों की चौड़ाई
(D) सड़क पर यातायात की मात्रा

**गद्यांश - 7**

मानवता का परम शत्रु, जैसा कि लोगों ने खोज निकाला, विज्ञान नहीं, अपितु युद्ध है। विज्ञान केवल उन सामाजिक बलों को प्रतिनिधित्व करता है जिससे वह घिरा हुआ है। यह पाया गया है कि जब शांति का काल है, तो विज्ञान सृजनात्मक है, जब युद्ध का काल है तब विज्ञान विनाशकारी परिणामों की ओर गलत दिशा में मुड़ जाता है। अस्त्र-शस्त्र जो विज्ञान हमें देता है, अश्वमेघ युद्ध की सर्जना करें, ऐसा नहीं है वे युद्ध को और अधिक भयंकर बनाते हैं। अभी हाल तक उसने हमें कयामत को दहलीज तक पहुँचा दिया है। अतएव हमारी प्रमुख समस्या विज्ञान को प्रतिनिधित्व करना नहीं है, बल्कि युद्ध को रोकना है। यह एक कार्य है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को सहभागी बनना है और उसमें वैज्ञानिक भी शामिल है, किन्तु हिरोशिमा पर गिराए बम ने अचानक इस तथ्य की ओर आकर्षित कर लिया कि हमारे पास बहुत थोड़ा-सा समय है। समय हेतु विलम्ब हो चुका है और हमारा कार्य लगभग शुरू भी नहीं हुआ है। अब हम इस महत्वपूर्ण प्रश्न के आमने-सामने खड़े हैं - क्यों शिक्षा और सहिष्णुता आपसी समझ और सृजनात्मक प्रज्ञा इसी तेजी से दौड़ रही है कि हम अपोनिज की निरन्तर बढ़ती हुई विनाश समर्थता के साथ-साथ रह सकें ? यह प्रश्न है कि जिसका हमें इस पीढ़ी में एक ओर या दूसरी ओर उत्तर देना है। विज्ञान को इस उत्तर की खोज निकालने में हमें अवश्य सहायता देनी चाहिए। किन्तु अन्ततोगत्वा प्रमुख निर्णय हमारे स्वयं के भीतर स्थित हैं।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**33. लेखक के अनुसार मानवता का वास्तविक शत्रु विज्ञान नहीं, बल्कि युद्ध है, क्योंकि -**
(A) युद्ध के समय विज्ञान अत्यन्त विनाशक है
(B) विज्ञान केवल शस्त्रास्त्र का आविष्कार करता है जिससे युद्ध लड़ा जाता है
(C) शस्त्रास्त्र जोकि विज्ञान आविष्कार करता है आवश्यक रूप से हमें युद्ध की ओर ले जाते हैं
(D) विज्ञान के द्वारा बनाए शस्त्रास्त्र युद्ध पैदा नहीं कर सकते हैं कुछ तथ्य युद्ध को अधिक विनाशकारी बनाते हैं।

**34. लेखक के अनुसार समाधान स्थित है -**
(A) वैज्ञानिकों के विनाशक आग्नेयास्त्रों के बनाने में सहभागिता रोकने में
(B) युद्ध को पूरी तरह से रोकने में
(C) सभी वैज्ञानिक गतिविधियों को रोकने में
(D) विज्ञान को सामाजिक बलों के प्रतिबिम्ब से रोकने में

**35. कथन 'कयामत की दहलीज तक पहुँचा देने' का तात्पर्य है -**
(A) नए प्रारब्ध की दहलीज की ओर ले जाना
(B) अ-पूर्व कथनीय भविष्य से हमें परिचित करना
(C) मृत्यु और विनाश के बहुत समीपता को बतलाना
(D) एक-एक कदम बर्बादी की ओर ले जाना

**36. वाक्यांश, 'हमारा कार्य लगभग शुरू भी नहीं हुआ है' का तात्पर्य है कि हमारा कार्य -**
(A) अभी-अभी शुरू हुआ है (B) अभी आरम्भ नहीं
(C) वह आरंभ हो चुका है, किन्तु समाप्त नहीं हुआ
(D) उसके आरंभ होने की सम्भावना कम है

**37. हमारी निरन्तर बढ़ती विनाश समर्थता को नियंत्रण रखा जा सकता है -**
(A) सामाजिक बलों को प्रोत्साहन देकर
(B) सभी को शिक्षा देकर
(C) सृजनशीलता एवं प्रज्ञा द्वारा
(D) शिक्षा, उदार, चिन्तन और सृजनशीलता द्वारा

**गद्यांश - 8**

निकम्मे रहकर मनुष्यों की चिन्तनशक्ति थक गई है। बिस्तरों और आसनों पर सोते-सोते मन के घोड़े हार गए हैं। सारा जीवन निचुड़ चुका है। स्वप्न पुराने हो चुके हैं। आजकल कविता में नयापन नहीं, उसमें पुराने जमाने की पुनरावृत्ति मात्र है। इस नकल में असल की पवित्रता का अभाव है। अब तो



Join WhatsApp Group

एक नए प्रकार का कलाकौशलपूर्ण संगीत साहित्य संसार में प्रचलित होने वाला है। यदि वह न प्रचलित हुआ तो मशीनों के पहियों के नीचे दबकर हमें मरा समझिए। यह नया साहित्य मजदुरों के हृदय से निकलेगा। उन मजदूरों के कंठ से यह नई कविता निकलेगी जो अपने जीवन आनन्द के साथ खेत की मेड़ों का कपड़े के धागों का, जूता के टांकों का, लकड़ी के रंगो का भेदभाव दूर करेंगे। नंगे सिर और नंगे पाँव, धूल से लिपटे और कीचड़ से रंगे हुए वे बेजुबान कवि जब जंगल में लकड़ी काटेंगे तब लकड़ी काटने का शब्द इनके असभ्य स्वरों से मिश्रित होकर वायुयान पर चढ़ दसों दिशाओं में ऐसा अद्‌भुत गान करेगा कि भविष्य के कलावन्तों के लिए वही ध्रुपद और मलार का काम देगा। कला रूपी धर्म की तभी वृद्धि होगी, तभी नए कवि पैदा होंगे, तभी नए औलियों का उद्‌भव होगा, परन्तु ये सब के सब मजदूरी के दूध से पलेंगे। शुद्धाचरण, सभ्यता और कविता आदि के फूल इन्हीं मजदूर ऋषियों के उद्यान में प्रफुल्लित होंगे।

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**38. कविता में नवीन विषयों के अभाव का मुख्य कारण यह है कि –**
(A) मनुष्य का सारा जीवन-रस निचुड़ चुका है, स्वप्न पुराने हो चुके हैं
(B) श्रमहीनता की स्थिति ने मनुष्य की चिन्तन शक्ति क्षीण कर दी है
(C) मनुष्य ने नवीन विषयों पर विचार करना बंद कर दिया है
(D) मनुष्य ने नवीन कल्पनाएँ करनी बंद कर दी है

**39. यदि नवीन साहित्य प्रचलित हुआ, तो मनुष्य –**
(A) नवीन कला-कौशलपूर्ण संगीत से वंचित रह जाएगा
(B) भौतिकता के आधिक्य के कारण भावहीन हो जाएगा
(C) भविष्य में कभी साहित्यिक प्रगति न कर पाएगा
(D) मशीनों का गुलाम बनकर रह जाएगा

**40. नवीन साहित्य का प्रमुख विषय होगा –**
(A) श्रमजीवियों के कण्ठ से निकला कोई राग
(B) मजदूरों के जीवन में बिखरा आनन्द
(C) आम आदमी का श्रमपूर्ण जीवन
(D) खेत की मेड़, कपड़े के धागे, जूते के टाँके और लकड़ी के रंग

**41. मजदूर बेजुबान रहकर भी कविता कर सकता है –**
(A) औजारों से निकलने वाले संगीत के माध्यम से
(B) भविष्य के कलावंतों को नवीन दृष्टि प्रदान करके
(C) नवीन साहित्य के विषय-रूप में प्रतिष्ठित होकर
(D) अपनी भावनाओं की लिखित अभिव्यक्ति के माध्यम से

**42. आधुनिक युग में लिखी जा रही कविता में नयापन नहीं, क्योंकि इसमें –**
(A) असली काव्य की पवित्रता का अभाव है
(B) नई कला-कौशलपूर्ण अभिव्यक्ति को स्थान नहीं मिला है
(C) परम्परागत मूल्यों की अवधारणा नहीं है
(D) नवीन भावों की अभिव्यक्ति नहीं मिल रही है।

### गद्यांश - 9

''अध्यापक, किसी भी अन्य स्तर से अधिक, सभ्यता के संरक्षक हैं, उन्हें सद्‌भावपूर्ण ज्ञान होना चाहिए कि सभ्यता क्या है ? और शिष्यों में सभ्य विचार भावना भरने की इच्छा होनी चाहिए। इस प्रकार हमारे सामने यह एक प्रश्न है कि सभ्य समुदाय का गठन किसके द्वारा होता है ?''

इस प्रश्न का उत्तर केवल पदार्थ परीक्षण को ध्यान में रखते हुए बड़ी सरलता से दिया जाएगा। एक देश सभ्य होता है जब – उसके पास अधिक मशीनरी, अनेक मोटरकारों, बहुत्तर स्नानगृह एवं एक स्थान से अन्य स्थान तक आने-जाने के अनेक साधन होते हैं। ऐसी बातों को, मेरी राय में अत्यधिक आधुनिक मानव, अत्यधिक महत्त्व देते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण अर्थ में सभ्यता एक विचार वस्तु है, जीवित रहने के लिए शारीरिक पहलू से संलग्न सामग्री से सम्बंधित नहीं है। यह आंशिक रूप में ज्ञान और भावना दोनों से सम्बद्ध है। जहाँ तक ज्ञान का सम्बंध है मनुष्य को वैश्विक समयबद्धता एवं स्थानीयता के संदर्भ में तत्कालीन वातावरण एवं स्वयं की सूक्ष्मता का ज्ञान होना चाहिए।

उसको चाहिए कि वह अपने देश को केवल अपना घर न समझकर विश्व के देशों में से एक समझे, जहाँ सभी को जीवित रहने, सोचने एवं अनुभव के समान अधिकार हैं, भूत एवं भविष्य के सन्दर्भ में उसे अपना वर्तमान देखना चाहिए और समझना चाहिए कि उसकी अपनी उलझनें/परेशानियाँ भविष्य के दिनों में अनजानी बन जायेंगी जैसे कि भूतकाल की घटनाएँ आज हमें जान पड़ती हैं। विस्तृत दृष्टिकोण से देखने पर उसे भू-गर्भीय कालों की एवं खगोलीय अन्तरहीन छिद्रों (गड्ढ़ों) की विशालता के प्रति सजग होना चाहिए तथा सभी कुछ समझाना चाहिए। यह न समझना चाहिए कि यह अलग-अलग मानव भावना को कुचलने का यह एक भार है, परन्तु यह एक विशाल दृश्य है, जो यह सब सोचने वाले मस्तिष्क का विकास करता है। भावनाओं के पक्ष में यदि मनुष्य वास्तव में सभ्य है तो शुद्ध व्यक्तित्व की ओर से एक अति समान वृद्धि/विकास आवश्यक है।

मनुष्य जन्म से मृत्यु तक का मार्ग पार करता है। कभी उदार, कभी छीनने वाला और हीन, कभी वीरतापूर्ण, कभी कायरतापूर्ण तथा अधीनग्रस्त। जो व्यक्ति सम्पूर्ण प्रक्रिया को ध्यान में लेता है उसके लिए अमुक बातें प्रशंसापात्र सिद्ध होती हैं। कुछ व्यक्ति मनुष्य जाति के प्रेम द्वारा प्रेरित हुए हैं। कुछ व्यक्तियों ने अद्‌भुत बुद्धिमत्ता द्वारा हम जिस संसार में जीवित हैं उसे समझने में हमारी सहायता की है और कुछ ने अनन्य समानता द्वारा सुन्दरता को जन्म दिया।

इन लोगों ने निर्दयता, क्रूरता तथा मूढ़वादिता के लम्बे इतिहास को प्रकाश में लाने जैसे कुछ सकारात्मक भव्य कार्य का सूत्रपात किया। इन्होंने असभ्यता के छोटे-मोटे उपद्रवों के स्थान पर अपनी शक्ति से मानव जीवन की अच्छाई के लिए कार्य किए। सभ्य व्यक्ति जहाँ प्रशंसा नहीं कर सकता वहाँ धिक्कारने के स्थान पर समझने की ओर अधिक ध्यान देना। वह बुरे कार्यों में लगे लोगों को धिक्कारने या उसके घृणा करने के बजाए अमानुषी कारणों के उन्मूलन की खोज में अधिक ध्यान देगा। यह सब कुछ अपने अधीन युवकों तक अपने अध्यापन द्वारा पहुँचाएगा/सिखाएगा।

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**43. अध्यापक का कार्य क्या है ?**
(A) क्रूर एवं नृशंस लोगों के आक्रमण से सभ्यता की रक्षा
(B) सभ्यता के आवश्यक मूल्यों को बनाए रखना और विद्यार्थियों को उसकी शिक्षा देना
(C) सभ्यता का रूप (स्वभाव) परिवर्तित करना
(D) बुराई के अमानुषी कारणों की पुनः खोज करना

**44. आधुनिक लोग, जिन्हें महत्व प्रदान करना चाहिए उन्हें छोड़कर किन बातों को अधिक महत्त्व देते हैं ?**
(A) मकान एवं स्वच्छता (B) ज्ञान
(C) भौतिक वस्तुएँ (D) अंधविश्वास



rajbhashahindi
Join WhatsApp Group

**45. किसी को स्वयं के जीवन काल को क्या समझना चाहिए ?**
(A) मानव इतिहास का एक छोटा-सा भाग
(B) भूतकालीन भ्रष्टाचार
(C) विश्व जीवन का सुनहरा काल (D) प्रशंसा का विषय

**46. जिसे अच्छा नहीं मान सकता, उसके प्रति सभ्य व्यक्ति की प्रतिक्रिया क्या होगी ?**
(A) हल्के रूप में इसे स्वीकार करना चाहिए
(B) इसे अस्वीकार करना चाहिए
(C) इसे समझने का प्रयास करना चाहिए
(D) इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए

**47. सभ्य समाज का निर्माण कौन करता है ?**
(A) मोटरकार, जहाज, रेलगाड़ियाँ और बस
(B) विश्व का ज्ञान तथा औरों के लिए सहानुभूति
(C) बुरे लोगों के प्रति घृणा
(D) धिक्कारने के बजाए समझने पर अधिक ध्यान केन्द्रित करना

**48. व्यक्ति की अपने देश के प्रति क्या भावना होनी चाहिए ?**
(A) देशभक्ति (B) उदासीनता
(C) संवेदनशीलता
(D) विश्व के समान अधिकारों वाले देशों में से एक

**49. किसने मानव जीवन की गुणवता का विकास किया ?**
(A) बुद्धिशालियों ने (B) कलाकारों ने
(C) कलाकारों, विद्वानों तथा मानव-जाति के प्रेमियों ने
(D) मानव जाति के प्रेमियों ने

**50. बुराईयों के प्रति सभ्य लोगों की क्या मान्यता है ?**
(A) वह समझने का प्रयास करते हैं और बुराई के कारणों को दूर करते हैं
(B) वह बुराई के प्रति उदासीन होते हैं
(C) वह बुराई करने वालों से घृणा करते हैं
(D) वह उनका शिकार बनते हैं

## गद्यांश - 10

लंदन शहर टेम्स नदी के किनारों पर बसा हुआ है जिसका पाट चौड़ा है और पानी गहरा। समुद्र तट के निकट होने और टेम्स नदी में काफी पानी रहने के कारण, लंदन एक विशाल बंदरगाह भी है। वहाँ रोज सैकड़ों जहाज आते-जाते हैं और दूर देखने पर टेम्स नदी के ऊपर मस्तूलों का जंगल मालूम होता है। यहाँ से पृथ्वी की सभी दिशाओं को माल जाता है और वहाँ से आता है। लंदन तथा इंगलिस्तान की भोजन सामग्री का बहुत भाग इसी बंदरगाह पर पहुँचता है। यदि एक सप्ताह के लिए जहाजों का आना-जाना बंद हो जाए, तो इस देश में त्राहि-त्राहि मच जाए। इसलिए ब्रिटिश साम्राज्य ने अपनी नवीन शक्ति इतनी प्रबल कर ली है कि उससे दुनिया में कोई भी राजशक्ति समुद्र युद्ध में टक्कर नहीं ले सकती।

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**51. ब्रिटिश साम्राज्य ने अपनी नाविक शक्ति क्यों इतनी प्रबल बना ली ?**
(A) कोई शत्रु इसे हरा न सके
(B) कोई लंदन पर आक्रमण न कर सके
(C) कोई इसके जहाजों का आना-जाना न रोक सके
(D) लंदन शहर को कोई क्षति न पहुँचा सके

**52. 'मस्तूलों का जंगल' कहने से लेखक का क्या अभिप्राय है ?**
(A) मस्तूलों की पत्तियाँ (B) असंख्य मस्तूल
(C) मस्तूलों का आकर्षण दृश्य (D) मस्तूलों की बहार

**53. 'त्राहि-त्राहि मच जाने' का क्या अर्थ है ?**
(A) हल्ला मच जाना (B) हल्ला गुल्ला आरंभ होना
(C) शोर-शराबा होना (D) हाहाकार मच जाना

**54. 'टक्कर लेने' का अर्थ है -**
(A) तुलना करना (B) मुकाबला करना
(C) टकराना (D) लोहा मानना

**55. लंदन बंदरगाह कहाँ पर स्थित है ?**
(A) समुद्र तट पर (B) काफी गहरे पानी पर
(C) जहाजों के जंगल में (D) नदी के तट पर

## गद्यांश - 11

इस संसार की यही रीति है। सत्यवादी मारा जाता है। आज से सहस्रों वर्ष पूर्व ग्रीस देश में एक दार्शनिक रहा करता था। उसका नाम सुकरात था। उसकी बातें सीधी-सच्ची पर तीखी होती थी। समाज उन्हें सह नहीं सका और उसे कानूनी आज्ञा का पालन करते हुए विष का प्याला पीना पड़ा। इसी प्रकार तत्कालीन शासन-सत्ता तथा सामाजिक और धार्मिक दुराचारों के विरुद्ध आवाज उठाने पर ईसा को सूली पर चढ़ना पड़ा। सलीब पर से ईसा का यह आर्तनाद आज भी गूँज रहा है - हे प्रभु, हे पिता, तुम हमें क्यों भूल गए हो ? साम्प्रदायिक विष को शांत करने और लोगों में साम्प्रदायिक सद्भावना फैलाने के लिए गांधीजी अपने जीवन की बाजी लगाकर एक स्थान से दूसरे स्थान घूमते फिरे, अंत में उन्हें गोली का शिकार होना पड़ा। इन दृष्टांतों की पुनरावृत्ति अभी हाल ही में अमरीका में हुई है। वहाँ के काले लोगों को उनके रंग और जाति के दुर्व्यहारों से मुक्ति दिलाकर समाज में समुचित स्थान दिलाने को डॉ॰ किंग ने अहिंसक आन्दोलन खड़ा किया था। उन्होंने चाहा कि अमरीका के गोरे लोगों में हृदय परिवर्तन हो और वे नीग्रो अमरीकनों को नौकरी में और सामाजिक प्रतिष्ठा में वही स्थान पाने दें जो श्वेत अमरीकनों को मिलता है, लेकिन उसको भी निर्भीक सच्चाई बरतने का मूल्य अपने प्राण देकर चुकाना पड़ा। आज संसार के सामने वही पुराना प्रश्न फिर खड़ा हो गया है। क्या दुनिया में सच कहने वालों का और इंसाफ माँगने वालों का इसी प्रकार अंत होता रहेगा ? क्या आपसी विद्वेष को समाप्त करने की सम्भावना, इस दुनिया में सबको पसंद नहीं हो सकेगी ? जरा सोचिए, यदि इन प्रश्नों का उत्तर नकारात्मक हुआ, तो मनुष्य जाति का भविष्य कितना निराशाजनक होगा ?

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**56. ग्रीस देश के एक दार्शनिक का नाम था -**
(A) वाल्टेयर (B) प्लेटो
(C) सुकरात (D) अरस्तू

**57. सुकरात को विष का प्याला क्यों पीना पड़ा ?**
(A) वे लड़ाकू प्रकृति के थे
(B) उनकी सीधी सच्ची एवं तीखी बातें समाज सह नहीं सका
(C) वे खरी-खोटी कहते थे
(D) वे जाति-पाँति का भेदभाव करते थे



Join WhatsApp Group

**58. ईसा का आर्तनाद कहाँ से गूँज रहा है ?**
(A) कीले पर से (B) सूली पर से
(C) सलीब पर से (D) चोटी से

**59. 'सद्भावना' शब्द का विलोम है -**
(A) दुर्व्यवहार (B) सलीब
(C) दुराचार (D) विष

**60. 'छुटकारा' शब्द का पर्याय है -**
(A) शिकार होना (B) खड़ा करना
(C) मुक्ति (D) चुकाना

**61. 'अहिंसक' आन्दोलन खड़ा करने वाले नेता का नाम था -**
(A) डॉ॰ किंग (B) गांधीजी
(C) सुकरात (D) ईसा

**62. डॉ॰ किंग को प्राणों का मूल्य किस लिए चुकाना पड़ा ?**
(A) सामाजिक न्याय दिलाने के प्रयासों के लिए
(B) निर्भीक सच्चाई बरतने का मूल्य
(C) साम्प्रदायिक विष फैलाने के लिए
(D) रंगभेद का वातावरण तैयार करने के लिए

**63. 'सकारात्मक' शब्द का विलोम शब्द होगा -**
(A) नकारात्मक (B) आशात्मक
(C) संभावनात्मक (D) निराशात्मक

**गद्यांश - 12**

प्राचीनकाल में मानव को कपास और कपड़े के लिए कताई-बुनाई का ज्ञान नहीं था। इसलिए वह वृक्षों की छाल और पत्तों से अपने शरीर को ढ़क लेता था। वृक्षों की डाल पर वृक्षों के नीचे या किसी पर्वत की ओट में सो जाता था। समय बीतने पर मानव ने अपनी सुरक्षा और सुविधा की बात पर विचार किया। एक दिन उसने अचानक दो पत्थरों के टकराने से आग की चिंगारी निकलते देखी। धीरे-धीरे आग का उपयोग वह जान गया। तब से वह मांस को भूनकर खाने लगा। धीरे-धीरे पत्थर के स्थान पर कांस्य और लोहे के हथियार बनने लगे। इसलिए इस युग को 'कांस्य युग' कहते हैं। इसी युग में मानव ने खेती करना भी सीख लिया। कालान्तर में पहिए का आविष्कार हुआ। वस्तुत: यह विश्व का सबसे महत्त्वपूर्ण आविष्कार था। इसी के कारण मोटर, रेलगाड़ी, वायुयान तथा अनेक प्रकार की मशीनों का उपयोग शुरू हुआ।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**64. प्राचीनकाल में मानव क्या पहनता था ?**
(A) वृक्षों की छाल और पत्ते (B) जानवरों की खाल
(C) कपास के कपड़े (D) ऊनी कपड़े

**65. प्राचीनकाल में मानव कहाँ सोता था ?**
(A) वृक्षों के नीचे (B) झोंपड़ी में
(C) पहाड़ों पर (D) नदियों के किनारे

**66. आग का आविष्कार कैसे हुआ ?**
(A) जंगल में लगी आग से
(B) दो पत्थरों के टकराने पर निकली चिंगारी से
(C) दियासलाई से
(D) खोज और अनुसंधान से

**67. आग के आविष्कार के बाद जानवरों का मांस किस प्रकार खाया जाता था ?**
(A) कच्चा (B) भूनकर
(C) पकाकर (D) सब्जी की तरह

**68. कांस्य के हथियार बनने से 'पाषाण युग' समाप्त हो गया और तब जिस युग का सूत्रपात हुआ, वह था -**
(A) लौह युग (B) पाषाण युगान्तर
(C) कांस्य युग (D) आधुनिक युग

**69. मानव ने खेती करना किस युग में सीखा ?**
(A) पूर्व पाषाण युग में (B) पाषाण युग में
(C) पुरा पाषाण युग में (D) कांस्य युग में

**70. पहिए का आविष्कार कब हुआ ?**
(A) प्राचीन युग में (B) पाषाण युग में
(C) पुरा कांस्य युग में (D) कलयुग में

**71. पहिए के आविष्कार से सबसे बड़ा लाभ क्या हुआ ?**
(A) आधुनिक मशीनें और परिवहन के साधन बने
(B) बच्चों के खिलौने बने
(C) हल बना (D) हथगोला बना

**गद्यांश - 13**

विज्ञापन कला जिस तेजी से उन्नति कर रही है, उससे मुझे भविष्य के लिए और भी अंदेशा है। लगता है ऐसा युग आने वाला है जब शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति और साहित्य इनका केवल विज्ञापन कला के लिए ही उपयोग रह जाएगा। वैसे तो आज भी इस कला के लिए इनका खासा उपयोग होता है। बहुत-सी शिक्षण संस्थाएँ हैं जो साम्प्रदायिक संस्थाओं का विज्ञापन हैं। अपनी पीढ़ी के कई लेखकों की कृतियाँ लाला छगनलाल, मगनलाल या इस तरह के नाम के किसी और लाल की स्मारक निधि से प्रकाशित होकर लालाजी की दिवंगत आत्मा के प्रति स्मारक होने का फर्ज अदा कर रही हैं मगर आने वाले युग में यह कला, दो कदम आगे बढ़ जाएगी। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के दीक्षांत महोत्सव पर जो डिग्रियाँ दी जायेंगी, उनके निचले कोने में छपा रहेगा - 'आपकी शिक्षा के उपयोग का एक ही मार्ग है, आज ही आयात-निर्यात का धंधा प्रारंभ कीजिए। मुफ्त सूचीपत्र के लिए लिखिए'। हर नए आविष्कारक का चेहरा मुस्कुराता हुआ, टेलीविजन पर जाकर कुछ इस तरह निवेदन करेगा - 'मुझे यह कहते हुए हार्दिक प्रसन्नता है कि मेरे प्रयत्न की सफलता का सारा श्रेय रबड़ के टायर बनाने वाली कम्पनी को है, क्योंकि उन्हीं के प्रोत्साहन और प्रेरणा से मैने इस दिशा में कदम बढ़ाया ...........'। विष्णु के मंदिर खड़े होंगे, जिनमें संगमरमर की सुन्दर प्रतिमा के नीचे पट्टी लगी होगी - ''याद रखिए, इस मूर्ति और इस भवन के निर्माण का श्रेय लाल हाथी के निशान वाले निर्माताओं को है। वास्तुकला सम्बंधी अपनी सभी आवश्यकताओं के लिए लाल हाथी का निशान कभी मत भूलिए।' और ऐसे-ऐसे उपन्यास हाथ में आया करेंगे जिनकी सुन्दर चमड़े की जिल्द पर एक ओर बारीक अक्षरों में लिखा होगा - साहित्य में अभिरूची रखने वालों को इक्का मार्का साबुन वालों की एक और तुच्छ भेंट, और बात बढ़ते-बढ़ते यहाँ तक पहुँच जाएगी कि जब एक दुल्हा बड़े अरमान से दुल्हन ब्याह कर घर आएगा और घूँघट हटाकर उसके रूप की प्रसन्नता में पहला वाक्य कहेगा, तो दुल्हन मधुर भाव से आँख उठाकर हृदय का सारा दुलार शब्दों में पड़ेलती हुई कहेगी - 'रोज सुबह उठकर नौ सौ इक्यावन नम्बर के साबुन से नहाती हूँ।'



Join WhatsApp Group

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**72. भविष्य के लिए अन्देशा बढ़ता जा रहा है, क्योंकि -**
(A) विज्ञापन के प्रचार में गतिशीलता नहीं है
(B) विज्ञापन का प्रचार-प्रसार बड़ी तेजी से हो रहा है
(C) विज्ञापन प्रसार में परिवर्तन नहीं हो रहा है
(D) विज्ञापन प्रचार-प्रसार का समय नहीं बढ़ाया जा रहा है

**73. आज शिक्षण संस्थाएँ भी -**
(A) साम्प्रदायिकता की शिक्षा देती हैं
(B) साम्प्रदायिकता को रोकती हैं
(C) साम्प्रदायिकता संस्थाओं का विज्ञापन मात्र हैं
(D) साम्प्रदायिकता के विज्ञापन पर अंकुश लगाती हैं

**74. सुन्दर प्रतिमाओं के नीचे लगी पट्टी में लिखा होगा -**
(A) मूर्ति और भवन के निर्माण का श्रेय हाथी निशान को जाता है
(B) मूर्ति और भवन के निर्माण का श्रेय हाथी और महावत को जाता है
(C) मूर्ति और भवन के निर्माण का श्रेय लाल हाथी वालों को जाता है
(D) मूर्ति और भवन के निर्माण का श्रेय शिल्पकार-रचनाकारों को है

**75. गद्यांश में प्रयुक्त शब्द 'महोत्सव' का सही संधि-विग्रह और उसका प्रकार निम्नलिखित है।**
(A) महो + त्सव - स्वर संधि (B) महोत् + सव - व्यंजन संधि
(C) महः + उत्सव - विसर्ग संधि (D) महा + उत्सव - स्वर संधि

**76. उपर्युक्त गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक होगा -**
(A) दूरदर्शन के कार्यक्रम (B) टायर कम्पनी की प्रेरणा
(C) विज्ञापन युग (D) विज्ञापन और साहित्य

**गद्यांश - 14**

जिन्दगी के असली मजे उनके लिए नहीं है जो फूलों की छाँह के नीचे खेलते और सोते हैं, बल्कि फूलों की छाँह के नीचे अगर जीवन का कोई स्वाद छिपा है, तो वह भी उन्हीं के लिए है जो दूर रेगिस्तान से आ रहे हैं जिनका कंठ सूखा हुआ है, ओठ फटे हुए और सारा बदन पसीने से तर हैं। पानी में जो अमृतवाला तत्व है, उसे वह जानता है जो धूप में खूब सूख चुका है, वह नहीं जो रेगिस्तान में कभी पड़ा ही नहीं है।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**77. यह गद्यांश किसका लिखा हुआ है ?**
(A) राम धारी सिंह 'दिनकर' (B) रामचंद्र शुक्ल
(C) गुलाब राय (D) बालमुकुन्द गुप्त

**78. जिन्दगी के असली मजे किनके लिए है ?**
(A) जो आराम करते हें। (B) जो परिश्रम करते हैं
(C) जो शहर में रहते हैं (D) जो पैसे वाले है

**79. उपर्युक्त गद्यांश में किस बात की महत्त्व को बताया गया है ?**
(A) प्रकृति (B) जीवन
(C) श्रम (D) भाग्य

**80. जो धूप में खूब सूख चुका है, वे अभिप्राय है ?**
(A) कड़ा परिश्रम करना (B) धूप सेंकना
(C) बीमार होना (D) रेगिस्तान में रहना

**81. 'अमृतवाला तत्व' का तात्पर्य है -**
(A) जीवन का सार (B) अमृत
(C) जीवन का रहस्य (D) समुद्र से निकला हुआ अमृत

**गद्यांश - 15**

आवश्यकता इस बात की है कि हमारी शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषा हो, जिसमें राष्ट्र के हृदय-मन-प्राण के सूक्ष्मतम और गम्भीरतम संवेदन मुखरित हों और हमारा पाठ्यक्रम यूरोप तथा अमेरिका के पाठ्यक्रम पर आधारित न होकर हमारी अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं एवं आवश्यकताओं का प्रतिनिधित्व करें। भारतीय भाषाओं एवं आवश्यकताओं का प्रतिनिधित्व करें। भारतीय भाषाओं, भारतीय इतिहास, भारतीय दर्शन, भारतीय धर्म और भारतीय समाजशास्त्र को हम सर्वोपरि स्थान दे। उन्हें अपने शिक्षाक्रम में गौण स्थान देकर या शिक्षित जन को उनसे वंचित रखकर हमने राष्ट्रीय संस्कृति में एक महान् रिक्ति को जन्म दिया है, जो नयी पीढ़ी को भीतर से खोखला कर रहा है। हम राष्ट्रीय परम्परा से ही नहीं, सामयिक जीवन प्रवाह से भी दूर जा पड़े हैं। विदेशी पश्चिमी चश्मों के भीतर से देखने पर अपने घर के प्राणी भी बे-पहचाने और अजीब से लगने लगे हैं। शिक्षित जन और सामान्य जनता के बीच खाई बढ़ती गई है और विश्व संस्कृति के दावेदार होने का दम्भ करते हुए भी हम घर में वामन ही बने रह गए हैं। इस स्थिति को हास्यास्पद ही कहा जा सकता है।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**82. उपर्युक्त गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्ष है -**
(A) हमारा शिक्षा-माध्यम और पाठ्यक्रम
(B) शिक्षित जन और सामान्य जनता
(C) हमारी सांस्कृतिक परम्परा (D) शिक्षा का माध्यम

**83. हमारी शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषा होना चाहिए क्योंकि उसमें -**
(A) विदेशी पाठ्यक्रम का अभाव होता है
(B) भारतीय इतिहास और भारतीय दर्शन का ज्ञान निहित होता है
(C) सामयिक जीवन निरन्तर प्रवाहित होता रहता है।
(D) भारतीय मानस का स्पन्दन ध्वनित होता है।

**84. हमारी शिक्षा में ऐसे पाठ्यक्रम की आवश्यकता है जिसमें**
(A) सामयिक जन-संस्कृति का समावेश हो।
(B) भारतीय सांस्कृतिक परम्परा का प्रतिनिधित्व हो।
(C) पाश्चात्य संस्कृति का पूर्ण ज्ञान कराने की क्षमता हो।
(D) आधुनिक वैज्ञानिक विचारधाराओं का सन्निवेश हो।

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (C) | 3. (A) | 4. (A) | 5. (C) | 6. (B) | 7. (C) | 8. (D) |
| 9. (D) | 10. (A) | 11. (C) | 12. (D) | 13. (A) | 14. (A) | 15. (B) | 16. (B) |
| 17. (D) | 18. (C) | 19. (D) | 20. (D) | 21. (C) | 22. (D) | 23. (A) | 24. (D) |
| 25. (C) | 26. (C) | 27. (A) | 28. (B) | 29. (C) | 30. (B) | 31. (C) | 32. (B) |
| 33. (A) | 34. (D) | 35. (C) | 36. (B) | 37. (D) | 38. (A) | 39. (D) | 40. (B) |
| 41. (A) | 42. (D) | 43. (B) | 44. (C) | 45. (D) | 46. (C) | 47. (A) | 48. (D) |
| 49. (D) | 50. (A) | 51. (C) | 52. (B) | 53. (D) | 54. (B) | 55. (D) | 56. (C) |
| 57. (B) | 58. (C) | 59. (C) | 60. (A) | 61. (A) | 62. (A) | 63. (A) | 64. (A) |
| 65. (A) | 66. (B) | 67. (B) | 68. (C) | 69. (D) | 70. (C) | 71. (A) | 72. (B) |
| 73. (C) | 74. (C) | 75. (D) | 76. (C) | 77. (A) | 78. (B) | 79. (C) | 80. (A) |
| 81. (A) | 82. (A) | 83. (D) | 84. (B) | | | | |

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

# गद्यांश ( रिक्त स्थानों की पूर्ति )

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में प्राय: कुछ प्रश्न अनुच्छेद में रिक्त स्थानों की पूर्ति सम्बंधी होते हैं। इसके लिए एक गद्यांश या अवतरण होता है, जिसमें कई वाक्यों के शब्द लुप्त होते हैं और उसके स्थान पर प्रश्न संख्या अंकित होती है। अवतरण के नीचे प्रश्न संख्या के साथ ही चार-चार 'शब्द' विकल्प रूप में दिए रहते हैं। इन विकल्पों में से कोई एक शब्द सही होता है। परीक्षार्थियों को उपयुक्त विकल्प का चयन करके चिह्नित करना होता है।

इस प्रकार के प्रश्न हल करते समय विषय वस्तु, वाक्य रचना, शब्दों के उचित प्रयोग, समोच्चित शब्दों के अर्थ-भेद, समानार्थी शब्दों के प्रयोग में सतर्कता, शब्दों के विलोम और मुहावरे, कहावतों आदि का ज्ञान उचित विकल्प ढूँढ़ने में सहायक होता है।

**निर्देश ( प्रश्न 1-10 )** तक में सम्बद्ध वाक्यों के गद्यांश में से कतिपय शब्द निकाल दिए गए हैं। ये शब्द प्रत्येक रिक्त स्थान पूर्ति के लिए प्रस्तावित विकल्पों में सम्मिलित हैं। गद्यांश के विषय को समझने के लिए इसे ध्यान से पढ़िए। अब प्रस्तावित विकल्पों में से समुचित विकल्प चुनिए ।

**गद्यांश - 1**

मनुष्य स्वभावत: एकाकीपन पसन्द नहीं करता । परिवार अथवा समाज में रहते हुए भी हमें एक ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता अनुभव होती है, जिससे हम हृदय की बात निस्संकोच रूप से कह सकें। पारिवारिक मर्यादाओं के कारण पारिवारिक सदस्यों के सम्मुख हम अपने .....1..... वास्तविक रूप में नहीं रख पाते। परन्तु हृदय तो .....2..... के लिए सदा आकुल रहता है। हमारा अन्त:करण जिससे .....3..... नहीं रखता, जिसके सम्मुख खुल सकता है, वहीं हमारा ...4..... है। ऐसे मित्र प्रयत्नपूर्वक बनाए नहीं जाते, .....5..... ही मिल जाते हैं। हमारा मित्र हमारा ही .....6..... होता है। विपरीत विचारों वाले मित्र भी .....7..... रूप में मिलते हैं। परन्तु विचारों और स्थिति की .....8..... घनिष्ठ मित्रता के लिए अत्यन्त आवश्यक है। सामान्यत: दो .....9..... विचारों की टकराहट अशांति को ही जन्म देती है। .....10..... बढ़ाने वाले तो रास्ते चलते भी मिलेंगे पर वे स्वार्थपरायण होंगे और उनका सरोकार अपनी सुख-सुविधा एवं विलासिता तक सीमित होगा। उपयुक्त मित्र मिलना जीवन की सार्थकता है।

1. (A) संकल्प (B) विकल्प (C) स्वप्न (D) मनोभाव
2. (A) अभिव्यक्ति (B) अनुरक्ति (C) निवेदन (D) प्रतिवेदन
3. (A) अनुराग (B) विराग (C) दुराव (D) भुलाव
4. (A) पूज्य (B) श्रद्धेय (C) सुहृद् (D) सहृदय
5. (A) सायास (B) अनायास (C) बहुप्रयास (D) विपर्यास
6. (A) प्रतिरूप (B) अनुरूप (C) अपरूप (D) विरूप
7. (A) निर्विवाद (B) प्रतिवाद (C) संवाद (D) अपवाद
8. (A) असमानता (B) समानता (C) विपरीतता (D) विषमता
9. (A) अकूल (B) अनुकूल (C) प्रतिकूल (D) असंगत
10. (A) अभिमान (B) जान-पहचान (C) अनुमान (D) अवसाद

**गद्यांश - 2**

प्रेस समाज के <u>11</u> की एक महत्त्वपूर्ण शक्ति होती है। यह देश के एक भाग की जनता को दूसरे भागों में हो रही <u>12</u> से परिचित कराती है। विभिन्न <u>13</u> के बारे में ज्ञान के प्रसार का यह एक महत्त्वपूर्ण <u>14</u> है किसी काल के <u>15</u> विषयों पर जनमत तैयार करने का यह साधन भी है। समाज सुधार के <u>16</u> में और शासन के कार्यों को प्रभावित करने में इसकी सहायता महत्त्वपूर्ण होती है। जनहित के <u>17</u> पर जनता के विचारों की अभिव्यक्ति के लिए एक यह मंच का कार्य करता है।

भारत में प्रेस का विकास उन्नीसवीं सदी के आरंभिक वर्षों में आरंभ हुआ और इससे जनता को <u>18</u> बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत का पहला समाचार पत्र <u>1780</u> में स्थापित बंगाल गजट था।

11. (A) संगठन (B) ऐक्य (C) एकीकरण (D) एकता
12. (A) सूचनाओं (B) घटनाओं (C) अपदाओं (D) जटिलताओं
13. (A) समस्याओं (B) बाधाओं (C) अवरोधों (D) मुसीबतों
14. (A) मध्सम (B) माध्यम (C) मीडिया (D) मार्ग
15. (A) महत्त्वपूर्ण (B) महत्वाकांक्षी (C) मुख्य (D) गुरु
16. (A) प्रयासों (B) अनुष्ठानों (C) प्रयोगों (D) अभियानों
17. (A) मुर्दों (B) विषयों (C) बातचीत (D) कार्यकलापों
18. (A) रचनात्मक (B) कलात्मक (C) जागृत (D) तत्पर

**गद्यांश - 3**

समाचार-पत्र आधुनिक जीवन की आवश्यकता है और आज के जीवन की महान शक्ति। समाचार-पत्र जन साधारण के विचारों को <u>19</u> करने का साधन है। समाज, देश और विश्व में घटने वाली दिन प्रतिदिन की <u>20</u> का प्रामाणिक वर्णन समाचार-पत्र द्वारा ही मिल सकता है। यह जनजागृति का आधार होता है।

19. (A) दृष्टिगत (B) अभिव्यक्त (C) प्रकट (D) प्रस्तुत
20. (A) आपदाओं (B) विपदाओं (C) घटनाओं (D) कलेहों



Join WhatsApp Group

## गद्यांश - 4

मैं यह विश्वास, जरूर रखता हूँ कि 21 सिर्फ बुजदिली और हिंसा में से 22 करना हो, तो मैं हिंसा को चुनने की 23 दूँगा। मैं यह पसन्द करुँगा कि हिन्दुस्तान अपनी इज्जत 24 के लिए हथियारों की मदद लें, वनिस्पत इसके कि वह कायरों की तरह खुद अपनी बेइज्जती का असहाय शिकार हो जाए या बना रहे, लेकिन मेरा 25 है कि हिंसा से अहिंसा कहीं ऊँची है। सजा की बजाय माफी देना कहीं 26 बहादुरी का काम है। 'क्षमा वीरस्य भूषणम्' क्षमा से वीर की 27 बढ़ती है, लेकिन सजा न देना उसी हालत में 28 होती है, जब देने की ताकत हो। किसी असहाय जीव का यह कहना कि मैंने अपने से 29 को क्षमा किया कोई अर्थ नहीं रखता। जब एक चूहा, बिल्ली को अपने शरीर को टुकड़े-टुकड़े करने देता है तब वह बिल्ली को क्षमा नहीं करता, लेकिन मैं यह नहीं समझता कि हिन्दुस्तान 30 है। न मैं यही समझता हूँ कि मैं बिल्कुल असहाय हूँ।

**21.** (A) मगर (B) जिगर (C) अगर (D) नगर

**22.** (A) तनाव (B) चुनाव (C) रुकाव (D) पहनाव

**23.** (A) सहयोग (B) मदद (C) सहकार (D) सलाह

**24.** (A) बचाने (B) बनाने (C) मनाने (D) जनाने

**25.** (A) नि:श्वास (B) आश्वासन (C) उच्छ्वास (D) विश्वास

**26.** (A) कम (B) थोड़ा (C) ज्यादा (D) अल्प

**27.** (A) मर्यादा (B) शोभा (C) सौन्दर्य (D) सुन्दरता

**28.** (A) क्षमा (B) रचना (C) याचना (D) जाँचना

**29.** (A) महान (B) बलवान (C) जवान (D) दयावान

**30.** (A) चतुर (B) कायर (C) बहादुर (D) साहसी

## गद्यांश - 5

परमार्थ की उच्चत्तम भावना के साथ भी नागरिक जीवन में प्रवेश करने पर व्यक्ति को अविश्वास और संदेह के अनेक पैने तीरों का लक्ष्य बनना पड़ता है। नागरिक जीवन का अकारण संदेह कर्म निष्ठा को ...31... और उसका लक्ष्यहीन दुराव जीवन दर्शन को ...32... कर देता है। इसके विपरीत ग्रामीण ...33... की पुस्तक खुली ही मिलती है। कुछ ...34... परिस्थितियाँ इस मान्यता और विचारधारा की ...35... हो सकती हैं। पर जहाँ जीवन कुछ ...36... है, वहाँ एक ग्रामीण का सहयोग ...37... दैन्यरहित होने के कारण सहज है, सहायता का ...38... गर्वशून्य एवं अहंकारी वृत्ति से रहित होने के कारण ...39... और परस्पर किया जाने वाला विचार विनिमय ...40... होने के कारण जीवन के अध्ययन का पूरक है।

31. (A) निष्क्रिय (B) मूक (C) पंगु (D) मुखर

32. (A) अभ्रांत (B) भ्रांत (C) निर्भ्रान्त (D) विभ्रांत

33. (A) परिवेश (B) मानस (C) समाज (D) जीवन

34. (A) विषम (B) विशिष्ट (C) असम (D) असाधारण

35. (A) विवाद (B) संवाद (C) प्रवाद (D) अपवाद

36. (A) अस्वस्थ (B) स्वस्थ (C) आश्वस्त (D) प्रशस्त

37. (A) आदान (B) अवदान (C) दान (D) मान

38. (A) अवदान (B) आदान (C) दान (D) मान

39. (A) व्यावहारिक (B) अव्यावहारिक (C) स्वाभाविक (D) अस्वाभाविक

40. (A) कृत्रिम (B) अकृत्रिम (C) अशिष्ट (D) विशिष्ट

## गद्यांश - 6

वीरों को बनाने के कारखाने ...41... नहीं हो सकते वे तो देवदार के वृक्षों की तरह जीवन के अरण्य में खुद-ब-खुद पैदा होते हैं और बिना किसी के दूध पिलाए, बिना किसी के हाथ लगाए तैयार होते हैं और ...42... के मैदान में अचानक ही आकर सामने खड़े हो जाते हैं। हर बार ...43... और नाम के लिए छाती ...44... आगे बढ़ना और फिर पीछे आना पहले दर्जे की बुजदिली है, वीर तो यह समझता है कि मनुष्य का जीवन जरा-सी चीज है। वह सिर्फ एक बार के लिए काफी है। मानो ...45... में एक गोली है, उसे एक ही बार प्रयोग किया जा सकता है। हाँ कायर पुरुष इसको बड़ा ...46... और कभी न टूटने वाला हथियार समझते हैं। हर-घड़ी आगे बढ़कर और यह दिखाकर कि हम बड़े हैं वे फिर पीछे इसलिए ...47... जाते हैं कि उनका ...48... जीवन किसी और बड़े काम के लिए बच जाए। गरजने वाले ...49... ऐसे ही चले जाते हैं परन्तु ...50... वाले जरा-सी देर में मूसलाधार वर्षा कर जाते हैं।

41. (A) कायम (B) आयाम (C) समान (D) सतत

42. (A) दुनिया (B) भारत (C) मानव (D) लड़ाई

43. (A) भुलावा (B) दिखावा (C) बुलावा (D) मिलावा

44. (A) खोलकर (B) ठोंककर (C) पीटकर (D) चीरकर

45. (A) सन्दूक (B) बन्दूक (C) मंडूक (D) कारतूस

46. (A) कीमती (B) सीमित (C) सम्पत्ति (D) विपत्ति

47. (A) चट (B) हट (C) झट (D) पट



rajbhashahindi.com
Join WhatsApp Group

48. (A) अद्भुत (B) अनोखा
(C) अनदेखा (D) अनमोल

49. (A) आसमान (B) बादल
(C) अम्बर (D) वसुन्धरा

50. (A) तरसने (B) चमकने
(C) बरसने (D) कसकने

## गद्यांश - 7

यदि विचार-सामग्री निबन्ध की आत्मा है तो भाषा-शैली निबन्ध का शरीर है, एक अच्छे निबन्ध में ...51... स्पष्ट तथा सुबोध भाषा का ...52... करना चाहिए। इसके साथ ही उसका ...53... होना भी अपेक्षित है। वास्तव में एक ...54... निबन्ध की भाषा का सबसे बड़ा गुण यही है कि वह इतनी सशक्त हो कि पाठक का मन ...55... ही अपनी ओर आकर्षित कर लें। भाषा को सशक्त बनाने के लिए ...56... मुहावरों और लोकोक्तियों का प्रयोग किया जा सकता है, लक्षण तथा ...57... नामक शक्तियों का विभिन्न अलंकारों के द्वारा भी भाषा में ...58... का समावेश किया जा सकता है, लेकिन ...59... में अलंकारों, मुहावरों, लोकोक्तियों आदि की ...60... भी नहीं होनी चाहिए। ऐसा करने से निबन्ध में अस्वाभाविकता का समावेश हो जाता है और उसका सारा लालित्य नष्ट हो जाता है।

51. (A) क्लिष्ट (B) कृत्रिम
(C) शुद्ध (D) अपरिमार्जित

52. (A) आयोग (B) प्रयोग
(C) उपयोग (D) योग

53. (A) अशक्त (B) सशक्त
(C) निकृष्ट (D) आसक्त

54. (A) श्रेष्ठ (B) वरिष्ठ
(C) गरिष्ठ (D) विशिष्ट

55. (A) सायास (B) अभ्यास
(C) अनायास (D) विपर्यास

56. (A) यथाशक्ति (B) यथास्थान
(C) यथावत् (D) यथापूर्व

57. (A) व्यंजना (B) अभिव्यंजना
(C) रंजना (D) अतिरंजना

58. (A) औदार्य (B) व्यवहार्य
(C) सौजन्य (D) सौन्दर्य

59. (A) प्रबन्ध (B) निबन्ध
(C) पदबन्ध (D) अनुबन्ध

60. (A) अतिशयता (B) प्रगाढ़ता
(C) सघनता (D) प्रबलता

## गद्यांश - 8

कई दिन वहाँ रहने पर मुझे यह साध्वी की ...61... के बारे में बहुत कुछ मालूम हो गया। प्रात:काल उसके आश्रम से निरन्तर आती हुई तुलसीदास के भजनों की स्वर लहरी मेरी सोई हुई आत्मा को ...62... कर देती थी। कितने दिनों से मैं रेल-पेल व भागमभाग से ...63... वातावरण में आने की बात सोच रहा था। इस युग में भविष्य के प्रति ...64... हमें जल्दी निर्णय लेने से रोकती रहती है। फिर भी भीड़ से दूर निकलने की बलवती ...65... किसके मन में रह-रह कर नहीं जाग उठती है ?

61. (A) परिचर्या (B) दिनचर्या
(C) परिचर्चा (D) परिक्रमा

62. (A) जागृत (B) उदास
(C) चंचल (D) विचलित

63. (A) प्रभावित (B) दूषित
(C) संलग्न (D) अचेत

64. (A) आशा (B) हताशा
(C) आशंका (D) निश्चिन्तता

65. (A) उत्सुकता (B) इच्छा
(C) लालसा (D) तृष्णा

## गद्यांश - 9

माता अखिल ब्रह्माण्ड की अदम्य शक्ति-स्वरूपा होती है। समग्र सृष्टि का स्वरूप माता की गोद में अंकुरित, पल्लवित, पुष्पित एवं विकसित होता है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अवलोकन करें तो विदित होगा कि आजकल अधिकांश माताएँ घर से बाहर कार्यरत है नन्हें सुकुमार बच्चों को आया के हवाले करके। माता का अर्थ ...66... हेतु दिनभर घर से बाहर रहना मातृत्व के ...67... पर एक प्रश्नचिह्न अंकित करता है। इस ...68... पर आँखें खोलते ही बालक को माता के अतुलित, अनिर्वच तथा अनुपम ...69... से वंचित रहना पड़ता है। माता के अमृततुल्य दुग्धपान के लिए ...70... शिशु को डिब्बे आदि का नकली दूध पीना पड़ता है। शाम को माता के घर आते ही बालक के स्नेह ...71... में ज्वार उठने लगता है। वह येन केन प्रकारेण अपने प्यार का ...72... माता का उडेलना चाहता है एवं माता के ...73... प्यार में भींगकर अलौकिक तृप्ति पाना चाहता है।

66. (A) प्लायन (B) उपार्जन
(C) संचयन (D) वैभव

67. (A) दायित्व (B) ज्ञान
(C) बोध (D) शोध

68. (A) भू (B) भूमिजा
(C) भूधर (D) भूप

69. (A) प्रणय (B) स्नेह
(C) संगति (D) निसर्ग

70. (A) पिपासु (B) आर्त्त
(C) आतुर (D) जिज्ञासु

71. (A) स्रोत (B) शतदल
(C) समर (D) सागर

72. (A) उफान (B) उछाल
(C) तूफान (D) उबाल

73. (A) विशाल (B) विपुल
(C) पुलक (D) अवरूद्ध

## गद्यांश - 10

मानव मन की ...74... गहराई में यदि हम झाँक कर देखें तो ...75... आज भी गहामानस की दमित वासनाएँ केंचुली मारे बैठी है। वाणी उसकी ...76... ही संस्कारिक क्यों न हो गई हो ...77... अन्तर्जगत में मैल के पर्त और भी मोटे होते गये है। हमारे आचरण की तुलना में हमारे उद्गार इतने



Join WhatsApp Group

ऊँचे हैं। ...78... उन्हें सुनकर आश्चर्य होता हैं बातें तो हम 'बसुधैव कुटुम्बकम्' की करते है परन्तु काम हमारे ...79... और होते हैं। सिद्धांत तो सहिष्णुता का बघारते हैं, ...80... व्यवहार में हम चाहते हैं कि दूसरे भी वहीं सोचें जो हम सोचते हैं – हमारा नेतृत्व और श्रेष्ठता बेझिझक स्वीकार करें। यह खतरे की स्थिति में है और यह खतरा बाहर नहीं ...81... भीतर बैठा अवसर की ताक में है।

74. (A) ऊपर (B) नीचे (C) अतल (D) अवतल
75. (A) यहाँ (B) वहाँ (C) जहाँ (D) कहाँ
76. (A) उतनी (B) जितनी (C) कितनी (D) कुछ
77. (A) उसका (B) पर (C) उसपर (D) इसपर
78. (A) का (B) के (C) की (D) कि
79. (A) कभी (B) कोई (C) कुछ (D) कहीं
80. (A) लेकिन (B) उसकी (C) उसका (D) परन्तु
81. (A) हमारा (B) हमारी (C) हमारे (D) हममें

## गद्यांश – 11

इंटरनेट इस सदी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण अजूबा है। यह लाखों कम्प्यूटरों का एक नेटवर्क है जो संचार ...82... से आपस में एक दूसरे से जुड़े है। इस नेटवर्क के एक कम्प्यूटर से नेटवर्क से जुड़े किसी भी दूसरे कम्प्यूटर को डायल कर उसकी ...83... प्राप्त की जा सकती है या उसकी सूचना का आदान-प्रदान किया जा सकता है और यह सब कुछ क्षणों में ...84... पा जाता है चाहे दूसरा कम्प्यूटर लाखों मील दूर ही क्यों न हो। कम्प्यूटर ...85... से जुड़ी कम्पनी माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष के अनुसार अब वह दिन दूर नहीं जब आप अपनी आरामकुर्सी से उठे बिना ही देश-विदेश से ...86... कर सकते हैं, विश्व का कोई भी ...87... उपन्यास पढ़ सकते हैं, कपड़ों से लेकर आभूषण और कार से लेकर ब्लेड तक किसी भी तरह की खरीदारी कर सकते हैं, किसी भी विषय पर इच्छानुसार जानकारी ले सकते हैं। यदि आप चाहें तो विश्व का कोई भी चलचित्र देख सकते हैं। और इच्छा हो तो किसी भी ...88... को हटाकर आप स्वयं ही वह ...89... निभा सकते हैं।

82. (A) तकनीकों (B) तकनीशियनों (C) माध्यमों (D) उपकरणों
83. (A) क्षमता (B) भेद (C) सूचना (D) गोपनीयता
84. (A) नतीजा (B) अंजाम (C) फल (D) निष्कर्ष
85. (A) व्यापार (B) तकनीक (C) क्रय-विक्रय (D) उद्योग
86. (A) धन्धा (B) उद्योग (C) व्यापार (D) आयात-निर्यात
87. (A) मनपसंद (B) मनमोहन (C) इच्छानुसार (D) अपेक्षित
88. (A) नाटककार (B) किरदार (C) कलाकार (D) अभिनेता
89. (A) कलाकार (B) भूमिका (C) पात्र (D) कार्यक्रम

## गद्यांश – 12

भारती माता की कोख में जो अमूल्य ...90... भरी है जिनके कारण वह ...91... कहलाती है उससे कौन परिचित न होना चाहेगा ? लाखों करोड़ों वर्षों से अनेक प्रकार की धातुओं को पृथ्वी के गर्भ में पोषण मिला है। दिन-रात बहने वाली नदियों ने पहाड़ों को पीस-पीस कर अंगिणित प्रकार की मिट्टियों से पृथ्वी की देह को सजाया है। हमारे ...92.. आर्थिक ...93... के लिए उन सबकी जाँच-पड़ताल अत्यंत आवश्यक है। पृथ्वी की गोद में जन्म लेने वाले खड़े पत्थर कुशल ...94... से सँवारे जाने पर अत्यंत ...95... का प्रतीक बन जाते है। नाना भाँति के ...96... नग विंध्य की नीदयों के प्रवाह में सूर्य की धूप से चिलकते रहते हैं।

90. (A) वृत्तियाँ (B) मूर्तियाँ (C) कृतियाँ (D) निधियाँ
91. (A) श्वेताम्बरा (B) नीलाम्बरा (C) वसुन्धरा (D) कन्दरा
92. (A) भूतकालिक (B) तात्कालिक (C) भावी (D) वर्तमानकालिक
93. (A) निर्माण (B) उत्साह (C) पतन (D) उत्थान
94. (A) शिक्षितों (B) युवकों (C) शिल्पियों (D) प्रशिक्षितों
95. (A) सौन्दर्य (B) गौरव (C) समृद्धि (D) विशालता
96. (A) विशाल (B) आकर्षित (C) अनगढ़ (D) भौतिक

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (A) | 3. (C) | 4. (C) | 5. (B) | 6. (A) | 7. (D) | 8. (B) |
| 9. (C) | 10. (B) | 11. (A) | 12. (B) | 13. (A) | 14. (B) | 15. (A) | 16. (A) |
| 17. (A) | 18. (C) | 19. (B) | 20. (C) | 21. (C) | 22. (B) | 23. (D) | 24. (A) |
| 25. (D) | 26. (C) | 27. (B) | 28. (A) | 29. (B) | 30. (B) | 31. (A) | 32. (B) |
| 33. (D) | 34. (A) | 35. (D) | 36. (C) | 37. (A) | 38. (C) | 39. (C) | 40. (B) |
| 41. (A) | 42. (D) | 43. (B) | 44. (A) | 45. (B) | 46. (A) | 47. (B) | 48. (D) |
| 49. (B) | 50. (C) | 51. (C) | 52. (D) | 53. (B) | 54. (A) | 55. (C) | 56. (C) |
| 57. (A) | 58. (D) | 59. (B) | 60. (A) | 61. (B) | 62. (A) | 63. (D) | 64. (C) |
| 65. (B) | 66. (B) | 67. (A) | 68. (A) | 69. (B) | 70. (A) | 71. (D) | 72. (A) |
| 73. (B) | 74. (C) | 75. (B) | 76. (C) | 77. (B) | 78. (D) | 79. (C) | 80. (A) |
| 81. (C) | 82. (A) | 83. (C) | 84. (B) | 85. (D) | 86. (C) | 87. (A) | 88. (B) |
| 89. (B) | 90. (D) | 91. (C) | 92. (C) | 93. (A) | 94. (C) | 95. (C) | 96. (C) |

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

# रस, छन्द एवं अलंकार

## रस

जिसकी अनुभूति मन को तन्मय, हृदय को एक तान, नेत्रों को जलप्लावित, शरीर को पुलकित और वचन रचना को गद्गद कर दे, उस अलौकिक एवं चमत्कारी आनन्द-विशेष को 'रस' कहा जाता है।

रस के चार अवयव है :-

1. स्थायीभाव **2.** विभाव, **3.** अनुभाव और **4.** संचारीभाव ।

**1.** **स्थायीभाव :** जो भाव रस का आस्वादन होने तक अथवा शुरू से अंत तक रहते है तथा जो अपने-आप में विभोर कर देने की क्षमता रखते हैं, उन्हें 'स्थायीभाव' कहा जाता है। यह रस-निष्पत्ति का मूलभूत कारण होता है। स्थायीभाव कुल 11 (ग्यारह) है – **1.** रति, **2.** हास, **3.** शोक, **4.** क्रोध, **5.** उत्साह, **6.** भय, **7.** जुगुप्सा, **8.** विस्मय, **9.** निर्वेद, **10.** वात्सल्य तथा **11.** भक्ति

**2.** **विभाव :** किसी भाव को 'रस' की अवस्था तक जगाने या उद्दीपन करनेवाले तत्त्व को विभाव कहा जाता है।

विभाव के दो भेद होते है – (i) आलम्बन और (ii) उद्दीपन

**(i)** **आलम्बरन :** जो विभाव भाव को जगाते है, उन्हें आलम्बन विभाव कहा जाता है।

**(ii)** **उद्दीपन :** जो विभाव भाव को उद्दीप्त या तेज करने वाले होते है, उन्हें उद्दीपन विभाव कहा जाता है। जैसे – फूलों से सुगंधित एकान्त बगीचे में शकुन्तला को देखकर दुष्यन्त के हृदय में 'रतिभाव' जागृत होता है। यहाँ 'शकुन्तला' आलम्बन विभाव है एवं 'सुगंधित एकान्त बगीचा' उद्दीपन विभाव है। इस तरह विभावों के बिना कोई भाव उदित नहीं होता है। सामान्यत: नायक-नायिका को 'आलम्बन' कहा जाता है, किन्तु वास्तव में जब नायिका के चित्त में प्रेमोदय होता है, तो आलम्बन नायक होता है और जब नायक के चित्त में प्रेमोदय होता है, तो आलम्बन 'नायिका' होती है। जिसके चित्त में प्रेमोदय होता है, उसे 'आश्रय' कहा जाता है। आलम्बन के द्वारा 'आश्रय' के चित्त में जो स्थायीभाव उदित होता है, उसे तीव्रता देनेवाले तत्त्व को उद्दीपन कहा जाता है। चाँदनी रात, रिमझिम वर्षा, कदली वन, मलय पर्वत, उद्यान, चिड़ियों का चहकना आदि उद्दीपन विभाव है।

**3.** **अनुभाव :** किसी प्रकार के स्थायी भाव के उदित होने के जो बाहरी लक्षण दिखाई पड़ते है, उन्हें अनुभाव कहते हैं। अनुभाव एक बाह्य लक्षण हैं जिनसे स्थायीभाव के उदित होने का निश्चित ज्ञान होता है।

**4.** **संचारीभाव :** जो भाव कुछ ही क्षणों तक रहकर विलीन हो जाते है, 'संचारी भाव' कहलाते है। संचारी भाव परिवर्तनशील होते हुए भी स्थायीभाव की पुष्टि करते है।

प्राचीन आचार्यों के अनुसार रस के नौ भेद ही प्रचलित रहे है : 1. शृंगार, 2. हास्य, 3. करुण, 4. रौद्र, 5. वीर, 6. भयानक, 7. वीभत्स, 8. अद्भुत तथा 9. शान्त। किन्तु अब कुछ विद्वान वात्सल्य और भक्ति को भी स्वतंत्र रस की कोटि में रख रहे है। इस प्रकार अब रस के ग्यारह (11) भेद माने जाते हैं।

सभी रसो के स्थायीभाव निम्नांकित है –

| रस | स्थायीभाव | रस | स्थायीभाव |
|---|---|---|---|
| 1. शृंगार | रति | 4. वीभत्स | जुगुप्सा या घृणा |
| 2. हास्य | हास | 5. अद्भुत | विस्मय |
| 3. करुण | शोक | 6. शान्त | निर्वेद |
| 7. रौद्र | क्रोध | 10. वात्सल्य | वात्सल्य |
| 8. वीर | उत्साह | 11. भक्ति | भक्ति |
| 9. भयानक | भय | | |

**उदाहरण :-**

**1.** **शृंगार रस –** खंजन मंजु तिरीछे नैननि ।
निज पति कहेउ तिनहि सिय सैननि ।।
**– तुलसीदास**

**2.** **वीर रस –** जौं राउर अनुशासन पाऊँ ।
कंटुक इव ब्रह्मांड उठाऊँ ।।
काँचे घट जिमि डारउँ फोरी ।
सकउँ मेरु मूलक इव तोरी ।।
**– तुलसीदास**

**3.** **हास्य रस –** बर बौराह बरद असबारा ।
ब्याल कपाल बिभूषण छारा ।।
**– तुलसीदास**

**4.** **रौद्र रस –** रे नृप बालक ! कालबस, बोलत तोहि न सँभार ।
धनुही सम त्रिपुरारि धनु, बिदित सकल संसार ।।
**– तुलसीदास**

**5.** **भयानक रस –** धाए बिसाल कराल मर्कटभालु काल समानते ।
मानहुँ सपच्छ उड़ाहिं भूधरबृन्द नाना बन ते ।।
**– तुलसीदास**

**6.** **अदभुत रस –** जस जस सुरसा बदन बढ़ावा ।
तासु दुगुन कपि रूप दिखावा ।।
**– तुलसीदास**

**7.** **वीभत्स रस –** उदर बिदारहि भुजा उपारहिं ।
गहि पद अवनि पटकि भट डारहिं ।।
**– तुलसीदास**

**8.** **करुण रस –** प्रिय पति वह मेरा प्राण प्यारा कहाँ है ?
दुख जलनिधि डूबी का सहारा कहाँ है ?
**– हरिऔध**

**9.** **शान्त रस –** एहि कलिकाल न साधन दूजा ।
योग, जग्य, जप, तप, ब्रत, पूजा ।।
**– तुलसीदास**

**10.** **वात्सल्य –** जसोदा हरि पालनै झुलावै ।
हलरावै दुलराई मल्हावै जोई सोई कछु गावै ।
मेरे लाल कौ आउ निंदरिया काहे न बेगि सौं अवै ।।
**– सूरदास**

**11.** **भक्ति –** प्रभुजी ! तुम चन्दन हम पानी ।
जाके अंग-अंग वास समानी ।।
**– रैदास**

**रसाभास :** जहाँ सामाजिक मर्यादा के प्रतिकूल प्रेमोदय का चित्रण हो, वहाँ 'रसाभास' माना जाता है। पशु-पक्षियों की शृंगार-चेष्टाओं एवं क्रिया-कलापों को भी आचार्यों ने रसाभास ही माना जाता है।

**भावाभास :** भावों का जहाँ अनुचित चित्रण होता है, वहाँ 'भावाभास' माना जाता है। करुण भाव को अगर वीर भाव की तरह चित्रित कर दिया जाय, तो वह भावाभास का उदाहरण होगा।



Join WhatsApp Group

## छन्द

**जिस रचना में शब्द की सजावट, मात्रा, प्रवाह, विराम एवं तुक आदि के विशेष नियमों का पालन किया जाता है, उसे छन्दोबद्ध रचना कहते हैं।**

छन्द के यति, गति, तुक, मात्रा आदि महत्त्वपूर्ण अंग है। किसी पद्य के पाठ में जहाँ-जहाँ थोड़ी रुकावट अपेक्षित होती है, उसे **यति** कहते हैं। उसके प्रवाह को गति की संज्ञा दी जाती है। जहाँ पद्य के पाठ में स्वाभाविक प्रवाह अवरुद्ध हो जाय, वहाँ समझना चाहिए कि पद्य-रचना में मात्रा जनित किसी प्रकार का दोष है। पद्य के अंतिम शब्द या मात्रा की समानता को **तुक** का मिलना कहा जाता है।

छन्दों के प्राय: चार भाग होते हैं जिन्हें **पाद** या **चरण** कहा जाता है।

पद्य-रचना या छन्द की सृष्टि में सबसे महत्त्वपूर्ण अंग है – 'मात्रा'। सामान्यत: व्याकरण में जसे 'ह्रस्व' और 'दीर्घ' कहा जता है, उसी को छन्द में 'लघु' और 'गुरु' कहा जाता है। लघु और गुरु के सम्बंध में निम्नांकित बातें स्मरणीय है –

(क) अ, इ, उ और ऋ तथा इनसे युक्त सभी व्यंजन वर्ण 'लघु' होते हैं।

(ख) आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ तथा इनसे युक्त व्यंजन वर्ण 'गुरु' होते हैं।

(ग) अनुस्वार ( ं ) और विसर्ग (:) से युक्त वर्ण गुरु माने जाते हैं।

(घ) चन्द्रबिन्दु ( ँ ) से युक्त वर्ण लघु माने जाते हैं।

(ङ) किसी भी संयुक्ताक्षर के पूर्व का वर्ण गुरु माना जाता है, किन्तु वह संयुक्ताक्षर उपर्युक्त (क) और (ख) के अनुसार लघु और गुरु होता है।

(च) लघु में 'एक' और गुरु में 'दो' मात्राओं की गिनती की जाती है।

(छ) लघु मात्रा का चिह्न (।) और गुरु चिह्न (ऽ) है।

(ज) जिन छन्दों में वर्ण गिनने का नियम है, उनमें स्वर-युक्त वर्णों की ही गिनती होती है अर्थात् हल् या स्वर रहित व्यंजन नहीं गिने जाते हैं। 'कर्म' के दो और 'मुक्त' में भी दो वर्ण गिने जाएँगे। उदाहरण के लिए

| ऽ ।। | ।।। | । ऽ ।। | ऽ ऽ | = 16 मात्राएँ |
|---|---|---|---|---|
| भोजन | करत | बुलावत | राजा | |

इस अर्द्धाली में 'भो' में 'ओ' स्वर मिला हुआ है जो गुरु है, अत: इसमें दो मात्राएँ है। 'ज' और 'न' में 'अ' रहने के कारण ये लघु या एक मात्रा वाले हैं। 'करत' में प्रत्येक वर्ण लघु है। 'बुलावत' में पहला, तीसरा और चौथा वर्ण लघु और दूसरा वर्ण गुरु है। 'राजा' में दोनों वर्ण गुरु हैं, अत: 'भोजन' में चार मात्राएँ, 'करत' में तीन मात्राएँ, 'बुलावत' में पाँच मात्राएँ और 'राजा' में चार मात्राएँ है। इस तरह एक चरण में 'सोलह' मात्राएँ हुई।

## छन्दों के भेद

मात्रा और वर्णक्रम के आधार पर छन्दों के दो भेद है –

1. **मात्रिक छन्द :** जिस छन्द में केवल मात्राओं की निश्चित संख्या का बन्धन होता है, वर्ण-संख्या घट-बढ़ सकती है, उसे 'मात्रिक छन्द' कहा जाता है।
2. **वर्णिक छन्द :** जिस छन्द में वर्ण-संख्या और मात्रा-क्रम का संयोजन होता है और जहाँ वर्णों की मात्राओं का क्रम मुख्य होता है, उसे 'वर्णिक छन्द' कहा जाता है।

इसके अलावे बड़े आकार के कुछ छन्द ऐसे होते हैं, जिनमें मात्राओं का आधार न होकर केवल वर्णों की ही गिनती होती है। इसमें समात्रिक व्यंजन को एक वर्ण माना जाता है। जैसे – 'कम', 'काम', 'कामा' तीनों में दो-दो वर्ण गिने जाते हैं।

मात्रा संख्या एवं वर्णक्रम के अनुसार छन्दों के भेद –

1. **सम छन्द :** जिन छन्दों के चारों चरणों में मात्रा संख्या या वर्ण-क्रम एक समान होता है, उसे 'सम छन्द' कहते हैं। जैसे – चौपाई, रोला।
2. **अर्द्धसम छन्द :** जिन छन्दों में 'पहले और तीसरे' तथा 'दूसरे और चौथे' चरणों में मात्रा संख्या और वर्ण-क्रम समान होता है, उन्हें 'अर्द्धसम छन्द' कहा जाता है। जैसे – दोहा, सोरठा।
3. **विषम छन्द :** जिन छन्दों के चरणों में मात्राओं और वर्णों की संख्या और क्रम में असमानता हो, उन्हें 'विषम छन्द' कहते हैं। जैसे – कुंडलिया।

## प्रमुख छन्दों का परिचय

1. **दोहा :** दोहा वह मात्रिक अर्द्धसम छन्द है, जिसके 'प्रथम और तृतीय चरण' में तेरह-मात्राएँ तथा 'द्वितीय और चतुर्थ चरण' में ग्यारह-ग्यारह मात्राएँ होती हैं। यथा –

   ''श्री गुरु चरन सरोज रज, निज मन मुकुर सुधार ।
   बरनौं रघुवर विमल जस, जो दायक फलचार ।।''

   इसके प्रथम और तृतीय चरण में तेरह-तेरह मात्राएँ एवं दूसरे और चौथे चरण में ग्यारह-ग्यारह मात्राएँ है। एक-एक चरण के बीच अल्पविराम या विराम का चिह्न है।
2. **सोरठा :** सोरठा एकमात्रिक अर्द्धसम छन्द है, जिसमें प्रथम और तृतीय चरण में ग्यारह-ग्यारह मात्राएँ तथा द्वितीय और चतुर्थ चरण में तेरह-तेरह मात्राएँ होती हैं। इसे दोहे का ठीक उलटा मानना चाहिए। यथा –

   ''सुनि केवट के बैन, प्रेम लपेटे अटपटे ।
   विहँसे करुना ऐन, चितइ जानकी लखन तन ।।''
3. **चौपाई :** चौपाई एकमात्रिक सम छन्द है, जिसके प्रत्येक चरण में सोलह-सोलह मात्राएँ होती हैं। जैसे –

   ''मातु मोहि दीजे कछु चीन्हा । जैसे रघुनायक मोहि दीन्हा ।
   चूड़ामणि उतारि तब दयऊ । हरष समेत पवन-सुत लयऊ ।।''
4. **रोला :** रोला एकमात्रिक सम छन्द है, जिसके प्रत्येक चरण में 24 (चौबीस) मात्राएँ होती हैं तथा ग्यारह और तेरह मात्राओं पर यति होती है। यथा –

   ''जो जनहित पर प्राण निछावर है कर पाता ।
   जिसका तन है किसी लोकहित से लग जाता ।।
5. **हरिगीतिका :** हरिगीतिका एकमात्रिक सम छन्द है जिसके प्रत्येक चरण में अट्ठाईस (28) मात्राएँ होती है, इसमें सोलह और बारह मात्राओं पर यति होती है तथा अन्त में एक लघु और गुरु होता है। यथा –

   ''कहते हुए यों वह न उनका भूल सकता वेश है ।
   हे पार्थ ! प्रण पालन करो देखो अभी दिन शेष है ।।''
6. **कुण्डलिया :** यह एक संयुक्त छन्द है, जो दोहा और रोला दन्द के योग से बनता है। एक दोहे के बाद एक रोला छन्द रखने से कुण्डलिया छन्द हो जाता है। इस छन्द के लिए यह आवश्यक है कि इसका आरंभ जिस शब्द से होता है, अन्त भी उसी शब्द से होता है। कभी-कभी तो आरंभ और अन्त के कई शब्द एक समान होते हैं। दूसरी आवश्यक बात यह है कि दोहा के अन्त का 'चरण' रोला के आरंभ के अंश में दुहरा दिया



rajbhashahindi.com
Join WhatsApp Group

जाता है। इसके प्रत्येक चरण में चौबीस (24) मात्राएँ होती है। यथा –

''लाठी में गुण बहुत है, सदा रखिए संग ।
गहिरो नद नारा जहाँ, तहाँ बचावै अंग ।।
तहाँ बचावै अंग, झपटि कुत्ता को मारै ।
दुश्मन दावागीर होय तिनहू को झारै ।।
कह गिरधर कविराय, सुनो हो धूर के बाटी ।
सब हथियारनि छाँड़ि हाथ में लीजै लाठी ।।''

**7. सवैया :** सवैया एक वण वृत्त है जिसमें चार समान चरण होते हैं और प्रत्येक चरण में बाईस (22) अक्षर तक होते हैं। इसके कई भेद हैं। नीचे 'मत्तगयन्द' सवैया का एक उदाहरण दिया जाता है, जिसके प्रत्येक चरण में सात बार 'एक गुरु' और 'दो लघु' वर्णों का प्रयोग होता है तथा अन्त में 'दो गुरु' वर्ण होते हैं। यथा –

''सेस महेस गनेस दिनेस सुरेसहु जाहि निरन्तर गावैं ।
जाहि अनादि अनंत अखंड अछेद अभेद सुवेद बतावै ।
नारद से सुक व्यास रटै पचि हारै तऊ पुनि पार न पावै ।
ताहि अहीर की छोहरियाँ छछिया भरि छाँछ पै नाच नचावैं ।।''

**8. मालिनी :** यह भी वर्णिक छन्द है, जिसके प्रत्येक चरण में पन्द्रह (15) वर्ण होते हैं और 7-8 वर्णों पर 'यति' होती है। यथा –

''प्रय पति ! वह मेरा प्राण प्यारा कहाँ है ?
दुख जलनिधि डूबी का सहारा कहाँ है ? ''

## अलंकार

जिस तरह आभूषण से मनुष्य के शरीर की शोभा में वृद्धि होती है, उसी तरह काव्य की शोभा बढ़ानेवाले तत्त्वों को अलंकार कहा जाता है। दूसरे शब्दों में, **जिस प्रयोग-विशेष के कारण काव्य के शब्द और अर्थ चमत्कारपूर्ण हो जाये, उसे अलंकार की संज्ञा दी जाती है।**

अलंकार काव्य का अनिवार्य अंग नहीं है, किन्तु उससे काव्य की महत्ता अवश्य अधिक हो जाती है।

अलंकार तीन तरह के होते है –

**1.** शब्दालंकार, **2.** अर्थालंकार, **3.** उभयालंकार ।

**1. शब्दालंकार :**

जहाँ काव्य की शोभा या चमत्कारिता उसमें प्रयुक्त शब्दों पर निर्भर करती है और उन शब्दों के स्थान पर उनका पर्यायवाची शब्द प्रयोग करने से चमत्कार नहीं रह जाता, वहाँ शब्दालंकार माना जाता है। जैसे –

''मल्लिकानु मंजुल मिलिन्द मतवारे मिले ।''

यहाँ शब्दालंकार का सुन्दर प्रयोग देखा जा सकता है। कुछ प्रमुख शब्दालंकार का यहाँ परिचय दिया जा रहा है।

**(क) अनुप्रास :** वर्णों के साम्य को 'अनुप्रास' कहा जाता है। तात्पर्य यह कि जहाँ एक ही वर्ण के बार-बार प्रयोग के कारण काव्य चमत्कारपूर्ण हो जाता है, वहाँ 'अनुप्रास' अलंकार माना जाता है। जैसे – बाकरगंज के बाकीपुर में बनवारी लाल बनिया बास करता था ।

या

''कूलन में, केलिन में, कछारन में, कुञ्जन में,
क्यारिन में कलित कलीन बिकसंत है ।।''

**(ख) वक्रोक्ति :** किसी कथन को सुननेवाला यदि दूसरे अर्थ में कल्पना कर लेता है अथवा उस कथन से ही उत्तर ध्वनित हो जाता है, तो वहाँ 'वक्रोक्ति' अलंकार होता है। जैसे –

''किसी न गोकुल कुलबधू, काह न केहि सिख दीन ।
कौने तजी न कुल गली, है मुरली सुर लीन ।।'

यहाँ 'काकु वक्रोक्ति' द्वारा यही अर्थ ग्रहण किया जाता है कि गोकुल में सभी कुलवधुएँ थीं और सबने सबको सीख दीं, किन्तु कोई कुल-मर्यादा का उल्लंघन करने से नहीं बची।

**(ग) यमक :** सुनने में एक समान शब्दों का बार-बार भिन्न अर्थों में जहाँ प्रयोग होता है, वहाँ 'यमक' अलंकार होता है। अर्थात् कविता में जहाँ एक ही शब्द एक से अधिक बार आए और हर बार उसका अर्थ भिन्न हो, वहाँ 'यमक' अलंकार होता है। जैसे –

''दीरघ साँस न लेई दुख, सुख साईंहि न भूलि ।
दई दई क्यों करतु है, दई दई सु कबूलि ।।''

यहाँ 'दई-दई' का भिन्न अर्थों में दो बार प्रयोग हुआ है। पहले 'दई' का अर्थ होता है – 'दैव' या 'भाग्य' तथा दूसरे 'दई' का अर्थ है 'दिया'। अत: यहाँ यमक अलंकार है।

**(घ) श्लेष :** 'श्लेष' का सामान्य अर्थ होता है – 'चिपकना'। जहाँ एक ही शब्द का एक से अधिक अर्थों में प्रयोग होता है, वहाँ 'श्लेष' अलंकार होता है। जैसे –

''चिरजीवौ जोरी जुरै, क्यों न सनेह गँभीर ।
को घटि ये वृषभानुजा, वे हलधर के वीर ।।''

यहाँ 'वृषभानुजा' और 'हलधर के वीर' में श्लेष है। पहले के दो अर्थ निकलते हैं – 'वृषभानु की बेटी या राधा' और 'वृषभ की अनुजा यानी बहन या गाय' दूसरे के भी दो अर्थ निकलते हैं – 'बलदेव के भाई' और 'साँढ़' । श्लेष अलंकार में अर्थ की प्रधानता होने के कारण कुछ आचार्य इसे अर्थालंकार मानते हैं ।

**2. अर्थालंकार :**

जहाँ शब्दों के अर्थ के कारण काव्य में सौन्दर्य और चमत्कार दिखाई पड़ता है, वहाँ अर्थालंकार होता है। उस सौन्दर्य के लिए एक शब्द के बदले उसके पर्यायवाची शब्द का प्रयोग करने से भी वह चमत्कार ज्यों-का-त्यों बना रहता है।

''उदित उदय गिरि मंच पर, रघुवर बाल पतंग ।
विकसे संत सरोज मुख, हरखे लोचन भृंग ।।''

यहाँ 'रूपक अर्थालंकार है। अर्थालंकार के कई रूप काव्य में प्रचलित है, उनमें कुछ प्रमुख निम्नांकित हैं –

**(क) उपमा :** समान धर्मवाले दो पदार्थो का उपमान, उपमेय रूप में कथन करने को 'उपमालंकार' कहते हैं। अथवा, किसी प्रसिद्ध वस्तु की समानता के आधार पर जब किसी व्यक्ति के रूप, गुण, धर्म का वर्णन किया जाता है, वहाँ 'उपमा' अलंकार होता है।

इसके चार अंग हैं – (i) उमपान, (ii) उपमेय, (iii) वाचक तथा (iv) साधारण धर्म।

**(i) उपमान :** जिस प्रसिद्ध वस्तु के उपमा दी जाती है, उसे 'उपमान' कहते है।

**(ii) उपमेय :** जिसकी उपमा दी जाती है, उसे 'उपमेय' कहते हैं।

**(iii) वाचक :** समानता को प्रकट करने वाले शब्द को 'वाचक' कहते हैं।

**(iv) साधारण धर्म :** जिस गुण-क्रिया आदि की समानता जहाँ दिखलाई जाती है, उसे 'साधारण धर्म' कहते हैं।

उदाहरण के लिए – ''चन्द्रमा-सा सुन्दर मुख है।''

यहाँ चन्द्रमा 'उपमान है, मुख 'उपमेय', या 'वाचक' और सुन्दर 'साधारण धर्म' है। जहाँ इन चारों अंगों का स्पष्ट उल्लेख होता है, वहाँ 'पूर्णोपमा' अलंकार होता है और जहाँ एक या अधिक अंग लुप्त रहते हैं, वहाँ 'लुप्तोपमा' अलंकार होता है।



Join WhatsApp Group

**उदाहरण** –

''सहित बसिष्ठ सोह नृप कैसे । सुर गुरु संग पुरंदर जैसे ।।'

यहाँ 'बसिष्ठ सहित दशरथ' उपमेय है, 'बृहस्पति सहित इन्द्र' उपमान है, 'जैसे' वाचक है और 'शोभित होना' साधारण धर्म है।

इस अलंकार में सा, सी, से, जैसा, जैसी, जैसे, ज्यों, सम, समान, सरिस आदि का प्रयोग होता है।

**( ख ) रूपक :** जहाँ उपमान और उपमेय का अभिन्न कथन हो, अर्थात् जहाँ और गुण की अत्यधिक समानता के कारण उपमेय में उपमान का आरोप कर अभेद स्थापित किया जाए वहाँ 'रूपक' अलंकार होता है। यथा –

''उदित उदय गिरि मंच पर, रघुवर बाल पतंग ।
विकसे संत सरोज, मुख, हरखे लोचन भृंग ।।''

यहाँ 'मंच', 'रघुवर', 'मुख' और 'लोचन' जो उपमेय है, उनको 'उदयगिरि', 'बाल-पतंग', 'सरोज' और 'भृंग' उपमानों से अभिन्न प्रकट किया गया है।

**( ग ) उत्प्रेक्षा :** जहाँ प्रस्तुत वस्तु की संभावना अप्रस्तुत से की जाती है, वहाँ 'उत्प्रेक्षा' अलंकार होता है। यथा –

''राम सीय सुन्दर प्रति छाँही । जगमगात मनि खंभन माँही ।
मनहु मदन रति धरि बहु रूपा । देखत राम बिआह अनूपा ।।''

यहाँ 'राम-जानकी की परछाँई' की संभावना 'कामदेव' और 'रति' के विविध रूपों से की गई है। साधारणत: जहाँ 'जनु', 'मानो' 'मनो', 'मनहु', 'ज्यों' आदि का प्रयोग हो, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार मानना चाहिए।

**( घ ) अतिशयोक्ति :** किसी बात को इस तरह बढ़ा-चढ़ाकर कहना कि जिससे लोक-मर्यादा या सीमा का उल्लंघन हो जाय, 'अतिशयोक्ति' अलंकार कहलाता है। यह कई प्रकार से होता है :

(i) प्रकृत वस्तु के बदले उपमानों का कथन करके। यथा –

''अदभुत एक अनूपम बाग ।
जुगलकमल पर गजवर क्रीडत तापर सिंह करत अनुराग ।''
– सूरदास

यहाँ राधिका के अंग-प्रत्यंगों के लिए केवल उपमानों का कथन किया गया है।

(ii) यदि, अगर, आदि के प्रयोग से। यथा – यदि चन्द्रमा निष्कलंक हो जाय, तो उससे मुख की समता दी जा सकती है।

**( ङ ) अन्योक्ति :** जहाँ उपमान (अप्रस्तुत) के वर्णन के माध्यम से उपमेय (प्रस्तुत) का वर्णन किया जाए, वहाँ 'अन्योक्ति' अलंकार होता है। इसे अप्रस्तुत प्रशंसा अलंकार भी कहा जाता है। जैसे –

''जिन दिन देखे वे कुसुम, गई सु बीति बहार ।
अब अलि, रही गुलाब में, अपत कटीली डार ।।

यहाँ अलि (भ्रमर) के माध्यम से एक ऐसे गुणी की ओर संकेत किया गया है, जिसका आश्रयदाता पत्रहीन शाखा-सा धनहीन हो गया है।

**( च ) मानवीकरण :** जहाँ जड़ प्रकृति पर मानवीय भावनाओं तथा क्रियाओं का आरोप हो, वहाँ 'मानवीकरण' अलंकार होता है। जैसे –

''लो यह लतिका भी भर लाई
मधु मुकुल नवल रस गागरी ।''

यहाँ लतिका में मानवीय क्रियाओं का आरोप है, अत: यहाँ मानवीकरण अलंकार है।

**( छ ) उपमेयोपमा :** उपमेय और उपमान को एक-दूसरे का उपमान-उपमेय रूप में कथन करना 'उपमेयोपमा' अलंकार कहलाता है। यथा –

''तब मुख सम ससि सोहत है, अरु सोहत है ससि सो मुख तेरो ।''

यहाँ 'मुख' और 'ससि' को एक दूसरे का उपमेय-उपमान बनाकर कथन किया गया है।

**( ज ) अनन्वयोपमा :** जहाँ एक ही वस्तु का उपमेय और उपमान के रूप में कथन किया जाय, वहाँ 'अनन्वयोपमा' अलंकार होता है। यथा –

''हे सुखदायक प्रेमनिधि, जग में तो भले औ' बुरे सब ही हैं ।
दीन दयाल औ' दीन प्रभु, तुमसे तुम हीं हमसे हम हीं हैं ।।''

**( झ ) प्रतिवस्तूपमा :** जहाँ उपमेय और उपमान के समान धर्म का भिन्न शब्दों में दो वाक्यों में कथन किया जाता है, वहाँ 'प्रतिवस्तूपमा' अलंकार होता है। यथा –

''चटक न छाँड़त घटत हूँ, सज्जन नेह गंभीर ।
फीको परै न बरु फटै, रँग्यो चोल रंग चीर ।।''

**( ञ ) अर्थान्तरन्यास :** जहाँ 'सामान्य कथन' का किसी 'विशेष कथन' द्वारा अथवा 'विशेष कथन' का 'सामान्य कथन' द्वारा समर्थन किया जाय, वहाँ 'अर्थान्तरन्यास' अलंकार होता है। यथा –

'बड़े न हूजै गुनन बिनु, विरद बड़ाई पाय ।
कहत धतूरे सों कनक, गहनो गढ़्यो न जाय ।।''

यहाँ पूर्वार्द्ध में 'सामान्य कथन' करके उत्तरार्द्ध में विशेष उदाहरण के द्वारा उसका समर्थन किया गया है।

**( ट ) व्यतिरेक :** जहाँ 'उपमान' की अपेक्षा 'उपमेय' का ही उत्कर्ष दिखलाया जाय, वहाँ 'व्यतिरेक' अलंकार होता है। यथा –

''राधा मुख को चन्द्र सा कहते हैं मति रंग ।
निष्कलंक है यह सदा उसमें प्रकट कलंक ।।''

यहाँ 'उपमेय राधिका' के 'मुख' का उत्कर्ष 'उपमान चन्द्रमा' की अपेक्षा दिखलाया गया है।

**( ठ ) विरोधाभास :** जहाँ स्थूल दृष्टि के विरोध प्रकट हो किन्तु दूसरे अर्थ से उस विरोध का परिहार हो जाय, वहाँ 'विरोधाभास' अलंकार होता है। यथा –

''या अनुरागी चित्त की, गति समुझै नहिं कोय ।
ज्यों-ज्यों बूड़ै स्याम रंग, त्यों-त्यों उज्जलु होय ।।''

यहाँ स्थूल दृष्टि से तो काले रंग में डूबने से उज्जवल होना विरोध-सा जान पड़ता है, किन्तु ''कृष्ण-प्रेम में अनुरक्त होने से मन का स्वच्छतर होता जाना'' अर्थ ग्रहण से विरोध का परिहार हो जाता है।

**( ड ) स्वभावोक्ति :** जहाँ बच्चा, जानवर आदि के रूप या प्रकृति का हू-ब-हू वर्णन किया जाय, वहाँ 'स्वभावोक्ति' अलंकार होता है। यथा –

''सोभित कर नवनीत लिए ।
घुटरुन चलत रेनु तनु मंडित मुख दधि लेप किये ।''

**( ढ ) निदर्शना :** दृष्टान्त के रूप में किसी कार्य को करके दिखलाना निदर्शना कहलाता है। जहाँ किसी कार्य की उपमा दृष्टान्त रूप में दिखलाई जाती है, वहाँ 'निदर्शना' अलंकार होता है। यथा –

''कहाँ अल्प मेरी मति, कहाँ काव्य मत गूढ ।
सागर तरिबो उडुप सों, चाहत हौं मति मूढ़ ।।''

यहाँ 'अल्प मति' वाले के लिए ग्रन्थ-रचना के प्रयास की उपमा 'उडुप' अर्थात् घड़नाई (घड़े की नाव) से समुद्र पार करने वाले की चेष्टा से दी गई है।

**3. उभयालंकार :**

जहाँ काव्य में शब्द एवं अर्थ दोनों प्रकार का चमत्कार दिखलाई पड़ता है, वहाँ उभयालंकार माना जाता है। यथा –

''तरनि-तनूजा-तट तमाल तरूवर बहु छाये ।
झुके कूल सों जल परसनहित मनहु सुहाये ।।''



rajbhashahindi.com
Join WhatsApp Group

यहाँ प्रथम चरण में 'त' की अनेक बार आवृत्ति होने से वृत्यनुप्रास और द्वितीय चरण में उत्प्रेक्षा है तथा दोनों की स्वतंत्र स्थिति है। इस प्रकार, यहाँ शब्दालंकार और अर्थालंकार की संसृष्टि है, अर्थात् यहाँ उभयालंकार है।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न : रस

**निर्देश (1-40) :** निम्नलिखित प्रश्नों में दी गई पंक्तियों में प्रयुक्त रस के सही भेद का चयन कीजिए।

**1. मेरे तो गिरिधर गोपाल दूसरो न कोई।**
**जाके सिर मोर मुकुट मेरी पति सोई॥**
(A) शान्त (B) शृंगार
(C) करुण (D) हास्य

**2. अटपटी उलझी लताएँ, डालियों को खींच लाएँ,**
**पैर को पकड़ें अचानक, प्राण को कस लें, कँपाएँ,**
**साँप भी काली लताएँ।**
(A) वीभत्स (B) करुण
(C) रौद्र (D) अद्भुत

**3. प्रिय व मेरा प्राण प्यारा कहाँ है।**
**दुख जल निधि में डूबी का सहारा कहाँ है॥**
(A) शान्त (B)करुण
(C) रौद्र (D) शृंगार

**4. देख समस्त विश्व-सेतु से मुख में,**
**यशोदा विस्मय सिन्धु में डूबी।**
(A) अद्भुत (B) शान्त
(C) वीभत्स (D) रौद्र

**5. हिमाद्रि तुंग श्रंग से, प्रबुद्ध शुद्ध भारती।**
**स्वयं प्रभा समुज्जवला स्वतंत्रता पुकारती॥**
(A) भयानक (B) हास्य
(C) वीर (D) शृंगार

**6. मज्जा मांस रूधिर पतनारे।**
**सूनि मिचली कस होइ निहारे।**
उपरोक्त पंक्तियों में कौन-सा रस है?
(A) रौद्र (B) अद्भुत
(C) वीभत्स (D) भयानक

**7. जग असार संकट पुनि नाना।**
**विकल विरक्त चित साधु समाना॥**
उपरोक्त पंक्तियों में कौन-सा रस है?
(A) वात्सल्य रस (B) वीर रस
(C) शान्त रस (D) करुण रस

**8. करि चिक्कार घोर अति धावा बदनु पसारि।**
**गगन सिद्ध सुर त्रासित हा हा हेति पुकार॥**
(A) करुण (B) भयानक
(C) अद्भुत (D) वीभत्स

**9. हा राम! हा प्राण प्यारे!**
**जीवित रहूँ किसके सहारे ?**
(A) करुण (B) रौद्र
(C) वीभत्स (D) वीर

**10. निर्जन नटि-नटि पुनि लजियावै।**
**छिन रिसाई छिन सैन बुलावे॥**
इस चौपाई में कौन-सा रस है?
(A) संयोग शृंगार (B) वियोग शृंगार
(C) करुण रस (D) अद्भुत रस

**11. जौ तुम्हारि अनुसासन पावौं, कंदुक इव ब्रह्माण्ड उठावों।**
**काचे घट जिमि डारों फोरी, सकउँ मेरु मूसक जिमि तोरी॥**
(A) शान्त (B) अद्भुत
(C) वीर (D) रौद्र

**12. अति मलीन, वृषभानु कुमारी।**
**अधमुख रहित, उरध नहिं चितवत्,**
**ज्यों गथ हो थकित जुआरी।**
**छूटे चिकुर बदन कुम्हिलानो, ज्यों**
**नलिनी हिसकर की मारी॥**
(A) हास्य (B) करुण
(C) विप्रलम्भ शृंगार (D) संयोग शृंगार

**13. आखियाँ हरि दरसन की भूखी।**
**केसे रहें रूप रस राँची, ए बतियाँ सुनि रूखीं।**
(A) संयोग शृंगार रस (B) वीर रस
(C) वियोग शृंगार रस (D) शान्त रस

**14. किलक अरे मैं नेह निहारूँ।**
**इन दाँतों पर मोती वारूँ॥**
(A) वीर (B) शान्त
(C) वात्सल्य (D) हास्य

**15. वीभत्स रस का स्थायी भाव है -**
(A) निर्वेद (B) विस्मय
(C) क्रोध (D) जुगुप्सा

**16. आचार्य भरत ने सर्वाधिक सुखात्मक रस किसे माना है?**
(A) शृंगार रस (B) हास्य रस
(C) वीर रस (D) शान्त रस

**17. सर्वाधिक प्राचीन सम्प्रदाय कौन है?**
(A) रीति (B) रस
(C) वक्रोक्ति (d) अलंकार

**18. शान्त रस का स्थायी भाव है**
(A) शृंगार (B) ग्लानि
(C) निर्वेद (D) रति

**19. करुण रस का स्थायी भाव क्या है?**
(A) शोक (B) रति
(C) हास्य (D) उत्साह

**20. सात्विक अनुभाव कितने हैं?**
(A) दो (B) चार
(C) छः (D) आठ



राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com

Join WhatsApp Group

**21. भक्ति रस की स्थापना किसने की?**
(A) भरत ने (B) विश्वनाथ ने
(C) रूपगोस्वामी ने (D) मम्मट ने

**22. काव्यशास्त्र में हास्य के कितने भेद माने गए हैं?**
(A) छः (B) सात
(C) चार (D) दो

**23. आचार्य भरत ने कितने रसों का उल्लेख किया है?**
(A) सात (B) आठ
(C) नौ (D) दस

**24. रस सिद्धांत के आदि प्रवर्तक कौन है ?**
(A) भरतमुनि (B) भानुदत्त
(C) विश्वनाथ (D) भामह

**25. रौद्र रस का स्थायी भाव क्या है?**
(A) भय (B) विस्मय
(C) क्रोध (D) शोक

**26. कवि बिहारी मुख्यत: किस रस के कवि हैं?**
(A) करुण (B) भक्ति
(C) शृंगार (D) वीर

**27. संचारी भावों की संख्या है -**
(A) 27 (B) 29
(C) 31 (D) 33

**28. काव्यशास्त्र के अनुसार रसों की सही संख्या है**
(A) आठ (B) नौ
(C) दस (D) ग्यारह

**29. आलम्बन तथा उद्दीपन द्वारा आश्रम के हृदय में स्थायी भाव जागृत होने पर आश्रय में जो चेष्टाएँ होती है, उन्हें क्या कहते हैं?**
(A) विभाव (B) अनुभाव
(C) उद्दीपन (D) संचारी भाव

**30. विस्मय स्थायी भाव किस रस में होता है?**
(A) हास्य (B) शान्त
(C) अद्‌भुत (D) वीर

**31. स्थायी भावों की कुल संख्या है**
(A) 12 (B) 13
(C) 14 (D) 9

**32. जुगुप्सा कौन-से रस का स्थायी भाव है?**
(A) शान्त रस (B) करुण रस
(C) अद्‌भुत रस (D) वीभत्स रस

**33. शृंगार रस का स्थायी भाव है -**
(A) उत्साह (B) शोक
(C) हास (D) रति

**34. काव्य के आस्वादन से जो आनन्द प्राप्त होता है, उसे क्या कहते हैं ?**
(A) छन्द (B) अलंकार
(C) रस (D) उपसर्ग

**35. रस के कितने अंग होते हैं?**
(A) दो (B) चार
(C) पाँच (D) छः

**36. काव्य के आस्वादन से जो आनन्द प्राप्त होता है, उसे क्या कहते है?**
(A) अलंकार (B) छन्द
(C) उपसर्ग (D) रस

**37. सर्वश्रेष्ठ रस किसे माना जाता है?**
(A) रौद्र (B) शृंगार रस
(C) करुण रस (D) वीर रस

**38. रस के कितने अंग होते है ?**
(A) चार (B) दो
(C) पाँच (D) छः

**39. काव्य में कितने रस माने जाते है ?**
(A) छः (B) नौ
(C) दस (D) सात

**40. करुण रस का स्थायी भाव क्या है ?**
(A) क्रोध (B) भय
(C) शोक (D) विस्मय

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न : छंद

**1. छन्द की प्रत्येक पंक्ति को क्या कहते है?**
(A) वाक्य (B) चौपाई
(C) चरण (D) यति

**2. कुण्डली छः चरण वाले छन्द को कहते है। इसके प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं?**
(A) 11 (B) 13
(C) 16 (D) 24

**3. छन्द का सर्वप्रथम उल्लेख कहाँ मिलता है?**
(A) ऋग्वेद (B) उपनिषद्
(C) सामवेद (D) यजुर्वेद

**4. 24-24 मात्राओं की दो पंक्यिों वाले छन्द को क्या कहते हैं?**
(A) सोरठा (B) दोहा
(C) कुण्डलिया (D) रोला

**5. छन्द की रचना किसके द्वारा होती है?**
(A) गणों के समायोजन से (B) स्वर के समायोजन से
(C) ध्वनियों के समायोजन से (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**6. चरणों की मात्रा, यति और गति के आधार पर छन्द कितने प्रकार के हैं ?**
(A) सम और विषम (B) सम, विषम और अर्द्धसम
(C) मुक्त और मात्रिक (D) साधारण और दण्डक

**7. मैथिलीशरण गुप्त जी के काव्य से उन्हें कौन-से छन्द प्रिये होने का प्रमाण मिलता है?**
(A) वार्णिक एवं मात्रिक (B) सम एवं विषम
(C) मात्रिक एवं सम (D) वर्णिक एवं सम

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

**8. छप्पय किस प्रकार का छन्द है?**

(A) सम (B) विषम

(C) अर्द्धसम (D) इनमें से कोई नहीं

**9. एक से 26 वर्ण वाले छनछ को क्या कहते है?**

(A) मात्रिक छन्द (B) साधारण छन्द

(C) दण्डक छन्द (D) इनमें से कोई नहीं

**10. शिल्पगत आधार पर दोहे से उल्टा छन्द है**

(A) रोला (B) चौपाई

(C) सोरठा (D) बरवै

**11. चारों चरणों में समान मात्राओं वाले छन्द को क्या कहते हैं?**

(A) मात्रिक सम छन्द (B) मात्रिक विषम छन्द

(C) मात्रिक अर्द्धसम छन्द (D) ये सभी

**12. दोहा और रोला के संयोग से बनता है**

(A) सोरठा (B) चौपाई

(C) कुण्डलिया (D) इनमें से कोई नहीं

**13. दोहा छन्द में यति कहाँ होती है?**

(A) 11 और 13 मात्राओं पर (B) चरण के अन्त में

(C) 24 मात्राओं के बाद (D) इनमें से कोई नहीं

**14. कोई भी छन्द किसमें विभक्त रहता है?**

(A) चरणों में (B) यति में

(C) दोनों में ही (D) इनमें से कोई नहीं

**15. प्रवाह लाने के लिए छन्द की पंक्ति में ठहरना कहलाता है**

(A) गति (B) रोला

(C) तुक (D) लय

**16. जिस छन्द के प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ और अन्त में गुरु होता है, उसे क्या कहते हैं?**

(A) दोहा (B) रोला

(C) चौपाई (D) सोरठा

**17. 13-11 मात्राओं पर यति एवं चार चरण युक्त छन्द है**

(A) दोहा (B) रोला

(C) चौपाई (D) कुण्डलिया

**18. किस छन्द का प्रथम एवं अंतिम शब्द एक-सा होता है?**

(A) दोहा (B) रोला

(C) सोरठा (D) कुण्डलिया

**19. हिन्दी कविता में स्वच्छन्द छन्द रचना का सूत्रपात निम्नलिखित में से किसने किया था?**

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) मैथिलीशरण गुप्त

(C) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(D) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

**20. निम्नलिखित में मात्रिक सम छन्द का कौन-सा उदाहरण है?**

(A) दोहा (B) सोरठा

(C) चौपाई (D) ये सभी

**21. छन्द-बद्ध पंक्ति में प्रयुक्त स्वर-व्यंजन की समानता को कहते है**

(A) चरण (B) यति

(C) तुक (D) गण

**22. गणों की संख्या होती है -**

(A) सात (B) आठ

(C) नौ (D) दस

**23. द्रुतविलम्बित और मालिनी छन्छ किस प्रकार के हैं?**

(A) वार्णिक छन्द (B) वार्णिक वृत्त

(C) मात्रिक छन्द (D) मुक्त छन्द

**24. दोहा किस प्रकार का छन्द है?**

(A) सम (B) विषम

(C) अर्द्धसम (D) इनमें से कोई नहीं

**25. कौन-से छन्द में गणों का विचार नहीं किया जाता?**

(A) मात्रिक छन्द (B) वार्णिक वृत्त

(C) A और B दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**26. चार चरण वाले चौपाई छन्द के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती है?**

(A) 11 (B) 13

(C) 16 (D) 24

**27. जिस छन्द के पहले तथा तीसरे चरणों में 13-13 और दूसरे तथा चौथे चरणों में 11-11 मात्राएँ होती हैं, वह छन्द कहलाता है**

(A) रोला (B) चौपाई

(C) कुण्डलिया (D) दोहा

**28. छन्द मुख्य रूप से कितने प्रकार के होते है?**

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) छः

**29 किस छन्द में द्वितीय व चतुर्थ चरण के अन्त में तुक नहीं होती है?**

(A) चौपाई (B) दोहा

(C) सोरठा (D) रोला

**30. निम्नलिखित में से मात्रिक छन्द है -**

(A) दोहा (B) सवैया

(C) इन्द्रवज्रा (D) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (31-80) :** निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए पद्यांश में छन्द के उचित प्रकार का चयन कीजिए।

**31. 'अवधि शिला का उर पर था गुरु भार।**
**तिल-तिल काट रही थी दृग जल धार।।**

उपरोक्त पंक्तियों में छन्द है

(A) दोहा (B) सोरठा

(C) रोला (D) बरवै

**32. जो सुमिरत सिधि होई, गन नायक करिवर बदन।**
**करहु अनुग्रह सोई, बुद्धि रासि सुभ गुन सदन।।**

(A) दोहा (B) चौपाई

(C) बरवै (D) सोरठा

**33. नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास यही काल।**
**अली कली ही सौं बंध्यो, आगे कौन हवाल।**



राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com
Join WhatsApp Group

(A) दोहा (B) सोरठा
(C) बरवै (D) छप्पय

**34. हिन्दी के उद्धार हित, कष्ट अनकेन जिन सहे।**
**भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की, उज्जवल कीर्ति सदा रहे।**

(A) उल्लाला (B) बरवै
(C) दोहा (D) मालिनी

**35. रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून।**
**पानी गए न ऊबरे, मोती मानस चून।**

(A) दोहा (B) मंजरी
(C) चौपाई (D) काकली

**36. ब्रज की कुमारिका वे**
**लीनें सुक सारिका ब**
**ढावैं कोक करिकानि**
**केसव सब निबाहि**

(A) रूपघनाक्षरी (B) चौपाई
(C) सवैया (D) बरवै

**37. राम राजानके राज आये यहाँ,**
**धाम तेरे महा भाग जागे अबै।**

(A) घनाक्षरी (B) मालिनी
(C) चौपाई (D) सवैया

**38. कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर गए।**
**हिम के कणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।।**

(A) कवित्त (B) बरवै
(C) हरिगीतिका (D) घनाक्षरी

**39. जो रहिम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।**
**चंन्दन विष व्यापत नहीं, लिपटै रहत भुजंग।।**

(A) चौपाई (B) दोहा
(C) सोरठा (D) सवैया

**40. जो जग हित पर प्राण निछावर है कर पाता।**
**जिसका तन है किसी लोकहित में लग जाता।।**

(A) दोहा (B) रोला
(C) बरवै (D) हरिगीतिका

**41. धाए धाम काम कब त्यागी।।**

(A) दोहा (B) रोला
(C) सोरठा (D) दोहा

**42. मंगल भवन अमंगल हारी।**
**द्रवहु सो दशरथ अजित बिहारी।।**

(A) सोरठा (B) सवैया
(C) चौपाई (D) दोहा

**43. किसको पुकारे यहाँ रोकर अरण्य बीच।**
**चाहे जो करो शरण्य शरण तिहारे हैं।।**

(A) उल्लाना (B) छप्पय
(C) रोला (D) घनाक्षरी

**44. गुरु पद रज मृदु मंजुल मंजन।**
**नयन अमिय दृग दोश विभंजन।।**
**तेहि करि विमल विवेक विलोचन।**
**बरनऊँ राममचरित भवमोचन।।**

(A) हरिगीतिका (B) चौपाई
(C) कुण्डलिया (D) दोहे

**45. जानकी जीवन को जन है जरि जाउ सो जीह को जाँचत औरहि।**

(A) सवैया (B) चौपाई
(C) उल्लाला (D) सवैया

**46. या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहूँपुर को तजि डारौं, आठहुँ सिद्धि नवौं निधि को सुख नन्द की गाय चराय बिसारौं, रसखानि कबौं इन आँखिन तें ब्रज के बन बाग तड़ाग निहारौं, कोटिन वे कलधौत के धाम करील के कुंजन ऊपर बरौं।**

(A) सवैया (B) कुण्डलिया
(C) दोहे (D) सोरठा

**47. अतिनिकट गोदावरी पाप-संहारिणी।**
**चल तरंग तंगावती चारु संचारिणी।।**

(A) मनहरण (B) घनाक्षरी
(C) रोला (D) हरिगीतिका

**48. कर मुरली उर माल, सीस मुकुट कटि काछनी।**
**बसौं बिहारी लाल, इहि बानक मो मन सदा।।**

(A) चौपाई (B) सोरठा
(C) सवैया (D) दोहा

**49. सब भाँति सुशासित हों जहाँ, समता के सुखकर नियम।**
**बस उसी स्वशासित देश में, जागें हे जगदीश हम।।**

(A) घनाक्षरी (B) चौपाई
(C) छप्पय (D) उल्लाला

**50. रहे बैठि कारी घटा देखि न्यारी,**
**बिहारी बिहारी बिहारी ररै जू।**

(A) सवैया (B) रोला
(C) चौपाई (D) कवित्त

**51. निज मन मुकुर सुधार, श्री गुरु चरण सरोज रज।**
**जो दायक फल चार, बरनौ रघुबर विमल जस।।**

(A) सोरठा (B) कवित्त
(C) दोहा (D) रोला

**52. मातृभू-सी मातृभू है अन्य से तुलना नहीं।**

(A) सोरठा (B) सर्वया
(C) बरवै (D) गीतिका

**53. सहज विलास हास, पिय की हुलास तजि,**
**दुख के निवास प्रेम, पास पारियत है।**

(A) घनाक्षरी (B) बरवै
(C) सवैया (D) छप्पय

**54. पल-पल जिसके मैं पन्थ को देखती थी,**
**निशिदिन जिसके ही ध्यान में थी बिताती।**



rajbhashahindi
Join WhatsApp Group

(A) मालिनी (B) चौपाई
(C) कवित्त (D) हरिगीतिका

**55. सुन मिय सत्य असीस हमारी।**
**पूजहि मन कामना तुम्हारी।**
(A) बरवै (B) सोरठा
(C) दोहा (D) चौपाई

**56. नबैं नव नीव थके गति केसव बालक ते संग ही संग खेली**
(A) सोरठा (B) कवित
(C) छप्पय (D) सवैया

**57. अतिनिकट गोदावरी पाप-संहारिणी।**
**चल तरंग तंगावती चारु संचारिणी।**
(A) मनहरण (B) छप्पय
(C) घनाक्षरी (D) सवैया

**58. कुछ और नहीं युग लोचनों में,**
**प्रतिबिम्बित है अनुराग अमंद।**
(A) सवैया (B) हरिगीतिका
(C) रोला (D) मालिनी

**59. प्रेम प्रीति को बिवा चले लगाइ**
**सींचन की सुधि लीजो मुरझि न जाइ।**
(A) दोहा (B) चौपाई
(C) बरवै (D) सोरठा

**60. दौलत पाय न कीजिए, सपने में अभिमान,**
**चंचल जल दिन चारि को, ठाँउ न रहत निदान॥**
**ठाँउ न रहत निदान, जियत जग में जस लीजै,**
**मीठे वचन सुनाय, विनय सबही की कीजै।**
**कह गिरिधर कविराय, अरे यह सब घर तौलत॥**
(A) चौपाई (B) कुण्डलिया
(C) घनाक्षरी (D) दोहे

**61. ठाढे हैं नौ द्रुम डार गहे धनु काँधे धरे कर सायक लै।**
(A) सोरठा (B) उल्लाला
(C) बरवै (D) सवैया

**62. लै संग भक्ति मलाह करि, आरूप सो ले आउ।**
(A) सवैया (B) सोरठा
(C) गीता (D) बरवै

**63. नित नूतन मंगल पुर माहीं।**
**निमिष सरिस दिन जामिनि जाहीं॥**
**बड़े भोर भूपतिमनि जागे।**
**जाचक गुनगन गावन लागे॥**
(A) हरिगीतिका (B) मालिनी
(C) कवित्त (D) चौपाई

**64. पर सहसा यह रूप, देख होता है विस्मय।**
**आर्य लोग क्या एक, समय थे ऐसे निर्भय।**
**क्या हम सब जो आज, बने हैं निर्बल कामी।**
**रहते थे स्वाधीन, समर में होकर नामी।**
(A) रोला (B) घनाक्षरी
(C) दोहा (D) छप्पय

**65. मुझे नहीं ज्ञात कि मैं कहाँ हूँ**
**हरे। यहाँ हूँ, अथवा वहाँ हूँ,**
**विचारता किन्तु यही यहाँ है।**
**नहीं वहाँ क्या तुम मैं जहाँ हूँ।**
(A) रोला (B) उपेन्द्रवज्रा
(C) कवित्त (D) मन्दाक्रान्ता

**66. प्रफुल्लित दास वसन्त कि फौज सिलीमुख भीर देखावति है।**
(A) चौपाई (B) सवैया
(C) सोरठा (D) कवित्त

**67. दिना दस जीवन जीवन री,**
**मरिबै पचि होइ जुपै मरिबै न।**
(A) दोहा (B) चौपाई
(C) सवैया (D) रोला

**68. सीस मुकुट कटि काछनी, कर मुरली उर माल।**
**इहि बानक मो मन बसौ, सदा बिहारी लाल।**
(A) दोहा (B) सवैया
(C) सोरठा (D) घनाक्षरी

**69. जहाँ स्वतंत्र विचार न बदलें मन में सुख में,**
**जहाँ न बाधक बनें सबल निबलों के सुख में।**
**सबको जहाँ समान निजोन्नति का अवसर हो,**
**शान्तिदायिनी निशा, हर्षसूचक वासर हो।**
(A) कुण्डलिया (B) चौपाई
(C) मालिनी (D) छप्पय

**70. सखीन सों देत उराहनों नित्य सो चित्त संकोच सने लहिए।**
(A) बरवै (B) छप्पय
(C) चौपाई (D) सवैया

**71. न जिसमें कुछ पौरुष हो यहाँ,**
**सफलता वह पा सकता कहाँ?**
(A) मालिनी (B) घनाक्षरी
(C) द्रुतविलम्बित (D) मन्दाक्रान्ता

**72. श्री गुरु चरण सरोज रज, निज मन मुकुर सुधार।**
**बरनौ रघुवर विमल जस, जो दायक फल चार॥**
(A) दोहा (B) चौपाई
(C) सवैया (D) कवित्त

**73. वाम अंग शिव शोभित, शिवा उदार।**
**सरद सुवारिद में जनु, तड़ित बिहार॥**
(A) सवैया (B) घनाक्ष्ज़री
(C) रोला (D) बरवै

**74. मुनि पद कमल बंदि होउ भ्राता।**
**चले लोक लोचन सुख दाता।**
**बालक वृन्द देखि अति सोभा।**
**चले संग लोचन मनु लोभा॥**



राजभाषा हिंदी rajbhashahindi

Join WhatsApp Group

(A) दोहा (B) चौपाई
(C) सोरठा (D) बरवै

**75. कुछ के अपमान के साथ पितामह विश्वविनाशक युद्ध को तोलिए।**
(A) बरवै (B) हरिगीतिका
(C) सवैया (D) कवित्त

**76. मनिमय महल सिवराज के, इमि रायगढ़ में राजही।**
(A) सवैया (B) हरिगीतिका
(C) रोला (D) मालिनी

**77. जिन भाषा उन्नति अहै सब उन्नति कौ मूल।**
**बिन निज भाषा ज्ञान के मिटे न हिय कौ शूल॥**
(A) सोरठा (B) दोहा
(C) रोला (D) हरिगीतिका

**78. मूल होई वाचाल, पंगु चढ़ै गिरिवर गहन।**
**जासु कृपा सु दयाल, द्रवहु सकल कलिमलदहन।**
(A) घनाक्षरी (B) बरवै
(C) सोरठा (D) कवित्त

**79. फूली डालें सुकुसुममयी तीय की देख आँखें।**
**आ जाती है मुरलिधर की मोहिनी मूर्ति आगे।**
(A) हरिगीतिका (B) मन्दाक्रान्ता
(C) मालिनी (D) दोहा

**80. सोवै कित चकोर। तू सफल करै किन नैन ?**
**चार दिना की चाँदनी, फिरी अंधियारी रैन॥**
**फिरी अंधियारी रैन, सखे! लखि सोच करैगो।**
**सजग रहे नसिं भूलि, काल कृत जाल परैगो।**
**बरनै 'दीनदयाल' लाल। यह काल न खोवै।**
**रोम-रोम प्रति सोम कला न लखत कित सोवे।**
(A) चौपाई (B) सवैया
(C) दोहे (D) कुण्डलिया

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न : अलंकार

**निर्देश ( 1-49 ):** निम्नलिखित प्रत्येक प्रन में दिए गए वाक्यों में प्रयुक्त अलंकार के भेद का चयन कीजिए।

**1. गर्व करउ रघुनन्दन जिन मन माँहा,**
**देखउ आपन मूरति सिय के छाँह।**
(A) व्यतिरेक (B) रूपक
(C) अतिशयोक्ति (D) प्रतीप

**2. अति मलीन वृषभानुकुमारी।**
**'अधोमुख रहति, उरध नहि' चितवन, ज्यों गथ हारे थकित जुआरी।**
**छूटे चिकुरे बदन कुम्हिलानो, ज्यों नलिनी हिमकर की मारी।**
(A) अनुप्रास (B) उत्प्रेक्षा
(C) रूपक (D) उपमा

**3. चरण-कमल बन्दौ हरि राई।**
(A) श्लेष (B) उपमा
(C) रूपक (D) अतिशयोक्ति

**4. ज्यों-ज्यों बूढ़े स्याम रंग, त्यौं-त्यौं उज्जवल होय।**
(A) उत्प्रेक्षा (B) विरोधाभास
(C) उपमा (D) यमक

**5. नहीं पराग नहि मधुर मधु, नहिं विकास इहि काल।**
**अली कली ही सों विंध्यौ, आगे कौन हवाल॥**
(A) रूपक (B) श्लेष
(C) अन्योक्ति (D) उत्प्रेक्षा

**6. पीपर पात सारिस मन डोला।**
(A) उपमा (B) उत्प्रेक्षा
(C) रूपक (D) उल्लेख

**7. बाँधा था विधु को किसने, इन काली जंजीरों से।**
**मणिवाले फणियों का मुख, क्यों भरा हुआ हीरों से॥**
(A) रूपक (B) अतिशयोक्ति
(C) श्लेष (D) विरोधाभास

**8. चरर मरर खुल गए अरर रवस्फुटों से।**
(A) अनुप्रास (B) श्लेष
(C) यमक (D) उत्प्रेक्षा

**9. दीप सा हिय जल रहा है, कह दो तुम्हीं कैसे बुझाऊँ**
(A) लुप्तोपमा (B) मालोपमा
(C) पूर्णोपमा (D) उपमेयोपमा

**10. बिटपी बिटपी बँधी पडी रह गई मोह के पाश में**
(A) वृत्यानुप्रास (B) श्रुत्यानुप्रास
(C) अन्त्यानुप्रास (D) लाटानुप्रास

**11. रंभा झूमत हौ कहा, कछुक दिनन के हेत।**
**तुमते केते ह्वै गए, और ह्वै हैं यदि खेत॥**
(A) वक्रोक्ति (B) विरोधाभास
(C) लोकोक्ति (D) अन्योक्ति

**12. ध्वनि-मयी कर के गिरि-कंदरा।**
**कलित-कानन केलि-निकुंज को॥**
(A) छेकानुप्रास (B) वृत्यनुप्रास
(C) लाटानुप्रास (D) यमक

**13. नदियाँ जिनकी यशधारा-सी।**
**बहती हैं अब भी निशि-वासर॥**
(A) श्लेष (B) उत्प्रेक्षा
(C) रूपक (D) उपमा

**14. या मुरली मुरलीधर की अधरान-धरी अधरान धरौंगी।**
(A) रूपक (B) यमक
(C) उपमा (D) उत्प्रेक्षा

**15. ऊधो, मेरा हृदय तल था एक उद्यान न्यारा**
**शोभा देती अमित उसमें कल्पना-क्यारियाँ थीं।**
(A) रूपक (B) उत्प्रेक्षा
(C) उपमा (D) अतिशयोक्ति



राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com
Join WhatsApp Group

16. तापस बाला-सी गंगा कूल।
(A) श्लेष (B) उत्प्रेक्षा
(C) रूपक (D) उपमा

17. मखमल के झूले पड़े हाथी-सा टीला।
(A) रूपक (B) उपमा
(C) उत्प्रेक्षा (D) उल्लेख

18. रहिमन जो गति दीप की, कुल कपूत गति सोय।
बारे उजियारे लगै, बढ़ै अंधेरो होय॥
(A) उपमा (B) रूपक
(C) यमक (D) श्लेष

19. मो सम कौन कुटिल खल कामी।
(A)उपमा (B) वक्रोक्ति
(C) उत्प्रेक्षा (D) इनमें से कोई नहीं

20. कनक-कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाय।
या खाए बौरात नर, वा पाए बौराय॥
(A) उपमा (B) यमक
(C) अनुप्रास (D) श्लेष

21. फूले कास सकल महि छाई।
जनु बरसा रितु पेकट बुढ़ाई॥
(A) उत्प्रेक्षा (B) उपमा
(C) रूपक (D) श्लेष

22. सब प्राणियों के मत्तमनोमयूर अहा नचा रहा।
(A) उपमा (B) रूपक
(C) श्लेष (D) उत्प्रेक्षा

23. भरतहि होइ न राजमदु विधि हरि हर पद पाई।
कबहुँ कि काँजी सीकरनि छीर सिंधु बिनसाई॥
(A) उदाहरण (B) दृष्टान्त
(C) निदर्शना (D) व्यतिरेक

24. पट-पीत मानहू तड़ित रूचि, सुचि नौमि जनक सुतावरं।
(A) उपमा (B) रूपक
(C) उत्प्रेक्षा (D) उदाहरण

25. माया महाठगिनि हम जानी।
तिरगुन फाँस लिए कर डोलै, बोलै मधुरी बानी।
(A) श्लेष (B) यमक
(C) रूपक (D) अन्योक्ति

26. बीती विभावरी जाग री।
अम्बर-पनघट में डुबो रही तारा-घट ऊषा-नागरी।
(A) उपमा (B) उत्प्रेक्षा
(C) रूपक (D) उपमेयोपमा

27. तीन बेर खाती थी वे तीन बेर खाती है।
(A) अनुप्रास (B) श्लेष
(C) यमक (D) अन्योक्ति

28. मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्त्र दृग सुमन फाड़,
अवलोक रहा था बार-बार
नीचे जल में निज महाकार।
(A) उपमा (B) रूपक
(C) उत्प्रेक्षा (D) यमक

29. मुख-बाल-रवि-सम लाल होकर ज्वाल-सा बोधित हुआ।
(A) उपमा (B) उत्प्रेक्षा
(C) उपमेयोपमा (D) रूपक

30. तू रूप है किरन में, सौंदर्य है सुमन में।
(A) विभावना (B) रूपक
(C) यथा संख्य (D) उल्लेख

31. अब अलि रही गुलाब में, अपत कटीली डार।
(A) उपमा (B) उत्प्रेक्षा
(C) अन्योक्ति (D) अतिशयोक्ति

32. रहिमन पानी राखिए, बिनु पानी सब सून।
पानी गए न ऊबरै, मोती मानस चून॥
(A) श्लेष (B) उत्प्रेक्षा
(C) रूपक (D) अनुप्रास

33. संदेसनि मधुवन-कूप भरे।
(A) रूपक (B) वक्रोक्ति
(C) अन्योक्ति (D) अतिशयोक्ति

34. ध्वनि मयी कर के गिरि-कन्दरा, कलित-कानन-केलि निकुंज को।
(A) छेकानुप्रास (B) वृत्यानुप्रास
(C) लाटानुप्रास (D) यमक

35. राम नाम-अवलंबु बिनु, परमारथ की आस,
बरसत बारदि बूँद गहि, चाहत चढ़न अकास।
(A) रूपक (B) उत्प्रेक्षा
(C) उपमा (D) अतिशयोक्ति

36. वह इष्ट देव के मंदिर की पूजा-सी,
वह दीप शिखा-सी शांत भाव में लीन
वह टूटे तरू की छूटी लता-सी दीन,
दलित भारत की विधवा है।
(A) उपमा (B) रूपक
(C) उत्प्रेक्षा (D) यमक

37. हनुमान की पूँछ में लगन न पाई आग।
लंका सिगरी जल गई, गए निसाचर भाग।
(A) श्लेष (B) रूपक
(C) अतिशयोक्ति (D) विरोधाभास

38. इस काल मारे क्रोध के तनु काँपने उनका लगा।
मानो हवा के जोर से सोता हुआ सागर जगा।
(A) उपमा (B) रूपक
(C) उत्प्रेक्षा (D) अतिशयोक्ति

39. सोहत ओढ़े पीत पट, स्याम सलोने गात।
मनहुँ नील मनि सैल पर आतप परयो प्रभात।

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

(A) यमक (B) उत्प्रेक्षा
(C) रूपक (D) श्लेष

**40. माला फेरत युग गया, फिरा न मन का फेर।**
**कर का मनका डारि दे, मन का मनका फेर॥**
(A) अनुप्रास (B) श्लेष
(C) यमक (D) रूपक

**41. तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहुत छाए।**
(A) अनुप्रास (B) यमक
(C) उत्प्रेक्षा (D) उपमा

**42. वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।**
(A) छेकानुप्रास (B) वृत्यनुप्रास
(C) लाटानुप्रास (D) यमक

**43. बड़े न हुये गुनन बिनु विरद बड़ाई पाय।**
**कहत अधूरे सों कनक, गहनों गढ़ों न जाए।**
(A) श्लेष (B) विरोधाभास
(C) अर्थान्तरन्यास (D) वक्रोक्ति

**44. बढ़त-बढ़त सम्पत्ति सलिल मन-सरोज बढ़ जाए।**
**घटत-घटत फिर ना घटै करु समूल कुम्हिलाय॥**
(A) यमक (B) विरोधाभास
(C) श्लेष (D) रूपक

**45. चिरजीवौ जोरी जुरै, क्यों न सनेह गंभीर।**
**को घटि ये वृषभानुजा, वे हलधर के बीर॥**
(A) यमक (B) रूपक
(C) श्लेष (D) उत्प्रेक्षा

**46. कहे कवि बेनी बेनी व्याल की चुराई लीनी।**
(A) यमक (B) श्लेष
(C) अतिशयोक्ति (D) रूपक

**47. यह देखिए, अरविंद से शिशुवृंद कैसे सो रहे।**
(A) उत्प्रेक्षा (B) उपमा
(C) रूपक (D) यमक

**48. ऊँचे घोर मन्दर के अन्दर रहनवारी,**
**ऊंचे घोर मन्दर के अन्दर रहाती है।**
(A) यमक (B) उपमा
(C) श्लेष (D) रूपक

**49. नवल सुन्दर श्याम शरीर**
(A) उल्लेख (B) उपमा
(C) रूपक (D) अतिशयोक्ति

**50. 'अम्बर-पनघट में डुबो रही तारा घट उषा नागरी।' पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है -**
(A) उपमा (B) उत्प्रेक्षा
(C) रूपक (D) उपमेयोपमा

**51. बाँधा था विधु को किसने, इन काली जंजीरों से।**
**मणि वाले फणियों का मुख, क्यों भरा हुआ हीरों से॥ पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है -**
(A) रूपक (B) अतिशयोक्ति
(C) श्लेष (D) विरोधाभास

**52. कनक-कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाय ।**
**या खाए बौराय जग वा पाए बौराय ॥**
**पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है -**
(A) श्लेष (B) यमक
(C) उपमा (D) रूपक

**53. 'चारु चन्द्र की चंचल किरणें खेल रही थीं जल थल से' इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है -**
(A) उपमा (B) अनुप्रास
(C) उत्प्रेक्षा (D) रूपक

**54. 'चरण-कमल वंदौ हरिराई' में कौन-सा अलंकार है ?**
(A) उपमा (B) उत्प्रेक्षा
(C) रूपक (D) अनुप्रास

**55. 'बाँधा था विधु को किसने,**
**इन काली जंजीरो से।**
**मणिवाले फणियों का मुख,**
**क्यों भरा हुआ हीरों से ।**
**ऊपर के पद में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है ?**
(A) उपमा (B) अतिशयोक्ति
(C) उल्लेख (D) विरोधाभास

**उत्तरमाला : रस**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (A) | 3. (B) | 4. (A) | 5. (C) | 6. (C) | 7. (C) | 8. (B) |
| 9. (A) | 10. (A) | 11. (C) | 12. (C) | 13. (C) | 14. (C) | 15. (D) | 16. (B) |
| 17. (B) | 18. (C) | 19. (A) | 20. (D) | 21. (C) | 22. (A) | 23. (B) | 24. (A) |
| 25. (C) | 26. (C) | 27. (D) | 28. (B) | 29. (B) | 30. (C) | 31. (D) | 32. (D) |
| 33. (D) | 34. (C) | 35. (B) | 36. (D) | 37. (B) | 38. (A) | 39. (B) | 40. (C) |

**उत्तरमाला : छंद**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (D) | 3. (A) | 4. (B) | 5. (A) | 6. (B) | 7. (C) | 8. (B) |
| 9. (B) | 10. (C) | 11. (A) | 12. (C) | 13. (B) | 14. (C) | 15. (B) | 16. (C) |
| 17. (A) | 18. (D) | 19. (D) | 20. (C) | 21. (C) | 22. (B) | 23. (B) | 24. (C) |
| 25. (A) | 26. (C) | 27. (D) | 28. (C) | 29. (C) | 30. (A) | 31. (D) | 32. (D) |
| 33. (A) | 34. (A) | 35. (A) | 36. (A) | 37. (D) | 38. (C) | 39. (B) | 40. (B) |
| 41. (A) | 42. (C) | 43. (D) | 44. (B) | 45. (A) | 46. (A) | 47. (A) | 48. (B) |
| 49. (C) | 50. (A) | 51. (A) | 52. (D) | 53. (B) | 54. (A) | 55. (D) | 56. (D) |
| 57. (A) | 58. (A) | 59. (C) | 60. (B) | 61. (D) | 62. (C) | 63. (D) | 64. (A) |
| 65. (B) | 66. (B) | 67. (C) | 68. (A) | 69. (D) | 70. (D) | 71. (C) | 72. (A) |
| 73. (D) | 74. (B) | 75. (C) | 76. (B) | 77. (B) | 78. (C) | 79. (B) | 80. (D) |

**उत्तरमाला : अलंकार**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (D) | 3. (C) | 4. (B) | 5. (C) | 6. (A) | 7. (B) | 8. (A) |
| 9. (C) | 10. (B) | 11. (D) | 12. (B) | 13. (D) | 14. (B) | 15. (A) | 16. (D) |
| 17. (B) | 18. (D) | 19. (B) | 20. (B) | 21. (A) | 22. (B) | 23. (B) | 24. (A) |
| 25. (A) | 26. (C) | 27. (C) | 28. (B) | 29. (A) | 30. (D) | 31. (C) | 32. (A) |
| 33. (D) | 34. (C) | 35. (B) | 36. (A) | 37. (C) | 38. (C) | 39. (B) | 40. (C) |
| 41. (A) | 42. (C) | 43. (C) | 44. (D) | 45. (C) | 46. (A) | 47. (B) | 48. (A) |
| 49. (A) | 50. (C) | 51. (B) | 52. (B) | 53. (B) | 54. (A) | 55. (B) | |

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

# प्रसिद्ध रचनाएँ एवं रचनाकार

## हिन्दी के प्रसिद्ध उपन्यास और उनके लेखक

| उपन्यास | लेखक |
|---|---|
| काकली | आचार्य जानकीवल्लभ 'शास्त्री' |
| गबन, गोदान, निर्मला, सेवासदन | प्रेमचंद |
| टेढ़े-मेढ़े रास्ते, चित्रलेखा | भगवतीचरण वर्मा |
| तितली, कंकाल | जयशंकर 'प्रसाद' |
| त्यागपत्र | जैनेंद्र कुमार |
| दिल्ली का दलाल | पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' |
| देहाती दुनिया | शिवपूजन सहाय |
| पतितों के देश में | रामवृक्ष 'बेनीपुरी' |
| प्रेत और छाया | इलाचंद्र जोशी |
| बलचनमा | नागार्जुन |
| बाणभट्ट की आत्मकथा | डॉ॰ हजारीप्रसाद द्विवेदी |
| मृगनयनी, झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई | वृंदावनलाल वर्मा |
| मैला आँचल | फणीश्वरनाथ 'रेणु' |
| राम-रहीम | राजा राधिकारमण प्रसाद सिंह |
| सूरज का सातवाँ घोड़ा | डॉ॰ धर्मवीर भारती |
| परीक्षा गुरु | लाला श्रीनिवास दास |
| त्रिवेणी | किशोरीलाल गोस्वामी |
| चन्द्रकान्ता | देवकीनन्दन खत्री |
| गुप्तचर | गोपालराम गहमरी |
| नूरजहां | गंगा प्रसाद गुप्त |
| लीलावती | किशोरीलाल गोस्वामी |
| अंगूठी का नगीना | किशोरीलाल गोस्वामी |
| अधखिला फूल | अयोध्यासिंह उपाध्याय |
| सेवा सदन | प्रेमचन्द |
| प्रेमाश्रम | प्रेमचन्द |
| रंगभूमि | प्रेमचन्द |
| निर्मला | प्रेमचन्द |
| कर्मभूमि | प्रेमचन्द |
| देहाती दुनिया | शिवपूजन सहाय |
| शराबी | पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' |
| इरावती | जयशंकर प्रसाद |
| परख, सुनीता, त्यागपत्र | जैनेन्द्र |
| तीन वर्ष | भगवती चरण वर्मा |
| भूले बिसरे चित्र | भगवती चरण वर्मा |
| नदी के द्वीप | अज्ञेय |
| अपने-अपने, अजनबी | अज्ञेय |
| संन्यासी, जहाज का पक्षी | इलाचन्द्र जोशी |
| देशद्रोही | यशपाल |
| झूठा-सच | यशपाल |
| गिरती दीवारें | उपेन्द्रनाथ अश्क |
| गर्म राख | उपेन्द्रनाथ अश्क |
| अमृत और विष | अमृत लाल नागर |
| पुनर्नवा | आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| मुर्दों का टीला | रांगेय राघव |
| दुखमोचन | नागार्जुन |
| मैला आंचल | फणीश्वर नाथ 'रेणु' |
| नीला चांद | शिव प्रसाद सिंह |
| पानी की प्राचीर | रामदरश मिश्र |
| गुनाहों का देवता | धर्मवीर भारती |
| सारा आकाश | राजेन्द्र यादव |
| बहती गंगा | शिव प्रसाद मिश्र 'रुद्र' |
| डाक बंगला | कमलेश्वर |
| सुबह-दोपहर-शाम | कमलेश्वर |
| काली आंधी | कमलेश्वर |
| राग दरबारी | श्रीलाल शुक्ल |
| आदमी का जहर | श्रीलाल शुक्ल |
| जुगलबन्दी | गिरिराज किशोर |

## हिन्दी के प्रसिद्ध नाटक एवं नाटककार

| नाटक | नाटककार |
|---|---|
| अम्बपाली, नेत्रदान | रामवृक्ष 'बेनीपुरी' |
| आधे-अधूरे | मोहन राकेश |
| चंद्रगुप्त, अजातशत्रु, ध्रुवस्वामिनी | जयशंकर 'प्रसाद' |
| भोर का तारा, कोणार्क | जगदीशचंद्र माथुर |
| लोहा सिंह | रामेश्वर सिंह 'कश्याप' |
| सत्य हरिश्चंद्र | भारतेन्दु हरिश्चंद्र |
| भारत दुर्दशा, अंधेर नगरी | भारतेन्दु हरिश्चंद्र |
| विशाख, अजातशत्रु, कामना | जयशंकर प्रसाद |
| एक घूंट | जयशंकर प्रसाद |
| प्रतिशोध | हरिकृष्णा प्रेमी |
| रक्षाबन्धन | हरिकृष्णा प्रेमी |
| आहुति | हरिकृष्णा प्रेमी |
| सिन्दूर की होली, संन्यासी | लक्ष्मीनारायण मिश्र |
| सबसे बड़ा आदमी | भगवती चरण वर्मा |
| मत्स्यगंगा | उदयशंकर भट्ट |
| बादल की मृत्यु | डॉ॰ रामकुमार वर्मा |
| भोर का तारा | जगदीश चन्द्र माथुर |
| अंधा कुआं | लक्ष्मीनारायण लाल |
| आषाढ़ का एक दिन | मोहन राकेश |
| शशिगुप्त | सेठ गोविन्ददास |
| नया समाज, क्रांतिकारी | उदयशंकर भट्ट |
| बकरी | सर्वेश्वर दयाल सक्सेना |
| रेशमी टाई, चारुमित्रा, दीपदान | रामकुमार वर्मा |
| समस्या का अन्त | उदयशंकर भट्ट |

## प्रसिद्ध काव्य-पुस्तकें और उनके रचनाकार

| काव्य-पुस्तकें | रचनाकार |
|---|---|
| आँसू, कामायनी | जयशंकर 'प्रसाद' |
| आर्यावर्त | मोहनलाल महतो 'वियोगी' |
| विनयपत्रिका, रामचरितमानस | तुलसीदास |

राजभाषा हिंदी rajbhashahindi.com



Join WhatsApp Group

- कुरुक्षेत्र, उर्वशी, रश्मिरथी — रामधारी सिंह 'दिनकर'
- गुंजन, लोकायतन, चिदम्बरा — सुमित्रानंदन 'पंत'
- तुलसीदास — पं॰ सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
- दीपशिखा, यामा — महादेवी वर्मा
- पद्मावत — मलिक मुहम्मद 'जायसी'
- पृथ्वीराज रासो — चंदबरदाई
- प्रिय-प्रवास — अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔष'
- प्रेम-माधुरी — भरतेन्दु हरिश्चन्द्र
- सतसई (बिहारी) — बिहारीलाल
- मधुशाला — डॉ॰ हरिवंश राय 'बच्चन'
- रामचंद्रिका — केशवदास
- रासपंचाध्यायी, भँवरगीत — नंददास
- साकेत, यशोधरा, भारत-भारती — मैथिलीशरण 'गुप्त'
- सुरसागर — सूरदास
- हल्दीघाटी — श्यामनारायण पांडेय
- हिमकिरीटिनी — माखनलाल चतुर्वेदी
- महापुराण — पुष्पदन्त
- पृथ्वीराज रासो — चन्दबरदाई
- गोरखबानी — सम्पादक-पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल
- ज्ञानबोध — मलूकदास
- मृगावती — कुतुबन
- मधुमालती — मंझन
- चित्रावली — उसमान
- ज्ञानदीप — शेखनबी
- भरत मिलाप — ईश्वरदास
- दोहावली, गीतावली — गोस्वामी तुलसीदास
- कवि रत्नाकर — सेनापति
- हनुमन्नाटक — हृदयराम
- सूरसागर — सूरदास
- साहित्य लहरी — सूरदास
- भंवरगीत — नन्ददास
- प्रेम वाटिका — रसखान
- रस मंजरी — नन्ददास
- रस विलास — मण्उन
- श्रृंगार लहरी — जगन्नाथ दास 'रत्नाकर'
- बापू — सियाराम शरण गुप्त
- रेणुका — रामधारी सिंह दिनकर
- अनामिका — निराला
- कुकुरमुत्ता — निराला
- परिमल — निराला
- पल्लव — सुमित्रानन्दन पन्त
- सांध्य गीत — महादेवी वर्मा
- मधुबाला — हरिवंश राय बच्चन
- आत्मजयी — कुंवर नारायण
- साये में धूप — दुष्यन्त कुमार
- हल्दीघाटी, जौहर — श्याम नारायण पांडेय
- चांद का मुँह टेढ़ा है — गजानन माधव मुक्ति बोध
- सतपुड़ा के जंगल — भवानी प्रसाद मिश्र
- अंधा युग, कनुप्रिया — धर्मवीर भारती

## साहित्यकारों के लोकप्रिय उपनाम

| उपनाम | साहित्यकार |
|---|---|
| अज्ञेय | सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' |
| कविरत्न | पंडित सत्यनारायण 'कविरत्न' |
| गुप्त | मैथिलीशरण 'गुप्त' |
| गुलेरी | चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' |
| चौहान | सुभद्रा कुमारी 'चौहान' |
| जायसी | मलिक मुहम्मद 'जायसी' |
| दिनकर | रामधारी सिंह 'दिनकर' |
| द्विवेदी | आचार्य महावीर प्रसाद 'द्विवेदी' |
| निराला | पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' |
| नेपाली | गोपाल सिंह 'नेपाली' |
| पंत | सुमित्रानंदन 'पंत' |
| प्रभात | केदारनाथ मिश्र 'प्रभात' |
| प्रसाद | जयशंकर 'प्रसाद' |
| बच्चन | डॉ॰ हरिवंशराय 'बच्चन' |
| बेनीपुरी | रामवृक्ष 'बेनीपुरी' |
| भारतीय आत्मा | माखनलाल चतुर्वेदी |
| भारतेन्दु | भारतेन्दु हरिश्चन्द्र |
| भूपति | गुरुदत्त सिंह 'भूपति' |
| माधव | भुवनेश्वर मिश्र 'माधव' |
| रत्नाकर | पंडित जगन्नाथ दास 'रत्नाकर' |
| रसलीन | सैयद गुलाम नबी 'रसलीन' |
| रहीम | अब्दुर्र 'रहीम' खानखाना |
| रेणु | फणीश्वरनाथ 'रेणु' |
| वियोगी | मोहनलाल महतो 'वियोगी' |
| शशि | डॉ॰ श्याम सिंह 'शशि' |
| शास्त्री | पंडित जानकीवल्लभ 'शास्त्री' |
| शुक्ल | आचार्य रामचन्द्र 'शुक्ल' |
| सनेही | मायाप्रसाद शुक्ल 'सनेही' |
| समीर | रामाज्ञा द्विवेदी 'समीर' |
| सुमन | डा॰ शिवमंगल सिंह 'सुमन' |
| हरिऔंध | अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' |
| प्रसाद | जयशंकर 'प्रसाद' |

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना रामधारी सिंह 'दिनकर' की है ?**
(A) उर्वशी (B) अन्धायुग
(C) पल्लव (D) नीहार

**2. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' के रचनाकार कौन है ?**
(A) भवानीप्रसाद मिश्र (B) गिरिजाकुमार माथुर
(C) गजानन माधव मुक्तिबोध (D) भारतेन्दु

**3. हिन्दी के सर्वप्रथम प्रकाशित पत्र का नाम है –**
(A) नागरी प्रचारिणी पत्रिका (B) सरस्वती
(C) उदन्त मार्तण्ड (D) सम्मेलन पत्रिका



Join WhatsApp Group

4. 'दशरूपक' के रचयिता कौन हैं ?
(A) रुद्रट (B) दण्डी
(C) धनंजय (D) अभिनवगुप्त

5. 'कुरू क्षेत्र' किसकी रचना है ?
(A) रामधारी सिंह दिनकर (B) मैथिलीशरण गुप्त
(C) सुभद्रा कुमारी चौहान (D) जयशंकर प्रसाद

6. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के लेखक है -
(A) जयशंकर प्रसाद (B) जानकी वल्लभ शास्त्री
(C) चतुरसेन शास्त्री (D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

7. 'चित्रलेखा' के लेखक हैं -
(A) सुमित्रानन्दन पन्त (B) यशपाल
(C) प्रेमचन्द (D) भगवती चरण वर्मा

8. 'कामायनी' किसकी रचना है ?
(A) जायसी (B) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'
(C) जयशंकर प्रसाद (D) महादेवी वर्मा

9. 'अपने-अपने अनजबी' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?
(A) निर्मल वर्मा (B) कमलेश्वर
(C) अज्ञेय (D) राजकमल चौधरी

10. 'सेवा सदन' किसका उपन्यास है ?
(A) राजेन्द्र यादव (B) प्रेमचन्द
(C) प्रसाद (D) रांगेय राघव

11. निम्नलिखित में से कौन छायावादी कवि हैं ?
(A) तुलसीदास (B) नागार्जुन
(C) सुमित्रानन्दन पन्त (D) भारत भूषण अग्रवाल

12. 'हरिश्चन्द्र मैगजीन' का नाम बदलकर रखा गया -
(A) सरस्वती (B) कविवचन सुधा
(C) हरिश्चन्द्र चंद्रिका (D) हंस

13. ढोला-मारुरा दूहा में क्या है ?
(A) वीरों की कथा (B) प्रेम कथा
(C) भक्ति कथा (D) ज्ञान कथा

14. 'रसिक प्रिया' के रचनाकार है -
(A) केशवदास (B) बिहारी
(C) मतिराम (D) बोधा

15. 'वैराग्य संदीपनी' किसकी रचना है ?
(A) तुलसीदास (B) नाभादास
(C) हृदयराम (D) कबीर

16. 'दृष्टिकूटवाले' पदों की रचना किसने की है ?
(A) बलभद्र मिश्र (B) केशवदास
(C) सूरदास (D) मतिराम

17. 'प्रेमवाटिका' किसकी रचना है ?
(A) रसखान (B) बोधा
(C) बल्लभचार्य (D) मीरा

18. इंशाअल्ला खाँ की रचना है -
(A) बैताल पचीसी (B) रानी केतकी की कहानी
(C) नासिकेतोपाख्यान (D) इश्तहर नामा

19. 'भावविलास' किसकी रचना है ?
(A) घनानन्द (B) देव
(C) सूरदास (D) पद्माकर

20. 'कीर्तिलता' के रचनाकार का नाम है -
(A) विद्याधर (B) विद्यापति
(C) कालिदास (D) हेमचन्द्र

21. 'नरपतिनाल्ह' ने किसकी रचना थी ?
(A) बीसलदेव रासो (B) पृथ्वीराज रासो
(C) कीर्तिपताका (D) हम्मीर रासो

22. 'आल्हा' के रचयिता का नाम है -
(A) श्रीधर (B) भट्ट केदार
(C) जगनिक (D) चन्दबरदाई

23. 'मृगावती' के रचनाकार है -
(A) ईश्वरदास (B) मुल्ला दाऊद
(C) कुतुबन (D) जायसी

24. 'तुलसीदास' किसकी रचना है ?
(A) जयशंकर प्रसाद (B) निराला
(C) तुलसीदास (D) नागार्जून

25. 'आम फिर बौरा गए' निबन्ध के लेखक है -
(A) विद्यानिवास मिश्र (B) कुबेरनाथ राय
(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) निर्मल वर्मा

26. 'मधुमालती' के रचनाकार है -
(A) कुतबन (B) मंझन
(C) कृष्णदास (D) कासिमशाह

27. 'नागमती' का वर्णन है -
(A) अखरावट में (B) आखिरी कलाम में
(C) पद्मावत में (D) मृगावती में

28. 'अनुराग बाँसुरी' किसकी रचना है ?
(A) नूर मोहम्मद (B) शेख नबी
(C) उस्माद (D) परमानन्द दास

29. मनस्वी शैली में कौन-सी रचना है ?
(A) रामचरितमानस (B) सूरसागर
(C) पद्मावत (D) कबीर ग्रन्थावली

30. 'कुकरमुत्ता' किसकी रचना है ?
(A) निराला (B) अज्ञेय
(C) सुमित्रानन्दन पंत (D) महादेवी वर्मा

31. 'हंसो हंसो जल्दी हंसो' के रचनाकार हैं -
(A) दुष्यंत कुमार (B) श्रीकान्त वर्मा
(C) रघुवीर सहाय (D) रामदरश मिश्र

32. 'ताप के तापे हुए दिन' के रचनाकार हैं -
(A) केदारनाथ सिंह (B) शमशेर बहादुर सिंह
(C) त्रिलोचन (D) राजेश जोशी

33. 'आत्मजयी' किसकी रचना है ?
(A) डॉ॰ विद्यानिवास मिश्र (B) डा॰ कर्ण सिंह
(C) कुंवर नारायण (D) नामवर सिंह

34. पुहकर किस भक्ति धारा के कवि है ?
(A) निर्गुण भक्ति (B) प्रेममार्गी
(C) सूफी (D) सगुण भक्ति

35. 'उखड़े हुए लोग' उपन्यास के लेखक है -
(A) राही मासूम रजा (B) अमरकान्त
(C) शेखर जोशी (D) राजेन्द्र यादव



Join WhatsApp Group

**36. इनमें से कौन-सा उपन्यास प्रेमचन्द का लिखा हुआ है ?**
(A) यह पथ बिन्दु था (B) अंधेरे बन्द कमरे
(C) रंगभूमि (D) सिंह सेनापति

**37. 'नशा' कहानी के लेखक है -**
(A) जैनेन्द्र (B) भगवतीचरण वर्मा
(C) जयशंकर प्रसाद (D) प्रेमचन्द

**38. 'चीफ की दावत' कहानी के लेखक है -**
(A) भीष्म साहनी (B) कमलेश्वर
(C) मोहन राकेश (D) मनोहर श्याम जोशी

**39. 'अन्धायुग' किसकी रचना है ?**
(A) लक्ष्मीनारायण लाल (B) नरेश मेहता
(C) धर्मवीर भारती (D) सुरेन्द्र वर्मा

**40. 'दूसरी परम्परा की खोज' के लेखक है -**
(A) डा॰ रामविलास शर्मा (B) डा॰ नामवर सिंह
(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (D रामशरण शर्मा

**41. नहुष नाटक के रचनाकार का नाम है -**
(A) महाराज विश्वनाथ सिंह (B) बाबू गोपाल चन्द्र
(C) गोपाल राम गहमरी (D) ठाकुर जगमोहन सिंह

**42. इनमें से भारतेन्दु मण्डल का कौन-सा लेखक नहीं है ?**
(A) बालकृष्ण भट्ट (B) बाबू तोताराम
(C) लाला श्रीनिवास दास (D) बाबू कार्तिक प्रसाद खत्री

**43. 'परीक्षा गुरु' के लेखक कौन है ?**
(A) लाल श्रीनिवास दास (B) पं॰ राधाचरण गोस्वामी
(C) राधाकृष्ण दास (D) अम्बिकादास व्यास

**44. 'पान वाला' किसकी कहानी है ?**
(A) पन्त (B) निराला
(C) विष्णु प्रभाकर (D) प्रेमचन्द

**45. 'इन्दुमती' कहानी किसकी लिखी हुई है ?**
(A) बंग महिला (B) किशोरीलाल गोस्वामी
(C) मास्टर भगवान दास (D) रामचन्द्र शुक्ल

**46. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की कहानी 'उसने कहा था' सबसे पहले कहाँ प्रकाशित हुई ?**
(A) भारत मित्र में (B) हरिश्चन्द्र मैगजीन में
(C) सरस्वती में (D) चांद में

**47. 'कछुआ धरम' निबन्ध के लेखक है -**
(A) श्यामसुन्दर दाम (B) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी
(C) पं॰ रामचन्द्र शुक्ल (D) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

**48. 'पथिक' के रचनाकार है -**
(A) जयशंकर प्रसाद (B) रामनरेश त्रिपाठी
(C) मैथिलीशरण गुप्त (D) केदारनाथ अग्रवाल

**49. 'भारत भारती' के रचनाकार है -**
(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला (B) सुमित्रानन्दन पंत
(C) मैथिलीशरण गुप्त (D) रामधारी सिंह दिनकर

**50. जी हाँ हुजूर, मैं गीत बेचता हूँ। मैं तरह-तरह के गीत बेचता हूँ। किसकी रचना है ?**
(A) हरिवंश राय बच्चन (B) भवानी प्रसार मिश्र
(C) नरेश मेहता (D) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

**51. तुम कौन-सी पाटी पढ़े हो लला, मन लेहु पै देहु छटांक नहीं। ये किसकी पंक्तियाँ हैं ?**
(A) पद्माकर (B) भारतेन्दु
(C) धनानन्द (D) परमानन्द

**52. इनमें से कौन अष्टछाप का कवि नहीं है ?**
(A) रैदास (B) नन्ददास
(C) कबीर (D) सूरदास

**53. 'भारतीय आत्मा' निम्नलिखित कवियों में से किसे कहा गया ?**
(A) विद्यापति (B) माखनलाल चतुर्वेदी
(C) कबीर (D) सूरदास

**54. 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल' पंक्ति किसकी है ?**
(A) मैथिलीशरण गुप्त (B) जगन्नाथशरण रत्नाकर
(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (D) रामधारी सिंह दिनकर

**55. 'बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है।' दी गई पंक्ति के रचयिता का नाम चुनिए -**
(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (B) मुक्ति बोध
(C) आ॰ रामचन्द्र शुक्ल (D) आ॰ हजारी प्रसाद द्विवेदी

**56. ''मसि कागद छुओ नहीं, कलम गही नहिं हाथ'' दी गई पंक्ति के रचयिता का नाम चुनिए -**
(A) दादू दयाल (B) कबीरदास
(C) रैदास (D) सुन्दरदास

**57. 'विनय पत्रिका' का कवि-लेखक कौन है ?**
(A) सूरदास (B) तुलसीदास
(C) कबीर (D) बिहारी

**58. नीचे दिए गए अवतरण के सही रचयिता को चुनिए -**
**'वीरों का कैसा हो बसन्त ।**
**आ रही हिमाचल से पुकार ॥**
**है उदधि गरजता बार -बार ।**
**प्राची, पश्चिम, भू नभ अपार ॥**
**सब पूछ रहे हैं दिग-दिगंत ।**
**वीरों का कैसा हो बसन्त ॥'**
(A) जयशंकर प्रसाद (B) मैथिलीशरण गुप्त
(C) रामधारी सिंह 'दिनकर' (D) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

**59. नीचे दिए गए अवतरण के रचयिता का चयन कीजिए -**
**''ऊँचे कुल का जनमिया, जो करणी ऊँच न होई।**
**सोवन कलस सुरै भरया, साधु निन्दा सोई॥'**
(A) कबीरदास (B) रहीम
(C) तुलसीदास (D) गिरधर कवि

**60. 'रश्मिरथी' ग्रंथ का स्वरूप चुनिए -**
(A) महाकाव्य (B) खण्डकाव्य
(C) एकार्थकाव्य (D) गीतिकाव्य

**61. ''बीन भी हूँ मैं, तुम्हारी रागिनी भी'' यह पंक्ति किसने लिखी है ?**
(A) मीरा (B) महादेवी
(C) प्रसाद (D) निराला

**62. ''चाँद का मुँह टेढ़ा है।'' इस पंक्ति की रचना किसने की है ?**
(A) बच्चन (B) अज्ञेय
(C) मुक्तिबोध (D) केदारनाथ



Join WhatsApp Group

**63. 'यामा' के लेखक कौन है ?**

(A प्रसाद (B) पन्त

(C) महादेवी वर्मा (B) निराला

**64. 'कर्मभूमि' पुस्तक के लेखक है –**

(A) चतुरसेन शास्त्री (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) प्रेमचन्द (D) रामचन्द्र शुक्ल

**65. हिन्दी पत्रिका 'कादम्बिनी' के सम्पादक कौन है ?**

(A) राजेन्द्र यादव (B) दुर्गा प्रसाद शुक्ल

(C) मृणाल पाण्डे (D) राजेन्द्र अवस्थी

**66. 'राग दरबारी' के रचनाकार है –**

(A) शरद जोशी (B) हरिशंकर परसाई

(C) श्रीलाल शुक्ल (D) राही मासूम रजा

**67. 'कामायनी' किस विद्या में रचित है ?**

(A) एकांकी (B) उपन्यास

(C) खण्डकाव्य (D) महाकाव्य

**68. 'वापसी' किस विद्या में रचित है ?**

(A) यात्रा-वृत्त (B) संस्मरण

(C) कहानी (D) आत्मकथा

**69. 'अमृता प्रीतम' किस भाषा की साहित्यकार हैं ?**

(A) हिन्दी (B) सिन्धी

(C) पंजाबी (D) उर्दू

**निर्देश (प्रश्न 70-74) :** निम्नलिखित काव्यग्रन्थों के साथ उनके सम्भावित चार रचयिताओं के नाम दिए गए हैं, सही नाम का चयन करें –

**70. पद्मावती –**

(A) जायसी (B) तुलसीदास

(C) केशवदास (D) नाभादास

**71. प्रेमसागर –**

(A) सुन्दरदास (B) लल्लू लाल

(C) उसमान (D) सदल मिश्र

**72. बैताल-पचीसी –**

(A) हरिश्चन्द्र (B) दयानन्द सरस्वती

(C) प्रेमचन्द (D) सूरत मिश्र

**73. रसिकप्रिया –**

(A) केशवदास (B) दादू दयाल

(C) बिहारीला (D) मलुकदास

**74. कृष्णायण –**

(A) द्वारका प्रसाद (B) लल्लू लाल

(C) सदल मिश्र (D) दौलतराम

**निर्देश (प्रश्न 75-80) :** आपको कुछ प्रसिद्ध कवियों/कवयित्रियों और साहित्यकोरों की पंक्तियाँ दी जा रही है। आपको उनका नाम चयन करना है –

**75. ''दरवाजे से चंडालगढ़ी की तरफ नजर दौड़ाने पर एक अद्भुत दृष्य दिखाई देता था'' –**

(A) डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद (B) जवाहर लाल नेहरू

(C) रामचन्द्र शुक्ल (D) राहुल सांकृत्यायन

**76. ''गुरुदेव यहाँ बड़े आनन्द में थे। अकेले रहते थे। भीड़-भाड़ उतनी नहीं होती है, जितनी शांति निकेतन में।''**

(A) चतुरसेन शास्त्री (B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) मोहनदास करमचंद गांधी

**77. 'तरुवर फल नहीं खात हैं, सरवर पियहिं न पान।'**

(A) रहीम (B) कबीरदास

(C) रसखान (D) तुलसीदास

**78. 'मेरी भव-बाधा हरौ, राधा नागरि सोई।'**

(A) मीराबाई (B) बिहारीलाल

(C) तुलसीदास (D) सूरदास

**79. 'तरनि-तनूजा-तट तमाल तरुवर बहु छाए।'**

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (B) रामधारी सिंह दिनकर

(C) माखनलाल चतुर्वेदी (D) रामनरेश त्रिपाठी

**80. 'रामपंचाध्यायी' किनकी रचना है ?**

(A) केशवदास (B) हरिऔध

(C) नन्ददास (D) चन्दवरदाई

**निर्देश (प्रश्न 81-84) :** नीचे कुछ अवतरण दिए गए हैं, प्रत्येक में रचयिता के चार नाम दिए गए हैं। उपयुक्त रचयिता के नाम का चयन कीजिए –

**81. कटकटान कपि कुंजर भारी ।**
**दुहु भुजदण्ड तमकि महिमारी ॥**
**डोलत धरनि सभापद खसे ।**
**चले भाजि भय मारुत ग्रसे ॥**

(A) तुलसी (B) जायसी

(C) देव (D नूर मोहम्मद

**82. मेरी भव-बाधा हरो राधा नागरि सोई ।**
**जा तन की झाईं परे स्याम हरित दुति होई ॥**

(A) बिहारी लाल (B) दुलारे लाल

(C) केशव दास (D) पद्माकर

**83. नर की और नल नीर की गति एके करि जोय ।**
**जेतो नीचो हे चले तेतो ऊँचो होय ॥**

(A) तुलसीदास (B) केशवदास

(C) बिहारी लाल (D) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

**84. नयन जो देखा कमल सा निरमल नीर सरीर ।**
**हंसत जो देखा हंस भा दसन ज्योति नगहीर ॥**

(A) तुलसीदास (B) कबीरदास

(C) जायसी (D) जयशंकर प्रसाद

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (C) | 3. (C) | 4. (C) | 5. (A) | 6. (A) | 7. (D) | 8. (C) |
| 9. (C) | 10. (B) | 11. (C) | 12. (C) | 13. (B) | 14. (A) | 15. (A) | 16. (C) |
| 17. (A) | 18. (B) | 19. (B) | 20. (B) | 21. (A) | 22. (C) | 23. (C) | 24. (B) |
| 25. (A) | 26. (B) | 27. (C) | 28. (A) | 29. (C) | 30. (A) | 31. (C) | 32. (C) |
| 33. (C) | 34. (B) | 35. (D) | 36. (C) | 37. (D) | 38. (A) | 39. (C) | 40. (B) |
| 41. (B) | 42. (B) | 43. (A) | 44. (A) | 45. (B) | 46. (C) | 47. (D) | 48. (B) |
| 49. (C) | 50. (B) | 51. (A) | 52. (A) | 53. (C) | 54. (C) | 55. (C) | 56. (B) |
| 57. (B) | 58. (C) | 59. (A) | 68. (B) | 61. (C) | 62. (C) | 63. (C) | 64. (C) |
| 65. (D) | 66. (D) | 67. (A) | 68. (C) | 69. (C) | 70. (A) | 71. (B) | 72. (D) |
| 73. (A) | 74. (A) | 75. (D) | 76. (D) | 77. (A) | 78. (B) | 79. (A) | 80. (C) |
| 81. (A) | 82. (C) | 83. (C) | 84. (C) | | | | |



rajbhashahindi.com
Join WhatsApp Group